सूर्योदय 7:02 सूर्यास्त 5:19

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 7.2 न्यू | 16.6 अधि |
| धर्मशाला | 6.8 न्यू | 21.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 85,712.37 |
| निफ्टी | 26,186.45 |
| सोना 1,28,578 | चांदी 1,79,025 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 6 दिसंबर 2025 | 21 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 339, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### भाजपा के नए कार्यालय की आधारशिला रखेंगे नड्डा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला में 13 दिसंबर को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पार्टी के नए राज्य कार्यालय की आधारशिला रखेंगे। यह कार्यालय जुब्बड़हट्टी हवाई अड्डे के पास बनाया जा रहा है। नड्डा इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित भी करेंगे। भाजपा प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने बताया कि नड्डा 12 या 13 दिसंबर को हिमाचल पहुंचेंगे। अंतिम कार्यक्रम जल्द जारी किया जाएगा।

### नेटफ्लिक्स वॉर्नर ब्रदर्स को खरीदने को तैयार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** वीडियो स्ट्रीमिंग कंपनी नेटफ्लिक्स बड़ी फिल्म निर्माता और स्ट्रीमिंग कंपनी वॉर्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के फिल्म और स्ट्रीमिंग बिजनेस को खरीदने के लिए तैयार हो गई है। यह सौदा 72 अरब डॉलर का है। वॉर्नर ब्रदर्स को खरीदने की होड़ में प्रतिद्वंद्वी कंपनियां कॉमकास्ट और पारामाउंट स्काईडांस भी शामिल थीं, लेकिन बाजी नेटफ्लिक्स के हाथ लगी। वॉर्नर ब्रदर्स के पास हैरी पोटर और गेम ऑफ थ्रोन्स के अलावा एचीबीओ मैक्स की स्ट्रिमिंग सर्विस की फ्रेंचाइजी है। अगर ये सौदा हो जाता है तो ये अमेरिकी फिल्म और मीडिया इंडस्ट्री को नई शक्ल दे सकता है। (अनंत ज्ञान)

### कर्नाटक कैबिनेट ने हेट स्पीच-हेट क्राइम रोकथाम बिल को दी मंजूरी

**एजेंसी, बेंगलुरु।** कर्नाटक कैबिनेट ने हेट स्पीच और हेट क्राइम की रोकथाम के लिए देश का पहला व्यापक विधेयक मंजूर कर लिया है। इसे शीतकालीन सत्र में पेश किया जाएगा। विधेयक के तहत हेट स्पीच पर एक से सात वर्ष की कैद और 50 हजार रुपए जुर्माना, जबकि हेट क्राइम पर कम से कम एक वर्ष की सजा और समान जुर्माना प्रस्तावित है। बार-बार अपराध करने पर सजा दो से दस वर्ष तक बढ़ सकती है। ये अपराध संज्ञेय और गैर-जमानती होंगे। कानून धार्मिक, जातिगत, भाषाई या लैंगिक आधार पर नफरत फैलाने वाली किसी भी अभिव्यक्ति को अपराध की श्रेणी में लाता है। गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने स्पष्ट किया कि कानून विपक्ष को निशाना बनाने के लिए नहीं है। (अनंत ज्ञान)


### आवश्यकता है

**हिमाचल** प्रदेश के तेजी से उभरते दैनिक समाचार पत्र '**अनंत ज्ञान**' को अनुभवी इलेक्ट्रिशियनों की आवश्यकता है।

**अनुभव** : 3-5 वर्ष

**वेतन** : योग्यतानुसार

**संपर्क नंबर:** 8894521207 8679950009, 9817501399

इच्छुक उम्मीदवार शीघ्र संपर्क करें।


### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- पौंग के विस्थापितों को स्थापित करने के लिए हो साझा प्रयास: अनुराग -पेज 2
- युवा शक्ति ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला : विक्रमादित्य -पेज 5
- चमुखा में 6 ग्राम चिट्टे सहित युवक गिरफ्तार -पेज 9
- निःसंतान दंपतियों की संतान सुख की राह हुई आसान -पेज 11
- सोलन में कूड़े से भरी धर्मपुर पंचायत की गाड़ी पकड़ी -पेज 12


# भारत-रूस के बीच हुए 19 समझौते

## भारत और रूस की दोस्ती ध्रुव तारे की तरह, पुतिन ने पीएम मोदी को दिया रूस आने का न्योता

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हैदराबाद हाउस में बेहद खास मीटिंग की। इस खास बैठक के बाद पीएम मोदी ने साझा बयान जारी करते हुए कहा कि भारत और रूस की दोस्ती ध्रुव तारे की तरह है। उन्होंने यह भी बताया कि रूस और भारत के बीच कैसे समय आगे बढ़ने के साथ-साथ दोस्ती भी गहरी होती गई। बता दें कि शाम के समय कई अहम बैठकें करने के बाद व्लादिमीर पुतिन शुक्रवार को देर रात ही रूस के लिए रवाना हो जाएंगे। दोनों देशों के बीच हुई 23वीं शिखर बैठक के बाद दोनों देशों ने साझा बयान जारी किया। इस बयान को कई मायनों में खास माना जा रहा है। पीएम मोदी ने अपने बयान में बताया कि दोनों देशों के रिश्ते कितने गहरे हैं। उन्होंने इस दोस्ती के लिए राष्ट्रपति पुतिन का आभार भी व्यक्त किया।

वहीं, भारत-रूस के बीच विजन 2030 दस्तावेज पर हस्ताक्षर, हेल्थ, फूड सेफ्टी सेक्टर में एग्रीमेंट, फ्री टूरिस्ट वीजा, 2030 तक 100 बिलियन डॉलर कारोबार का लक्ष्य, फ्री ट्रेड पर वार्ता, तकनीक क्षेत्र समेत 19 समझौते हुए। वहीं, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत के प्रधानमंत्री पीएम मोदी को रूस आने का न्योता दिया।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की यात्रा पर विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा कि रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की 25वीं वर्षगांठ पर यह यात्रा वास्तव में एक बहुत ही विशेष यात्रा है। एक बहुत ही विशेष भाव प्रदर्शन में, राष्ट्रपति पुतिन का कल शाम हवाई अड्डे पर आगमन पर स्वयं प्रधानमंत्री ने स्वागत किया। इसके बाद दोनों नेता एक साथ प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास पर गए, जहां प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति पुतिन के लिए एक अनौपचारिक रात्रिभोज की मेजबानी की, जिसके दौरान दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का स्पष्ट और स्पष्ट आदान-प्रदान हुआ। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को कहा कि भारत की उनकी राजकीय यात्रा तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता के दौरान हस्ताक्षरित समझौते रूस-भारत रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत तथा गहन बनाएंगे, क्योंकि दोनों पक्षों ने विभिन्न क्षेत्रों में अपने सहयोग की समीक्षा की। (अनंत ज्ञान)



हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करते रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन।

### पुतिन संग रात्रिभोज में खरगे और राहुल को न्योता नहीं

**रूसी** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा के दौरान, दिल्ली में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम सामने आया है। आज रात राष्ट्रपति भवन में पुतिन के सम्मान में आयोजित रात्रिभोज में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खरगे को आमंत्रित नहीं किया गया है। वहीं, कांग्रेस सांसद शशि थरूर को इस कार्यक्रम में बुलाया गया है।

### प्रमुख 7 समझौते

- मैनपावर मोबिलिटी व्यवस्था
- हेल्थकेयर और मेडिकल एजुकेशन
- फूड सेफ्टी और स्टैंडर्ड
- जहाज निर्माण
- समुद्री सुरक्षा और निगरानी
- कृषि और फर्टिलाइजर
- परमाणु ऊर्जा सहयोग।

### पुतिन-मोदी के साझा बयान में वीजा को लेकर बड़ा ऐलान

**पीएम** मोदी ने कहा कि अब हम भारत के नाविक की ध्रुवीय जल में ट्रेनिंग के लिए सहयोग करेंगे। यह आर्कटिक में हमारे सहयोग को नई ताकत तो देगा ही, साथ ही इससे भारत के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर बनेंगे। मुझे खुशी है कि शीघ्र ही हम रूसी नागरिकों के लिए निशुल्क 30 दिनों का ई टूरिस्ट वीजा और 30 दिनों का ग्रुप टूरिस्ट वीजा की शुरुआत करने जा रहे हैं।

### पुतिन का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं: मोदी

**पीएम** मोदी ने कहा कि पिछले अढ़ाई दशक से उन्होंने अपने नेतृत्व और दूरदृष्टि से इन संबंधों को निरंतर सींचा है। हर परिस्थिति में उनके नेतृत्व ने आपसी संबंधों को नई ऊंचाई दी है। भारत के प्रति इस गहरी मित्रता और अटूट प्रतिबद्धता के लिए मैं अपने मित्र राष्ट्रपति पुतिन का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

### यूक्रेन मुद्दे पर बोले पीएम मोदी

**प्रधानमंत्री** मोदी ने शुक्रवार को यूक्रेन मुद्दे पर शांति की भारत की वकालत दोहराई और इस मामले के शांतिपूर्ण समाधान के लिए किए जा रहे सभी प्रयासों का स्वागत किया। उन्होंने राष्ट्रपति पुतिन के साथ संयुक्त प्रेस वक्तव्य में यह बात कही। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत शुरू से ही यूक्रेन मुद्दे पर शांति की वकालत करता रहा है। हम इस मामले के शांतिपूर्ण और स्थायी समाधान के लिए किए जा रहे सभी प्रयासों का स्वागत करते हैं। मोदी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और रूस ने लंबे समय से कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग किया है। पहलगाम में हुआ आतंकी हमला हो या क्रोकस सिटी हॉल पर किया गया कायरतापूर्ण आघात, इन सभी घटनाओं की जड़ एक ही है। मोदी ने कहा कि एनर्जी सिक्योरिटी भारत-रूस पार्टनरशिप का एक मजबूत और अहम पिलर रहा है। सिविल न्यूक्लियर एनर्जी में हमारा दशकों पुराना सहयोग हमारी साझा क्लीन एनर्जी प्राथमिकताओं को पूरा करने में बहुत जरूरी रहा है। हम इस विन-विन सहयोग को जारी रखेंगे। अहम मिनरल्स में हमारा सहयोग दुनिया भर में सुरक्षित और अलग-अलग सप्लाई चेन सुनिश्चित करने के लिए बहुत जरूरी है। यह क्लीन एनर्जी, हाई-टेक मैन्युफैक्चरिंग और नई उम्र की इंडस्ट्रीज में हमारी पार्टनरशिप को मजबूत सपोर्ट देगा। जहाज बनाने में हमारे गहरे सहयोग में मेक इन इंडिया को मजबूत करने की क्षमता है।


# हिमकेयर कार्ड में हुआ बहुत घोटाला गहनता से हो रही जांच : सीएम सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमकेयर कार्ड में बहुत घोटाला हुआ है, जिसमें 210 करोड़ की राशि जारी की गई, जबकि 280 करोड़ की अभी पेंडिंग है, जिसकी गहनता से जांच की जा रही है। चार माह में कार्ड बनाने की सुविधा दी गई है, जबकि 100 कार्ड बनाने की अनुमति दी गई है। उन एक सौ कार्ड का इस्तेमाल हुआ है, तब बढ़ाने को नोटिफिकेशन की जाएगी।

सीएम ने कहा मनरेगा कि कोई पांबदी नहीं होगी, इसमें मात्र जरूरतमंद व दुर्घटनाओं पर जल्द हिमकेयर कार्ड बनेगा। आयुष्मान भारत में 47 करोड़ आया है, जबकि राज्य का 100 करोड़ के करीब हर वर्ष खर्च किया जाता है। इसमें हिमाचल सरकार की ओर से पैसे दिए जाते हैं। आईजीएमसी में शिमला की 42 शॉपस को रजिस्ट्रड किया गया है। इसमें गरीब की ईलाज की बजाय चार लाख राज्य सरकार की ओर से दिए जा रहे हैं। केंद्र की योजना के तहत जितने पैसे आते हैं, उतने ही दिए जाएंगे, जबकि राज्य को हिमकेयर के देने होंगे। आयुष्मान व हिमकेयर में 2100 से चार लाख तक निशुल्क ईलाज किया जाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पतालों में जांच व इलाज को लेकर व्यवस्थाओं की जांच की जाएगी। सीएम सुक्खू ने कहा कि अभी ऑडिट किया जा रहा है। हिमकेयर में ईलाज हो रहा है, तभी 250 करोड़ पेंडिंग चल रहा है। 2024-25 में 47 करोड़ आए है, जबकि राज्य के 56 करोड़ लगे। हिमकेयर ने जनता की संपदा को लूटा है। अब हर विषय की जांच की जाएगी। किसी भी सरकारी अस्पताल में ईलाज पूरी तरह से किया जा रहा है, जिसमें पीजीआई भी शामिल है। किसी को भी मना नहीं किया गया है। केंद्र से मात्र 43 करोड़ प्रदान किया जाता है, जबकि अन्य राज्य सरकार को देने पड़ते हैं। हिमकेयर कार्ड के नाम पर हुए घोटाले पर जांच की जाएगी।



विधानसभा में हिमकेयर कार्ड घोटाले पर बोलते सीएम सुक्खू।

# नशे के खिलाफ सत्ता पक्ष व विपक्ष एक साथ

## दोनों पक्षों ने विधानसभा के बाहर एक साथ लगाए 'चिट्टा भगाना है, हिमाचल बचाना है' के नारे

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** धर्मशाला के तपोवन विधानसभा परिसर में शुक्रवार को शीतकालीन सत्र के आठवें और अंतिम दिन एक अनोखा दृश्य देखने को मिला। नशे के खिलाफ लड़ाई में सत्ता पक्ष और विपक्ष एक मंच पर दिखे। मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री सहित दोनों दलों के विधायक और मंत्री एक साथ बाहर आए और नशा उन्मूलन के पक्ष में जोरदार नारे लगाए। विधानसभा के गेट नंबर-1 के बाहर नशे के खिलाफ हल्ला बोलते हुए सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं ने चिट्टा भगाना है, हिमाचल को बचाना है के नारे लगाए। यह पहला मौका है जब सदन के भीतर भले राजनीतिक मतभेद रहे हों, लेकिन बाहर नशे के मुद्दे पर सभी नेता एक सुर में दिखाई दिए।

नेताओं ने कहा कि नशे का मुद्दा राजनीति से कहीं ऊपर है, और इसे केवल सामूहिक प्रयासों से ही समाप्त किया जा सकता है। प्रदेश में बढ़ती नशाखोरी को रोकने, युवाओं को जागरूक करने और ड्रग माफिया पर सख्त कार्रवाई करने की आवश्यकता पर सभी ने जोर दिया। इस संयुक्त प्रदर्शन ने स्पष्ट संदेश दिया कि हिमाचल में नशा मुक्त समाज बनाने के लिए अब राजनीतिक एकता भी तैयार है।



तपोवन विधानसभा परिसर में शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन नशे के खिलाफ नारेबाजी करते पक्ष-विपक्ष के नेता।

### नशा हिमाचल के भविष्य पर खतरा : सीएम

**मुख्यमंत्री** सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि नशा हिमाचल के भविष्य पर बड़ा खतरा है। यह हमारी सामूहिक लड़ाई है। सरकार पूरी मजबूती से कार्रवाई कर रही है और हम विपक्ष के साथ मिलकर इस लड़ाई को और मजबूत करेंगे।

### नशा किसी दल का नहीं समाज का मुद्दा : जयराम

**नेता** विपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि नशे का मुद्दा किसी एक दल का नहीं, पूरे समाज का है। हम सरकार के साथ इस लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। हिमाचल को नशा मुक्त करना हम सबकी जिम्मेदारी है।

### चिटटा खत्म करना समय की जरूरत : अग्निहोत्री

**उपमुख्यमंत्री** मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि चिट्टा खत्म करना समय की जरूरत है। सत्ता और विपक्ष ने आज एकजुट होकर संदेश दिया है कि नशे के खिलाफ कोई समझौता नहीं होगा। युवाओं को बचाने के लिए हर कदम उठाया जाएगा।

## हिमाचल में शास्त्री के 193 पदों की भर्ती प्रक्रिया तेज, कोर्ट ने दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने शास्त्री के 193 पदों को बैचवाइज भरने की प्रक्रिया पर सुनवाई के दौरान शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि भर्ती जल्द पूरी की जाए। विभाग ने बताया कि प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और योग्य उम्मीदवारों को शीघ्र अवसर देने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

याचिकाकर्ताओं ने 2013-15 बैच को प्राथमिकता देने की मांग की थी। अतिरिक्त महाधिवक्ता ने बताया कि सुधारित योग्यता वाले उम्मीदवारों को 2016 के ट्रिब्यूनल आदेश के अनुसार अवसर मिलेगा, जिसमें डिग्री के प्रारंभिक उत्तीर्ण वर्ष को मान्यता दी जाएगी। कोर्ट ने कहा कि विनोद कुमार शर्मा केस का निर्णय अंतिम है और सरकार द्वारा सुधारित योग्यता वाले उम्मीदवारों पर विचार विधिसंगत है। हाईकोर्ट ने पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी और समयबद्ध पूरा करने पर जोर दिया, ताकि लंबे समय से प्रतीक्षा कर रहे अभ्यर्थियों को राहत मिल सके।

## मंत्री नेगी के खिलाफ भाजपा के 3 विधायकों ने दिया विशेषाधिकार हनन का नोटिस

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अंतिम और 8वें दिन भाजपा विधायकों ने सुक्खू सरकार के मंत्री जगत सिंह नेगी के खिलाफ बड़ा फैसला लिया है। तीन विधायकों ने राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। इस दौरान विपक्ष के 3 विधायकों ने स्पीकर को शिकायत दी है। अपनी शिकायत में नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ सदन में असंसदीय भाषा का प्रयोग करने और आरएसएस पर टिप्पणी करने पर नोटिस दिया गया है। इन तीन विधायकों में विपिन सिंह परमार, राकेश जम्वाल और त्रिलोक जम्वाल ने स्पीकर को शिकायत दी है।

दरअसल, नेगी ने आरएसएस पर टिप्पणी की थी और जयराम ठाकुर पर भी निशाना साधा था और सदन की कार्यवाही से हटा दिया गया था। हालांकि, बाद में नेगी और सीएम में लगातार सदन में बहसबाजी होती रही। नेगी ने आरोप लगाया कि जयराम ठाकुर ने उन्हें नॉनसेंस कहा। हालांकि, सदन की कार्यवाही में यह रिकॉर्ड पर नहीं आया था, लेकिन नेगी ने लगातार आरोप लगाए और फिर स्पीकर को विषेशाधिकार हनन का नोटिस दिया। इस मामले में शुक्रवार को नेगी ने स्पीकर कुलदीप पठानिया से सवाल पूछा कि मामले में क्या कार्रवाई की गई है। हालांकि, स्पीकर ने कहा कि विधानसभा सचिवालय को नोटिस भेजा गया है।

## लोन होंगे सस्ते, आरबीआई ने 0.25 प्रतिशत घटाई ब्याज दर

**एजेंसी, नई दिल्ली**



आने वाले दिनों में लोन सस्ते हो जाएंगे। मौजूदा ईएमआई भी घट जाएगी। आरबीआई ने रेपो रेट को 0.25 प्रतिशत घटाकर 5.25 प्रतिशत कर दिया है। इस कटौती का फैसला मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी की 3 से 5 दिसंबर तक चली मीटिंग में लिया गया। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 5 दिसंबर को इसकी जानकारी दी।

आरबीआई जिस रेट पर बैंकों को लोन देता है उसे रेपो रेट कहते हैं। जब आरबीआई रेपो रेट घटाता है, तो बैंकों को सस्ता कर्ज मिलता है और वो इस फायदे को ग्राहकों तक पहुंचाते हैं। यानी, आने वाले दिनों में होम और ऑटो जैसे लोन 0.25 प्रतिशत तक सस्ते हो जाएंगे।

ताजा कटौती के बाद 20 साल के 20 लाख रुपए के लोन पर ईएमआई 310 रुपए तक घट जाएगी। इसी तरह 30 लाख रुपए के लोन पर ईएमआई 465 रुपए तक घट जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल प्रदेश का राजकोषीय घाटा 12,114 करोड़ पहुंचने का अनुमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था इस समय गंभीर दबाव में है। लगातार प्राकृतिक आपदाओं, जीएसटी दरों में बदलाव और उत्पादन शुल्क से होने वाली आय में कमी के कारण राज्य का वित्तीय संतुलन कमजोर हो गया है। चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा बजट में निर्धारित 10,337.97 करोड़ रुपए के मुकाबले बढ़कर 12,114 करोड़ रुपए तक पहुंचने का अनुमान है, यानी 1,776 करोड़ रुपए की अतिरिक्त बढ़ोतरी होगी, जो प्रदेश की जीडीपी का 4.74 प्रतिशत है।

शीतकालीन सत्र में पेश एफआरबीएम रिपोर्ट में घाटा कम करने और राजस्व बढ़ाने के लिए कर और गैर-कर राजस्व में सुधार की आवश्यकता बताई गई। सरकार बाहरी वित्त पोषित परियोजनाओं और केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं से अधिक धन जुटाने की कोशिश करेगी, ताकि आर्थिक स्थिति को स्थिर किया जा सके।



रिपोर्ट में वेतन और पेंशन पर बढ़ते खर्च पर भी ध्यान दिया गया है। चालू वित्त वर्ष में वेतन पर 13,837.36 करोड़ और पेंशन पर 10,850 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। उपदानों के लिए खर्च 1,420 करोड़ से बढ़कर 2,508 करोड़ रुपए तक पहुंचने की संभावना है। ब्याज भुगतान पर 6,738.85 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है।

राजस्व प्राप्तियों में भी कमी की आशंका है। बजट में 16,101.10 करोड़ रुपए की अनुमानित राजस्व प्राप्ति के मुकाबले वास्तविक प्राप्ति लगभग 14,374 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है। हालांकि, केंद्रीय योजनाओं और अनुदानों से अतिरिक्त 1,662.73 करोड़ रुपए मिलने की उम्मीद है, जिससे घाटा कुछ हद तक कम होने की संभावना है।

चालू वित्त वर्ष में राजस्व घाटा बढ़कर 7,434.93 करोड़ रुपए तक पहुंचने का अनुमान है। यह रिपोर्ट हिमाचल की वित्तीय चुनौतियों और आवश्यक सुधारों को स्पष्ट करती है।

**हाईकोर्ट का फैसला** परिसीमन की प्रक्रिया फिर पुराने ढांचे पर लौटेगी, संशोधित नियम को अदालत ने बताया असंवैधानिक

# हिमाचल में पंचायत चुनावों से पहले सरकार का संशोधन रद्द

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में आगामी पंचायत चुनावों से पहले राज्य सरकार को बड़ा झटका देते हुए उच्च न्यायालय ने पंचायतीराज चुनाव नियम, 1994 के नियम 9(2) में किए गए संशोधन को शुक्रवार को पूरी तरह रद्द कर दिया।

अदालत ने कहा कि जनवरी 2025 के संशोधन, जिसमें सभाक्षेत्र के स्थान पर पंचायत समिति क्षेत्र को परिसीमन की इकाई बनाया गया, न केवल असंवैधानिक है, बल्कि अतार्किक और किसी भी वैध औचित्य से परे है। अदालत ने इसके साथ ही राज्य चुनाव आयोग द्वारा जारी परिसीमन अधिसूचनाएं भी निरस्त कर दीं और पुरानी मूल स्थिति को बहाल कर दिया। खास बात यह रही कि संशोधित नियम लागू होते ही

### सरकार को नए सिरे से परिसीमन करने के निर्देश




विभिन्न जिलों में जनसंख्या अनुपात में भारी असंतुलन देखने को मिला। अदालत ने उदाहरण देते हुए कहा कि कोटखाई जैसे क्षेत्रों में परिसीमन की गड़बड़ी के कारण 6,372 से लेकर 37,899 तक की जनसंख्या वाले विशालकाय निर्वाचन क्षेत्र बना दिए गए, जो कानूनन स्वीकार्य नहीं। न्यायाधीशों ने टिप्पणी की कि 6000 से 37,000 की जनसंख्या वाले जिलापरिषद क्षेत्रों का निर्माण किसी भी स्थिति में तार्किक नहीं कहा जा सकता और यह सरकार द्वारा जल्दबाजी में किए गए विचलन का सीधा परिणाम प्रतीत होता है।

अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि संशोधन का उद्देश्य संवैधानिक मानकों को मजबूत करना नहीं, बल्कि केवल रिटर्निंग अधिकारियों की प्रशासनिक सुविधा बढ़ाना था। न्यायालय ने कहा कि सरकार ने संशोधन इसीलिए किया क्योंकि चुनावी प्रक्रिया के कई ब्लॉकों में मतगणना पत्रक एकत्र करने में कठिनाई आ रही थी। अदालत ने टिप्पणी की कि प्रशासनिक सुविधा संवैधानिक मानकों पर हावी नहीं हो सकती और यह संशोधन जनसंख्या संरचना के संतुलन की बजाय प्रशासनिक सुविधा को प्राथमिकता देकर किया गया था, जो स्वीकार्य नहीं।

### अमल लाई जाए जनसंख्या के समानुपात न्यायसंगत प्रक्रिया

**अपने** निर्णय में पीठ ने यह भी कहा कि चुनाव अभी दूर हैं और कई जिलों में परिसीमन प्रक्रिया जारी है, इसलिए न्यायिक हस्तक्षेप से चुनाव प्रभावित नहीं होंगे। अदालत ने सरकार को निर्देश दिया कि संविधान और पंचायत राज अधिनियम के अनुरूप नए सिरे से परिसीमन प्रक्रिया शुरू की जाए, ताकि सभी क्षेत्र जनसंख्या के समानुपात में न्यायसंगत प्रतिनिधित्व पा सकें।

## न्यूज ब्रीफ

### जिला स्तरीय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता 7 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हमीरपुर जिला स्तरीय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन 7 दिसंबर को अणु कॉलेज ग्राउड में प्रातः 9 बजे किया जाएगा। जिला महासचिव संदीप ने बताया कि प्रतियोगिता में विजेता खिलाडियों का चयन प्रदेष स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में पुरुषों व महिलाओं के लिए 10 किलोमीटर दौड़, लडकों के वर्ग में अंडर 20 में 8 किलोमीटर, अंडर 18 में 6 किलोमीटर, अंडर 16 में दो किलोमीटर दौड का आयोजन किया जाएगा। वहीं, लडकियों के वर्ग में अंडर 20 में 6 किलोमीटर, अंडर 18 में 4 किलोमीटर, अंडर 16 में दो किलोमीटर दौड का आयोजन किया जाएगा। उनहोंने बताया कि प्रतियोगिता के लिए खिलाडी अपना आयु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड लेकर 7 दिसंबर को प्रांत; कॉलेज मैदान में विजय राणा से संपर्क कर सकते हैं।

### टीजीटी कमीशन तैयारी को दे समय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** राजकीय टीजीटी कला संघ ने राज्य चयन आयोग से टीजीटी कमिशन की तैयारी के लिए अभ्यर्थियों की सुविधा को देखते हुए समय मांगा है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, उपाध्यक्ष विजय बरवाल और महासचिव विजय हीर ने कहा है कि इस बारे में राज्य चयन आयोग को ज्ञापन भेजा गया है। ताकि हजारों आवेदकों को कमीशन की तैयारी हेतु उपयुक्त समय मिल सके। प्रदेश में यूजी और पीजी की विविध परीक्षाओं के चलते टीजीटी कमीशन तैयारी हेतु अभ्यर्थियों को कम समय मिल रहा है। सेमेस्टर सिस्टम के तहत इस समय परीक्षाओं का दौर चल रहा है। इग्नू के 26 श्रेणियों की यूजी पीजी परीक्षाएं 1 दिसंबर से 14 जनवरी के मध्य आयोजित हो रही हैं। दूरस्थ और ऑनलाइन शिक्षा केंद्र शिमला द्वारा 5 दिसम्बर 2025 से 30 दिसम्बर 2025 तक स्नातक कोर्सों की पीसीपी यानी पर्सनल कॉन्टैक्ट प्रोग्राम आयोजित किया जा रहा है। कई स्नातकोत्तर परीक्षाएं भी हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने इस समय आयोजित करना शुरू कर दी हैं। ऐसे में अभ्यर्थियों को टीजीटी मेडिकल, नॉन मेडिकल और टीजीटी आर्ट्स के कमीशन की तैयारी हेतु उचित समय तभी मिलेगा जब यह परीक्षा जनवरी माह के अंत में आयोजित की जाए।

### समीरपुर स्कूल में विश्व मृदा दिवस मनाया

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला समीरपुर में विश्व मृदा दिवस बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस वर्ष विश्व मृदा दिवस की थीम 'स्वस्थ मृदा, स्वस्थ शहर 'है जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को मिट्टी संरक्षण और इसके महत्व के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विज्ञान पर्यवेक्षक राजेश गौतम रहे जिन्होंने मृदा दिवस के वारे में विद्यार्थियों व शिक्षकों को महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाई व कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समस्त शिक्षकों व विद्यार्थियों को बधाई दी। स्कूल के विद्यार्थियों ने थीम आधारित भाषण, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग और क्विज जैसी गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य बलराज ने बताया कि भूमि प्रदूषण, रासायनिक खादों का अत्यधिक प्रयोग, पेड़ों का कटान और ग्लोबल वार्मिंग मिट्टी की सेहत पर गंभीर प्रभाव डाल रहे हैं। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने संदेश दिया कि मिट्टी हमारी प्राकृतिक धरोहर है और इसका संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है। हमें जैविक खाद, वर्मी-कंपोस्ट, वर्षा जल संचयन और वृक्षारोपण जैसे प्रयासों को अपनाना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार भी बांटे गए। इस समारोह में विशेष रूप से भोरंज कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी चंदन ठाकुर , पूर्व में स्कूल के हेडमास्टर रहे विक्रम गथानिया सहित समस्त स्कूल शिक्षक भी उपस्थित रहे।

### सांख्यिकीय कार्यालय के पुराने सामान की नीलामी 10 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला सांख्यिकीय कार्यालय के पुराने एवं नाकारा घोषित किये गये सामान की नीलामी 10 दिसंबर को सुबह 11 बजे कार्यालय परिसर में होगी। जिला सांख्यिकीय कार्यालय के अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि इस नीलामी में सफल बोलीदाता से पूरी राशि तुरंत वसूल कर ली जाएगी और नीलाम किया गया सामान भी उसी समय सौंप दिया जाएगा। उन्होंने इच्छुक लोगों से इस नीलामी में भाग लेने की अपील की है। नीलामी प्रक्रिया से संबंधित अधिक जानकारी और सामान के अवलोकन के लिए जिला सांख्यिकीय कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### मॉक ड्रिल कर छात्रों को बताए आत्मरक्षा के तरीके

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अग्नि शमन कार्यालय हमीरपुर की ओर से राज राजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय भोटा में मॉक ड्रिल के माध्यम से छात्रों को प्राकृतिक आपदाओं के समय आत्मरक्षा के तरीके बताए। अग्नि शमन कार्यालय हमीरपुर के लीडिंग फायरमैन प्रवीण कुमार के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम ने छात्रों को बताया कि किस तरह आग जैसी दुर्घटना के समय व्यक्ति अपने अलावा दूसरे की सहायता कर सकता है। उन्होने कहा कि समोदरिंग स्टारबिंग और कूलिंग तीन प्रकार के तरीकों से हम विभिन्न प्रकार की आग पर काबू पा सकते हैं। टीम ने यह भी कहा कि आग लगने पर लोग संयम रखें और अगर जरूरत हो तो फायर स्टेशन को सही जानकारी दें ताकि समय रहते आग पर काबू किया जा सके। इस अवसर पर राज राजेश्वरी शिक्षा सोसायटी के सचिव कुलबीर सिंह ठाकुर, बीएड, डीएलएड के प्रशिक्षु अध्यापक, बीए के छात्र तथा संपूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा।

### सुजानपुर इलाके के कई गांवों में बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** रविवार को सुजानपुर उपमंडल के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र सुजानपुर शहर, पौड़ियां मोहल्ला, ढांगू मोहल्ला, टिहरा, न्यू कॉलोनी, ब्रह्मपुरी मोहल्ला, आदि में बिजली आपूर्ति सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक बाधित रहेगी। एसडीओ चंद्रकांत ठाकुर ने बताया कि इस दिन 33/11 केवी सब स्टेशन सुजानपुर में मरम्मत व 11 केवी लाईनों के साथ लगते पेड़ों की कटाई व छंगाई का कार्य किया जाएगा।

### ब्लॉक कांग्रेस की बैठक 8 को नादौन में

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन ब्लॉक कांग्रेस की बैठक 8 दिसंबर को प्रातः 11 बजे गीता भवन नादौन में होगी। जिसमें कांग्रेस की मण्डी में होने वाली रैली को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कैप्टन पृथ्वी चंद करेंगे। यह जानकारी देते हुए ब्लॉक कांग्रेस के कार्यालय सचिव नानक चंद ने यहां जारी प्रेस ब्यान में बताया कि बैठक में कांग्रेस सरकार के 3 साल पूरे होने पर विकास कार्यों की जानकारी दी जाएगी। बैठक में मंडी रैली में भाग लेने के लिए नादौन विधानसभा से अधिक से अधिक कार्यकर्ता शामिल होने बारे रणनीति बनाई जाएगी। उन्होंने कांग्रेस के सभी संगठनों,कांग्रेस समर्थक पंचायत प्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में बैठक में पहुंचे।

### बैठक में मांगों को लेकर विचार-विमर्श

**अनंत ज्ञान, नादौन।** रिटायर्ड एंपलाईज वेलफेयर एसोसिएशन नादौन की बैठक यशपाल साहित्य सदन नादौन में सम्पन्न हुई । जिसमें पैंशनर्स की मांगों को लेकर विचार विमर्श किया गया तथा तथा मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खु से मिलने बारे चर्चा की गई । बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के वरिष्ठ नेता बेला राम जसवाल ने की। उन्होंने गीता के श्लोक के साथ शुरुआत की। बैठक में एसोसिएशन की सदस्य आशा शर्मा व शकुंतला कंवर के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। तथा भगवान से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रक्ट की। बैठक में एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय चौधरी, कैशियर यशपाल राणा, प्रेस सचिव सुभाष बस्सी के अलावा रविन्द्र पुरी, बेली राम जसवाल,नानक चंद,मोती राम,प्रकाश चौहान,उपेन्द्र सिंह,मंशा राम जगदीश चंद शर्मा ,अमर नाथ रमेश चंद शर्मा,ओम प्रकाश आनन्द आदि ने भाग लिया। बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए एसोसिएशन के प्रेस सचिव सुभाष बस्सी ने बताया कि राज्य कारिणी ने मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांगा। मुख्यमंत्री कार्यालय से 6,7 व 8 दिसंबर में से किसी रोज समय दिए जाने का आश्वासन दिया है। बस्सी ने बताया कि 3 प्रतिशत डीए जारी करने के लिए सरकार का धन्यवाद किया गया।

### वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** दि हमीरपुर उपभोक्ता संरक्षण संगठन जिला हमीरपुर का एक प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कालिया की अध्यक्षता में डीसी से मिला। सदस्यों ने हमीरपुर माल रोड में गांधी चौक से सब्जी मंडी तक सायं आठ बजे तक वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया । इसके अतिरिक्त ट्रैक्टर व रोटावेटर के रेट निर्धारित करने वारे लंबे समय से संगठन मांग कर रहा था ।इस संबंध में उपायुक्त महोदय ने उपनिदेशक, कृषि हमीरपुर द्वारा भेजी गई प्रपोजल को अभिलंब लागू करने के आदेश दिए तथा इन रेटों को समाचार पत्रों के माध्यम से भी प्रकाशित करने के आदेश दिए । प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक को पद ग्रहण करने पर उन्हें बधाई दी तथा संगठन की कुछ समस्याओं बारे भी उन्हें अवगत करवाया, जिसके फल स्वरुप उन्होंने शीघ्र समाधान करने वारे आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में मनोहर लाल कानूनगो, महासचिव, एसके कौड़ा वरिष्ठ उपप्रधान, युद्धवीर पठानिया वित्त सचिव, हेमराज शर्मा सचिव, शंभू राम जसवाल, उपप्रधान हेमराज सदस्य, बीना कपिल, महिला सदस्या उपस्थित रहे।

# सहकारिता विकास संघ चुनावों में यशवीर अध्यक्ष, सुशील बने उपाध्यक्ष

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** जिला हमीरपुर सहकारिता विकास संघ के चुनावों में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के दोनों पदों पर भाजपा से ताल्लुक रखने वाले उम्मीदवार विजयी रहे हैं।

बड़सर मंडल भाजपा के अध्यक्ष यशवीर पटियाल तीसरी मर्तबा अध्यक्ष चुने गए हैं, जबकि उपाध्यक्ष पद पर भोरंज के सुशील ठाकुर की तैनाती हुई है। यशवीर पटियाल बिझड़ी ब्लॉक से ताल्लुक रखते हैं। वे समैला गांव के निवासी हैं। जबकि उपाध्यक्ष सुशील ठाकुर भोरंज जोन से हैं। वे इस चुनाव में डायरेक्टर के पद पर निर्विरोध चुने गए थे। चुनाव में जिला सहकारिता विकास संघ के सभी 7 जोन के निदेशक एवं सदस्य उपस्थित रहे। सर्वसम्मति से हुए इस चयन पर भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा, तथा संघ के सभी निदेशकों एवं सदस्यों ने नव-निर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।



जिला हमीरपुर सहकारिता विकास संघ के चुनावों में विजेता का समर्थक मुंह मीठा करवाते हुए।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष यशवीर पटियाल ने अपने चुनाव को सभी 7 जोन के निदेशकों के विश्वास और समर्थन का परिणाम बताया। उन्होंने विशेष रूप से पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल द्वारा सहकारिता विकास संघ के सतत् विकास के लिए किए गए योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि धूमल का सहयोग हमेशा समयबद्ध, पारदर्शी और सकारात्मक रहा है। उनके प्रयासों की बदौलत सहकारिता विकास संघ ने कई बार कठिन परिस्थितियों को भी अवसर में बदला है। जिला हमीरपुर के सहकारिता आंदोलन को नई दिशा देने में धूमल का योगदान अविस्मरणीय है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सहकारिता विकास संघ के सुदृढ़ीकरण और विस्तार में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने कहा कि जब भी संघ को वित्तीय सहायता, बुनियादी सुविधाओं के उन्नयन या किसी परियोजना के लिए सहयोग की आवश्यकता पड़ी, उस-उस समय अनुराग ठाकुर ने पहल करते हुए न केवल सहायता प्रदान की बल्कि संघ की कार्यप्रणाली को आधुनिक और सशक्त बनाने में भी मार्गदर्शन दिया। यशवीर पटियाल ने आश्वस्त किया कि आने वाले समय में भी वे संघ के विकास के लिए सांसद अनुराग ठाकुर की मार्गदर्शक भूमिका से लाभ उठाते हुए, संघ को और अधिक मजबूत एवं जनहितैषी संस्था बनाने का प्रयास जारी रखेंगे। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए यशवीर ने कहा कि जिला में सहकारिता मजबूत स्थिति में है और पूरे हिमाचल में सहकारी सभाओं की यदि स्थिति का आंकलन किया जाए, तो हमीरपुर जिला की समितियां औरों से बेहतर हैं। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि जिन सहकारी सभा में गड़बड़झाले हुए हैं, उसकी वजह विभाग रहा है। अगर समय पर कार्रवाई की गई होती, तो लोगों का पैसा नहीं फंसता, लेकिन उन्होंने कहा कि अब इनका निपटारा जल्दी होगा। उन्होंने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में यह संघ महत्वपूर्ण काम कर रहा है और यह चुनाव उसी का नतीजा है।

## पौंग के विस्थापितों को स्थापित करने के लिए हो साझा प्रयास: अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो हमीरपुर**



हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को लोकसभा के शून्यकाल में हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा स्थित पौंग डैम (महाराणा प्रताप सागर) विस्थापितों का मुद्दा मजबूती से उठाया।

उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि जलशक्ति मंत्रालय और गृह मंत्रालय के नेतृत्व में एक इंटर-मिनिस्ट्रियल समिति का गठन किया जाए, जिसमें राजस्थान और हिमाचल प्रदेश सरकारों को भी शामिल किया जाए, ताकि विस्थापितों के पुनर्वास की प्रक्रिया को तेज़ी से आगे बढ़ाया जा सके। उनके वक्तव्य को कांगड़ा सांसद राजीव भारद्वाज ने भी समर्थन दिया। अनुराग ने सदन में कहा कि ब्यास नदी पर निर्मित पौंग डैम के कारण 50 वर्ष पहले हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के 339 गांवों के 20,772 परिवार बेघर हुए थे। उस समय तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने राजस्थान में सिंचित क्षेत्रों में इन परिवारों को बसाने का वादा किया था। यह आश्वासन 1970 के मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग और राजस्थान कॉलोनाइजेशन रूल्स, 1972 के तहत दिया गया था। बावजूद इसके, सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेपों (1996 के फैसले सहित) और दिसंबर 2024 की निरीक्षण रिपोर्ट के बाद भी पुनर्वास अधूरा है और 6,700 से अधिक परिवार अभी भी भूमि आवंटन की प्रतीक्षा में हैं। पहाड़ के लोगों ने हमेशा राष्ट्रहित में 'पानी, जवानी और कुर्बानी' दी है, लेकिन आधी सदी बाद भी विस्थापितों को न तो वादा की गई जमीन मिली है और न ही बुनियादी सुविधाएं। उन्होंने बताया कि कई परिवारों को अवैध कब्जों, अधूरी प्रक्रियाओं, बुनियादी ढांचे की कमी और दस्तावेज़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि विस्थापितों के लंबित मामलों के समाधान हेतु केंद्रीय हाई-पावर कमेटी को फिर से मजबूत किया जाए, भूमि आवंटन की मॉनिटरिंग की व्यवस्था बनाई जाए और पुनर्वास क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पानी, स्कूल और स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए बजट आवंटन आसान किया जाए। इसके साथ ही विस्थापित परिवारों के लिए डोमिसाइल सर्टिफिकेट और किसान क्रेडिट कार्ड की प्रक्रिया सरल करने की भी मांग की गई। अनुराग ठाकुर ने कहा कि पुनर्वास 'राजनीतिक नारा नहीं, बल्कि नैतिक जिम्मेदारी' है और अब समय आ गया है कि इन परिवारों को न्याय मिले।

## स्टोन क्रशर के खिलाफ मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पुलिस ने पुंग खड्ड में स्थित स्टोन क्रशर के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया है। यह मामला सुजानपुर पुलिस स्टेशन में हुआ है। इसमें लाखों रुपए के राजस्व की सरकार को चपत लगाने का पुलिस को पता चला है। पुलिस ने इस मामले में प्रारंभिक जांच पूरी करने के बाद ही मामला दर्ज किया है। मामला दर्ज करके अब आगे की छानबीन शुरू कर दी है। क्या मामला हमीरपुर के भाजपा नेता से जुड़ा हुआ है। उन्हीं के एक अन्य मामले को लेकर भी कुछ माह पहले राजनीति खूब गरमा गई थी और तब भी एक अलग से मामला दर्ज हुआ था, यह मामला भी उसी कड़ी में माना जा रहा है। एएसपी राजेश कुमार का कहना है कि प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और अब आगे की जांच शुरू कर दी है।

## यशपाल हिंदी साहित्य के विशिष्ट स्तंभ और क्रांतिकारी युवा: धूमल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

प्रसिद्ध क्रांतिकारी-साहित्यकार यशपाल के पुत्र आनंद यशपाल, जो लंबे समय से अमेरिका में निवासरत हैं, अपने भारत दौरे के दौरान समीरपुर में पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल से मिले।



इस अवसर पर दोनों ने साहित्य, इतिहास और यशपाल जी की साहित्यिक व क्रांतिकारी विरासत पर गहन चर्चा की। धूमल ने साहित्यकार यशपाल को याद करते हुए कहा कि वे हिंदी साहित्य के विशिष्ट स्तंभ, एक क्रांतिकारी युवा, समाजवादी विचारक और विस्तृत विधाओं में लेखन करने वाले लेखक थे। उन्हें साहित्य जगत में उनके योगदान के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार तथा पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। धूमल ने कहा कि उनके साहित्य का वैश्विक पाठक-वर्ग तक पहुंचाना और भाषा की सीमा पार करना उनके सुपुत्र आनंद यशपाल की महत्वपूर्ण पहल रही है। आनंद ने अपने पिता के अंग्रेज़ी में अनूदित संस्करणों और सम्पादन कार्यों के माध्यम से यशपाल की कहानियां व उपन्यास अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत किए, जिसमें 'झूठा सच' का प्रकाशन भी शामिल है। कल हुई भेंट के दौरान धूमल ने यशपाल को न केवल एक महत्वपूर्ण साहित्यकार के रूप में, बल्कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम और समाज-सुधार के तारक के रूप में याद किया।

## स्कूल लीडरशिप व प्रबंधन कार्यशाला शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने में निभाएगा महत्वपूर्ण भूमिका

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) हमीरपुर में समग्र शिक्षा और एनसीईआरटी के सहयोग से आयोजित पांच दिवसीय स्कूल लीडरशिप और प्रबंधन कार्यशाला के पहले चरण का शुक्रवार को समापन हुआ।

समापन सत्र में मुख्यातिथि के रूप में उपनिदेशक, स्कूल शिक्षा (गुणवत्ता) एवं जिला परियोजना अधिकारी नवीन कुमार ने शिरकत की। अपने संबोधन में नवीन कुमार ने कहा कि यह प्रशिक्षण विद्यालय प्रबंधन में नए आयाम जोड़ने के साथ-साथ शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने स्कूल प्रमुखों से आग्रह किया कि वे प्राप्त ज्ञान को विद्यालय स्तर पर प्रभावी रूप से लागू करें। इस प्रशिक्षण का संचालन आईआईएम सिरमौर से प्रशिक्षित रिसोर्स व्यक्तियों द्वारा किया गया। जिला नोडल अधिकारी पुनीत कुमार ने बताया की इस चरण में हमीरपुर, सुजानपुर, गलोड और नादौन ब्लॉक के 48 विद्यालयों के प्रधानाचार्य, मुख्याध्यापक और केंद्रीय मुख्य शिक्षक शामिल हुए।



पांच दिनों तक चले इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों ने विद्यालय नेतृत्व को मजबूत बनाने, शैक्षणिक योजना, वित्तीय पारदर्शिता, शिक्षक-अभिभावक सहभागिता, तकनीकी उपयोग और सुरक्षित शिक्षण वातावरण निर्माण जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। सत्रों में नेतृत्व कौशल, समावेशी शिक्षा, नवाचार, बाल मनोविज्ञान, टीम प्रेरणा और समय प्रबंधन जैसे व्यावहारिक पहलुओं पर भी चर्चा हुई। जिला नोडल अधिकारी पुनीत कुमार ने प्रतिभागियों की सक्रिय सहभागिता के लिए धन्यवाद दिया और उम्मीद जताई कि यह कार्यशाला विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक और प्रशासनिक सुधार का मार्ग प्रशस्त करेगी। अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

## गरीब असहाय सहायता संस्था भरेड़ी की मासिक बैठक में 1,34,135 की आर्थिक सहायता वितरित

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

उपमंडल भोंरज के तहत गरीब एवं असहाय सहायता संस्था भरेड़ी की मासिक बैठक संस्था के प्रधान अरुण कुमार अरोड़ा की अध्यक्षता में भरेड़ी में संपन्न हुई। वर्ष 2003 से संचालित यह संस्था जरूरतमंद परिवारों को आपातकालीन परिस्थितियों में आर्थिक सहयोग प्रदान कर रही है। अब तक संस्था द्वारा लाखों रकी सहायता विभिन्न गरीब परिवारों तक पहुंचाई जा चुकी है।

संस्था ने इस माह भी पूर्व की भांति 1,34,135 की राशि विभिन्न पात्र व्यक्तियों को वितरित की। सहायता प्राप्त करने वाले लाभार्थियों में प्रकाश चन्द पुत्र देवी राम, गांव वधानी मकान की मरम्मत के लिए 10,000, अवतार सिंह पुत्र मोहन लाल, गांव चौंतड़ा मकान गिरने पर 10,000, निशा कुमारी, गांव डोडर गोशाला गिरने पर 5000, चमन लाल, गांव बरेहडू, टौणी देवी—कैंसर उपचार के लिए 20,000, ब्रहमी देवी पत्नी स्व. मस्तराम, गांव गडोला बेटी की शादी हेतु 5,100, मानसी सैनी, गांव खोली—तकनीकी शिक्षा (पॉलीटेक्निक कांगड़ा) हेतु 16,835, सुरेश कुमार पुत्र सुख राम, गांव टिकरी—ब्रेन ट्यूमर उपचार हेतु 20,000, सानिया ठाकुर, गांव टिकरी बीसीए की पढ़ाई हेतु 7,500, सवीता देवी, गांव पपवाह—फेफड़ों की बीमारी व कैंसर इलाज हेतु 20,000, कमला देवी, गांव कोट किडनी डायलिसिस के लिए 5,000, महेंद्र सिंह पुत्र दिले राम, गांव खतरवाड़—लिवर (सिरोसिस) उपचार के लिए 10,000, कश्मीर सिंह पुत्र ज्ञान चंद, बधाणी, भोरंज पित्ते की बीमारी के इलाज हेतु 5,000 दिए। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि सभी लाभार्थी अत्यंत गरीब एवं जरूरतमंद हैं और कठिन परिस्थितियों में स्वयं सहायता करने में सक्षम नहीं। ऐसे परिवारों की सहायता के लिए संस्था निरंतर आगे आती रही है। संस्था का लक्ष्य है हर गरीब व जरूरतमंद तक समय पर सहायता पहुंचाना।



बिझड़ी स्कूल के वार्षिक पारितोषिक समारोह में मुख्यातिथि सुभाष ढटवलिया व अन्य।

## मेहनत, अनुशासन, गुरुजनों का आदर करना सीख गए मंजिल अपने आप नजदीक आ जाती है: सुभाष ढटवलिया

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** जितनी ज्यादा मेहनत करोगे सफलता अपने आप आपके पीछे भागेगी, आज के परिवेश में मोबाइल का दौर है, मोबाइल का प्रयोग अच्छे कामों के लिए करें।

नशे से बचकर रहें पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, व्यायाम, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी भाग ले तभी बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। यह बात पीएमश्री राजकीय आदर्श विद्यालय बिझड़ी के वार्षिक पारितोषिक समारोह में मुख्यातिथि सुभाष ढटवलिया ने बच्चों को संबोधित करते हुए कही। स्कूल प्रांगण में पहुंचने पर मुख्यातिथि का भव्य स्वागत किया गया। मुख्यातिथि ने मेधावी स्टूडेंट्स को प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित किया। स्कूल प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार ने स्कूल के इतिहास के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि ने ज्योति प्रज्वलित कर किया। स्कूली स्टूडेंट्स ने बेहतर से बेहतर प्रस्तुतियां पेश करके खूब बाहवाही लूटी। बच्चियों ने जब जागो पेश की उसे वक्त तालिया की गड़गड़ाहट बहुत ज्यादा थी। इस अवसर पर एसएमसी प्रधान राजीव शर्मा, कांग्रेस नेता पवन कालिया, पवन शर्मा जिला परिषद सदस्य मीना धीमान, विपिन डटवलिया कांग्रेस नेता एवं वरिष्ठ पत्रकार सुखदेव सख्यान, विनोद कुमार, कांग्रेस नेता डैनी जसवाल, समाजसेवी अशोक कालिया, अनीता कालिया सहित बच्चों के अभिभावक तथा गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## राजपूत कल्याण सभा का चुनाव 28 दिसंबर को

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** राजपूत कल्याण सभा उपमंडल नादौन का चुनाव 28 दिसंबर को प्रातः 11 बजे राजेंद्रा पैलेस गगाल में होना निश्चित हुआ है। यह जानकारी देते हुए सभा के महामंत्री राजेन्द्र परमार ने यहां जारी प्रेस ब्यान में बताया कि 28 दिसंबर को सभा के प्रधान, महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष का चुनाव होगा जिसके लिए सभा के इच्छुक सदस्य अपने सदस्यता संख्या सहित आवेदन 20 दिसंबर तक कर सकते हैं।

## वायरल वीडियो से चला गुमशुदा का पता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** जिला की बनाल पंचायत के घरथोली गांव के गुमशुदा व्यक्ति बलदेव सिंह पुत्र सूबेदार किरपा राम ठाकुर का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसका वीडियो डालने वालों के साथ राजस्थान में परिवार का संपर्क हो गया है, लेकिन इसके पिता अति वृद्ध होने के कारण इसे लाने में असमर्थ हैं। राजपूत महासभा की हमीरपुर जिला इकाई के महासचिव जोगिंदर ठाकुर ने कहा है कि संबंधित परिवार से अन्य कोई पुरुष सदस्य भी इतनी दूर जाने वाला नहीं है। बलदेव की मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं है, जो कि भारतीय सेना में तैनात था और परिवार के मुताबिक वह लगभग 15 साल पहले ड्यूटी पर जाते वक्त गोहाटी से लापता हो गया था। परिवार सूचना मिलने पर प्रसन्न है, लेकिन चाहता है कि जिला प्रशासन व सरकार बलदेव को राजस्थान से उसके घर वापस लाने की व्यवस्था करे, ताकि उसे व उसके परिवार को राहत मिले। राजपूत महासभा हमीरपुर मुख्यमंत्री से भी मानवीय आधार पर इस परिवार की मदद करने की मांग करती है। साथ ही महासभा इस मामले पर परिवार की हर संभव सहयोग करेगी, ताकि सालों पहले गुम हुआ बेटा मां बाप को मिल सके।

## भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर वंश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय बरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डिडवीं में विश्व मृदा दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम का संचालन इको क्लब प्रभारी कल्पना परमार ने किया। इसका शुभारंभ स्कूल प्रधानाचार्या शैली शर्मा ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत सभी ने मिशन माई लाइफ शपथ के साथ की । इस कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां जैसे भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वंश कुमार, द्वितीय स्थान देवांश और तृतीय स्थान शिवा ने प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगीता में प्रथम स्थान क्रिश कौशल, द्वितीय स्थान कोमल तथा तीसरा स्थान कुसुम ने हासिल किया। स्लोगन राइटिंग में प्रथम स्थान लिखिता कुमारी, द्वितीय स्थान किंजल व तृतीय स्थान दिक्षा द्वारा हासिल किया गया।

## प्रभात सुधार सभा ने जरूरतमंदों को दी आर्थिक मदद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर की प्रभात सुधार सभा ने जिले और आसपास के क्षेत्रों में जरूरतमंदों की मदद जारी रखी। प्रधान प्रकाश सेन के अनुसार, दानी सदस्यों और स्थानीय व्यापारियों द्वारा दिए गए 25,000 रुपए से अधिक की आर्थिक सहायता और राशन सामग्री एकत्र की गई। सभा ने खग्गल निवासी विधवा कृष्णा देवी की बेटी की शादी के लिए 10,000 रुपए नकद और दूध, दही, पनीर, फलौरियां व अन्य आवश्यक सामग्री प्रदान की। इसके अलावा देहरा तहसील के जगदीश कुमार को कैंसर उपचार हेतु 5,000 रुपये, कृष्णा नगर की महिला को 2,500 रुपये और आगरा निवासी मोहनलाल को 1,500 रुपए दिए गए। स्थानीय व्यापारियों ने भी दान में सामग्री और कपड़े दिए। सभा के सदस्यों ने कहा कि इस तरह की मदद समाज में मानवता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देती है।

## तकनीकी विवि में एबीवीपी का धरना-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में धरना प्रदर्शन किया। विभाग संयोजक भवानी ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा, रोजगार और सुरक्षा के मोर्चों पर पूरी तरह फेल रही है। शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रही छात्राओं पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया, जिससे कई छात्राएं घायल हुईं। भवानी ठाकुर ने आरोप लगाया कि छात्र संघ चुनाव बहाल न करना लोकतांत्रिक अधिकारों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय नेतृत्वविहीन हैं, सीयू धर्मशाला परियोजना अटकी हुई है, नई शिक्षा नीति लागू नहीं हुई और 5 लाख नौकरियों का वादा भी पूरा नहीं हुआ। ठाकुर ने चेताया कि एबीवीपी अब सड़कों से सदन तक संघर्ष तेज़ करेगी और अगर मांगें नहीं मानी गईं, तो आने वाले दो वर्ष सरकार के लिए कठिन होंगे।

## डिग्री पूरी होने से पहले इंटर्नशिप व आकर्षक पैकेज का अवसर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए पढ़ाई के साथ उद्योग अनुभव प्राप्त करने का सपना साकार हो रहा है। एक्सीलेंस टेक्नोलॉजी, मोहाली द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में कुल आठ छात्रों का छह माह की इंटर्नशिप के लिए चयन हुआ। चयनित छात्रों को 10,000 रुपये प्रतिमाह स्टाइपेंड मिलेगा और सफल इंटर्नशिप पर 3.2 लाख रुपए प्रतिवर्ष का पैकेज ऑफर किया जाएगा। बीटेक (फाइनल ईयर) से निखिल परमार, स्वेता शर्मा, अक्षिता, जतिन, अर्जित शर्मा, प्रिंस भारती और एमसीए फाइनल ईयर से कोमल व तरूण कतना चयनित हुए। छात्र वास्तविक वेब डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स पर काम करके तकनीकी कौशल और उद्योग अनुभव प्राप्त करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं डीन गुलशन सधूं ने कहा कि यह पहल छात्रों को 'सीखते हुए कमाने' का अवसर देती है। सीएसई विभागाध्यक्ष ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों के तकनीकी कौशल, आत्मविश्वास और रोजगार-योग्यता को बढ़ाते हैं। कुलपति डॉ. संजीव शर्मा ने चयनित छात्रों और प्लेसमेंट सेल की सराहना की।

## चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान में सभी दें योगदान: रामचंद्र

**अनंत ज्ञान भोरंज**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लुद्दर महादेव का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया, जिसमें कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष राम चंद्र पठानिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए।

इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए रामचंद्र पठानिया ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपने तीन वर्ष के कार्यकाल में शिक्षा सहित सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। विधायक सुरेश कुमार ने भोरंज विधानसभा क्षेत्र के लिए मुख्यमंत्री से कई बड़ी परियोजनाएं मंजूर करवाई हैं, जिससे इस क्षेत्र का चहुमुखी विकास हो रहा है। विधायक ने भोरंज के सामान्य परिवारों के बच्चों को जेईई, नीट और एनडीए जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग के लिए विशेष प्रबंध किए हैं। उन्होंने कहा कि जिला हमीरपुर की सभी मुख्य सड़कों को डबल लेन किया जा रहा है। हमीरपुर में बस स्टैंड और मेडिकल कालेज का निर्माण युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। ये सभी परियोजनाएं मुख्यमंत्री की देन हैं। विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की नसीहत देते हुए रामचंद्र पठानिया ने कहा कि नशे को पूरी तरह खत्म करने के लिए मुख्यमंत्री ने चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान आरंभ किया है। सभी लोगों को इस अभियान में सक्रिय योगदान देना चाहिए। उन्होंने बताया कि इसी अभियान के तहत 16 दिसंबर को मुख्यमंत्री हमीरपुर में मैगा वॉकथॉन की अगुवाई करेंगे। इसमें भोरंज क्षेत्र से भी अधिक से अधिक लोगों, विशेषकर युवाओं को भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के 3 वर्ष पूरे होने पर 11 दिसंबर को मंडी में जन संकल्प सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है, जिसमें भोरंज क्षेत्र से भी हजारों लोग भाग लेंगे। समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए विद्यार्थियों की सराहना करते हुए रामचंद्र पठानिया ने इन बच्चों के लिए अपनी ओर से 5100 रुपये देने की घोषणा भी की। इससे पहले, प्रधानाचार्य राजेश शर्मा ने मुख्य अतिथि, अन्य अतिथियों और बच्चों के अभिभावकों का स्वागत किया तथा स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। समारोह में कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष विजय बनयाल, वीरेंद्र कुमार, सुरेंद्र अबरोल, स्थानीय पंचायत जनप्रतिनिधि, एसएमसी अध्यक्ष पूनम कुमारी और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।



लुद्दर महादेव स्कूल के वार्षिक उत्सव में मेधावी विद्यार्थियों को बांटे ईनाम।

## गंभीर स्थिति में 100 कार्ड बनाने की अनुमति



**स्वास्थ्य** मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल ने बताया कि गंभीर स्थिति में 100 कार्ड बनाने की मेडिकल कॉलेज व अस्पतालों को अनुमति दी गई है। वर्तमान में अस्पताल में मरीजों को निशुल्क सुविधा प्रदान की जा रही है। अगर ऐसी सुविधा नहीं मिल रही तो, उसकी सूचना दे सकते हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मनरेगा कार्यकर्ताओं को शून्य पैसों के साथ कार्ड बनाया जाता है। जिनका कार्ड नहीं है, उनका कार्ड तत्काल बनाया जाएगा। मंत्री ने कहा कि व्यक्ति को दोनों में से एक कार्ड प्रदान करने के निर्देश जारी किए जाएंगे। अगर कोई ऐसी कंडीशन होगी तो इसे हटाया जाएगा।

## कभी कहते हैं घोटाला है, कभी योजना अच्छी नहीं है

**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री कह रहे है कि ये घोटाला है, कभी कहते है ये बहुत अच्छी योजना है। इस योजना की भावना में जाकर देखिए कि राज्य में कितने जरूरतमंद लोगों के जीवन को बचाया है। क्या कम से कम सरकारी अस्पतालों में ईलाज को सुनिश्चित किया जाएगा।

## सदन में विधायक विनोद कुमार ने उठाया प्रश्न



**सदन** में हिमकेयर योजना को लेकर नाचन के विधायक विनोद कुमार ने सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि हिमकेयर में एक सौ कार्ड मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल व एमएस बना सकते हैं। जबकि अब अस्पताल जाने पर मरीजों के कार्ड ही नहीं बन रहे हैं। पूर्व में 365 दिन कार्ड बनते थे, क्या वैसे बनेंगे। निःशुल्क चिकित्सा का लाभ किन्हें मिल रहा है। 90 फीसदी मरीजों को ऐसे सुविधा नहीं दी जा रही है। इसमें मनरेगा के तहत 50 दिन लगने के बाद ही हिमकेयर कार्ड बन रहे हैं। रणधीर शर्मा ने कहा कि चार महीने के अलावा कार्ड बनाने को मात्र एक सौ कार्ड की अनुमति है, इसमें कौन शामिल रहेंगे, इस शर्त को कब हटाया जाएगा। पीजीआई में हर समय आयुष्मान कार्ड बनाने की व्यवस्था है। जबकि हिमकेयर सबके बन सकते हैं, तो वहां व्यवस्था मान्य होगी। निजी अस्पतालों की दो अरब के करीब देनदारी दी है।

## पिछले वर्षों से बड़ी आपराधिक घटनाएं हुईं: सत्ती



**धर्मशाला।** ऊना के विधायक सत्तपाल सिंह सत्ती ने कहा कि पिछले वर्षों में बड़ी आपराधिक घटनाएं हो रही है। 27 जुलाई 2023 को संतोषगढ़ पुलिस के जवानों को बंधक बना लिया गया। दूसरा विषय यह रहा कि मेहत्तपुर में भी चार करोड़ 93 लाख के करीब राशि को पकड़ा गया था। पांच लाख 47 हजार रुपये की राशि फिर पकड़ी गई। 27 जुलाई 2025 को बाल कटवाते हुए गोलीकांड हुआ। ऊना एक बार फिर शादी में फायरिंग होने से पीजीआई में गया। अवैध हथियारों के जखीरा मिलता है। हाल ही में 19 नवंबर को गैंगवार में एक व्यक्ति की गोलीकांड की मौत हुई, जबकि दो अन्य गम्भीर घायल हैं। ऊना में गैंगवॉर, फिरौती पांच करोड़ तक पहुंच गई है, लॉटरी सहित अन्य घटनाओं में राजनैतिक संरक्षण भी दिया जा रहा है। ऊना में सख्त कार्वाई किए जाने की अति आवश्यकता है।

## सत्र में विपक्ष को दिया अधिक समय: सीएम

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने कहा कि कांगड़ा में सबसे बड़ा सत्र आयोजित किया गया। इसमें विपक्ष को बहुत अधिक समय दिया गया, यही लोकतन्त्र की खूबी भी है। उन्होंने कहा कि वीडियो को एडिटिंग के बाद कुछ समय के बाद ही जारी की जाए। उन्होंने सभी लोगों का धन्यवाद किया। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि यह सत्र समापन की ओर है। उन्होंने कहा कि सभी विधायकों ने जनहित के मुद्दों की बात रखी है। उन्होंने कहा विपक्ष को बात रखने के लिए विधानसभा अध्यक्ष की ओर से सहयोग मिलता रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि पंचायत चुनाव व प्राकृतिक आपदाओं पर चर्चा हुई। इसमें कई अहम मुद्दों को लेकर तल्खी हूई भी जोकि लाजिमी भी है। इन्हें सदन में ही छोड़कर आगे बढ़ने की जरूरी है। उन्होंने कहा कि मानवीय स्वभाव है, लेकिन मर्यादा के साथ बात रखे तो बेहतरीन होगा। उन्होंने कहा कि सत्तापक्ष की ओर से कुछ विषयों के उत्तर सही से दिए नहीं गए है, उम्मीद है आगामी सत्र में सभी जबाव सही से मिलेंगे। उन्होंने विधानसभा उपाध्यक्ष की कमी थोड़ी खली जरूर है।

## सदन में प्रदेश की दिशा में लिए महत्वपूर्ण निर्णय

**हिमाचल** विधानसभा के शीतकालीन सत्र के समापन पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि कांगड़ा के इतिहास में यह अब तक का सबसे लंबा सत्र रहा है। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक परंपराओं के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इस सत्र में विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई, कई बार विपक्ष द्वारा वॉकआउट भी किए गए, लेकिन इसके बावजूद सदन ने कई अहम विधेयकों को पारित कर प्रदेश की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी दलों के नेताओं ने भी कई गंभीर विषयों को सदन में उठाया, जिससे सत्र अधिक सार्थक बना। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़ी चर्चाओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत किया है। सीएम ने कांगड़ा के लोगों को विशेष रूप से शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके सहयोग और समर्थन से ही यहां आयोजित यह लंबा सत्र सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि तपोवन में आयोजित यह ऐतिहासिक सत्र प्रदेश की राजनीति और विधायी प्रक्रिया के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

## असंसदीय शब्दों को रिकॉर्ड से हटाने के निर्देश

**प्रदेश** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने दोबारा सदन चलने पर कहा कि जो असंसदीय व अवांछित शब्द हैं, उन्हें रिकॉर्ड से हटाए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सदन मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष से सदन के संचालन में सहयोग जरूरी है। जब नेता सदन में बोले, उस समय अन्य सभी सुने, अपनी बात रखने के लिए समय लिया जाए। साथ ही नेता विपक्ष के बोलने पर भी अन्य लोगों की ओर से बैठकर बोलने की अनुमति नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि सभी रिकॉर्ड को देखा जाएगा, अवांछित शब्दों को हटाया जाएगा। अध्यक्ष ने कहा कि प्वाइंट ऑफ आर्डर के तहत विपिन सिंह परमार ने भी अपनी बात रखी। जबकि अन्य बातें फिर से अनावश्यक बात भी कही। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि आवांछित शब्दों को हटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सदन में सभ्य भाषा व शब्दों को अच्छे तरीके से कहा जाए। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि असंसदीय, अमर्यादित शब्दों को सदन की कार्यवाही से निकाल दिया जाएगा।

## सीएम सुक्खू बोले- 'मेरा दिल भी बहुत बड़ा है'

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने कहा मेरा दिल भी बहुत बड़ा है। अधिक समय विपक्ष को सदन में बात रखने का मौका मिला है। उन्होंने कहा मंत्री भी अपनी बात रख सकते हैं, अभद्र शब्दाली को रिकॉर्ड से बाहर किया जाना चाहिए। सीएम ने कहा कि किसी के प्रति द्वेष नहीं है, जबकि कुछ गलत हुआ होगा तो उसकी जांच की जाती है। कानूनी रूप से सभी कार्यों को पूरा किए जाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि सत्तापक्ष व विपक्ष की ओर से अच्छे सुझाव व बातें आती हैं। उन्होंने सदन में अवांछित बातों को हटाने की बात कही।

## दोनों पक्षों को अपनी बात रखने का पूरा हक



**राजस्व** मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि यह लोकतंत्र की खूबी है कि दोनों पक्षों को अपनी बात रखने का पूरा हक है। अभिव्यक्ति की आजादी ही हमारी पहचान है। नेगी ने कहा कि उन्होंने तथ्यों के साथ सच बात कही है, उसे तथ्य के साथ ही विपक्ष आरोप लगा सकते हैं। उन्होंने कहा मुझे अभद्र शब्द कहे गए हैं, इसके तहत ही उन्होंने कार्रवाई मांगी है। जगत सिंह नेगी ने कहा कि जनता ने चुनकर मुझे भेजा है, मेरे खिलाफ आपत्तिजनक शब्द व डराने धमकाने का प्रयास किया जा रहा है।

## जनता के मुद्दों पर नहीं होनी चाहिए तल्खी

**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सदन में 68 सदस्य हैं, बाकि जगह कोई दिक्कत नहीं, जबकि एक जगह क्यों दिक्कत आ रही है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री बनाए जाने पर भी सवाल उठाए गए, 28 साल लगातार सदन में होने वाले हैं। छह बार लगातार चुनकर आये हैं, जिसमें सबसे अधिक बड़े मार्जन से जीतकर भी आए हैं। उन्होंने कहा कि मेरे स्वभाव को लेकर सदन में सभी वाकिफ़ है, जबकि यह स्वभाव ऐसा हो रहा है तो आकलन सभी विषयों को लेकर होना चाइए। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वेबजह की बहस का कोई हल नहीं है। इस विषय का सभी आनन्द ले रहे हैं। जनता के मुद्दे उठाने पर तल्खी होगी, एक मुद्दे पर ही सदन चलता रहा है। उन्होंने कहा कि इन चीजों से बाहर निकलना चाहिए, ऐसा नहीं है कि एक ही आदमी सत्य नहीं बोल रहा, दूसरा भी पक्ष होता है। जयराम ने कहा कि मंशा को भी देखा जाना चाहिए, जनता के मुद्दे उठाए जाएंगे, जोकि रखना जरूरी है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आकलन व नियंत्रण की बात कही।

# विधानसभा में पास नहीं हो पाया धारा-118 बिल

### विपक्ष की आपत्तियां बनी वजह, अब सिलेक्ट कमेटी के पास भेजा जाएगा बिल, केवल सहकारी समितियों को ही धारा-118 से मिलेगी छूट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश अभिधृति और भूमि सुधार (संशोधन) विधेयक, 2025 में भूमि बेचने का कोई प्रावधान नहीं है। इसमें मात्र राज्य की सहकारी समितियों को जिसमें सभी कृषक शामिल है, मात्र उसे धारा-118 से छूट दी जाएगी। उसमें एक भी गैर-कृषक के आने से अनुमति नहीं होगी। सीएम ने कहा कि भूमि लीज मामले को विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पांच साल तक भवन का निर्माण कुछ फीसदी कार्य शेष रहने पर ही अतिरिक्त समय दिया जाए। मुख्यमंत्री ने विधयेक को सलेक्ट समिति को भेजने की बात कही है। जिसमें विपक्ष के विधायकों को भी शामिल किया जाएगा। सीएम ने कहा कि बद्दी में भी बड़ी परमिशन पूर्व सरकार से दी गई।

इस पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि मुख्यमंत्री व विपक्ष की मांग को ध्यान में रखते हुए इसे दोनों पक्षों से बनने वाली सलेक्ट समिति गठित करने और उसमें विचार-विमर्श के बाद बजट सत्र में रखा जाएगा। इससे पहले राजस्व मंत्री जगत सिंह ने हिमाचल प्रदेश अभिधृति और भूमि सुधार संशोधन 2025 ( 2025 का विधयेक संख्या 25 को विचार विमर्श के लिए प्रस्तुत किया। राजस्व मंत्री ने कहा कि धारा 118 में 1972 में प्रस्तावित संशोधन लाया गया है। उन्होंने कहा कि प्राईवेट इन्वेस्टमेंट के लिए सरलीकरण किया जा रहा है। इसमें हिमाचल के भी महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट लधर में लटक रहे हैं। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रो में भी इज डूइंग बिजनेस को ध्यान में रखते हुए लाया जा रहा है। इसमें कॉपरेटिव सोसाइटी को भी कम समय के लिए भूमि को लीज में दिया जा सकेगा। राज्य में सहकारी कार्य से 20 लाख से अधिक लोग जुड़े है, ऐसे में उन्हें भी लाभ मिल पाएगा। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि राज्य के उक्त लोगों को ध्यान में रखते हुए संशोधन लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की ओर से धारा -118 को कमजोर करने की बात कही जा रही है, लेकिन बिल में ऐसा कोई भी प्रावधान नहीं है। इसमें मात्र ग्रामीण परिवेश में बने भवन को गैर-कानूनी तरीके से कार्य किया जा रहा है। जिसमें 11 महीने के लिए एफिडेविट बनाया जा रहा है।



सदन को संबोधित करते मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू।

## धारा-118 को कमजोर करने का किया जा रहा काम: रणधीर शर्मा



**नयना** देवी के विधायक रणधीर शर्मा ने हिमाचल प्रदेश अभिधृति और भूमि सुधार (संशोधन) विधेयक पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि धारा-118 को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पहले यह प्रावधान केवल शहरी क्षेत्र तक सीमित था, लेकिन अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी गैर-कृषक को 10 से 20 साल तक भूमि लीज पर लेने की अनुमति दी जा सकती है। विधायक ने चेतावनी दी कि इससे हिमाचल के स्थानीय लोगों के हित प्रभावित होंगे और बाहरी लोगों को भूमि खरीदने का रास्ता खुल जाएगा। इसके अलावा, अधिक भवन निर्माण से पर्यावरण और स्थानीय संस्कृति को नुकसान होने की संभावना है। रणधीर शर्मा ने सुझाव दिया कि बिल को आवश्यक संशोधन के साथ सलेक्ट कमेटी में भेजा जाए और बजट सत्र में पेश किया जाए।

## सदन में हंगामा होने पर दस मिनट के लिए कार्यवाही स्थगित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने सदन में नियम-75 के तहत विशेषाधिकार हनन की शिकायत को लेकर कार्यवाही की जानकारी मांगी। इस संबंध में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि इस विषय की जांच पड़ताल की जाए। इस विषय पर सदन में हंगामा होने पर 10 मिनट के सदन को स्थगित कर दिया गया। विपिन परमार ने कहा कि सदन की पंरपरा के तहत सदन का संचालन किया जाता है। ऐसे शब्दों का प्रयोग किया जाता है। नेता प्रतिपक्ष छह बार के विधायक रहे हैं और प्रदेश की जनता के बहुमत से मुख्यमंत्री बने हैं। ऐसी बातों के माध्यम से सनसनी फैलाकर क्यों मुख्यमंत्री संरक्षण प्रदान किया जा रहा है।

### शीतकालीन सत्र का अंतिम दिन, विधायकों ने उठाए अपने-अपने प्रश्न

## कैदी की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का होगा प्रावधान: सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

सीएम सुक्खू ने कहा कि कैदी की वीडियो कांफ्रेंसिंग करवाने के लिए प्रावधान किया जाएगा। जिससे कैदी को ले जाने के लिए उचित प्रबंध किया जाएगा। हाई कोर्ट की ओर से भी वीसी के निर्देश दिए गए हैं। बटालियन की सेवाओं पर भी विचार किया जाएगा। जेलों में बन्द कैदी को लेकर ऊना के विधायक सत्तपाल सिंह सत्ती ने सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि कैदियों को ले जाने के लिए पुलिस बल को ज्यादा दिक्कत न आए। वीडियो कांफ्रेंसिंग किए जाने को लेकर भी बात रखी है। विस के सदन में सुक्खू ने कहा कि सचिवालय की ओर से विपक्ष के अधिकतर सवाल लगाने के लिए धन्यवाद किया।

## मनाली वैली होटल में अनियमितताओं की जांच जारी

**नगर** एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने बताया कि मनाली वैली होटल में अनियमितताएं पाई गई थीं, जिसके संबंध में एनजीटी ने भी निर्देश जारी किए थे। होटल में डबल स्टोरी और अतिरिक्त कमरों का निर्माण किया गया था, जिसे 5 दिसंबर 2017 को हटाने के आदेश दिए गए थे। मंत्री ने कहा कि पार्किंग क्षेत्र में बने अतिरिक्त भवन को भी हटाया जा चुका है। लैंड यूज बदलने और भूमि कन्वर्जन के संबंध में उचित प्रक्रिया अपनाई जा रही है। धर्मपुर के विधायक चन्द्रशेखर ने अवैध निर्माण, एक हजार प्लांटेशन और संबंधित विभागों की गड़बड़ी पर सवाल उठाए। राजेश धर्माणी ने कहा कि निजी और वन भूमि में की गई प्लांटेशन का रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है और अन्य मामलों की भी जांच की जाएगी।

## प्रश्नों के जवाब न देकर किया जा रहा अपमान: जयराम

**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि विधायकों का प्रश्न के जबाव ही नहीं देकर अपमान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आरटीआई के माध्यम से मेरे पास सूचना है, जबकि सरकार के पास जानकारी उपलब्ध नहीं है। उन्होंने इसकी सूचना को रखते हुए कहा कि क्या ये सत्य है, निविदा टेंडर से इनका चयन किया गया है, 12 लाख 18 हजार रुपये प्रतिमाह दिए जा रहे है, अभी तक एक करोड़ से अधिक जारी किए जा चुके हैं। पूर्व सीएम ने कहा कि ये एंजेसी की ओर से कुछ सोशल मीडिया पेज चलाकर भाजपा को गाली देने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सदन की गरिमा पर भी बड़े सवाल उठाए जा रहे हैं। व्यतिगत रूप से बात भी की है, इसमें पेज चलाए जा रहें है, जोकि भाजपा के खिलाफ दुष्प्रचार करने को सरकारी पैसा खर्च किया जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि अपनी सूचना रखकर अपनी स्लेमटेरी रख सकते हैं।

## लोग इलाज के लिए तरस रहे और सरकार विपक्ष के खिलाफ प्रचार पर उड़ा रही करोड़ों: जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार विधानसभा में सवालों के जवाब के नाम पर सदन को गुमराह करती है। प्रदेश के हितों से जुड़े मुद्दे हो या विधायकों के अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास से संबंधित कार्य सरकार ज्यादातर मामलों में सूचनाओं को घूम फिराकर प्रदान करती है या फिर सूचना एकत्र करने के नाम पर झूठ बोलती है। सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचनाओं में अभी तक नहीं होता। सरकार द्वारा सदन में उपलब्ध कराई गई सूचना की विश्वसनीयता पर ही सबसे बड़ा सवाल खड़ा हो गयाहै। आज सरकार आंकड़े कुछ देती है, अगले दिन आंकड़े कुछ देती है। दर्जनों बार मुख्यमंत्री सदन में झूठ बोलते हुए बेनकाब हो चुके हैं। इसके बाद भी सुधरने का नाम नहीं ले रही है। जो सूचनाएं सरकार द्वारा यह संबंधित विभाग द्वारा सूचना के अधिकार के तहत उपलब्ध करवाई जा चुकी हो वही सूचना सरकार सदन के माध्यम से कतरा रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि एक तरफ प्रदेश को लोग इलाज के लिए तरस रहे हैं। सरकार इलाज के लिए कंगन और मंगलसूत्रबिक रही है। 50 हजार के इंजेक्शन के लिए किसी बेटी के सर से पिता का साया उठ रहा है लेकिन सरकार विपक्ष के नेताओं के खिलाफ दुष्प्रचार के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। प्रदेश का इससे बड़ा दुर्भाग्य कुछ नहीं हो सकता। व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर आई सरकार ने व्यवस्थाओं का पतन करके रखा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि यह सरकार धारा 118 के बहाने प्रदेश के हितों को बेचना चाहती है। मित्र मंडली द्वारा प्रायोजित हिमाचल फॉर सेल की यह योजना हिमाचल प्रदेश के हित के लिए नहीं है। धारा 118 प्रदेश में कितनी पवित्र भावना के साथ लागू की गई थी। आज सरकार हिमाचल और हिमाचलियत के हितों की रक्षा करने वाले इस कानून को कमजोर करके प्रदेश के हितों को बेचे का जो रास्ता खोल रही है उसके लिए इतिहास कभी माफ नहीं करेगा। इसलिए सरकार से आग्रह है हिमाचल विरोधी इस बिल को सरकार वापस ले।



## पांवटा साहिब में उचित राहत कार्य जल्द किए जाएंगे: डिप्टी सीएम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पांवटा साहिब के विधायक सुखराम चौधरी ने नियम-61 के तहत अपने प्रश्न से उत्पन्न स्थिति को लेकर चर्चा करते विभिन्न पेयजल व सिंचाई योजनाओं के लिए बजट को उपलब्ध करवाने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि नदी में आई बाढ़ से दर्जनों घरों को खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने चेनेलाइजसेशन को दो से अढ़ाई करोड़ का बजट जारी करने की मांग रखी है। डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि बघाट का महत्वपूर्ण विषय उठाए है। उन्होंने कहा कि मूल रूप से ये सोसाइटी है, ओर उन्हें पूंजी बढने पर बैंक बनाया गया है। बैंक 443 करोड़ की संपत्ति है, 293 करोड़ फिक्स्ड डिपॉजिट है। ऐसे में सभी के पैसे देने की स्थिति में है। रिजर्व बैंक ने 10 हजार निकालने का प्रावधान है। राज्य सरकार से भी 50 करोड़ की मांग रखी है। रिजर्ब बैंक से मसला उठाया है, जबकि 50 करोड़ की रिकवरी को लेकर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कॉपरेटिव बैंक में नेशनल बैंक की तरह कार्य होगा। इसमें फ्रॉड करने वाले लोगों पर सख्ती से जांच व कार्रवाई की जाएगी। नियम-61 के तहत अपने प्रश्न से उतपन्न स्थिति को लेकर चर्चा करते हुए नयना देवी के विधायक रणधीर शर्मा ने बघाट बैंक को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि रिजर्ब बैंक ऑफ इंडिया की ओर से बैंक का एनपीए बढने पर 10 हजार से अधिक निकासी पर रोक लगाई गई है। 1970 में 11 हजार शेयर होल्डर ने बैंक को शुरू किया था। बैंक की स्थिति बिगडने लगी, ओर एनपीए छह प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए, जबकि वह 138 प्रतिशत पहुंच गया है। अब 178 करोड़ एनपीए चला गया है। आरसीएस की निगरानी पर बैंक चलता है, 4.9 करोड़ की वसूली, कुछ संपति सीज व अन्य कार्रवाई की जा रही है। इसमें 80 हजार उपभोक्तओं को परेशानिया नुकसान झेलना पड़ रहा है। उन्होंने इसमें फ्रॉड होने की बात करते हुए उचित जांच की मांग रखी है। साथ ही प्रशासनिक अधिकारी लगाने का भी प्रवास होगा ।



## पठानिया ने छात्रों को समझाया लोकतंत्र का महत्व

### छात्रों ने धर्मशाला में सदन की कार्यवाही देखी, विस अध्यक्ष से की बातचीत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परछोड़, बनेटा, समोट (भटियात) तथा पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ, जिला कांगड़ा के 200 से अधिक छात्र-छात्रओं ने सदन की कार्यवाही का अवलोकन किया तथा उससे पूर्व विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां से मुलाकात कर संसदीय प्रणाली, संवैधानिक व्यवस्था, स्पीकर के पद के महत्व व सदन संचालन में भूमिका तथा मंत्रीमंडल की शक्तियों बारे कई प्रश्न पूछे जिसका विधान सभा अध्यक्ष ने विस्तार से जवाव दिया।

इस अवसर बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल भी मौजूद थे। संवाद के दौरान विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि यह एक सुखद पल है कि आज के युवा व छात्र संसदीय प्रणाली तथा संसदीय प्रक्रिया जानने के लिए सदन की कार्यवाही देखने के लिए आकर्षित हो रहे हैं। यही भारत के लोकतंत्र की शक्ति है तथा इसका विश्व में सबसे बड़ा तथा मजबूत होने का दावा भी है। पठानिया ने कहा लोक सभा तथा विधान सभा लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर है जहां से देश की दशा व दिशा तय होती है। पठानिया ने कहा कि संविधान में कानून बनाने का अधिकार केवल संसद व विधान सभा को प्राप्त है। पठानियां ने कहा कि हम लोक सभा तथा विधान सभा सदस्यों का चुनाव सीधा अपने मतों से करते हैं। लोक सभा तथा विधान सभा का कार्यकाल 5 वर्ष का होता है जबकि राज्य सभा तथा विधान परिषद सदस्यों का चुनाव अप्रत्यक्ष रूप से किया जाता है।

उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानियों को सदैव स्मरण रखना होगा चूंकि आज अगर हम आजाद है. अपने हक की बात करते हैं, अपना संविधान है यह उन्हीं की शहादत की देन है। इस अवसर पर पठानिया ने उन्हें आज सदन में होने वाली कार्यवाही की जानकारी दी तथा सभी को सदन की कार्यवाही देखने के लिए आमंत्रित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।



सदन की कार्यवाही देखने विधानसभा पहुंचे बच्चे विस अध्यक्ष पठानिया के साथ।

## जल रक्षक और पैरा कर्मचारियों के नियमितीकरण व वेतन पर रखा प्रस्ताव

**धर्मशाला** के तपोवन में उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सदन में जल शक्ति विभाग के अनुबंधित कर्मचारियों की स्थिति पर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव रखा। उन्होंने बताया कि जलरक्षक और पैरा कर्मचारियों की सेवाएँ लंबे समय तक होने के बावजूद वेतन कम है और उन्हें नियमित किया जाना चाहिए। आठ साल सेवा पूरी करने वाले कर्मचारियों को डेली वेज से नियमित करने और पंप ऑपरेटर बनाने की नीति प्रस्तावित है। इसके अलावा कर्मचारियों की जीवन सुरक्षा व इंश्योरेंस का उचित प्रावधान करने की मांग भी की गई।

**शीतकालीन सत्र** | विधानसभा अध्यक्ष बोले- तपोवन में चल रही कार्यवाही स्थगित

# आठ दिन में 34 घंटे चली विधानसभा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला के तपोवन में आयोजित हिमाचल प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र का स्थगित हो गया। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने प्रेस से बातचीत में कहा कि कई वर्षों बाद यह पहली बार हुआ है कि तपोवन में सत्र की आठ बैठकें सफलतापूर्वक आयोजित की गईं।

उन्होंने इसे विधानसभा की बढ़ती कार्यक्षमता और अनुशासन का सकारात्मक संकेत बताया। पठानिया ने कहा कि वर्षभर की आवश्यकता के अनुसार विधानसभा को 35 सीटिंग की जरूरत होती है, जिसमें से इस बार काफी वर्षों बाद पूरी संख्या के करीब पहुंचकर महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई है। इस सत्र में विधानसभा ने कुल 34 घंटे कार्य किया और 85 प्रतिशत प्रोडक्टिविटी हासिल की, जो देशभर की विधानसभाओं में सर्वोच्च उत्पादकता वाली श्रेणी में शामिल है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश विधानसभा अपने कामकाज और उत्पादकता के लिए जानी जाती है। मौजूदा वित्तीय वर्ष में विधानसभा की उत्पादकता 98 प्रतिशत रही, जबकि पिछले वर्ष यह 132 प्रतिशत तक पहुंच गई थी जो यह दर्शाता है कि सदन ने आवंटित समय से अधिक काम किया। अध्यक्ष ने बताया कि सवाल-जवाब के दौरान सदन की ओर से लगभग सभी तारांकित और अतारांकित प्रश्नों के उत्तर दिए गए। जिन प्रश्नों के उत्तर समयाभाव में उपलब्ध नहीं हो सके, उनके लिए सरकार को निर्देश दिया गया है कि अगले सत्र के आरंभ में संबंधित सदस्यों को सभी सूचनाएं उपलब्ध करवाई जाएं। उन्होंने सत्र की विधायी उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि अब तक सदन में 90 से अधिक विधेयक (बिल) पारित किए जा चुके हैं। इनमें से लगभग सभी बिलों को राज्यपाल और राष्ट्रपति की स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी है, केवल 5-6 बिल ही प्रक्रिया में लंबित हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने नियम 75 के तहत प्राप्त विशेषाधिकार प्रस्ताव पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बताया कि राजस्व मंत्री जगत नेगी द्वारा नियम 75 के तहत भेजे गए प्रस्ताव सहित भाजपा सदस्य विपिन परमार द्वारा भेजे गए प्रपोज़ल को भी वे जांच रहे हैं। सारा रिकॉर्ड देखा जा रहा है। नियमों की परिधि में यह मामला कहां तक आता है, इसकी पूरी जांच के बाद ही सदन के पटल पर विस्तृत जानकारी रखी जाएगी।

अध्यक्ष पठानिया ने धारा 118 से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयक का भी उल्लेख किया, जो प्रदेश के विकास और भूमि संबंधी प्रावधानों को प्रभावित करता है। इस पर आज सदन में विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें सत्ता पक्ष के साथ-साथ विपक्ष ने भी भाग लिया। चर्चा के बाद यह सहमति बनी कि बिल को आगे अध्ययन के लिए सेलेक्ट कमेटी को भेजा जाए। अध्यक्ष ने बताया कि कमेटी जल्द गठित की जाएगी और अपनी रिपोर्ट तैयार करने के बाद सदन के पटल पर रखेगी। तपोवन में संपन्न यह सत्र कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण रहा, चर्चाओं की गंभीरता, विधायी कामकाज की प्रगति और उत्पादकता के रिकॉर्ड के कारण इसे विधानसभा अध्यक्ष ने 'सफल और ऐतिहासिक' करार दिया।



## लंबित भुगतान को लेकर ठेकेदारों का विरोध, विक्रमादित्य से की मुलाकात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला में प्रदेश के विकास कार्यों का भुगतान लंबे समय से अटका होने के कारण ठेकेदारों ने विधानसभा परिसर पहुंचकर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से अपनी व्यथा साझा की। ठेकेदारों ने कहा कि उन्होंने सड़क, पुल और अन्य विकास कार्यों में अपनी जेब से खर्च कर काम पूरा किया, लेकिन ट्रेजरी में बिलों के अटने से भुगतान नहीं मिल रहा है। उन्होंने मंत्री के हालिया बयान पर भी नाराजगी जताई जिसमें ठेकेदारों की मंजी ठोकने की बात कही गई थी। ठेकेदारों ने कहा कि वे अब मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से भी इस विषय पर मिलकर समाधान मांगेंगे।

पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने ठेकेदारों की समस्याओं को जायज बताया और कहा कि कुछ वित्तीय चुनौतियों के कारण बिलों में देरी हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी लंबित बिलों को चरणबद्ध तरीके से पास किया जाएगा और ठेकेदारों को जल्द भुगतान किया जाएगा।



### ठेकेदारों की उम्मीद व सरकार की प्राथमिकता

**मंत्री** ने कहा कि सरकार किसी भी ठेकेदार को आर्थिक तंगी में नहीं छोड़ना चाहती और बकाया भुगतान प्राथमिकता पर निपटाया जाएगा। ठेकेदारों ने उम्मीद जताई कि सरकार जल्द ठोस कदम उठाकर उनके फंसे हुए बिलों को क्लियर करेगी।

# जिला कांगड़ा और हमीरपुर के सात कॉलेजों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

## थुरल महाविद्यालय में अंतर कॉलेज सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** महाराजा संसार चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय थुरल में अंतर कॉलेज सांस्कृतिक प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें कांगड़ा और हमीरपुर जिलों के सात महाविद्यालयों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं में लोकगीत, रंगोली और काव्य पाठ शामिल थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हिमाचल प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान उपस्थित रहे। कॉलेज की प्राचार्या राका शर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

संजय सिंह चौहान ने छात्रों को शिक्षा को जीवन का आधार मानकर आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने, सकारात्मक सोच अपनाने और कड़ी मेहनत के साथ अपने लक्ष्य प्राप्त करने का आह्वान किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए 11,000 रुपये की नकद राशि भी प्रदान की। प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय पालमपुर, बैजनाथ, जयसिंहपुर, शिवनगर, सुजानपुर, केएलवी कॉलेज पालमपुर और नौरा महाविद्यालय ने हिस्सा लिया। कठोर प्रतिस्पर्धा के बीच अंतर महाविद्यालय ट्रॉफी इस वर्ष राजकीय महाविद्यालय थुरल ने अपने नाम की।


विजेताओं को मुख्य अतिथि ने प्रदान किए पुरस्कार, छात्रों में खुशी की लहर।

रंगोली प्रतियोगिता में नौरा महाविद्यालय की वंशिका प्रथम, थुरल की अंशिका द्वितीय और पालमपुर के गुलशन तृतीय स्थान पर रहे। काव्य पाठ प्रतियोगिता में पालमपुर के पीयूष ने पहला, थुरल की रिया ने दूसरा और केएलवी कॉलेज की साक्षी ने तीसरा स्थान हासिल किया। लोकगीत प्रतियोगिता में थुरल के सुजल प्रथम रहे, सुजानपुर की राशि शर्मा द्वितीय और पालमपुर के बंधन तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन विभिन्न अनुभवी निर्णायक मंडलों ने किया। रंगोली में— डॉ. अनुपम, प्रो. मोनिका और डॉ. आशु फुल, लोकगीत में— प्रो. नीरज गांधी, प्रो. अमरजीत और प्रो. उज्ज्वल, काव्य पाठ में— डॉ. मस्तराम, डॉ. आशुफुल और प्रो. सीमा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। मंच संचालन प्रो. पवन राणा और प्रो. प्रेमलता ने किया। कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि द्वारा विजेताओं को पुरस्कार वितरित करने के साथ हुआ। इस अवसर पर प्राचार्या राका शर्मा, प्रो. रवि सिंह पल्सरा, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. विशाल वालिया, प्रो. नविता, प्रो. कुशल, प्रो. अजय, प्रो. शिशु पॉल, प्रो. सनी राणा, प्रो. रितु, प्रो. अपूर्वा सहित कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। कॉलेज की पीटीए अध्यक्ष सुनील गौतम भी कार्यक्रम में मौजूद रहीं।

## युवाओं को डॉ. अंबेडकर के विचारों से अवगत कराया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला की शोध समिति ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाते हुए एकदिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया। व्याख्यान का विषय 'भारत की लोकतांत्रिक परंपरा और अंबेडकर' रहा, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में विश्वविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ. चंदन आनंद उपस्थित रहे। शोधार्थियों और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. आनंद ने कहा कि अस्पृश्यता हिंदू धर्म पर लगा एक कलंक है और इसे समाप्त करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने डॉ. अंबेडकर के सूत्र 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' को आज के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि भारत का लोकतंत्र तभी मजबूत होगा, जब युवा समता, स्वतंत्रता और बंधुत्व की भावना को आत्मसात करेंगे, क्योंकि इन्हीं मूल्यों पर आधारित जीवन ही वास्तविक लोकतंत्र का आधार है।

# सत्र में उठाए जाने वाले मुद्दों की समीक्षा की


मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में कांग्रेस विधायक दल की बैठक आयोजित।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला**

### जनता से जुड़े विषयों को मजबूती से सदन में रखने के लिए सभी विधायक जिम्मेदारी के साथ कार्य कर रहे : सीएम

### विनय कुमार ने संगठन और सरकार के बीच तालमेल को और मजबूत बनाने की बात कही

विधानसभा सत्र के आठवें और अंतिम दिन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई।

बैठक में सत्र के दौरान उठाए जाने वाले मुद्दों की समीक्षा की गई और सरकार की ओर से किए गए जवाबों व घोषणाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता से जुड़े विषयों को मजबूती से सदन में रखने के लिए सभी विधायक जिम्मेदारी के साथ कार्य कर रहे हैं।

बैठक में विधायक एवं नवनियुक्त प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने संगठन और सरकार के बीच तालमेल को और मजबूत बनाने की बात कही तथा विधायकों से आग्रह किया कि वे विकास कार्यों और जनसंपर्क गतिविधियों को और प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएं। विनय कुमार ने कहा कि कांग्रेस एकजुटता के साथ प्रदेश में जनहित के मुद्दों पर मजबूती से काम करती रहेगी।

# खिलाड़ी रोशन कर रहे देश का नाम और सरकार बुझा रही उनकी प्रतिभा : श्रेय अवस्थी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में आयोजित बीजेपी की जनसभा में प्रदेश सोशल मीडिया विभाग के सह-संयोजक श्रेय अवस्थी ने हिमाचल के युवाओं से जुड़े गंभीर मुद्दों पर जोरदार संदेश दिया। उन्होंने रैली में शामिल एक युवा हिमाचली एथलीट रोहित कुमार राष्ट्रीय सिल्वर मेडलिस्ट बॉक्सिंग खिलाड़ी और दो बार के राष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट पावरलिफ्टर की संघर्षपूर्ण कहानी को सामने रखते हुए कहा कि यह स्थिति राज्य की सरकार की वास्तविकता उजागर करती है।

अवस्थी ने कहा कि यह प्रतिभाशाली खिलाड़ी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहा है, और यह साफ दिखाता है कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के युवाओं को कितनी उपेक्षा और निराशा की ओर धकेल दिया है। उन्होंने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि जिस सरकार के पास अपने ही मेडल जीतकर देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों का साथ देने की क्षमता नहीं है, वह आम युवाओं के भविष्य के प्रति कितनी गैर-जिम्मेदार है। श्रेय अवस्थी ने कहा कि जब एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त खिलाड़ी के साथ सरकार ऐसा व्यवहार कर सकती है, तो आम युवाओं के बारे में सरकार का रवैया क्या होगा, यह अत्यंत चिंतनीय है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस अन्याय और उपेक्षा के खिलाफ एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद करें, क्योंकि हिमाचल का भविष्य तभी सुरक्षित होगा जब युवा सुरक्षित और समर्थ होंगे।




## अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस पर '2026 सुदृढ़ कांगड़ा' अभियान का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस के अवसर पर अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी-तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कांगड़ा शिल्पी बेक्टा, ने शुक्रवार को जिले की वार्षिक स्वयंसेवी पहल 2026 सुदृढ़ कांगड़ा हेतु स्वयंसेवी कार्रवाई का वर्ष क्योंकि हर योगदान महत्वपूर्ण है का औपचारिक शुभारम्भ किया तथा इसका थीमैटिक पोस्टर भी जारी किया। यह कार्यक्रम जिला अंतर-एजेंसी समूह कांगड़ा द्वारा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कांगड़ा के मार्गदर्शन एवं सहयोग से आयोजित किया गया। थीमैटिक पोस्टर का अनावरण करते हुए, शिल्पी बेक्टा ने कहा कि कांगड़ा में आपदा जोखिम लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे समय में प्रत्येक नागरिक का छोटा-सा योगदान भी सामूहिक शक्ति बनकर हमारे जिले को अधिक सुरक्षित और सुदृढ़ बनाता है । यह वर्ष-भर चलने वाली पहल ग्रामीण-शहरी समुदायों में आपदा-जोखिम न्यूनीकरण, सुरक्षा जागरूकता, युवा-वरिष्ठ स्वयंसेवक अभियान, महिला महिला स्वयं सहायता समूह तथा आपदा मित्र सहभागिता को सशक्त बनाने पर केन्द्रित होगी।

## कृषि विवि में पशु चिकित्सा फार्मासिस्टों के लिए तीन दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रम शुरू

# जनजातीय क्षेत्रों में वैज्ञानिक अश्व-पालन पर जोर

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर ने पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के पशु रोग विज्ञान विभाग के माध्यम से पशु चिकित्सा फार्मासिस्टों के लिए तीन दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किया। प्रशिक्षण का उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों चंबा, लाहौल-स्पीति और किन्नौर के पशुपालक किसानों की आजीविका सुदृढ़ करने हेतु विशेष रूप से अश्व जाति (घोड़े, खच्चर आदि) के वैज्ञानिक प्रबंधन, स्वास्थ्य देखभाल और पोषण संबंधी ज्ञान प्रदान करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य सचिव (पशुपालन) श्री रितेश चौहान द्वारा किया गया। उन्होंने संकाय सदस्यों, छात्रों और प्रशिक्षार्थी फार्मासिस्टों से संवाद किया तथा पशुपालन संबंधी समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना। उन्होंने घटती पशुधन संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी तकनीकी अधिकारियों और हितधारकों से सामूहिक प्रयासों द्वारा इस चुनौती का समाधान खोजने का आह्वान किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि, कुलपति डॉ. अशोक कुमार पांडा ने प्रतिभागियों को स्वच्छ दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित करने, वैज्ञानिक प्रबंधन पद्धतियों को अपनाने तथा विशेषकर अश्व प्रजाति में परजीवी परीक्षण को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने 'वन हेल्थ' दृष्टिकोण के महत्व पर भी प्रकाश डाला, जिससे मानव और पशु—दोनों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित होती है।


पशु चिकित्सा फार्मासिस्टों के लिए तीन दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पशु रोग विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आर डी पाटिल ने बताया कि यह कार्यक्रम भा.कृ.अनु.परि.-राष्ट्रीय अश्व अनुसन्धान केंद्र, हिसार परियोजना के अंतर्गत आयोजित किया गया। उन्होंने विभाग द्वारा हाल ही में आयोजित अश्व स्वास्थ्य शिविरों तथा जनजातीय अश्व-पालक परिवारों को औषधियों, प्राथमिक उपचार सामग्री और पोषण पूरकों वाली प्रेरक किटों के वितरण की जानकारी भी दी।

परियोजना अन्वेषक डॉ.राकेश कुमार ने कहा कि वैज्ञानिक अश्व-पालन, रोग पहचान, पोषण और प्राथमिक उपचार पर निरंतर प्रशिक्षण से जनजातीय क्षेत्रों के अश्व-पालकों को अत्यधिक लाभ हुआ है। विषय-विशेषज्ञ डॉ.सोनाली मिश्रा सहित अन्य विशेषज्ञों ने भी प्रशिक्षण के दौरान अपने महत्वपूर्ण सुझाव और अनुभव साझा किए।

# शिमला से ऑफिस शिफ्ट व ओपीएस

## प्रदेश सरकार की नीतियों पर प्रशासनिक और आर्थिक असर

**पहली कैबिनेट बैठक में 1.36 लाख सरकारी कर्मचारियों को ओपीएस का लाभ देने का लिया था निर्णय**

**तीन साल में सेवानिवृत्त 5,356 कर्मचारियों को मिल रहा है ओपीएस का लाभ : सीएम सुक्खू**

**हिमाचल प्रदेश में वर्तमान में दो बड़े प्रशासनिक और कर्मचारी-केंद्रित मुद्दे राज्य की राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक दिशा को प्रभावित कर रहे हैं। पहला, सरकारी कार्यालयों का शिफ्ट होना और दूसरा, ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) का बहाली संबंधी मामला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हाल ही में विधानसभा में इन विषयों पर विस्तृत जानकारी दी, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि राज्य सरकार अपनी नीतियों में संतुलन, कर्मचारियों के हित और प्रशासनिक दक्षता दोनों को ध्यान में रख रही है। हालांकि विपक्षी दलों ने इन फैसलों को राजनीतिक विवादों के तौर पर पेश किया है, लेकिन वास्तविक मुद्दा केवल राजनीति तक सीमित नहीं है, यह प्रशासनिक दक्षता, आर्थिक संसाधन और कर्मचारियों के कल्याण से जुड़ा हुआ है।**



## शिमला की भीड़भाड़ और संसाधन प्रबंधन

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने घोषणा की है कि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का कार्यालय शिमला से ऊना और राज्य सूचना आयोग का कार्यालय धर्मशाला शिफ्ट किया जाएगा। इसके अलावा मंडी, बिलासपुर सहित अन्य जिलों में भी कार्यालयों के स्थानांतरण पर विचार चल रहा है। सीएम ने स्पष्ट किया कि इस फैसले की मंशा किसी विशेष व्यक्ति को लाभ या किसी अधिकारी को सजा देने की नहीं है। इसका मुख्य उद्देश्य शिमला में बढ़ती भीड़भाड़ और ट्रैफिक जाम को नियंत्रित करना है। शिमला, जो लगभग 25,000 से 1 लाख लोगों की आबादी के लिए बनाया गया था, आज इसके आसपास के क्षेत्रों को मिलाकर 4 से 5 लाख लोगों का घर बन चुका है। सुबह के समय कार्यालयों और ट्रैफिक की बढ़ती मांग ने शहर को जाम की समस्या से जूझने पर मजबूर कर दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुबह यदि कोई व्यक्ति गाड़ी लेकर निकले, तो उसे अक्सर एक घंटे तक ट्रैफिक जाम में फंसना पड़ता है। ऐसे हालात में प्रशासन ने कार्यालयों को अन्य जिलों में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। इसके अलावा, शिमला में कई सरकारी भवन खाली पड़े हैं, जबकि निजी भवनों के लिए सरकार को किराया चुकाना पड़ता है। राज्य में लगभग 1,000 करोड़ रुपए के भवन खाली हैं, जिनमें सबसे अधिक संख्या कांगड़ा जिले में है। सरकार का उद्देश्य यही है कि खाली पड़े सरकारी भवनों का उपयोग करके किराया बचाया जा सके और कर्मचारियों की सुविधाएं सुनिश्चित की जा सकें। सीएम ने यह भी कहा कि जिन कर्मचारियों के कार्यालय शिफ्ट किए जा रहे हैं, उनसे उनकी राय ली जाएगी। यदि कोई कर्मचारी शिमला में रहना चाहता है तो उसे यही रहने की सुविधा दी जाएगी, और उसकी जगह नए कर्मचारी भर्ती किए जाएंगे। पहले से ही कुछ महत्वपूर्ण कार्यालयों को अन्य जिलों में शिफ्ट किया जा चुका है। उदाहरण के लिए, कामगार कल्याण बोर्ड को हमीरपुर, कौशल विकास निगम को मंडी, वन्य प्राणी-हिमाचल प्रदेश अचल भू संपत्ति को कांगड़ा, पर्यटन निगम को कांगड़ा और नशा निवारण बोर्ड को हमीरपुर स्थानांतरित किया जा चुका है।

# ओल्ड पेंशन स्कीम

## कर्मचारियों के कल्याण में प्राथमिकता

**हिमाचल प्रदेश सरकार ने अपने कार्यकाल में पहली कैबिनेट बैठक में 1.36 लाख सरकारी कर्मचारियों को ओपीएस का लाभ देने का निर्णय लिया था। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में बताया कि तीन साल में सेवानिवृत्त हुए 5,356 कर्मचारियों को ओपीएस का लाभ मिल रहा है। यह निर्णय केवल राजनीतिक लाभ के लिए नहीं लिया गया, बल्कि कर्मचारियों के मानवीय हित को ध्यान में रखकर किया गया। हालांकि केंद्र सरकार ने हिमाचल को ओपीएस के लिए आर्थिक सहायता देना बंद कर दिया है, जिससे राज्य सरकार को अपने संसाधनों से योजना को पूरा करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में जो भी कर्मचारी सेवानिवृत्त होगा, उसे कांग्रेस सरकार की नीति के अनुसार ओपीएस का लाभ मिलेगा। यह नीति राज्य कर्मचारियों के आर्थिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने का एक प्रयास है। वर्तमान में लगभग 10,000 करोड़ रुपए का एनपीएस (नेशनल पेंशन सिस्टम) शेयर पेंशन फंड में है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह शेयर मार्केट में लगाया जा रहा है, और जैसे ही यह फंड राज्य सरकार के पास आएगा, कर्मचारियों का शेष एरियर चुकाया जाएगा। इस प्रकार, सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया कि ओपीएस केवल कर्मचारी कल्याण का मुद्दा है, न कि किसी राजनीतिक लाभ का साधन।**

### राजनीतिक प्रतिक्रिया और विपक्ष की चिंता

**नेता** विपक्ष जयराम ठाकुर ने विधानसभा में इस मुद्दे को लेकर प्रश्न उठाए। उन्होंने कहा कि शिमला से कार्यालय शिफ्ट करने के पैमाने और आधार स्पष्ट नहीं किए गए। इसके अलावा, उन्होंने ओपीएस को लेकर भी सवाल उठाया कि क्या यह राजनीतिक वादा केवल चुनावी लाभ के लिए किया गया। सीएम सुक्खू ने जवाब दिया कि यह निर्णय राजनीतिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि कर्मचारियों की भलाई और प्रशासनिक दक्षता के लिए लिया गया। हालांकि विपक्ष का कहना है कि कांग्रेस ने 2022 के विधानसभा चुनाव में ओपीएस देने का वादा किया था, इसलिए इसे केवल वादे की पूर्ति माना जा सकता है। सीएम ने इस पर भी कहा कि केंद्र सरकार ने अतिरिक्त ऋण देने से इंकार कर दिया, बावजूद इसके सरकार ने ओपीएस जारी रखी, जो कि कर्मचारियों के हित में एक साहसिक कदम है।

### प्रशासनिक दक्षता और कर्मचारियों की सुविधा

**कार्यालयों** का स्थानांतरण केवल शिमला की भीड़भाड़ को कम करने और सरकारी संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने की दिशा में किया जा रहा है। इस कदम से कर्मचारियों को बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा, और शहर में ट्रैफिक जाम और भीड़भाड़ जैसी समस्याओं में कमी आएगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राज्य सरकार कर्मचारियों की सुविधा को ध्यान में रखकर निर्णय ले रही है। जिन कर्मचारियों को शिफ्ट किया जा रहा है, उनके रहने और यात्रा की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाएगा। इसके अलावा, खाली पड़े सरकारी भवनों का उपयोग करके किराए की बचत और संसाधनों का बेहतर प्रबंधन भी सुनिश्चित किया जाएगा।

### आर्थिक और सामाजिक प्रभाव

**ओपीएस** और कार्यालय शिफ्ट दोनों ही निर्णयों का आर्थिक और सामाजिक असर है। ओपीएस कर्मचारियों के भविष्य और आर्थिक सुरक्षा से जुड़ा है। भविष्य में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के लिए यह योजना वित्तीय सुरक्षा का एक मजबूत आधार है। वहीं, कार्यालयों का शिफ्ट होने से शिमला की भीड़भाड़ और ट्रैफिक कम होगा, जिससे शहर का प्रशासनिक और सामाजिक जीवन सुचारू रूप से चल सकेगा। हालांकि, विपक्ष के अनुसार, इन निर्णयों में राजनीतिक तत्व भी जुड़ा हो सकता है। लेकिन सीएम ने स्पष्ट किया कि यह केवल कर्मचारी कल्याण और प्रशासनिक दक्षता के लिए किया गया है।



## न्यूज ब्रीफ

### शाहपुर में छात्रों ने लगाई विज्ञान प्रदर्शनी

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की साइंस मोबाइल वैन के माध्यम से एक भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विधायक व उपमुख्य सचेतक केवल पठानियां के दिशा-निर्देशन में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि सुनंदा पठानियां ने विभिन्न विज्ञान मॉडलों, चार्ट्स और प्रयोगों का अवलोकन कर छात्रों की नवाचारी सोच की सराहना की। प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह ने कहा कि साइंस मोबाइल वैन जैसे कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को आधुनिक विज्ञान से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लंज और रीड़कुमार महाविद्यालय के प्राचार्यों ने भी छात्रों की रचनात्मकता की प्रशंसा की। प्रदर्शनी में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान और पर्यावरण विषयों पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किए, जिनकी अतिथियों और दर्शकों ने सराहना की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सतीश ठाकुर और करियर काउंसलिंग सेल ने किया।

### 70 आशा कार्यकर्ताओं ने लिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, कोटला।** सिविल अस्पताल ज्वाली में शुक्रवार को किलकारी कार्यक्रम को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में अरमान से प्रोग्राम ऑफिसर मंगल सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम का संचालन एसएमओ इंचार्ज इरशान मोहम्मद ने किया। प्रशिक्षण में कुल 70 आशा कार्यकर्ताओं, स्वास्थ्य पर्यवेक्षकों, स्वास्थ्य कर्मियों तथा ज्वाली क्षेत्र के सभी सीएचओ ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर डॉक्टर मनीषा सूरी, डॉक्टर रितु, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक रविंद्र कुमार सहित अस्पताल का पूरा स्टाफ मौजूद रहा। प्रोग्राम ऑफिसर मंगल सिंह ने आशा कार्यकर्ताओं और स्टाफ को किलकारी कार्यक्रम के उद्देश्य, कार्यप्रणाली और लाभों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुधारने में किलकारी कार्यक्रम बेहद प्रभावी है और इसमें आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है।

### आजीविका संवर्धन व आर्थिक सशक्तिकरण पर जोर

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना के तहत जिला परियोजना प्रबंधन इकाई पालमपुर ने हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर में महिला स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) सदस्यों के लिए 'भूमिकाएं एवं उत्तरदायित्व' विषयक एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में 15 समूहों की 45 महिला सदस्यों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में समूह संचालन, नेतृत्व क्षमता, वित्तीय प्रबंधन, अभिलेख संधारण और आजीविका संवर्धन पर फोकस किया गया। रजनीश शर्मा ने परियोजना के उद्देश्यों और एसएचजी सशक्तिकरण की महत्ता बताई। डॉ. हर्षिता सूद, डॉ. मनोज गुप्ता और डॉ. अंजू कपूर ने नेतृत्व भूमिकाओं, अभिलेख रख-रखाव और आय-सृजन गतिविधियों पर मार्गदर्शन दिया। डॉ. योगिन्दर पॉल ने समूह की सामूहिक शक्ति का अधिकतम उपयोग कर आर्थिक सुदृढ़ीकरण की प्रेरणा दी।

### छात्रों ने किया विधानसभा का शैक्षिक भ्रमण

**जितेंद्र कोशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पंडित संतराम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ के राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा हिमाचल प्रदेश विधानसभा, धर्मशाला का एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस यात्रा का नेतृत्व सहायक आचार्य डॉ. पवन कुमार ने किया, जिसमें 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया। छात्रों ने दर्शक दीर्घा से सदन की व्यवस्था, कार्यवाही और विधायी प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया, जिससे लोकतांत्रिक संस्थाओं की व्यावहारिक समझ विकसित हुई। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, विपक्ष नेता जयराम ठाकुर और अन्य मंत्रियों को सक्रिय रूप से कार्यवाही करते देखा। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया और अपने क्षेत्र के विधायक किशोरी लाल से भी मुलाकात की। अध्यक्ष ने लोकतंत्र में विधानसभा की भूमिका समझाई और राजनीतिक जागरूकता बढ़ाने की प्रेरणा दी। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल ने इस कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि यह छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक अनुभव रहा।

### जेएनवी पपरोला में पूर्व छात्र मिलन समारोह कल

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** पीएम श्री जेएनवी पपरोला में पूर्व छात्र मिलन समारोह 7 दिसंबर 2025 को पीएम श्री जेएनवी पपरोला, जिला कांगड़ा में प्रातः 10:30 बजे आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार ने दी तथा उनके द्वारा विद्यालय से उत्तीर्ण सभी छात्र-छात्राओं को इस कार्यक्रम में सादर आमंत्रित किया है।

### कांगड़ा एयरपोर्ट पर नहीं उतरी इंडिगो की फ्लाइट

**अनंत ज्ञान, गग्गल।** देश की प्रमुख एयरलाइन इंडिगो की फ्लाइटों की गड़बड़ी हिमाचल के कांगड़ा एयरपोर्ट पर भी देखने को मिली। शुक्रवार को कांगड़ा एयरपोर्ट पर इंडिगो की एक भी फ्लाइट लैंड नहीं हो सकी, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। कांगड़ा एयरपोर्ट के निदेशक अमित सकलानी ने बताया कि दिल्ली से कांगड़ा के लिए निर्धारित सभी इंडिगो की उड़ानें रद्द रही। सुबह निर्धारित फ्लाइट भी समय पर लैंड नहीं कर पाई। कई यात्री, जिन्होंने ऑनलाइन टिकट बुक करवाई थी, उन्हें परेशानी हुई। यात्रियों ने लेट लतीफी और उड़ानों की रद्द होने की समस्या की शिकायत की। यह स्थिति पिछले कुछ दिनों से लगातार बनी हुई है, जिससे हवाई यात्रियों की चिंता बढ़ गई है।

### श्लोक वाचन प्रतियोगिता में अरुण प्रथम

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के संस्कृत विभाग द्वारा 4 और 5 दिसंबर 2025 को श्रीमद्भगवद् गीता जयन्ती के अवसर पर द्विदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समन्वयन प्रो. स्वर्ण लता शर्मा ने किया। पहले दिन गीता श्लोक लेखन प्रतियोगिता में रिद्धिमा ने प्रथम, अंशिका द्वितीय और अंकिता तृतीय स्थान प्राप्त किए। गीता प्रश्नोत्तरी में शुभम, शगुन कुमार और अतुल शर्मा ने शीर्ष स्थान हासिल किया। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मधुराष्टक पर शास्त्रीय नृत्य, हिमाचली नाटी और पंजाबी गिद्दा ने दर्शकों का मन मोह लिया। द्वितीय दिन मुख्य अतिथि कॉलेज प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। गीता श्लोक वाचन प्रतियोगिता में अरुण कुमार प्रथम, प्रियंका और सारिका द्वितीय तथा अंशिका और सारिका तृतीय स्थान पर रहे। गीता भाषण प्रतियोगिता में अंकिता, सचिन कुमार और रिद्धिमा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किए। कार्यक्रम का समापन वैदिक शांति पाठ और प्रतिभागियों को गीता पुस्तकें प्रदान कर हुआ।

# टीमेट के आत्महत्या प्रयास मामले में कर्मचारी संघ ने घेरा मंडल कार्यालय

## अधिशासी अभियंता और जूनियर इंजीनियर के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

विद्युत मंडल शाहपुर में तैनात टीमेट सचिन की ओर से कथित रूप से फंदा लगाने के मामले में शुक्रवार को मंडल दफ्तर के बाहर विद्युत बोर्ड तकनीकी कर्मचारी संघ की जिला इकाई के बैनर तले कर्मचारियों प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मियों ने अधिशासी अभियंता और जूनियर इंजीनियर के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। इस मौके पर टीमेट सचिन के पिता व भाई भी मौजूद रहे और उन्होंने संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

इस मौके पर प्रदेश महासचिव चमन लाल शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्य कांत, प्रदेश उपाध्यक्ष इंदर सिंह ठाकुर, प्रदेश सचिव अर्चित शर्मा और जिला कांगड़ा अध्यक्ष सुमित सिंह जरयाल ने कहा कि सचिन पर अधिकारियों की ओर से लगातार अनैतिक दबाव



शाहपुर में टीमेट के आत्महत्या प्रयास मामले में नारेबाजी करते हुए।

बनाया जा रहा था, जिसके चलते उन्होंने आत्महत्या जैसा खौफनाक कदम उठाया। आत्महत्या करने से पहले सचिन ने मानसिक दबाव की शिकायत भी दी थी, लेकिन उसकी बातों पर ध्यान नहीं दिया गया। पिछले दस साल में विद्युत बोर्ड तकनीकी कर्मचारी संघ की 150 के करीब कर्मचारियों की काम के दौरान करंट लगने से मौत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में तकनीकी कर्मचारियों की भारी कमी के चलते लाइन स्टाफ पहले ही अत्यधिक कार्यभार और निरंतर दबाव में काम कर रहा है। इसके बावजूद कनिष्ठ अभियंता एवं अधिशासी अभियंता द्वारा अनुचित दबाव बनाकर कर्मचारी को प्रताड़ित किया जा रहा है।

विद्युत बोर्ड तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष रणवीर ठाकुर ने मांग की कि दोषी अधिशासी अभियंता व कनिष्ठ अभियंता पर एफआईआर दर्ज की जाए तथा विभागीय कार्रवाई प्रारंभ की जाए। संघ ने साफ किया है कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होने तक आंदोलन चरणबद्ध रूप से जारी रहेगा।

गौर ही है कि विद्युत मंडल शाहपुर में तैनात टीमेट सचिन ने गुरुवार को कथित रूप से अधिशासी अभियंता द्वारा लंबे समय से बनाए जा रहे दबाव और मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर शिकायत कक्ष में फंदा लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया है।

जांच कमेटी के चेयरमैन अधीक्षक अभियंता अमित चौधरी ने बताया कि दो-तीन दिन में जांच को करने की संभावना है। उन्होंने बताया कि कानून अनुसार अगली कार्रवाई अमल में लाई जा सकती है।

# सीएम ने धर्मशाला में टोंग-लेन स्कूल के बच्चों से किया संवाद



धर्मशाला में टोंग-लेन स्कूल के बच्चों से संवाद करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को धर्मशाला के सराह स्थित टोंग-लेन स्कूल का दौरा किया और छात्र-छात्राओं से बातचीत की। उन्होंने बच्चों की रुचियों के बारे में जानकारी ली व जिम्मेदार नागरिक बनने और राष्ट्र व समाज के विकास में सार्थक योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि टोंग-लेन संस्थान अपने आरंभ से ही झुग्गी-झोंपड़ी और वंचित वर्ग के बच्चों के जीवन में सुधार लाने के लिए सराहनीय कार्य कर रहा है और शिक्षा के माध्यम से नई पीढ़ी को सशक्त बना रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार जनता की सरकार है और उनके अधिकारों तथा कल्याण की रक्षा के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने अनाथ बच्चों को उच्च एवं व्यावसायिक शिक्षा के अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सुख आश्रय सहायता कोष की स्थापना की है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी को पुष्पांजलि भी अर्पित की। इस अवसर पर उपायुक्त हेमराज बैरवा, टोंग-लेन ट्रस्ट के प्रबंधन तथा स्कूल के शिक्षक भी उपस्थित थे।

# खेल संरचनाओं के विस्तार व खिलाड़ी हित में नई रणनीति पर बनी सहमति




खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने राज्यस्तरीय खेल संघों के साथ बैठक की।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला में आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा की अध्यक्षता में सभी राज्यस्तरीय खेल संघों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न खेल संघों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर अपनी-अपनी समस्याएं एवं सुझाव मंत्री के समक्ष रखे। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त रूप से प्रभावी रणनीति तैयार करना था। मंत्री यादविंद्र गोमा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने हेतु अन्य राज्यों की तर्ज पर प्रोत्साहन राशि में वृद्धि की गई है। इसके अलावा खिलाड़ियों के लिए रेल व हवाई यात्रा किराया भत्तों में विशेष छूट प्रदान की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी खेल संघों को सहायता अनुदान राशि केवल वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने पर ही उपलब्ध होगी।

उन्होंने कहा कि वर्ष में दो बार खेल संघों के साथ बैठकें आयोजित की जाएंगी, ताकि खेल विकास की दिशा में ठोस योजनाएं बन सकें और अधिक खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। मंत्री बताया कि प्रदेशभर में खेल संरचनाओं का निर्माण तेज गति से चल रहा है व कई स्टेडियमों का लोकार्पण संपन्न हो चुका है। भूमि उपलब्ध होने पर और अधिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। अंत में खेल संघों के प्रतिनिधियों ने बैठक के निर्णयों का स्वागत करते हुए मंत्री का धन्यवाद किया।

# प्रताप वर्ल्ड स्कूल की रिया गोस्वामी व आयुष राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप के लिए चयनित

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा के लिए शुक्रवार का दिन उपलब्धियों से भरा रहा, जब विद्यालय के दो प्रतिभाशाली छात्रों—रिया गोस्वामी और आयुष कल्याण—का चयन राष्ट्रीय स्तरीय शूटिंग चैंपियनशिप के लिए हुआ। विद्यालय में प्रिंसिपल रेणु परमार तथा एमडी डॉ. रिचा महाजन की अध्यक्षता में खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। दोनों अधिकारियों ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि पूरे इंदौरा क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

प्रिंसिपल रेणु परमार ने बताया कि हाल ही में चेन्नई के वेलाचेरी स्थित गुरु नानक कॉलेज कैंपस की सारबर्मी शूटिंग रेंज में आयोजित 27वीं ऑल इंडिया कुमार सुरेन्द्र सिंह इंटर स्कूल शूटिंग चैंपियनशिप 2025 (एयर वेपन इवेंट्स) में दोनों छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में .177 पीप साइट एयर राइफल (एनआर) इवेंट के तहत रिया गोस्वामी का चयन यूथ वुमन राइफल श्रेणी में तथा आयुष



कल्याण का चयन यूथ मैन राइफल श्रेणी में हुआ।

उन्होंने बताया कि दोनों खिलाड़ी अब आगामी 68वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप (एनएससीसी) में भाग लेंगे, जो 14 दिसंबर से 21 दिसंबर 2025 तक भोपाल स्थित एमपी स्टेट शूटिंग अकादमी में आयोजित होगी। राष्ट्रीय मंच पर पहुंचने की इस उपलब्धि ने विद्यालय और अभिभावकों का उत्साह बढ़ा दिया है। एमडी डॉ. रिचा महाजन ने कहा कि बच्चों की यह सफलता निरंतर अभ्यास, समर्पण और विद्यालय द्वारा प्रदान किए जा रहे पर्याप्त खेल संसाधनों का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि दोनों युवा

### इंदौरा के होनहार शूटरों ने बढ़ाया क्षेत्र का मान, विद्यालय में खुशी की लहर

निशानेबाज़ आगामी प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर नई ऊंचाइयां हासिल करेंगे।

कार्यक्रम के अंत में प्रिंसिपल रेणु परमार ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक क्षमता बढ़ाता है, बल्कि यह अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सर्वोत्तम माध्यम है। उन्होंने छात्रों को सकारात्मक सोच के साथ राष्ट्रीय मंच पर उतरने का आह्वान किया।

# विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण व नवाचार की भावना को मिला बढ़ावा

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** पालमपुर विज्ञान केंद्र ने 23 नवंबर से 5 दिसंबर तक शाहपुर विधानसभा के 12 विद्यालयों में भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की। यह राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद, संस्कृति मंत्रालय की पहल है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जिज्ञासा और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करना है। प्रदर्शनी में विज्ञान संचारक दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों को विभिन्न मॉडलों, प्रयोगों और प्रदर्शों की जानकारी सरल और रोचक तरीके से दी। छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लेकर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से संबंधित नई जानकारियाँ प्राप्त की। विद्यालय प्रशासन और शिक्षकगण ने पालमपुर विज्ञान केन्द्र और उपयुक्त प्रौद्योगिकी केंद्र शाहपुर की वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. सुनंदा पटियाल की इस पहल की सराहना की। इस मोबाइल वैन प्रदर्शनी ने ग्रामीण और दूरदराज़ क्षेत्रों के विद्यार्थियों तक विज्ञान की पहुंच सुनिश्चित की। 5 दिसंबर को राजकीय महाविद्यालय छतरी में समापन समारोह हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने स्वयं रिसोर्स पर्सन बनकर कॉलेज छात्रों को ज्ञान साझा किया।

# युवा शक्ति ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला : विक्रमादित्य

## प्रियदर्शिनी स्कूल पट्टी में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह 'तरंग' धूमधाम से मनाया

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** प्रियदर्शिनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल पट्टी में शुक्रवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह 'तरंग' धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह मुख्य अतिथि रहे। उनका विद्यालय प्रबंधन और विद्यार्थियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया और दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया। बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। खासतौर पर शहीद कैप्टन सुधीर वालिया के बलिदान पर आधारित स्क्रिप्ट ने सभी को भावुक कर दिया।

मुख्यातिथि ने कहा कि प्रियदर्शिनी स्कूल जैसे संस्थान आधुनिक शिक्षा और संस्कारों का उत्कृष्ट समन्वय प्रस्तुत कर रहे हैं। बच्चों की प्रतिभा को मंच देना अत्यंत महत्वपूर्ण है, और 'तरंग' जैसे कार्यक्रम उन्हें नई दिशा और आत्मविश्वास प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी पुरस्कार विजेता विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।




लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह होनहार छात्रा को सम्मानित करते हुए।

मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पत्रकारों की सराहना करते हुए कहा कि पत्रकार समाज का सशक्त स्तंभ हैं, जो सरकार और विपक्ष की कमियों को सामने लाकर लोगों को जागरूक करते हैं। उन्होंने कहा कि वे राजा वीरभद्र सिंह द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए हिमाचल प्रदेश के हर क्षेत्र का समान विकास सुनिश्चित करेंगे और क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर कार्य करेंगे।

उन्होंने युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। शिक्षा का उद्देश्य केवल अंक प्राप्त करना नहीं बल्कि जिम्मेदार नागरिक बनना भी होना चाहिए। बच्चों को खेलकूद, सांस्कृतिक और सह-पाठ्य गतिविधियों में भाग लेना चाहिए और आत्मविश्वास बढ़ाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों से विचार-विमर्श कर देश और प्रदेश को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। नशे के दुष्प्रभावों पर चेतावनी देते हुए मंत्री ने कहा कि बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों को नशे से दूर रहना चाहिए और संबंधित गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस या प्रशासन को देनी चाहिए। विद्यालय के चेयरमैन राजेश रॉकी ने बताया कि यह स्कूल का 33वाँ इंदिरा प्रियदर्शिनी वार्षिक महोत्सव है। उनका उद्देश्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और निडर होकर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देना है। बच्चों ने नृत्य, समूह गीत और विभिन्न मंचीय प्रस्तुतियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। शैक्षणिक, खेलकूद और सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

समारोह का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रधानाचार्य संजीत कुमार, शिक्षकगण, अभिभावक और कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस आयोजन ने बच्चों में आत्मविश्वास, सामाजिक जिम्मेदारी और प्रतिभा के विकास को बढ़ावा दिया।

# डाडासीबा अस्पताल में सुरक्षा चाक चौबंद, एक्स-रे सुविधा फिर से शुरू

**पिंकी, अनंत ज्ञान**

**डाडासीबा।** क्षेत्र के लोगों को आखिर वह राहत मिल गई जिसका इंतजार महीनों से था। आदर्श स्वास्थ्य संस्थान सिविल हॉस्पिटल डाडा सीबा ने एक साथ दो बड़े कदम उठाकर मरीजों की सुरक्षा और सुविधा दोनों को मजबूत किया है। अस्पताल परिसर में 8 सीसीटीवी कैमरे लगाए जा चुके हैं, जिससे ओपीडी, वार्ड, इमरजेंसी और मुख्य प्रवेश द्वार अब लगातार निगरानी में रहेंगे। अस्पताल प्रबंधन का यह कदम न सिर्फ सुरक्षा मानकों को ऊंचा करता है बल्कि अव्यवस्था और शिकायतों पर भी रोक लगाएगा।

सबसे बड़ी राहत उस समय मिली जब लंबे समय से खराब पड़ी एक्स-रे मशीन को दुरुस्त कर फिर से चालू कर दिया गया। यह सेवा बंद होने के कारण मरीजों को छोटी-छोटी जांचों के लिए देहरा, मेडिकल कॉलेज टांडा, डाडा सीबा के बाहर निजी केंद्रों में जाना पड़ता था। अब एक्स-रे सुविधा बहाल होने से आपातकालीन स्थितियों में तुरंत जांच और उपचार सुनिश्चित हो सकेगा। खंड चिकित्सा अधिकारी

### अब मरीजों को नहीं लगाने पड़ेंगे दूसरे अस्पतालों के चक्कर

डॉ. सतीश फोतेदार ने बताया कि सीसीटीवी और एक्स-रे दोनों सुविधाओं के शुरू होने से अस्पताल की कार्यक्षमता कई गुना बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा कि मरीजों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और प्रबंधन लगातार अस्पताल को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने की दिशा में काम कर रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह बदलाव देर से सही, लेकिन बेहद जरूरी थे। क्षेत्र में रोजाना सैकड़ों लोग इलाज के लिए पहुंचते हैं, ऐसे में सुरक्षा और त्वरित जांच सेवाएं होना आवश्यक था। अस्पताल की इन दो महत्वपूर्ण सुविधाओं के सुधार से स्थानीय जनता में संतोष की भावना है और एक उम्मीद जगी है कि आने वाले दिनों में अन्य जरूरी सेवाएं भी इसी तरह मजबूत की जाएंगी। डाडासीबा का यह अस्पताल अब पहले से ज्यादा सजग, सुरक्षित और मरीज-हितैषी नजर आ रहा है।

## प्रदेश सरकार की ओर से ई-रिक्शा परमिट के लिए नई अधिसूचना जारी

# धर्मशाला उपमंडल में होगी 36 परमिट की अनुमति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला**

प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता ने जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार के परिवहन विभाग ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 113 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा राज्य के विभिन्न उप-मंडलों के पहाड़ी क्षेत्र और सार्वजनिक सुरक्षा के हित में अधिसूचना जारी करते हुए समस्त क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरणों को राज्य के विभिन्न उप-मंडलों में यात्री अनुबंधित कैरिज परमिट के तहत ई-रिक्शा परमिट प्रदान करने की अनुमति दी है।

कांगड़ा जिला के उपमंडल पालमपुर में 30, धर्मशाला जिसमें मैक्लोडगंज शामिल है में 36 परमिट की अनुमति होगी। चंबा जिला के उपमंडल चंबा (सदर) में 5 भटियात में 9, किन्नौर जिला के कल्पा/रिकांगपिओ में 15, सांगला में 10, सिरमौर जिला के नाहन उपमंडल में 15, राजगढ़ में

### कुल्लू उपमंडल में होगी 30 परमिट की अनुमति

2 परमिट की अनुमति होगी।

मंडी जिला के जोगिंद्रनगर में 15, पद्धर में 35, सरकाघाट में 5, धर्मपुर में 5, कुल्लू जिला के उपमंडलों कुल्लू में 30, भुंतर में 15, बंजार में 20, मनाली में 30, पतलीकुहल में 15, नग्गर में 15 परमिट, जिला शिमला के उपमंडडल ठियोग में 6, रोहड़ू में 20, सोलन जिला के उपमंडल कंडाघाट में 3, नालागढ़ में 10, बद्दी में 15, ऊना जिला के हरोली उप-मंडल में 17, शेष ऊना जिला (ऊना मुख्यालय और अन्य क्षेत्र) में 20 परमिट की अनुमति होगी। कुल परमिटों की संख्या 400 रहेगी। इन उप-मंडलों/क्षेत्रों में केवल ई-रिक्शा को ही नए पंजीकरण की अनुमति दी जाएगी।

राज्य के शेष उप-मंडलों में ऑटो-रिक्शा/ई-रिक्शा का परिचालन निषिद्ध रहेगा। हालांकि, यह प्रतिबंध राज्य में वैध परमिट के आधार पर पहले से चल रहे ऑटो-रिक्शा पर लागू नहीं होगा। इस अधिसूचना के तहत पंजीकृत/अधिकृत प्रत्येक ई-रिक्शा के परिचालन का क्षेत्र संबंधित उप-मंडल के मुख्यालय से 20 किलोमीटर की परिधि तक ही सीमित रहेगा, जहां ऐसा पंजीकरण/प्राधिकार प्रदान किया गया है। एक बार जब ई-रिक्शा एक विशेष उप-मंडल में पंजीकरण या संचालन के लिए अधिकृत हो जाता है, तो निर्धारित मुख्यालय स्थायी और अपरिवर्तित रहेगा, जिसे किसी भी परिस्थिति में बदला, स्थानांतरित या परिवर्तित नहीं किया जाएगा।

वाहन सख्ती से उसी उप-मंडल की न्यायिक सीमाओं के भीतर संचालित होगा और निर्धारित दायरे से परे कोई भी परिचालन इस अधिसूचना और मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन माना जाएगा।

# जिंदा गाय पर कुत्तों के हमले की वीडियो से हड़कंप, पुलिस ने की सख्त कार्रवाई



**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

उपमंडल के थाना डमटाल के अंतर्गत पड़ते गांव माजरा में वॉइसलेस वॉइस फाउंडेशन के संचालकों पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामला तब सामने आया जब एक दर्दनाक वीडियो वायरल हुई, जिसमें संस्था की चारदिवारी के भीतर करीब 400-500 कुत्तों द्वारा एक जिंदा गाय को नौंच-नौंचकर खाने की घटना दिखी। वीडियो सामने आते ही स्थानीय लोग, गौ-रक्षक दल और शिवसेना हिंद के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और भारी रोष प्रकट किया। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस चौकी डांगू पीर और थाना डमटाल

### माजरा में वॉइसलेस वॉइस फाउंडेशन पर पशु क्रूरता का मामला दर्ज

से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया जिसने लोगों को शांत कराया।

पुलिस ने संस्था संचालकों को निर्देश दिए कि घायल गो माता को तुरंत डमटाल गोसदन भेजा जाए। इसके साथ ही पुलिस चौकी डांगू पीर में आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। डीएसपी इंदौरा संजीव यादव ने पुष्टि की कि संस्था की रजिस्ट्रेशन स्थिति और पंचायत से ली गई मंजूरी की भी जांच की जा रही है।

# भाजपा की विशाल रैली से हिली कांग्रेस, जनता का गुस्सा देखकर सरकार की नींद उड़ी: संजय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश के सबसे बड़े ज़िला कांगड़ा के मुख्यालय धर्मशाला में गुरुवार 04 दिसंबर को तपोवन समीप स्थित ज़ोरावर स्टेडियम में हुई भाजपा की प्रदेश स्तरीय विशाल प्रदर्शन रैली ने कांग्रेस सरकार की नींद उड़ा दी है। हिमाचल प्रदेश भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा, राकेश शर्मा और विश्व चक्षु ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व इस रैली से इतना बौखला चुका था कि प्रशासनिक दवाब, धमकियां और कार्यक्रम में बाधा डालने की कोशिशों तक पर उतर आया था।

प्रवक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस सरकार को साफ दिख रहा है कि जनता अब उसके वादाखिलाफी, भ्रष्टाचार, लापरवाही और तीन साल की नाकामियों से पूरी तरह त्रस्त हो चुकी है। भाजपा की इस रैली ने जनता में जो ऊर्जा भरी थी, वही कांग्रेस के डर का सबसे बड़ा कारण है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार की बौखलाहट ही बता रही है कि 04 दिसंबर का विशाल प्रदर्शन ने



### प्रदर्शन से घबराई सुक्खू सरकार, कांग्रेस की बौखलाहट चरम पर: राकेश

कांग्रेस सरकार की उलटी गिनती शुरू कर दी है। जनता अब सड़कों पर है और भाजपा उसी जनता की आवाज उठाने जा रही है।

प्रवक्ताओं ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार लोकतांत्रिक अधिकारों और शांतिपूर्ण प्रदर्शनों से भी डरने लगी है। प्रशासनिक दबाव बनाकर रैली में बाधा डालने की कोशिशें बताती हैं कि कांग्रेस को अपना जनाधार खिसकता साफ दिखाई दे रहा है। भाजपा

### रैली की आहट से डरी कांग्रेस, सरकार की कुर्सी डगमगाई: विश्व चक्षु

प्रवक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस सरकार यह समझ ले—जनता की आवाज़ को रोका नहीं जा सकता। भाजपा की रैली नहीं, यह हिमाचल की जनता का ग़ुस्सा और विश्वास की लड़ाई है।

उन्होंने दावा किया कि 04 दिसंबर को जोरावर स्टेडियम में उमड़े विशाल जनसैलाब के बाद कांग्रेस सरकार की पोल प्रदेश के हर कोने में खुलकर सामने आ गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### धूनी पंजैल सिकरोहा सहकारी सभा के बालक राम शर्मा सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सहकारी सभा धूनी पंजैल सिकरोहा के चुनाव आज संपन्न हुए, जिसमें सेवानिवृत नायब तहसीलदार बालक राम शर्मा को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। उपप्रधान पद के लिए जोधपुर सिंह ठाकुर और कोषाध्यक्ष पद पर छोटा राम का चयन किया गया।नवनियुक्त अध्यक्ष बालक राम शर्मा ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद स्थानीय लोगों ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उनके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि सहकारिता विभाग के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करवाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

### हिमक्वेस्ट-2025: मेधावी छात्रों का आदर्श विद्यालय बीबीएमबी में सम्मान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक आदर्श विद्यालय, बीएसएल प्रोजेक्ट बीबीएमबी में मिनर्वा स्टडी सर्कल घुमारवीं के सौजन्य से हिमक्वेस्ट-2025 प्रतियोगिता में प्रदेश स्तरीय उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मिनर्वा स्टडी सर्कल की ओर से राजीव शर्मा अपनी टीम सहित विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बीबीएमबी प्रशासन से उप मुख्य अभियंता कश्मीर सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

### सरस्वती विद्या मंदिर सेर ने मनाया वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

**गोपाल कपिल, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के सरस्वती विद्या मंदिर सेर में शुक्रवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर रंग-बिरंगी सजावट, झंडियों और फूलों से सजा नजर आया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि लोकप्रिय नेता और अधिवक्ता सर्वजीत सिंह ने शिरकत की। समारोह में बड़ी संख्या में अभिभावक, स्थानीय गणमान्य व्यक्ति, शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इनमें लोक नृत्य, देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, नाटिका और कविता पाठ शामिल रहे। बच्चों की मासूमियत भरी प्रस्तुतियों ने दर्शकों का दिल जीत लिया और तालियों की गड़गड़ाहट से सभागार गूंज उठा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे लोकप्रिय नेता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सर्वजीत सिंह ने अपने संबोधन का बड़ा हिस्सा नशे की बढ़ती लत और उसके खतरों पर केंद्रित रखा।

### 10 दिवसीय सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** जिला बिलासपुर में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना' 'बेटियां बने कुशल' के अंतर्गत जिला प्रशासन के द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घुमारवीं में 10 दिवसीय सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण का सफल आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यक्रम अधिकारी हरीश मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य परमजीत शर्मा ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह 10 दिवसीय सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण छात्राओं के आत्मविश्वास, सजगता और सुरक्षा कौशल को बढ़ाने के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकें, जोखिम की स्थिति में प्रतिक्रिया कौशल तथा स्वयं को सुरक्षित रखने के व्यावहारिक उपाय सिखाए गए।

### सीनियर सेकेंडरी स्कूल बड़गांव में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक पारितोषिक समारोह

**अनंत ज्ञान, बरठी।** रावमापा बड़गांव में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कांग्रेस के पूर्व महासचिव विवेक कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य होशियार सिंह ने वार्षिक रिपोर्ट के माध्यम से पाठशाला में वर्षभर आयोजित शैक्षणिक, सांस्कृतिक और सहशैक्षणिक गतिविधियों का समूचा ब्यौरा मुख्यातिथि के सम्मुख प्रस्तुत किया। उन्होंने विद्यालय की उपलब्धियों, छात्रों की प्रतिभा तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्राप्त सफलताओं का विस्तार से उल्लेख किया। मुख्यातिथि विवेक कुमार ने बच्चों को प्रेरणादायक संदेश देते हुए कहा कि शिक्षा जीवन को नई दिशा देने वाली सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने छात्रों को मेहनत अनुशासन और सकारात्मक सोच अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश की उन्नति के पीछे शिक्षकों की अग्रणी भूमिका की भी सराहना की।

### बिलासपुर पुलिस ने स्कूलों में चलाया जागरूकता अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिले में बढ़ते नशे के दुष्परिणामों को ध्यान में रखते हुए बिलासपुर पुलिस इन दिनों स्कूलों में विशेष जागरूकता अभियान चला रही है। इसके तहत पुलिस अधिकारी विभिन्न सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में जाकर छात्रों को चिट्टा जैसे घातक नशे के दुष्परिणाम बताने के साथ-साथ सड़क सुरक्षा के प्रति भी जागरूक कर रहे हैं। इस अभियान का उद्देश्य स्कूली बच्चों को सही दिशा देना, नशे से दूर रखना और सड़क हादसों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियों से अवगत कराना है।

**धन्यवाद स्कूल में जागरूकता लेक्चर:** आज सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धन्यवाद में पुलिस द्वारा एंटी-चिट्टा एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता व्याख्यान आयोजित किया गया। इस दौरान करीब 180 विद्यार्थियों सहित स्कूल के अध्यापकों और अन्य स्टाफ को चिट्टा नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताया गया। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को समझाया कि चिट्टा जीवन को बर्बादी की ओर ले जाता है तथा इससे न केवल स्वास्थ्य प्रभावित होता है बल्कि परिवार और समाज पर भी गंभीर प्रभाव पड़ता है।

**छडोल स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम:** इसी क्रम में आज भी सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छडोल में भी एंटी-चिट्टा और सड़क सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां लगभग 100 छात्रों सहित शिक्षक व गैर-शिक्षण स्टाफ को चिट्टा के हानिकारक प्रभावों और सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में अवगत कराया गया। पुलिस अधिकारियों ने बच्चों को सुरक्षित यातायात नियमों, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के महत्व को समझाया। इस बारे में बिलासपुर के एसपी संदीप धवल का कहना है कि यह अभियान आगे भी विभिन्न स्कूलों में जारी रहेगा ताकि अधिक से अधिक युवा नशे से दूर रहें और सुरक्षित जीवन जी सकें।

# बिलासपुर में भी सूखे की मार

# गैर सिंचित क्षेत्रों में गेहूं की फसल पर संकट, शुष्क मौसम से किसान परेशान

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

बिलासपुर। जिला बिलासपुर में बारिश न होने से हालात बिगड़ते जा रहे हैं। खेतों में बोई गई गेहूं की फसल सूखने की कगार पर पहुंच रही है। लगातार शुष्क मौसम के चलते किसानों की चिंताएं बढ़ती जा रही हैं। इसके साथ ही आवारा पशु और जंगली जानवर भी खेतों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार जिले में अगले दो सप्ताह तक बारिश होने की संभावना नहीं है। ऊपरी हिस्सों में हल्का मौसम खराब हो सकता है, लेकिन मैदानी इलाकों में 10 दिसंबर से पहले मौसम सामान्य रहने का अनुमान है। ऐसे में गैर सिंचित क्षेत्रों में गेहूं की बिजाई कर चुके किसानों के लिए स्थिति और गंभीर होती जा रही है।

### महंगा बीज मिट्टी में ही सड़ रहा, हजारों का नुकसान

**बिलासपुर** के कई गैर सिंचित क्षेत्रों में किसानों ने 3000 रुपये प्रति क्विंटल तक की कीमत देकर गेहूं का बीज खरीदा था। लेकिन खेतों में नमी की कमी के कारण 30 से 40 प्रतिशत बीज मिट्टी में ही सड़ने लगा है। किसान बताते हैं कि यदि जल्द बारिश नहीं हुई तो पूरी फसल चौपट होने का खतरा है।

### 2 सप्ताह बारिश नहीं: मौसम विभाग

**मौसम** विभाग शिमला के अधिकारी सुरेंद्र पॉल का कहना है कि बिलासपुर में लगभग दो सप्ताह तक बारिश की कोई उम्मीद नहीं है। सूखा बढ़ने से फसलों पर विपरीत असर पड़ेगा ही, साथ ही लोगों को भी शुष्क ठंड से परेशानियां झेलनी पड़ेंगी।

अनंत ज्ञान स्पेशल



### वन्य जीवों पर भी असर

**सूखे** का प्रभाव जंगलों पर भी पड़ रहा है। पानी के स्रोत कम होने से वन्य जीव पानी की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं। जिला बिलासपुर की कृषि योग्य भूमि लगभग 42 हजार हेक्टेयर है और सूखा इस समय फसलों, पशुओं तथा मानव जीवन, सभी को प्रभावित कर रहा है।

### सूखे से गेहूं की फसल गंभीर रूप से प्रभावित: कृषि उपनिदेशक डॉ. प्रेमचंद

**कृषि** उपनिदेशक बिलासपुर डॉ. प्रेम चंद ठाकुर ने बताया कि सूखे की वजह से जिले के गैर सिंचित क्षेत्रों में गेहूं की फसल गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। खेतों में नमी न होने के कारण अधिकांश क्षेत्रों में बीज अंकुरित नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों ने महंगा बीज और महंगी खादों का प्रयोग किया है, लेकिन लगातार सूखे के कारण यह सब बर्बाद होने के कगार पर है। डॉ. प्रेम चंद ठाकुर ने चेतावनी दी कि यदि आने वाले दिनों में बारिश नहीं हुई, तो किसानों को न सिर्फ फसल का नुकसान उठाना पड़ेगा बल्कि उन्हें पशुओं के लिए चारा बाजार से खरीदने की भी नौबत आ सकती है, जिससे आर्थिक बोझ और बढ़ेगा।

### राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं की छात्रा ने उत्तीर्ण की जेआरएफ/नेट परीक्षा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के अंग्रेजी विभाग की छात्रा कुमारी दिव्या ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जून 2025 में आयोजित जे आर एफ/नेट की परीक्षा पास कर ली है। दिव्या महाविद्यालय में स्नातकोत्तर (अंग्रेजी) की छात्रा रही है। दिव्या ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, प्राध्यापकों, एवं सहपाठियों को दिया। उन्होंने बताया कि इस प्रतिष्ठित परीक्षा को पास करने के लिए अंग्रेजी विभाग के प्राध्यापकों ने उसे हर कदम पर प्रोत्साहित किया। दिव्या ने बताया कि महाविद्यालय के पुस्तकालय में इस परीक्षा से संबंधित बहुत सी पुस्तकें हैं, जिनकी सहायता से विद्यार्थी निरंतर अभ्यास एवं कर्मठ प्रयासों से इस प्रतिष्ठित परीक्षा को उत्तीर्ण कर सकता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. प्रीतम लाल ने दिव्या को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

### दो दिवसीय सघन अभियान : गोबिंद सागर झील में अवैध मछली शिकार पर विभाग की कार्रवाई

# 10 मामले दर्ज कर विभाग ने वसूला जुर्माना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

गोबिंद सागर झील में अवैध मछली शिकार और प्रतिबंधित जाल के इस्तेमाल पर अंकुश लगाने के लिए मत्स्य विभाग बिलासपुर ने दो दिवसीय सघन अभियान चलाते हुए कड़ी कार्रवाई की है। जलजीव संरक्षण एवं मत्स्य संसाधनों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 3 और 4 दिसंबर को बिलासपुर मत्स्य मंडल की टीम ने झील के विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त निरीक्षण अभियान संचालित किया। मत्स्य विभाग के सहायक निदेशक बिलासपुर पंकज ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि 3 दिसम्बर को सीर खड्ड क्षेत्र के बजौरा, नाहरल, जबल्‌ एवं बागछल क्षेत्र में किए गए निरीक्षण के दौरान विभिन्न श्रेणियों के कुल 06 प्रकरण दर्ज किए गए। इनमें दो अवैध जाल परिवहन तथा चार बिना लाइसेंस मछली पकड़ने के मामले शामिल रहे। इस दौरान विभाग ने 20 किलोग्राम बिना लाइसेंस पकड़ी गई मछली जब्त की, जिसकी अनुमानित कीमत 2000 रुपए आंकी गई। वहीं मौके पर 3500 रुपए राशि जुर्माने के रूप में वसूली गई। उन्होंने बताया कि 4 दिसम्बर को दोबड, लठियाणी, मंदली एवं डोहक क्षेत्रों में निरीक्षण अभियान आगे बढ़ाया गया, जिसके दौरान अवैध, अंडर-साइज नेट का उपयोग करते हुए मछली पकड़ने के 4 मामले दर्ज किए गए। लठियाणी में एक व्यक्ति पर मौके पर ही 1000 रुपए मुआवजा शुल्क लगाया गया तथा लगभग 15 किलोग्राम अंडर साइज जाल जब्त किया गया।

> मत्स्य विभाग के सहायक निदेशक बिलासपुर पंकज ठाकुर ने दी जानकारी

टीम ने इस दौरान झील में स्थापित की गई किश्तियों की जांच भी की गई। पंकज ठाकुर ने बताया कि यह संपूर्ण कार्रवाई मत्स्य अधिकारी अजय कुमार और उनकी टीम द्वारा सुदृढ़ समन्वय के साथ की गई। उन्होंने कहा कि विभाग भविष्य में भी इसी प्रकार की कठोर एवं नियमित निगरानी जारी रखेगा, ताकि अवैध मछली व्यापार, जाल परिवहन और प्रतिबंधित जालों के उपयोग पर पूर्णतः नियंत्रण स्थापित किया जा सके। उन्होंने स्थानीय मछुआरा समुदाय और क्षेत्रवासियों से हिमाचल प्रदेश मत्स्य नियमों का पालन सुनिश्चित करने की अपील की। इसी क्रम में आज 5 दिसंबर को भी बिलासपुर मंडल की जड्डू टीम ने बल्हसीणा क्षेत्र में एक अवैध परिवहन मामले में 16 किलोग्राम मछली बरामद की और संबंधित व्यक्ति पर 2000 रुपए का चालान किया, जबकि जब्त मछली से 1600 रुपए की राशि वसूल की गई। गोबिंद सागर झील क्षेत्र में अवैध मत्स्य गतिविधियों के विरुद्ध शून्य सहनशीलता नीति लागू है और भविष्य में नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ और अधिक कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### सीढ़ियों से गिरने पर 72 वर्षीय व्यक्ति की मौत, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं थाना क्षेत्र के घुलातर गांव में एक 72 वर्षीय व्यक्ति की घर में सीढ़ियों से गिरकर मौत हो गई। हादसे के बाद परिजन तुरंत उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डैहर लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान बलदेव दास कौशल निवासी घुलातर, तहसील घुमारवीं, जिला बिलासपुर के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार सुबह के समय बलदेव दास बाथरूम से बाहर निकल रहे थे, इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वे सीढ़ियों से नीचे गिर पड़े। परिजन तत्काल उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले गए, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। परिवार ने बताया कि बलदेव दास पिछले छह-सात वर्षों से न्यूरोलॉजिकल बीमारी से जूझ रहे थे और उनका उपचार एम्स बिलासपुर में चल रहा था।

घुमारवीं थाना पुलिस ने पुलिस चौकी डैहर के माध्यम से सूचना मिलने के बाद कार्यवाही करते हुए परिजनों के बयान दर्ज किए व कानूनी औपचारिकताओं के बाद शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। घटना की पुष्टि करते हुए डीएसपी विशाल वर्मा ने बताया कि मामले में धारा 174 सीआरपीसी के तहत कार्रवाई की जा रही है और प्रारंभिक जांच में किसी प्रकार की साजिश, झगड़े या संदेहजनक परिस्थितियों के संकेत नहीं मिले हैं।

# बिलासपुर को ई-रिक्शा परमिट सूची से बाहर रखने पर बेरोजगारों में रोष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

प्रदेश सरकार द्वारा पूरे हिमाचल में ई-रिक्शा को बढ़ावा देने के लिए 400 नए ई-रिक्शा परमिट जारी करने की अधिसूचना भले ही 5 दिसंबर को जारी कर दी गई हो, लेकिन इस सूची में बिलासपुर जिला का नाम शामिल न होने से यहां के बेरोजगार युवाओं में गहरा रोष व्याप्त है। युवा सवाल उठा रहे हैं कि जब कांगड़ा, मंडी, कुल्लू, चंबा, शिमला, ऊना, सिरमौर, सोलन, किन्नौर जैसे लगभग सभी जिलों के उप-मंडलों को ई-रिक्शा परमिट दिए जा रहे हैं, तो बिलासपुर को इस योजना से क्यों वंचित कर दिया गया। कुल मिलाकर 400 परमिट जारी किए जा रहे हैं, पर बिलासपुर जिला पूरी तरह सूची से बाहर है। बेरोजगारों में नाराजगी 'हमारी अनदेखी क्यों?' बिलासपुर के युवाओं का कहना है कि ई-रिक्शा आजीविका का आसान और सुरक्षित साधन है तथा अन्य जिलों में इसकी भारी मांग है। युवाओं का यह भी कहना है कि बिलासपुर का भूगोल और सड़क नेटवर्क ई-रिक्शा संचालन के लिए उपयुक्त है। शहर, बाजार और उप-मंडल क्षेत्रों में ई-रिक्शा पर्यावरण-अनुकूल परिवहन का अच्छा विकल्प बन सकता था।

### पुनर्विचार की मांग

**बिलासपुर** के सामाजिक संगठनों और युवाओं ने सरकार से मांग की है कि अधिसूचना में बिलासपुर जिला को भी शामिल किया जाए ताकि यहां के युवाओं को समान अवसर मिल सके। लोगों का कहना है कि बिलासपुर को ई-रिक्शा परमिट सूची में शामिल न करना समझ से परे है और सरकार को जल्द इस पर स्पष्टता देनी चाहिए।

### जैव विविधता की दृष्टि से बंदला की पहाड़ी महत्वपूर्ण : डॉ. देवेंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय महाविद्यालय जुखाला के विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने बंदला पहाड़ी के पूर्वी छोर पर जैव विविधता भ्रमण किया। उन्होंने कॉलेज से ट्रैक शुरू किया और फिर मार्कंडेय मंदिर से होते हुए, वन क्षेत्र की जैव विविधता का अवलोकन किया। नीचे की ओर जाते समय उन्होंने थोड़ा अलग रास्ता अपनाया ताकि वे एक बड़े क्षेत्र के वनस्पतियों और जीवों को जान सकें। इस जैव विविधता भ्रमण के दौरान डॉ. देवेंद्र सिंह सहायक प्रोफेसर प्राणी विज्ञान ने विद्यार्थियों को पारिस्थितिकी और पक्षी विज्ञान की विभिन्न अवधारणाओं को समझाया। बंदला पहाड़ी जैव विविधता की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है और बहुत सारे जीवों के निवास द्वारा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। चूंकि यह अपने भूविज्ञान और स्थलाकृति में अद्वितीय है, इसलिए इसमें विभिन्न प्रकार के जानवर और पौधे पाए जाते हैं।



बंदला घाटी में भ्रमण करते महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं

### बलग का घाट स्कूल में मनाया वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

# बंबर ठाकुर ने मेधावी किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलग का घाट में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह उत्साह और उमंग के माहौल में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिलासपुर सदर के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर रहे, जिन्होंने विभिन्न वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। समारोह की शुरुआत प्रधानाचार्य ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के साथ की, जिसमें उन्होंने



विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, खेलकूद प्रदर्शन, सांस्कृतिक गतिविधियों तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्रों की भागीदारी का विस्तृत विवरण दिया। इसके बाद मुख्य अतिथि बंबर ठाकुर ने कहा कि बदलते समय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही बच्चों को प्रतिस्पर्धा में आगे ले जा सकती है। विद्यार्थी जितना अधिक ज्ञान, अनुशासन और मेहनत को अपना जीवन मंत्र बनाएंगे, उतना ही उज्ज्वल भविष्य उनका इंतजार करेगा। बंबर ठाकुर ने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है।

### अखिल भारतीय कांग्रेस ब्रिगेड का प्रदेश एवं जिला स्तर पर कार्यकारिणी का गठन : सुनीत कुमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

अखिल भारतीय कांग्रेस ब्रिगेड के प्रदेशाध्यक्ष तथा झंडूता विधानसभा चुनाव क्षेत्र के युवा नेता सुनीत कुमार ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए प्रदेश एवं जिला स्तर पर कार्यकारिणी का गठन कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश कार्यकारिणी में सेवानिवृत्त प्रिंसिपल नरेश सहोड़ को प्रदेश राजनीतिक सलाहकार, अधिवक्ता (उच्च न्यायालय) विजय कुमार को प्रदेश कानूनी सलाहकार, नरेश कुमार शर्मा को प्रदेश मीडिया प्रभारी, चार्टेड अकाउंटेंट अकरम मुहम्मद को प्रदेश कोषाध्यक्ष, जीवन खुराना, सन्नी चैधरी, विरेन्द्र सिंह चैधरी, गौरव कुमार, सीडी बंसल और कृष्ण वर्मा को प्रदेश महासचिव, यशपाल सिंह ठाकुर, कर्म चन्द चंदेल, सोनू कुमार, बाल कृष्ण, पवन ठाकुर, समसदीन, हबीब खान, दिनेश कुमार को प्रदेश सचिव, नरेश कुमार चैधरी, धनवीर सिंह, गोपाल ठाकुर को प्रदेश महासचिव, वीर बहादुर ठाकुर प्रदेश महासचिव, शालू रणौत को प्रदेश सचिव एवं प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। इसी के साथ बिलासपुर से कांग्रेस ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष अजीत कुमार जोशी, मंडी से जिलाध्यक्ष विकास दूग्गल, कुल्लू से जिलाध्यक्ष सेसराम ठाकुर, लाहौल-स्पीति से जिलाध्यक्ष शमशेर सिंह, किन्नौर से जिलाध्यक्ष विजय नेगी, सिरमौर से जिलाध्यक्ष लोकेन्द्र ठाकुर, सोलन से जिलाध्यक्ष दलीप कुमार, शिमला से जिलाध्यक्ष नवीन सांख्यान, ऊना से नरेंद्र पाल शर्मा, कांगड़ा से गुलशन कुमार, जिलाध्यक्ष चम्बा से मुहम्मद याकूब को नियुक्त किया गया है।

# राजस्व अधिकारी निर्धारित लक्ष्यों को समय पर करें पूरा : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने कहा कि जिला के सभी राजस्व अधिकारी निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध पूर्ण करना सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने अधिकारियों को राजस्व मामलों के त्वरित निपटारे को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को समयबद्ध राजस्व सेवाओं का लाभ मिल सके। उपायुक्त बचत भवन बिलासपुर में जिला के राजस्व अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत ठाकुर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे, जबकि बैठक का संचालन जिला राजस्व अधिकारी निलाक्ष शर्मा ने किया। उपायुक्त ने सभी एसडीएम, तहसीलदारों तथा नायब तहसीलदारों को आपदा राहत से जुड़े मामलों का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपदा राहत मामलों से संबंधित समस्त आवश्यक दस्तावेजों तथा कागजी कार्यवाही को शीघ्रता से पूर्ण किया जाए, ताकि प्रभावित व्यक्तियों को समय पर राहत उपलब्ध करवाई जा सके। राहुल कुमार ने प्रतिमाह आयोजित होने वाली राजस्व अदालतों में अधिक से अधिक मामलों के त्वरित निपटारे पर बल देते हुए कहा कि इससे सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित होगी। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को म्यूटेशन एवं निशानदेही के मामलों का शत-प्रतिशत निपटारा करने तथा तकसीम-खानगी, अवैध कब्जों आदि मामलों को भी गंभीरता एवं तत्परता से निपटाने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला का वार्षिक टूरिज्म कैलेंडर तैयार करने की दिशा में सभी राजस्व अधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्रों के मेले, त्योहार आदि की जानकारी जिला प्रशासन को उपलब्ध करवाने को कहा। उन्होंने कहा कि वार्षिक टूरिज्म कैलेंडर तैयार होने से जिला में आने वाले पर्यटकों एवं आगंतुकों को प्रमुख आयोजनों की जानकारी सरलता से उपलब्ध होगी।

## अवसर

### दिव्यांग बच्चों ने अपनी प्रतिभा से जीता आयोजकों का दिल

# बिलासपुर में 'क्विजब्लेड' का 11वां राज्यस्तरीय फाइनल आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बहुउद्देशीय सांस्कृतिक परिसर बिलासपुर में आज 'क्विजब्लेड' प्रतियोगिता का 11वां राज्य स्तरीय फाइनल हुआ, जिसमें श्रवण बाधिता, बौद्धिक अक्षमता, सेरेब्रल पाल्सी और ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर से जुड़े दिव्यांग छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. दलजोत सिंह (निदेशक, एम्स बिलासपुर) और विशेष अतिथि श्रीमती रूमा बैनर्जी (सेवा इन एक्शन) रहे।

चेतना संस्था की संस्थापिका डॉ. मल्लिका नड्डा, अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा, सचिव हरीश नड्डा, उपाध्यक्ष मनोज शर्मा समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। डॉ. मल्लिका नड्डा ने बताया कि हिमाचल के 9 जिलों के 27 स्कूलों के 340 बच्चों में से चयनित 21 स्कूलों के 72 प्रतिभागी फाइनल तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि क्विजब्लेड सिर्फ प्रतियोगिता नहीं, बल्कि दिव्यांग बच्चों की क्षमताओं को पहचान देने का मंच है। विशेष अतिथि श्रीमती रूमा बैनर्जी ने बताया कि यह पहल अब देश-भर के 12,000 से अधिक दिव्यांग बच्चों तक पहुंच चुकी है।

राज्यस्तरीय प्रतियोगिता का विजेता ग्वालियर में होने वाले नेशनल फाइनल में हिमाचल का प्रतिनिधित्व करेगा। मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता की सराहना करते हुए विजेता टीमों को 10,000 व 8,000 रुपये, ट्रॉफी व प्रमाणपत्र प्रदान किए। सभी प्रतिभागियों को गिफ्ट बैग और प्रशस्ति पत्र दिए गए। कार्यक्रम का समापन अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम में संस्था के कार्यकर्ताओं में श्री अश्वनी कुमारी, श्रीमती पूजा कुमारी, श्रीमती मीना कुमारी, श्रीमती शैलेंद्रा अवस्थी, श्री अनूप कुमार शर्मा, श्री राकेश कुमार, श्री पवन कुमार, श्री मनोज कुमार, श्रीमती शिल्पा शर्मा, श्रीमती निशा देवी, श्रीमती अनीता शर्मा, सुकर्मा देवी, श्रीमती कल्पना शर्मा, कुमारी स्नेहा व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



क्विजब्लेड प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करते मुख्यातिथि

### विभिन्न श्रेणियों के परिणाम इस प्रकार रहे

**श्रवण बाधिता**
प्रथम: एच पी आई सी एस ए सुंदरनगर,
द्वितीय: आश्रय स्पेशल स्कूल देहलन

**बौद्धिक अक्षमता (सीनियर)**
प्रथम: चेतना संस्था बिलासपुर
द्वितीय: गणपति एजुकेशनल सोसाइटी

**सेरेब्रल पाल्सी एवं ए एस डी**
प्रथम: आर्मी पब्लिक स्कूल योल
द्वितीय: प्रेम आश्रम स्पेशल स्कूल

**बौद्धिक अक्षमता (जूनियर)**
प्रथम: आर्मी पब्लिक स्कूल योल
द्वितीय: राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नेती

# सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर खुले मन से करें आर्थिक सहयोग

**अनंत ज्ञान, चंबा**



जिला मुख्यालय चंबा में आज सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया गया। इस मौके पर सैनिक कल्याण विभाग ने उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा के अलावा उपायुक्त कार्यालय के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों को भी झंडा लगाया।

इस दौरान डीसी ने कहा कि झंडा दिवस सेना के प्रति सम्मान प्रकट करने का आदर्श अवसर प्रदान करता है। उपायुक्त ने कहा कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस 7 दिसंबर को मनाया जाता है, लेकिन उस दिन रविवार होने के कारण सैनिक कल्याण विभाग चंबा ने आज से कार्य करना आरंभ कर दिया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम उदारतापूर्वक दान देकर सशस्त्र सेना के प्रति अपना स्नेह व कृतज्ञता प्रकट कर सकते हैं। एकत्रित धन राशि प्रदेश सरकार के सैनिक कल्याण विभाग के माध्यम से युद्ध वीरांगनाओं, सैनिकों की विधवाओं, भूतपूर्व सैनिक, युद्ध में अपंग हुए सैनिकों और उनके परिजनों के कल्याण पर व्यय की जाती है। उन्होंने समस्त जिला वासियों से सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर बढ़-चढ़कर दान करने का आग्रह किया। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने भी कुछ धनराशि दान कर स्नेह व कृतज्ञता का संदेश दिया। सशस्त्र सेना के सम्मान में प्रति वर्ष सात दिसंबर को झंडा दिवस मनाया जाता है और इस दिन लोगों को एक विशेष झंडा देकर सैनिकों व उनके परिजनों की सहायता के लिए धन एकत्रित किया जाता है।

# तलेरु में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी कदम उठाएं : डीसी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

डीसी चंबा मुकेश रेपसवाल ने कहा कि तलेरु झील के समीप स्थित गांव पलेई व टिपरी में पर्यटन गतिविधियों को सशक्त बनाने के लिए संबंधित अधिकारी प्रभावी व त्वरित कदम उठाना सुनिश्चित करें। वह पर्यटन स्थल तलेरु में पर्यटन विकास को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक में बोल रहे थे।



तलेरु में पर्यटन विकास को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक करते डीसी।

डीसी ने जिला पर्यटन विकास अधिकारी तथा खंड विकास अधिकारी सलूणी को निर्देश दिए कि स्थानीय युवाओं को पर्यटन से संबंधित गतिविधियों में शामिल करने के प्रयास किए जाएं, ताकि इस क्षेत्र में आने वाले पर्यटकों को बेहतर पर्यटन सुविधाएं हासिल हो सके तथा क्षेत्र के लोगों को प्रत्यक्ष व प्रोक्ष तौर पर स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि तलेरु में जैटी के संवर्धन का कार्य प्रगति पर है। इसके साथ ही चमरा-1 झील के समीप स्थित तलेरु से गांव पलेई और टिपरी तक बोटिंग गतिविधियों को सुव्यवस्थित करने के लिए डॉकयार्ड स्थापित किए जाएंगे, ताकि बोटों के सुरक्षित संचालन एवं रुकने की उपयुक्त व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

डीसी ने कहा कि तलेरु में पर्यटकों के लिए उपलब्ध टॉयलेट, रेस्टोरेंट और अन्य सुविधाओं का मरम्मत कार्य खंड विकास अधिकारी सलूणी द्वारा पूर्ण कर दिया गया है। साथ ही लगभग 20 वाहनों के लिए पार्किंग सुविधा भी विकसित की गई है। पर्यटकों के लिए उपलब्ध करवाई जाने वाली अन्य सुविधाओं का कार्य भी जारी है जिन्हें शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि पर्यटन स्थल तलेरु में प्लास्टिक का उपयोग सख्ती से प्रतिबंधित किया जाए और स्वच्छता एवं निगरानी व्यवस्था को मजबूत बनाया जाए। उपायुक्त ने कहा कि भविष्य में तलेरु को एक प्रमुख पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित करने के लिए आवश्यक कदम निरंतर उठाए जाएंगे, ताकि तलेरु जिला चम्बा का एक आकर्षक और सुविधाजनक पर्यटन स्थल बनकर उभर सके। बैठक के दौरान डीसी ने विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ जिले में चल रही विकासात्मक योजनाओं प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति, आपदा प्रभावित लोगों के आश्रय, मनरेगा जॉब कार्ड की ई-केवाईसी, जॉब कार्ड और परिवार नकल से आधार लिंकिंग, तथा चिन्हित स्थानों को तंबाकू मुक्त बनाने पर भी विस्तृत समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा, जिला पर्यटन विकास अधिकारी राजीव मिश्रा, जिला योजना अधिकारी जीवन कुमार, खंड विकास अधिकारी चम्बा महेश चंद ठाकुर, खंड विकास अधिकारी सलूणी कंवर सिंह उपस्थित रहे।

# हिम आंचल पेंशनर्स संघ ने डीए, एरियर मेडिकल बिलों के निपटारे की उठाई मांग



हिम आंचल पेंशनर संघ बनीखेत खंड की बैठक में मौजूद पेंशनर्स।

**अनंत ज्ञान, बनीखेत**

हिम आंचल पेंशनर्स संघ बनीखेत खंड की बैठक बनीखेत रेस्ट हाउस में खंड अध्यक्ष मदन लाल अरोड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक की जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष शिव कुमार कौरा ने बताया कि बैठक में 17 दिसंबर 2025 को घुमारवीं में आयोजित होने वाले पेंशनर डे के विस्तृत कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि बनीखेत खंड और जिला चंबा के नामित सदस्य इस आयोजन में भाग लेंगे। साथ ही अन्य इच्छुक पेंशनरों से भी इसमें शामिल होने का आग्रह किया गया, ताकि प्रदेश स्तर पर सरकार के समक्ष अपनी लंबित मांगों को मजबूती से रखा जा सके। बैठक में सरकार से बकाया डीए एरियर जारी करने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। इसके अलावा, विभिन्न विभागों में वर्षों से लंबित पड़े मेडिकल बिलों के त्वरित निपटारे पर भी जोर दिया गया। कई पेंशनर आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं, इसलिए मेडिकल बकाया मिलने से उन्हें बड़ी राहत प्राप्त होगी। जिला चंबा की आगामी बैठकों को विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित करने का निर्णय लिया गया, जिससे उन ब्लॉकों तक भी पहुंच बनाई जा सके जो अब तक संघ की गतिविधियों से अछूते रहे हैं। संघ ने अपील की कि प्रत्येक क्षेत्र के पेंशनर अपने-अपने इलाकों में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को संघ से जोड़ने में सहयोग करें। बैठक में 2016 से 2022 के बीच सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों को संशोधित वेतनमान और अन्य पेंशनरी लाभ न मिलने पर गहरा रोष व्यक्त किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### बिगड़ते हालात को लेकर आमजन में नाराजगी

**अनंत ज्ञान, चुराह।** जिले के लगातार बिगड़ते हालात को लेकर आम जनता में गहरी नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास जैसे बुनियादी क्षेत्रों में लंबे समय से ठोस प्रगति नहीं हो रही, जिसके कारण उन्हें रोजमर्रा की जिंदगी में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों और आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं की कमी बनी हुई है। मरीजों को मामूली उपचार के लिए भी जिला अस्पताल या निजी क्लीनिकों का रुख करना पड़ता है, जिससे समय व धन दोनों की हानि हो रही है। शिक्षा व्यवस्था भी लोगों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। कई सरकारी स्कूलों में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। अभिभावकों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है। विकास कार्यों की स्थिति पर भी स्थानीय लोग असंतोष जता रहे हैं। उनका कहना है कि सड़क, पेयजल और सिंचाई जैसी मूलभूत सुविधाओं के सुधार की रफ्तार बेहद धीमी है। कई गांवों में सड़कों की हालत जर्जर है और पेयजल संकट भी लगातार गहराता जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से सवाल किया है कि आखिर आम जनता की सुध कौन लेगा। उन्होंने मांग की है कि उपेक्षित समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और जिले में विकास की गति बेहतर हो सके।

### मोटर व्हीकल व कोटपा अधिनियम में किए चालान

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला पुलिस मंडी द्वारा क्षेत्र में यातायात अनुशासन और सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध नियमों के पालन को सख्ती से सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मोटर वाहन अधिनियम के तहत 252 चालान जारी किए गए, जिनमें बिना हेलमेट, ओवरस्पीड, बिना सीट बेल्ट तथा अन्य उल्लंघन शामिल थे। इसके अतिरिक्त कोटपा अधिनियम के अंतर्गत 26 चालान किए गए और कुल 2600 रुपए जुर्माना वसूल किया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने बताया कि लोगों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी, ताकि सड़क सुरक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके।

### विवाह समारोह में कहासुनी के बाद युवक पर हमला

**अनंत ज्ञान, मंडी।** थाना पधर में श्रीकृष्ण देव निवासी तहसील पधर जिला मंडी द्वारा शिकायत प्रस्तुत की गई, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि 4 दिसंबर को रूलिंग नाला बोचिंग में एक विवाह समारोह के दौरान उनकी सुनील कुमार निवासी गांव भौरा से कहासुनी हो गई, जिसके दौरान सुनील कुमार ने उन्हें थप्पड़ मारा। शिकायतकर्ता के अनुसार बाद में जब वह अपनी गाड़ी से घर लौट रहे थे, तो सुनील कुमार ने रास्ते में उनकी गाड़ी रोककर दरवाजा खोला और दोबारा मारपीट की, जिससे उनके मुंह तथा दोनों आंखों पर चोटें आईं। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि सुनील कुमार ने गालियां दीं और धमकाया। इस दौरान कृष्ण लाल और देवेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालते हुए मारपीट रुकवाई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार मामले में आगे की विस्तृत जांच जारी है और आवश्यक साक्ष्य एकत्रित किए जा रहे हैं।

### सैनिक का आकस्मिक निधन, क्षेत्र में शोक व्याप्त

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन उपमंडल की बलडूहक पंचायत के गांव चठियार के 51 वर्षीय सैनिक बलजीत कुमार पुत्र किशन चंद का आकस्मिक निधन हो गया है। जिससे क्षेत्र में शोक व्याप्त है। मृतक अपने पीछे दो बच्चे व पत्नी छोड़ गया है। मिली जानकारी के अनुसार बलजीत कुमार भारतीय सेना में सेवाएं देने के बाद दिल्ली में डीएससी में कार्यरत थे। वे तैयार हो कर ड्यूटी जा रहे थे कि उन्हें अचानक हार्ट अटैक आ गया जिससे उनका निधन हो गया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सैनिक बलजीत कुमार के असामयिक निधन पर शोक प्रकट करते हुए कहा कि एक कर्तव्य निस्ठ सैनिक के रूप में उनकी सेवाओं को हमेशा याद किया जाएगा। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक कुल परिवार को इस कठिन समय में धैर्य एवं संबल दें।

# विस सत्र में डलहौजी के मुद्दों की अनदेखी पर मनीष का विधायक पर तीखा प्रहार

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा का दसवां सत्र संपन्न होते ही डलहौजी विधानसभा क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर कांग्रेस कार्यकर्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता मनीष सारीन ने स्थानीय विधायक पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक और सत्र में डलहौजी क्षेत्र से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दे सदन में प्रभावी रूप से नहीं उठाए गए। मनीष के अनुसार, विधायक की 'चुप्पी और निष्क्रियता' के कारण यह सत्र भी क्षेत्र के लिए शून्य उपलब्धियों के साथ समाप्त हुआ है।



मनीष सारीन ने कहा कि जब विधानसभा सत्र चल रहा हो, तब जनता से जुड़े विषयों जैसे सड़कें, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, पर्यटन, किसानों की समस्याएं और जनसुविधाएं को प्राथमिकता के साथ सदन में उठाया जाना चाहिए, लेकिन स्थानीय विधायक ने न तो प्रश्न पूछे और न ही बहस में हिस्सा लेकर डलहौजी की समस्याओं को सामने रखा। उन्होंने कहा कि वर्षों से बुनियादी सुविधाओं के लिए जूझ रहे क्षेत्र को इस निष्क्रियता का सीधा नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने विशेष रूप से पर्यटन क्षेत्र की खराब स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि मई माह में ऑपरेशन सिन्दूर के बाद आई भीषण बरसात ने पर्यटन उद्योग को गहरी चोट पहुंचाई। आज भी स्थानीय होटल व्यवसायी और पर्यटन कारोबारी आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं, जिन्हें विशेष राहत पैकेज की जरूरी आवश्यकता है, परंतु विधायक ने इस महत्वपूर्ण विषय को भी विधानसभा में उठाना जरूरी नहीं समझा। अंत में मनीष सारीन ने कहा कि डलहौजी की जनता अब अपने जनप्रतिनिधि से जवाब मांग रही है। यदि आने वाले सत्रों में भी विधायक की निष्क्रियता जारी रही, तो जनता में असंतोष और अधिक बढ़ता जाएगा।

# बिजली बिल जमा न करवाने पर 1119 डिफॉल्टरों को नोटिस

**अनंत ज्ञान, चंबा।** बिजली उपमंडल चंबा नंबर 2 ने बिजली बिल समय पर जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए कुल 1119 डिफॉल्टर उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किए हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए सहायक अभियंता बिजली बोर्ड चंबा नंबर 2 अजय कुमार ने बताया कि लगातार लंबित चल रहे बिजली बिलों के कारण विभाग को राजस्व वसूली में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं ने समयानुसार अपने बिजली बिल जमा नहीं करवाए हैं, उन्हें अंतिम नोटिस भेज दिया गया है। यदि निर्धारित समय सीमा में भुगतान नहीं किया गया तो उनकी बिजली आपूर्ति काटने सहित नियमानुसार अन्य कार्रवाई भी की जाएगी। सहायक अभियंता ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि किसी भी असुविधा से बचने के लिए अपने लंबित बिजली बिल जल्द से जल्द जमा करवाएं।

# हैदराबाद की राष्ट्रीय गोष्ठी में चंबा की 'मोचड़ू' चप्पल पर शोध प्रस्तुत, जिला फिर हुआ गौरवान्वित

**अनंत ज्ञान, चंबा**

हैदराबाद में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय गोष्ठी 'टेल्स बिलो द हील्स' में जिला चंबा का नाम एक बार फिर गौरवान्वित हुआ। प्लीच इंडिया फाउंडेशन और एफडीडीआई हैदराबाद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस प्रतिष्ठित सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के शोधार्थी तथा मानव एवं इतिहास विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. अंजलि वर्मा ने चंबा की पारंपरिक देसी चप्पल 'मोचड़ू' पर आधारित महत्वपूर्ण शोध पत्र प्रस्तुत किया। गोष्ठी का उद्देश्य भारतीय पनही की समृद्ध परंपरा, उसके इतिहास और पारंपरिक कारीगरों की तकनीकों का अध्ययन एवं दस्तावेज़ीकरण करना था।



इसी क्रम में शोधार्थी मानव द्वारा प्रस्तुत शोध पत्र में चंबा की सदियों पुरानी जूता-संस्कृति, कला, कारीगरी और उससे जुड़े लोकगीतों तक को प्रभावशाली ढंग से सामने रखा गया। अपने शोध में मानव ने चंबा के विभिन्न कालखंडों के जूतों व चप्पलों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। ऐतिहासिक गजेटियरों तथा चंबा नरेशों द्वारा कारीगरों को दिए गए प्रशस्ति-पत्रों को भी उन्होंने प्रमुख स्रोत के रूप में शामिल किया। विशेष रूप से 'मोचड़ू' चप्पल का उल्लेख 10वीं शताब्दी में रानी सुनयना के गीतों में मिलना शोध का अत्यंत आकर्षक और विशिष्ट पहलू रहा। मानव ने उन कारीगर परिवारों का भी साक्षात्कार किया, जिनकी छह से अधिक पीढ़ियां चंबा चप्पल निर्माण की परंपरा से जुड़ी रही हैं और आज भी पारंपरिक औज़ारों से इस विरासत को आगे बढ़ा रही हैं। यह शोध न केवल चंबा की सांस्कृतिक धरोहर को उजागर करता है, बल्कि स्थानीय हस्तशिल्प की प्राचीनता और समृद्धि का भी जीवंत प्रमाण प्रस्तुत करता है। राष्ट्रीय गोष्ठी में मानव का शोध पत्र अत्यंत सराहनीय रहा और कई प्रतिष्ठित शोधकर्ताओं ने इसे भारतीय पारंपरिक जूता-परंपरा पर एक महत्वपूर्ण योगदान बताया। वर्तमान में मानव एसएसआईटीई कॉलेज में बीएड प्रथम सत्र का छात्र है और हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग में शोधार्थी रह चुका है।

# पुलिस की कार्रवाई : 24 घंटे में अवैध शराब एससी/एसटी, पोक्सो सहित 7 मामले दर्ज

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला पुलिस चंबा ने बीते 24 घंटों के दौरान विभिन्न थानों में कुल सात अभियोग पंजीकृत किए हैं। इन मामलों में अवैध शराब की बरामदगी, जातिगत उत्पीड़न, नाबालिग से दुष्कर्म, मारपीट और धमकी जैसी गंभीर शिकायतें शामिल हैं।

सभी मामलों में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस थाना भरमौर, खैरी और डल्हौजी में अभियोन के तहत कुल 31,500 मि.ली. अवैध देशी शराब बरामद की गई है। भरमौर थाना में अभियोग संख्या 66/2025 के तहत कन्हैया लाल से 18,000 मिली अवैध शराब जब्त हुई। खैरी थाना में अभियोग संख्या 37/2025 में आरोपी पींकू राम के पास से 6,000 मिली शराब बरामद की गई। डल्हौजी थाना में अभियोग संख्या 64/2025 के तहत प्रीतम चंद की दुकान से 7,500 मिली अवैध शराब मिली। तीनों मामलों में पुलिस की जांच जारी है। सदर चंबा थाना में अभियोग संख्या 290/25 में कर्ण कुमार पर शिकायतकर्ता सुनील कुमार ने आरोप लगाया कि उसने रास्ता रोककर मारपीट की, गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी।

### एससी/एसटी एक्ट के तहत एफआईआर

**पुलिस** थाना सदर चंबा में अभियोग संख्या 289/25 दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता हितेंद्र कुमार ने आरोप लगाया कि आरोपी टेक सिंह ने उसके प्रति जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की। मामला एससी/एसटी अधिनियम की धारा के तहत दर्ज हुआ है और जांच प्रगति पर है।

### 17 वर्षीय नाबालिग से दुष्कर्म का मामला दर्ज

**महिला** पुलिस थाना चंबा में अभियोग संख्या 46/25 के तहत प्रवीण कुमार पर आरोप है कि उसने 17 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किया। मामला पोक्सो अधिनियम की धारा-6 के अंतर्गत दर्ज हुआ है। यह मामला अत्यंत संवेदनशील है और पुलिस ने जांच को प्राथमिकता दी है। किहार थाना में अभियोग संख्या 106/25 में आरोपी सोहन सिंह पर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने, गाली-गलौज करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगे हैं। इन मामलों में अन्वेषण जारी है। जिला पुलिस चंबा ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त निगरानी रखी जा रही है और सभी मामलों में निष्पक्ष व त्वरित जांच सुनिश्चित की जाएगी।

# 40 ग्राम चरस सहित 72 वर्षीय बुजुर्ग काबू

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान, गोहर।** गोहर उपमंडल के गणई पंचायत के गणई चौक में गोहर पुलिस ने शक के आधार पर एक बुजुर्ग व्यक्ति जो कि पुलिस देखकर कुछ घबरा सा गया व पुलिस देख भागने लगा। जब पुलिस के जवानों ने उसे रोका व उसकी तलाशी ली तो उसके बैग से 40 ग्राम चरस बरामद हुई। पकड़े गए बजुर्ग व्यक्ति जिसका पता नेक राम 72 वर्षीय, पुत्र तुले राम निवासी फग्न्यार (चच्योट) को 40 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान पुलिस टीम को चरस बरामद होने में सफलता मिली। थाना प्रभारी गोहर देव राज ठाकुर ने मामले की पुष्टि की है।

# पोस्टर, भाषण, निबंध व क्विज में छात्रों ने दिखाया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, चंबा**



राजकीय महाविद्यालय चंबा के लोक प्रशासन विभाग द्वारा एकदिवसीय अकादमिक गतिविधियों का भव्य आयोजन किया गया। इसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

विभाग द्वारा पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता व निबंध लेखन जैसे विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, अभिव्यक्ति कौशल व सामान्य ज्ञान को बढ़ावा देना था। निबंध लेखन प्रतियोगिता में रितिका (तृतीय वर्ष) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि वाणी (द्वितीय वर्ष) द्वितीय स्थान व राखी सलारिया (प्रथम वर्ष) तृतीय स्थान पर रहीं। भाषण प्रतियोगिता में कशिश कुम्हान (द्वितीय वर्ष) प्रथम, योगेश (प्रथम वर्ष) द्वितीय तथा कशिश शर्मा (द्वितीय वर्ष) तृतीय स्थान पर रहे। इन प्रतियोगिताओं में हिंदी विभाग के प्रोफेसर संतोष और प्रोफेसर शिल्पा शर्मा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भी छात्रों ने रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसमें कशिश कुम्हान ने प्रथम, कनिष्ठा (प्रथम वर्ष) ने द्वितीय तथा शिविका (प्रथम वर्ष) ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कशिश, राखी और नितिन की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि आदित्य, रितिका और भूमिका की टीम द्वितीय स्थान पर रही। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में उप प्राचार्य प्रोफेसर राकेश राठौर उपस्थित रहे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों में आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करती हैं। प्रोफेसर अविनाश और प्रोफेसर केवल ने भी छात्रों को अकादमिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# बायर में अवैध स्टोन क्रशर पर चला एनजीटी का डंडा

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी जिले के सदर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत टिल्ली में स्थित महालक्ष्मी स्टोन क्रशर की कथित अवैध गतिविधियों पर एनजीटी ने संज्ञान लिया है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एनजीटी, प्रिंसिपल बेंच, नई दिल्ली ने मंडी जिला के गांव बायर, पंचायत टिल्ली तहसील सदर जिला मंडी के ग्रामीणों द्वारा भेजे गए पत्र पर स्वयं संज्ञान लिया गया। शिकायतकर्ता ग्रामीणों, जिनका नेतृत्व नेत्र सिंह द्वारा किया गया, ने आरोप लगाया है कि महालक्ष्मी स्टोन क्रशर बिना वैध लीज के चल रहा है, अवैध व असंगठित खनन कर रहा है, जिससे क्षेत्र में पर्यावरण प्रदूषण फैला रहा है। इसके अलावा बगीचों, पेड़ों और सड़कों को नष्ट कर रहा है तथा सरकारी आदेशों और 2015 में हुए समझौते का उल्लंघन कर रहा है। इस पर संज्ञान लेते हुए एनजीटी ने दो महीने के भीतर जवाब दाखिल करने के लिए विभिन्न पक्षों को नोटिस जारी किए हैं। जिनमें प्रधान सचिव पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, हिमाचल प्रदेश, जिला दंडाधिकारी, मंडी, हिमाचल प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और महालक्ष्मी स्टोन क्रशर शामिल है।

# डीएवी स्कूल में खेल प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक गतिविधियों में छात्रों की चमक

**अनंत ज्ञान, चंबा**



डीएवी पब्लिक स्कूल सुरगानी में एनुअल एथलेटिक एवं विंटर कार्निवल स्पोर्ट्स मीट का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बैरा सियूल पावर स्टेशन सुरगानी के जीएम (इलेक्ट्रिकल) दीपक कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

स्कूल के खेल मैदान में पहुंचने पर विद्यार्थियों और स्टाफ ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत मार्चपास्ट और स्कूल बैंड की आकर्षक धुनों के साथ हुई। इसके उपरांत रंगारंग प्रस्तुतियों और एथलेटिक प्रतियोगिताओं का सिलसिला शुरू हुआ। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नरेश कुमार शर्मा ने स्पोर्ट्स मीट से संबंधित विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने बताया कि स्कूल हर वर्ष बच्चों को नए अवसर और मंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। स्पोर्ट्स मीट में विभिन्न आयु-वर्गों के छात्रों के लिए दौड़, लंबीकूद, रिले रेस, कबड्डी, खो-खो सहित कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। वहीं विंटर कार्निवल के तहत स्टॉल, गेम कॉर्नर और कला-संस्कृति से जुड़ी गतिविधियों ने कार्यक्रम की रौनक बढ़ा दी। मुख्यातिथि दीपक कुमार ने विद्यार्थियों के उत्साह और प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि खेल अनुशासन, टीमवर्क और आत्मविश्वास को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने विजेता छात्रों को बधाई दी और सभी प्रतिभागियों की हौसला-अफजाई की। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। अभिभावकों और स्थानीय लोगों की उपस्थिति ने स्पोर्ट्स मीट को और भी खास बना दिया। स्कूल प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

अनंत Classifieds

**बेदखली सूचना**

**मैं, नंद लाल** पुत्र श्री भल्कू राम उम्र 61 वर्ष निवासी गांव सरोरी डाकघर पपलोग, तहसील सरकाघाट जिला मंडी हि.प्र.। घोषणा करता हूं मेरा पुत्र विनोद कुमार व उसकी पत्नी प्रोमिला देवी मेरे कहने-सुनने से वाहर हैं। अतः मैं अपने पुत्र विनोद कुमार व उसकी पत्नी प्रोमिला देवी को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं, खुशाल चंद** पुत्र श्री धन देव और मेरी पत्नी मंजू देवी, निवासी गांव व डाकघर द्रंग तहसील सदर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश, संयुक्त रूप से शपथपूर्वक घोषणा करते हैं कि हमने विलेख संख्या 135/2025 दिनांक 26.08.2025 के तहत एक बालिका को कानूनी रूप से गोद लिया है। एम्स, बिलासपुर द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार उसका नाम समीरा (Samira) है। अब हमने उसका नाम बदलकर वैष्णवी ठाकुर (Vaishnavi Thakur) कर दिया है। सभी संबंधित नोट करें।

**अदालती नोटिस**

**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।**

मुकदमा न. -101/NT/25
तारीख पेशीः- 15.12.2025
श्रीमति कृष्णा देवी पुत्री मोती राम निवासी गांव खिलड़ू, डा. बिन्द्रावन, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.।

बनाम
आम जनता

**प्रार्थना पत्र वराये जन्म पंजीकरण**

श्रीमति कृष्णा देवी पुत्री मोती राम निवासी गांव खिलड़ू, डा. बिन्द्रावन तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि मेरा जन्म दिनांक 08-06-1954 को गांव खिलड़ू, वर्तमान नगर निगम पालमपुर, तहसील पालमपुर में हुआ है, लेकिन संबंधित नगर निगम पालमपुर में जन्म पंजीकरण अभिलेख में दर्ज न है।
अतः सर्व साधारण को इस इतलाह बजरिया अखवारी ईश्तहार द्वारा करवाई जा रही है। यदि किसी को इस मुकद्मा बारे कोई उज्र है तो वह असालतन या वकालतन अधोहस्ताक्षरी की अदालत में दिनांक15.12.2025 हाजिर होकर अपना पक्ष रख सकता है। गैर हाजरी की सूरत में प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाएगा।
आज दिनांक 1.12.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर।**

**अदालती नोटिस**

**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।**

मुकदमा न./102/NT/25
तारीख पेशीः- 15.12.2025
श्रीमति रक्षा देवी पुत्री वेली राम वर्तमान पता विध्वा विशन दास निवासी गांव व डा. टाण्डा राजपुर, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.।

बनाम
आम जनता

**प्रार्थना पत्र वराये नाम दरुस्ती राजस्व रिकॉर्ड**

श्रीमति रक्षा देवी पुत्री वेली राम वर्तमान पता विध्वा विशन दास निवासी गांव व डा. टांडा राजपुर, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि मेरा जन्म दिनांक 01.07.1957 को ग्राम पंचायत टांडा जोकि वर्तमान में नगर निगम के अन्तर्गत आता है में हुआ है, लेकिन संबंधित पंचायत व नगर निगम में मेरा जन्म पंजीकरण अभिलेख में दर्ज न है।
अतः सर्व साधारण को इस इतलाह वजरिया अखवारी ईश्तहार द्वारा करवाई जा रही है। यदि किसी को इस मुकद्मा वारे कोई उज्र / एतराज है तो वह असालतन या वकालतन अधोहस्ताक्षरी की अदालत में दिनांक 15.12.2025 हाजिर होकर अपना पक्ष रख सकता है। गैर हाजरी की सूरत में प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाएगा।
आज दिनांक 1/12/25 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर।**

**अदालती नोटिस**

**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि. प्र.।**

मुकदमा न.103/NT/25
तारीख पेशीः- 15.12.2025
श्रीमति सलोचना पुत्री वेली राम वर्तमान पता विध्वा किशोरी लाल निवासी गांव व डा. टांडा राजपुर, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.।

बनाम
आम जनता

**प्रार्थना पत्र वराये नाम दरुस्ती राजस्व रिकॉर्ड**

श्रीमति सलोचना पुत्री वेली राम वर्तमान पता विध्वा किशोरी लाल निवासी गांव व डा. टांडा राजपुर, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि मेरा जन्म दिनांक 17.02.1954 को ग्राम पंचायत टांडा जोकि वर्तमान में नगर निगम के अन्तर्गत आता है में हुआ है, लेकिन संबंधित पंचायत व नगर निगम में मेरा जन्म पंजीकरण अभिलेख में दर्ज न है।
अतः सर्व साधारण को इस इतलाह वजरिया अखवारी ईश्तहार द्वारा करवाई जा रही है। यदि किसी को इस मुकद्मा वारे कोई उज्र / एतराज है तो वह असालतन या वकालतन अधोहस्ताक्षरी की अदालत में दिनांक 15.12.2025 हाजिर होकर अपना पक्ष रख सकता है। गैर हाजरी की सूरत में प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाएगा।
आज दिनांक 01/12/25 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर।**

**अदालती नोटिस**

**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।**

मुकदमा न. -104/NT/25
तारीख पेशीः- 10.12.2025
नकुल राम पुत्र प्रताप चन्द निवासी गांव व डा. टांडा सरेरकड़ी, डा. कंडी, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.।

बनाम
आम जनता

**प्रार्थना पत्र वराये मृत्यु पंजीकरण**

नकुल राम पुत्र प्रताप चन्द निवासी गांव व डा. टांडा सरेरकड़ी, डा. कंडी, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि मेरे दादा सूरज राम पुत्र बैगर राम की मृत्यु दिनांक 27.10.1995 को ग्राम पंचायत द्रौगणू हुआ है। लेकिन संबंधित पंचायत में मृत्यु पंजीकरण अभिलेख में दर्ज न है।
अतः सर्व साधारण को इस इतलाह वजरिया अखवारी ईश्तहार द्वारा करवाई जा रही है। यदि किसी को इस मुकद्मा वारे कोई उम्र / एतराज है तो वह असालतन या वकालतन अधोहस्ताक्षरी की अदालत में दिनांक 10.12.2025 हाजिर होकर अपना पक्ष रख सकता है। गैर हाजरी की सूरत में प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाएगा।
आज दिनांक 01.12.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर।**

**अदालती नोटिस**

व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।

मुकदमा न.105/NT/25
तारीख पेशीः- 15.12.2025
श्रीमति मलंका देवी पुत्री गरीव दास निवासी गांव चिम्वलहार डा. गीता पट्ट, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.।

बनाम
आम जनता

**प्रार्थना पत्र वराये जन्म पंजीकरण**

श्रीमति मलंका देवी पुत्री गरीव दास निवासी गांव चिम्वलहार डा. गीता पट्ट, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि मेरा जन्म दिनांक 21.02.1964 को गांव चिम्वलहार जोकि वर्तमान मे नगर निगम के अन्तर्गत आता है में हुआ है, लेकिन संबंधित पंचायत/नगर निगम में मेरा जन्म पंजीकरण अभिलेख में दर्ज न है।
अतः सर्व साधारण को इस इतलाह वजरिया अखवारी ईश्तहार द्वारा करवाई जा रही है। यदि किसी को इस मुकद्मा वारे कोई उज्र / एतराज है तो वह असालतन या वकालतन अधोहस्ताक्षरी की अदालत में दिनांक 26.12.2025 हाजिर होकर अपना पक्ष रख सकता है। गैर हाजरी की सूरत में प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाएगा ।
आज दिनांक 01.12.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर।**

**तुम** उस व्यक्ति को भूल सकते हो, जिसके साथ तुम हंसे हो, किंतु उस व्यक्ति को कदापि नहीं, जिसके साथ तुम रोये हो।

-विविध

## संपादकीय

# तेजाब हमले न्याय की चुनौती

तेजाब हमला एक ऐसा शब्द है जिसे सुनते ही रूह कांप उठती है। यह केवल एक अपराध नहीं है, बल्कि पीड़ित के जीवन पर स्थायी प्रभाव डालने वाला जघन्य कृत्य है। शारीरिक चोटें तो कुछ समय में ठीक हो सकती हैं, लेकिन तेजाब के दुष्प्रभाव मानसिक और सामाजिक दोनों स्तरों पर हमेशा बने रहते हैं। पीड़ित समाज के सामने आने में कतराता है और उसकी जीवन पूरी तरह प्रभावित हो जाता है।

ऐसा नहीं है कि हमारा कानून लचर है। तेजाब हमले के मामलों में कानून बेहद सख्त है। अपराधियों को 10 साल से लेकर उम्रकैद तक की सजा का प्रावधान है। यहां तक कि 18 साल से कम उम्र के बच्चों को तेजाब बेचना भी गैरकानूनी है। इसके बावजूद, तेजाब हमले हर साल बढ़ते ही जा रहे हैं। देशभर में पिछले पांच वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो हर साल 200 से अधिक तेजाब हमले की घटनाएं सामने आती हैं। यह दर्शाता है कि कानून की सख्ती के बावजूद अपराधी अपनी हिंसक प्रवृत्ति से बाज नहीं आ रहे हैं।

तेजाब हमले के पीड़ितों को न्याय मिलने में देरी भी बड़ी चुनौती है। एक तरफ उन्हें गंभीर शारीरिक और मानसिक चोटें लगी होती हैं, तो दूसरी तरफ न्याय पाने के लिए वर्षों तक कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ती है। यह विलंब पीड़ितों के जीवन पर गहरा असर डालता है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने तेजाब हमले की पीड़िता शाहीन मलिक के मामले में यह स्पष्ट किया कि 16 साल से लंबित रहना राष्ट्रीय शर्म की बात है। कोर्ट ने यह भी कहा कि सभी हाई कोर्टों को चार सप्ताह के भीतर लंबित मामलों की स्थिति रिपोर्ट करनी चाहिए ताकि यह पता चल सके कि मामलों को क्यों लटकाया जा रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से भी कानून में संशोधन पर विचार करने को कहा है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि तेजाब हमलों की पीड़िताओं को विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम के तहत अधिकार मिलें और वे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। यदि यह सुझाव लागू किया जाता है, तो पीड़िताओं को अपना जीवन फिर से संवारने में मदद मिलेगी।

तेजाब हमले केवल व्यक्तिगत स्तर पर ही नहीं, बल्कि समाज में भी भय और नफरत की भावना को जन्म देते हैं। अक्सर यह हमला प्रेम संबंधों या पारिवारिक विवादों के चलते होता है। अपराधी का लक्ष्य पीड़ित को शारीरिक और मानसिक रूप से तोड़ना होता है। इसके अलावा, यह अपराध समाज में अन्य अपराधियों के लिए उदाहरण भी बनता है।

2013 में सुप्रीम कोर्ट ने तेजाब की बिक्री पर कड़े प्रतिबंध लगाए। आदेश के अनुसार विक्रेताओं को लाइसेंस लेना अनिवार्य है और खरीदारों का विस्तृत रिकॉर्ड रखना जरूरी है, जिसमें तेजाब के इस्तेमाल का उद्देश्य भी दर्ज हो। इसके बावजूद तेजाब आसानी से उपलब्ध हो जाता है। कई बार बिना पहचान पत्र के भी यह तरल पदार्थ बेचा जाता है। बोतलों पर लेबल का अभाव भी आम समस्या है। यह कानून प्रवर्तन के लिए चुनौतीपूर्ण स्थिति पैदा करता है।

कानून प्रवर्तन एजेंसियों को मिलकर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों का पालन हर स्तर पर किया जाए। केवल ऐसा करने से ही तेजाब हमलों की संख्या में कमी लाई जा सकती है। इसके अलावा, न्यायपालिका, केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाने और पर्याप्त मुआवजा देने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। यह पूरे देश के लिए एक अग्निपरीक्षा है।

हिमाचल प्रदेश की बात करें तो हाल ही में मंडी में एक पति ने अपनी पत्नी पर तेजाब से हमला किया। इसके चलते पीड़िता और उसके परिवार को न्याय दिलाना बेहद आवश्यक है। यह घटना यह दिखाती है कि नफरत और क्रूरता रिश्तों में भी आ सकती है। समाज में रिश्तों की अहमियत को समझना आज की सबसे बड़ी जरूरत है।


यदि हम इस दिशा में कदम नहीं उठाते हैं, तो समाज में भय और अविश्वास की भावना फैल सकती है। तेजाब हमले पीड़ितों के जीवन को स्थायी रूप से प्रभावित करते हैं। शारीरिक चोटों के साथ-साथ मानसिक पीड़ा, सामाजिक बहिष्कार और आर्थिक कठिनाइयों का सामना उन्हें करना पड़ता है। कई बार पीड़ित अपने चेहरे पर हुए जख्मों और बदलावों के कारण नौकरी, शिक्षा और सामान्य जीवन में भी संघर्ष करते हैं। यही कारण है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में संवेदनशीलता दिखाते हुए लंबित मामलों को प्राथमिकता देने की जरूरत बताई।

इस समस्या का समाधान केवल कानून सख्त करने से नहीं होगा। समाज में जागरूकता, अपराध रोकने के उपाय और तेजाब की उपलब्धता पर नियंत्रण बेहद महत्वपूर्ण है। स्कूलों, कॉलेजों और समाजिक संस्थानों में तेजाब हमले और इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना आवश्यक है। ■

## आज की प्रमुख हस्ती

# भीम की यादगार भूमिका

**प्रवीण** कुमार सोबती भारतीय फिल्म और टीवी के जाने-माने अभिनेता थे। उन्हें बीआर चोपड़ा के टीवी सीरियल 'महाभारत' में भीम का किरदार निभाने के कारण खास पहचान मिली। प्रवीण कुमार ने अभिनय के साथ-साथ खेल में भी उल्लेखनीय योगदान दिया। वह एक एथलीट थे और दो बार ओलंपिक (1968 मैक्सिको और 1972 म्यूनिख) में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके थे। एशियन और कॉमनवेल्थ गेम्स में उन्होंने कई मेडल जीते और 1967 में अर्जुन पुरस्कारसे सम्मानित हुए।



प्रवीण कुमार सोबती
जन्म : 6 दिसंबर, 1947
मृत्यु : 7 फरवरी, 2022

पंजाब के रहने वाले प्रवीण सोबती की कद काठी 6.5 फीट थी। उन्होंने हैमर और डिस्कस थ्रो में सफलता हासिल की और खेल के कारण उन्हें सीमा सुरक्षा बल में डिप्टी कमांडेंट की नौकरी मिली। 70 के दशक के अंत में उन्होंने अभिनय की दुनिया में कदम रखा। उनकी यादगार फिल्मों में 'शहंशाह', 'करिश्मा कुदरत का', 'युद्ध', 'लोहा' और 'इलाका' शामिल हैं। 1980 के दशक में 'महाभारत' में भीम का किरदार निभाने के बाद उनका नाम हमेशा दर्शकों के जहन में अमर हो गया। उन्होंने 2013 में 'महाभारत और बर्बर' फिल्म तक अभिनय किया। इसके बाद राजनीति में प्रवेश किया और आम आदमी पार्टी व भाजपा दोनों के साथ जुड़े। प्रवीण कुमार सोबती का 7 फरवरी, 2022 को निधन हो गया। वे 74 वर्ष के थे और लंबे समय से बीमारी और आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रहे थे। ■



कविता

# हो जाए वर्षा मिल जाए चैन

सुभाष चंद कासव
राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक

**हो** जाए वर्षा मिल जाए चैन, हैं बूंद-बूंद को तरसे नैन
अब पेड़-पौधे भी पूछ रहे, सूखे से सब जूझ रहे
न उनको बारिश का है ज्ञान, अब बूंद-बूंद को तरसे नैन
हो जाए वर्षा मिल जाए चैन, हो जाए वर्षा मिल जाए चैन
क्या हो गई है हमसे भूल, जो चढ़ रही हम पर भारी धूल
चिंतित बैठा आज किसान,अब बूंद-बूंद को तरसे नैन
हो जाए वर्षा मिल जाए चैन, हो जाए वर्षा मिल जाए चैन
मेघ अब तो जाग जा भाई, वारिस की बूंदें कहां छुपाई
पक्षी आपका करें गुणगान, अब बूंद-बूंद को तरसे नैन
हो जाए वर्षा मिल जाए चैन, हो जाए वर्षा मिल जाए चैन
प्रभु शुरू करो बारिश की बूंदें, सारी कायनात खुशी से झूमें
हो सके बर्फ भी फेंक दो जल्दी, ताकि खुशी से कट जाए सर्दी
माथे पे हाथ धर बैठे बागवान, अब बूंद-बूंद को तरसे नैन
हो जाए वर्षा मिल जाए चैन, हो जाए वर्षा मिल जाए चैन

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# एंटीबायोटिक्स का मकड़जाल, सुपरबग्स का बढ़ता खतरा

किसी भी बीमारी के लिए एंटीबायोटिक्स यानी रोग प्रतिरोधी दवाएं बहुत कारगर मानी जाती हैं। यही वजह है कि बाजार में सबसे ज्यादा एंटीबायोटिक दवाएं बिकती हैं। हालांकि, इनके अंधाधुंध प्रयोग से हमारे देश में सुपरबग्स जैसी खतरनाक स्थिति पैदा हो गई है, जहां दवाएं बेअसर हो जाती हैं और सामान्य बीमारी भी जल्दी ठीक नहीं होती है। उनके इलाज पर बहुत ज्यादा खर्च करना पड़ता है।



प्रदीप श्रीवास्तव
स्वतंत्र लेखक

चिंता की बात यह है कि पोल्ट्री और डेयरी फार्मिंग में भी एंटीबायोटिक्स का अत्यधिक प्रयोग किया जा रहा है। नतीजतन, अगर हम खुद एंटीबायोटिक्स कम लें तो भी यह समस्या दूसरे रूप में हमें घेरे रहेगी। इसलिए सरकार ने एंटीबायोटिक्स के प्रयोग को लेकर गाइडलाइन जारी की है, जिसमें इनके इस्तेमाल को लेकर कई तरह के दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

सन 1928 में लंदन के सेंट मैरी हॉस्पिटल मेडिकल स्कूल में कार्यरत स्कॉटलैंड के वैज्ञानिक अलेक्ज़ेंडर फ्लेमिंग ने जीवाणुओं (बैक्टीरिया) पर शोध करते हुए एंटीबायोटिक पेनिसिलिन की खोज की। दूसरे विश्व युद्ध में जब लाखों घायल सैनिक सं,मण से मर रहे थे, तब पेनिसिलिन वरदान साबित हुई। इससे अनगिनत सैनिकों की जान बचाई गई। पेनिसिलिन ने चिकित्सा विज्ञान की दिशा बदल दी और इसे आधुनिक एंटीबायोटिक युग की शुरुआत माना जाता है। हालांकि, साल 1945 के बाद से ही फ्लेमिंग ने खुद चेतावनी दी कि एंटीबायोटिक के बहुत ज्यादा प्रयोग से प्रतिरोध पैदा होगा। यही हुआ, एंटीबायोटिक का अंधाधुंध प्रयोग शुरू हो गया, जिससे बीमारी एक बार ठीक होने बाद दोबारा होने पर उससे कई तरह की परेशानियाँ शुरू होने लगी।

अब यह समस्या और बड़ी बनने लगी है क्योंकि भारत जैसे देशों में बिना डॉक्टर की सलाह के एंटीबायोटिक लेना, अधूरा कोर्स करना और छोटी-मोटी बीमारी में भी इसका इस्तेमाल आम बात है।

ज्यादा एंटीबायोटिक के प्रयोग से हमारे शरीर के बैक्टीरिया, दवाइयों के प्रति प्रतिरोधक विकसित कर लेते है इसे एंटीमाइ,ोबियल रेज़िस्टेंस कहा जाता है और यह स्थिति सुपरबग्स के रूप में उभरकर सामने आती है। यानी ऐसी स्थिति जिसमें ताकतवर जीवाणु, दवाओं से नहीं मरते और उन पर साधारण एंटीबायोटिक काम नहीं करती। ऐसे में न सिर्फ मरीजों पर दवाओ का खर्च बढ़ता जाता है, बल्कि



भविष्य में वह कई बीमारियों को न्योता देता है और सामान्य संक्रमण यानी खांसी, बुखार, घाव का इन्फेक्शन होने पर इसका इलाज भी मुश्किल हो जाता है।

पहले जिन बीमारियों का इलाज 100 रुपये की दवा से हो जाता था, उनके लिए अब लाखों रुपये की नई और महंगी दवाएं या इंजेक्शन लगते हैं। क्योंकि वह छोटी या सामान्य बीमारी पर दवाएं बेअसर होती है, उन्हें ठीक करने के लिए कई तरह की जांचें करानी पड़ती है और नई किस्म की दवाएं देनी पड़ती है और मरीज को अस्पताल में ज्यादा दिन भर्ती रहना पड़ता है। बार-बार एंटीबायोटिक लेने से डायरिया, एलर्जी, त्वचा पर दाने जैसी समस्याएँ भी आने लगती हैं और लंबे समय में किडनी, लीवर और पेट पर असर पड़ता है। सबसे बड़ी बात है कि एंटीबायोटिक हानिकारक बैक्टीरिया के साथ-साथ अच्छे बैक्टीरिया को भी मार देते हैं। इससे खराब पाचन, इम्युनिटी कमजोर और बार-बार सं,मण की समस्या हो सकती है।

भारत पहले से ही एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस का हॉटस्पॉट बन चुका है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् की रिपोर्ट के अनुसार भारत में हर साल लगभग 7 लाख लोग एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस से जुड़ी बीमारियों से प्रभावित होते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि अगर इस समस्या पर रोक नहीं लगी तो साल 2050 तक भारत समेत विश्व में एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस के कारण 1 करोड़ मौतें प्रति वर्ष हो सकती हैं। भारत में एंटीबायोटिक्स का बाजार बहुत बड़ा है, क्योंकि यहां संक्रमण संबंधी बीमारियां आम हैं। 2023 में भारत में एंटीबायोटिक्स का बाजार करीब 49,000 करोड़ रुपए का था। अनुमान है कि 2024-2030 के बीच यह बाजार लगभग 6-7% चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ेगा और साल 2030 तक यह बाजार 83,000 करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है। मालूम हो कि भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा एंटीबायोटिक उत्पादक देश है। यहां बनने वाले जेनेरिक एंटीबायोटिक्स का एक बड़ा हिस्सा अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका को निर्यात होता है। भारतीय फार्मा कंपनियां दुनियाभर के 20% से अधिक जेनेरिक दवाओं की आपूर्ति करती हैं। द लैंसेट की 2022 रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रति व्यक्ति एंटीबायोटिक खपत दुनिया में सबसे अधिक है।

अनुमान है कि हर साल भारत में लगभग 1,300 करोड़ से अधिक की खुराक एंटीबायोटिक की ली जाती हैं। इसमें से भी ग्रामीण और छोटे शहरों व कस्बों में एंटीबायोटिक का उपयोग बड़े शहरों की अपेक्षा बहुत अधिक होता है। भारत सरकार ने शेड्यूल एच-1 लागू किया है, जिसके तहत कई एंटीबायोटिक दवाएं केवल पर्चे पर ही मिल सकती हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# डिजास्टर एक्ट, अवैध खनन और चक्की खड्ड : विकराल होती चुनौती

हिमाचल प्रदेश में वर्तमान सक्खू की सरकार द्वारा डिजास्टर एक्ट लागू कर पंचायत चुनावों को आगे बढ़ाने का कदम लगातार विवादों में है। जनता का एक बड़ा वर्ग मानता है कि डिजास्टर एक्ट का अधिकतर बोझ आम लोगों पर डाला गया है, जबकि इसी दौर में माननीयों, बोर्ड-निगमों के अध्यक्षों और उपाध्यक्षों के वेतनमान में की गई बढ़ोतरी सोशल मीडिया पर चर्चा का मुख्य विषय बनी हुई है।



सुखदेव सिंह
स्वतंत्र लेखक, नूरपुर

ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर किन कारणों ने राज्य को डिजास्टर एक्ट लागू करने तक पहुंचा दिया?

राज्य में अवैध खनन इस समय सबसे बड़ी पर्यावरणीय और सामाजिक समस्या बन चुका है। खड्डों, नालों और नदी तटीय क्षेत्रों में खनन माफिया लगातार जमीन का इस कदर दोहन कर रहा है कि प्राकृतिक संतुलन गड़बड़ा गया है। प्रकृति से बार-बार खिलवाड़ का नतीजा हमेशा इंसान को ही भुगतना पड़ता है। कागजों में अवैध खनन पर लगाम लगाने के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि खड्डों में दिन-रात जेसीबी मशीनें चल रही हैं, मिट्टी कट रही है और जलस्रोत खत्म होते जा रहे हैं।

सबसे गंभीर स्थिति चक्की खड्ड की है, जो हिमाचल और पंजाब की सीमा पर स्थित है। यह खड्ड अब एक नदी का रूप लेने की ओर अग्रसर है। रेलवे पुल के पास लगभग तीस फुट गहरी और उससे कहीं अधिक चौड़ी व लंबी खाई बन चुकी है, जो डमटाल औद्योगिक क्षेत्र और आस-पास के गांवों के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है। एक दशक पहले आई बाढ़ में पुल बह चुका है, और अब फिर वही स्थिति बनती दिख रही है। चक्की खड्ड के आसपास की उपजाऊ ज़मीनें लगातार पानी में बह रही हैं, जबकि दोनों राज्यों की सरकारें आज तक यह तय नहीं कर पाई हैं कि खड्ड का कौन सा हिस्सा किस राज्य के अधिकार क्षेत्र में आता है।



पूर्व सरकार ने एक बार चक्की खड्ड की हदबंदी कर अवैध खनन रोकने की कोशिश की थी, लेकिन पंजाब के खनन माफिया ने कुछ ही दिनों में इसे तहस-नहस कर दिया। अदालतें भी इस मामले में स,ि य रही हैं। उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए प्रतिबंधों को स्थानीय प्रशासन लागू ही नहीं कर पाया। सुप्रीम कोर्ट ने भी आईपीएच विभाग से जलस्तर के संबंध में जवाब मांगा था कि अवैध खनन शुरू होने से पहले और आज के जलस्तर में कितना अंतर आया है। लेकिन जवाबदेही का हाल यह है कि खड्डों में कई-कई फुट गहरे गड्ढे खुले पड़े हैं, जिन्हें बरसात के समय बहता पानी अपनी दिशा बदलकर तबाही का कारण बन जाता है। सरकार खनन माफिया पर नकेल कसने का दावा कर रही है। उद्योग मंत्री ने कुछ स्टोन क्रशरों पर छापेमारी कर भारी जुर्माना लगाया और सुर्खियां बटोरीं। प्रशासन एक बार फिर चक्की खड्ड की हदबंदी के प्रयास में जुटा है और बीस फुट लंबे पिलर लगाने, रात में सोलर लाइट लगाने जैसी योजनाएं तैयार की जा रही हैं। पर सवाल यह है कि क्या यह पर्याप्त है? नूरपुर क्षेत्र में करीब 70 स्टोन क्रशर लगे हैं, जिनमें से लगभग 50 राजनीति संरक्षण के कारण आज भी पूरी तरह सक्रिय हैं। कुछ स्टोन क्रशर मालिक बिजली विभाग की मिलीभगत से वर्षों तक अवैध बिजली कनेक्शन का उपयोग करते रहे हैं। खनन विभाग ने इतनी बड़ी खड्ड को संभालने के लिए सिर्फ एक अधिकारी तैनात किया। ऐसे में माफिया से निपटना असंभव था। जब भी अधिकारी कार्रवाई के लिए निकलते, सूचना पहले ही खनन माफिया तक पहुँच जाती। रात के अंधेरे में खनन चलता रहा और प्रशासन की निगरानी केवल कागजों में सीमित रही। निर्माण कार्यों और पंचायत विकास के लिए रेत-बजरी की मांग बढ़ रही है। लेकिन विडंबना यह है कि हिमाचल की खड्डों से अवैध रूप से निकाली गई रेत पड़ोसी राज्यों में बेची जाती है, जबकि हिमाचल के लोगों को वही रेत महंगे दामों पर खरीदनी पड़ती है। आज जब डिजास्टर एक्ट के नाम पर जनता पर पाबंदियां लग रही हैं, तब सरकार को यह भी देखना चाहिए कि असल आपदा कहां खड़ी हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# भगवान दत्तात्रेय : त्रिदेव का संयुक्त अवतार और उनकी शिक्षाओं का महत्व


भगवान विष्णु के अवतारों में एक विशेष अवतार दत्तात्रेय का भी है। भागवत, मार्कंडेय और ब्रह्मव्रत पुराण के अनुसार, दत्तात्रेय को परमपिता परमेश्वर का ही रूप माना गया है। पुराणों के अनुसार, भगवान दत्तात्रेय का जन्म ऋषि अत्री और माता अनुसूया के आश्रम में उनके पुत्र के रूप में हुआ। माता अनुसूया ने सतीत्व और तपस्या के माध्यम से त्रिदेव - ब्रह्मा, विष्णु और महेश जैसा पुत्र प्राप्त करने की इच्छा व्यक्त की।



डॉ. कमल के प्यासा
लोअर समखेतर, मंडी

जब त्रिदेव की पत्नियों- सरस्वती, लक्ष्मी और पार्वती को यह ज्ञात हुआ, तो उन्होंने अपने पतियों को अनुसूया के तपस्वी होने का परीक्षण करने के लिए भेजा। त्रिदेव ब्राह्मण वेश धारण करके अनुसूया के आश्रम में भिक्षा मांगने पहुंचे और शर्त रखी कि भिक्षा तब स्वीकार होगी जब उन्हें नग्न अवस्था में देखा जाएगा। यह सुनकर अनुसूया विस्मित हुईं, लेकिन उन्होंने अपने पतिव्रत धर्म का पालन करते हुए अपने पति ऋषि अत्री का ध्यान किया और तीनों ब्राह्मणों पर जल छिड़क दिया। जल का स्पर्श होते ही तीनों सुंदर बालकों में परिवर्तित हो गए। अनुसूया ने उन्हें नहलाया, स्तनपान कराया और भोजन भी कराया।

इस दौरान त्रिदेव की पत्नियां अपने पतियों के लिए प्रतीक्षा करती रहीं। जब उन्होंने बालकों को स्तनपान करते देखा, तो वे प्रसन्न हुईं और उनके वास्तविक रूप में लौटने पर अनुसूया को वरदान दिया कि वह पुत्रवती होंगी। इसी वरदान के फलस्वरूप अनुसूया के गर्भ से तीन बालक जन्मे- ब्रह्मा के अंश से चंद्रमा, महेश के अंश से दुर्वासा और विष्णु के अंश से दत्तात्रेय, जो सबसे छोटे और मार्ग-शीर्ष मास की पूर्णिमा को जन्मे। भगवान दत्तात्रेय को त्रिदेव का संयुक्त अवतार माना जाता है। उनके तीन सिर ब्रह्मा, विष्णु और महेश से संबंधित



हैं। उनके छह आयुध-जयमाला, कमंडल, त्रिशूल, पाञ्चजन्य, सुदर्शन चक्र और अन्य प्रतीक उन्हें विशेष बनाते हैं। उनकी पत्नी का नाम अनघा लक्ष्मी है और मंत्र है ऊं द्रान् दत्तात्रेयाय नमः। दत्तात्रेय को रसेश्वर संप्रदाय का प्रवर्तक भी कहा जाता है। दत्तात्रेय ने वेद और तंत्र मार्ग का विलय कर एक संप्रदाय की स्थापना की। उन्हें गुरुओं का गुरु भी कहा गया, लेकिन उन्होंने प्रकृति से ही जीवन के मूलभूत ज्ञान प्राप्त किया। उनके गुरु प्रकृति के 24 जीव और वस्तुएं मानी गईं, जिनमें जल, अग्नि, वायु, आकाश, सूर्य, चंद्रमा, पिंगला, अजगर, सांप, गज, मृग, मछली, मधुमक्खी, पक्षी, मकड़ी और अन्य शामिल हैं।

भगवान दत्तात्रेय के व्रत का हिंदू धर्म में अत्यंत विशेष महत्व है। शास्त्रों के अनुसार, इस व्रत को करने से पितृदोष का नाश होता है, जीवन की रुकावटें दूर होती हैं और भक्त की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। ऐसा माना जाता है कि दत्तात्रेय की कृपा से साधक को आध्यात्मिक शक्ति, मानसिक शांति और जीवन में स्थिरता प्राप्त होती है।

व्रत की शुरुआत ब्राह्म मुहूर्त में स्नान और शुद्ध वस्त्र धारण करने के बाद होती है। इसके पश्चात लकड़ी के साफ-सुथरे पटड़े या पवित्र वेदी पर भगवान दत्तात्रेय की प्रतिमा या चित्र स्थापित किया जाता है। प्रतिमा को पंचामृत-दूध, घी, शहद, दही और गंगाजल से अभिषेक कराने के बाद फूलों, माला और चंदन से अलंकृत किया जाता है। पूजा के दौरान धूप, दीप, अगरबत्ती तथा घी का दीपक जलाकर भजन, कीर्तन और आरती की जाती है, जिससे वातावरण पवित्र और ऊर्जामय बनता है।

व्रत का समापन प्रसाद वितरण के बाद होता है, जबकि व्रत का उद्घाटन अगले दिन पुनः पूजा-अर्चना करके किया जाता है। विधिपूर्वक किया गया यह व्रत न केवल व्यक्ति को आध्यात्मिक सुख प्रदान करता है, बल्कि उसके परिवार और समाज में भी सकारात्मकता, सौहार्द और समृद्धि का संचार करता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# दिव्यांगों की प्रतिभा : चुनौतियों को पार कर सफलता की मिसाल

वर्ष 2015 में पहली बार विकलांग शब्द के जगह 'दिव्यांग शब्द का प्रयोग करने का आह्वान प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में किया था तब से लेकर आज तक भारत में लोग दिव्यांग शब्द का प्रयोग करते हैं। 3 दिसंबर 2025 को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर प्रधानमंत्री ने कहा था कि दिव्यांगजन अपनी प्रतिभा रचनात्मक और दृढ़ निश्चय के बल पर जीवन की हर क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं और देश की प्रगति को नई ऊंचाइयों तक का ले जा रहे हैं।



अंकुर
स्वतंत्र लेखक, बिलासपुर

2011 की जनगणना के अनुसार देश के लगभग 2.68 करोड़ दिव्यांगजन हैं उनके मन में पीएम के ये शब्द एक अपनेपन, ऊर्जा और कुछ करने की लालसा पैदा कर देते होंगे। सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री ने लिखा है कि दिव्यांग बहनों और भाईयों की गरीमा, सुगमयता और अवसरों को सुनिश्चित करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता बनी रहेगी। यह भी एक देश के मुखिया की दूरदर्शी और अंत्योदय की तरफ बढ़ने वाली रेखा का ही एक बिंदु है। 3 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर देश में बहुत कार्यक्रम दिव्यांगजनों के सम्मान में आयोजित किए गए। प्रधानमंत्री ने कहा कि दिव्यांग कल्याण के लिए पिछले वर्षों में केंद्र सरकार ने बहुत महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं जिनमें उनके अधिकारों से संबंधित कानून, सुगम और बाधा रहित अवसंरचना, समावेशी शिक्षा नीतियां और सहायक तकनीक में नवाचार शामिल हैं।

देश की प्रगति में दिव्यांगजनों का महत्वपूर्ण योगदान है और हर क्षेत्र में ये बहुत बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं चाहे वो शिक्षा, खेल, कला, नृत्य, साहित्य, विज्ञान, तकनीक, उद्यमिता या फिर चाहे प्रशासनिक पद ,इन सभी पर ये अपनी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। यदि बात करें हिमाचल की तो, हिमाचल में भी दिव्यांगजन अपनी अहम भूमिका में हैं और देश और प्रदेश का



नाम रौशन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। हिमाचल की बेटियों की बात करें तो हिमाचल की तो 100 प्रतिशत दृष्टिबाधित दूरदराज क्षेत्र चिड़गांव की मुस्कान नेगी चुनाव आयोग की ब्रांड एंबेसेडर और अमेरिका में पांच अलग अलग राज्यों में जाकर अपनी कला का प्रदर्शन करने जा चुकी हैं तो अब वो असिस्टेंट प्रोफेसर (म्यूजिक) के पद पर अपनी सेवाएं दे रही हैं और साथ दिव्यांग प्रतिभा ठाकुर, जो अपनी पढ़ने की जिज्ञासा और कठोर परिश्रम से दृष्टिबाधित होते हुए भी राजनीति विज्ञान की सहायक प्रोफ़ेसर, यह कोई छोटी बात नहीं है। प्रतिभा को बचपन में स्कूल में प्रवेश से वंचित कर दिया गया था, लेकिन उन्होंने घर से पढ़ाई पूरी की और सभी कक्षाओं में प्रथम श्रेणी प्राप्त की, जिन्होंने कभी अपने माता-पिता, भाई-बहनों या शिक्षकों का चेहरा नहीं देखा, उन्होंने भी पढ़ाई और पढ़ाने में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जो उनके अद्वितीय जनून और दृढ़ इच्छाशक्ति को दर्शाता है।

इस कामयाबी में उमंग फाउंडेशन का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। इसी तरह, हिमाचल के दिव्यांग निषाद कुमार ने टोक्यो 2020 और पेरिस 2024 पैरालिम्पिक में सिल्वर मैडल जीतकर देश का नाम खूब रोशन किया।

स्पेशल ओलंपिक इंडिया की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा और चेतना संस्था, धर्मशाला की सूर्य उदय चैरिटेबल ट्रस्ट जैसी संस्थाएं दिव्यांगों को शिक्षा, खेल, व्यवसायिक प्रशिक्षण और स्वरोजगार के अवसर प्रदान कर रही हैं। इस प्रकार, दिव्यांग अपने सीमित शारीरिक संसाधनों के बावजूद समाज में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# प्रभावितों को राहत और मूलभूत सुविधाओं की बहाली मेरी पहली प्राथमिकता : कुनिका

नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान



**बालीचौकी।** बालीचौकी क्षेत्र में इस बार बरसात ने भयानक तबाही मचाई है और ऐसे में क्षेत्र में प्रभावितों को रिलीफ और मूलभूत सेवाओं को बहाली को प्राथमिकता दी जाएगी। बालीचौकी में एसडीएम का पदभार सम्भालने के उपरांत पहली बार मीडिया से बात करते हुए नई प्रशासनिक अधिकारी कुनिका एक्रेस ने क्षेत्र को लेकर अपना विजन मीडिया के सामने रखा।

उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान प्रभावित लोगों के पुनर्वास को लेकर वे शीघ्र ही अपने उच्चाधिकारियों को वस्तुस्थिति से अवगत करवायेंगी जिसे प्रभावितों को राहत मिल पाए। उन्होंने कहा कि सड़कों की बहाली को लेकर शीघ्र ही संबंधित विभाग से फीडबैक लेकर बसों को जल्द चलाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने उपमंडल मुख्यालय बालीचौकी में पार्किंग और वन वे को सुचारू रूप से दुरुस्त करने के लिए भी पहल करने का आश्वासन देते हुए कहा कि उपमंडल मुख्यालय में सरकारी पार्किंग स्थलों को सरकारी दरों पर स्थानीय व्यापारियों के लिए खोलने के भी प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने नो पार्किंग जोन की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं का अवलोकन करने के लिए शीघ्र ही उपमंडल के सभी विभागाध्यक्षों की बैठक आयोजित की जाएगी ताकि आम जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रभावी प्रयास किए जा सकें।

कुनिका एक्रेस मूल रूप से कुल्लू जिला की निवासी हैं। वर्ष 2022 में एचएएस परीक्षा में रैंक 2 आया और एसडीएम के रूप में नियुक्ति मिली। बालीचौकी से पूर्व कुनिका झंडूता में बतौर एसडीएम के पद पर कार्य कर चुकी हैं। इनके पिता व्यवसायी हैं।

# मुल्थान-बड़ा ग्रां सड़क पर अव्यवस्थित पाइपों से बढ़ी वाहन चालकों की मुश्किलें

## जीरो नाला में छोटे पाइप बने परेशानी का कारण, सुधार कार्य अब भी अधूरा

रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा



मुल्थान-बड़ा ग्रां सड़क मार्ग पर अव्यवस्थित पाइपों से बढ़ी दिक्कतें।

**बरोट।** छोटा भंगाल घाटी के मुल्थान-बड़ा ग्रां सड़क मार्ग पर इस वर्ष बरसात में जगह-जगह ल्हासे गिरने और डंगे धंसने से हुए भारी क्षरण के बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा गत माह मरम्मत कार्य तो पूरा कर दिया गया, लेकिन जीरो नाला में बिछाए गए छोटे-छोटे पाइप तथा उसी नाले के किनारे बनी चढ़ाई का उचित सुधार अभी तक शेष है, जिससे गुजरने वाले छोटे-बड़े वाहनों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। वहीं सरला गांव और चेलरा दी मलाह गांव के मध्य सड़क पर ऊपर से बहने वाले पानी की निकासी के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा लगाए गए छोटे पाइप सही स्थान पर न होने के कारण समस्या और भी बढ़ गई है। कोठी कोहड़ पंचायत के पूर्व प्रधान इंद्र सेन, धर्म चंद तथा स्थानीय वाहन चालक दान सिंह, रागी राम, जगवीर सिंह, राजिंद्र कुमार, रविंद्र कुमार आदि का कहना है कि पानी का बहाव एक दिशा से होता है, जबकि पाइप दूसरी दिशा में बिछा दिए गए हैं, जो विभाग की गंभीर त्रुटि है। इसके अतिरिक्त सड़क पर एक रैंप-सा बन जाने से वाहन चालकों को दो-चार होना पड़ता है।

लोगों ने मांग की है कि जीरो नाला में लगे छोटे पाइपों को बड़े पाइपों से बदला जाए या पक्की पुली निर्मित की जाए तथा सरला गांव से आगे निकासी पाइपों को सही स्थान पर बिछाकर वहां बने रैंप को भी दुरुस्त किया जाए। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग उपमंडल बीड़ के कनिष्ठ अभियंता दिनेश कुमार ने आश्वासन दिया है कि दोनों स्थानों की समस्या को ध्यान में रखते हुए आगामी दो-चार दिनों में सुधार कार्य पूरा कर दिया जाएगा और सरला गांव से आगे लगाया गया पाइप भी उचित स्थान पर पुनः स्थापित किया जाएगा।

# समय पर पेंशन न मिलने पर एचआरटीसी पेंशनर्स में रोष

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

- सरकाघाट में काले बिल्ले लगाकर किया विरोध
- मासिक बैठक में फूटा गुस्सा, सरकार से शीघ्र समाधान की मांग

हिमाचल पथ परिवहन पेंशनर्स कल्याण संगठन इकाई की मासिक बैठक यहां संगठन के प्रधान अमी चन्द की अध्यक्षता में सरकाघाट में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत में सभी पेंशनर्स ने अपने सेवानिवृत साथी प्रकाश चंद के देहांत पर गहरी संवेदनाएं प्रकट कीं तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा।

बैठक में सबसे प्रमुख मुद्दा समय पर पेंशन और अन्य भत्ते न मिलना रहा। पेंशनर्स ने रोष प्रकट करते हुए काले बिल्ले लगाकर विरोध दर्ज कराया। वक्ताओं ने कहा कि सरकार अन्य विभागों के पेंशनर्स को तो समय पर पेंशन दे रही है, किन्तु हिमाचल पथ परिवहन निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारियों—जिन्होंने अपने पूरे सेवाकाल में कठिन परिस्थितियों में रात-दिन काम किया—उन्हीं को पेंशन के लिए तरसना पड़ रहा है। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक और अन्यायपूर्ण है। बैठक में संगठन के दो नए सदस्यों, सरकाघाट डिपो से सेवानिवृत्त देशराज और बिलासपुर से नंदलाल का हार पहनाकर स्वागत किया गया।

पेंशनर्स ने बैठक के दौरान अपनी अन्य समस्याएं भी रखीं और सरकार से शीघ्र समाधान की मांग की इस अवसर पर उपाध्यक्ष हरि सिंह, महासचिव रणजीत सिंह, मदन मोहन, मीडिया सहयोगी एवं सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चन्द भारद्वाज सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। सभी ने एक सुर में कहा कि यदि शीघ्र पेंशन मुद्दे का हल नहीं निकाला गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### स्टोन क्रशर हादसे में युवक की मौत, जांच शुरू

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पुलिस थाना सरकाघाट के तहत एक दर्दनाक हादसे में 19 वर्षीय राहुल कुमार पुत्र शंभू राम, निवासी गांव टिकोलिया (चलपटिया), तहसील व जिला बैतिया, बिहार की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार 3 दिसंबर को वह स्थानीय स्टोन क्रैशर में काम कर रहा था, इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह डंगे से छाती के बल नीचे गिर गया। गंभीर हालत में उसे तुरंत जोनल अस्पताल हमीरपुर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उपचार शुरू किया, लेकिन दौराने इलाज उसकी मृत्यु हो गई। मृतक का पोस्टमार्टम जोनल अस्पताल हमीरपुर में करवाया गया। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर मामला दर्ज कर लिया है तथा नियमानुसार आगामी कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। हादसे से क्षेत्र में शोक की लहर है। मामले की पुष्टि थाना प्रभारी रजनीश ठाकुर ने की है।

### कल 12 से 2 बजे तक बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** विद्युत उपमंडल नंबर 2 मंडी के सहायक अभियंता ई. सुनील शर्मा ने बताया कि गुटकर अनुभाग के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों गुटकर, हरीहर अस्पताल, तपन इंडस्ट्रीज, रिलायंस पेट्रोल पंप, रोपा, बहना, गलिया बहना, कहनवाल, टिल्ली, दयारी, मलोरी, सब्जी मंडी, ब्राह्मीधार, होटल क्लासिय्ये, विस्को रिसोर्ट, रतीबाई, चड़यारा तथा मांडव अस्पताल सहित इनके आसपास के क्षेत्र में 7 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक हाई टेंशन लाइनों की आवश्यक मरम्मत कार्य के कारण बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि मौसम खराब होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा तथा उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की।

### मुख्यमंत्री से धर्मशाला में मिले कार्य निरीक्षक

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल प्रदेश राज्य लोक निर्माण और जल शक्ति विभाग कार्य निरीक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल धर्मशाला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू से मिला। अध्यक्ष जितेंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में मिले प्रतिनिधिमंडल द्वारा कार्य निरीक्षकों के पे स्केल में विसंगति को दूर करना, कार्य निरीक्षक से कनिष्ठ अभियंता की पदोन्नति हेतु कोटा 4 प्रतिशत से बढ़ाकर 16 प्रतिशत करना और पुराने भर्ती तथा पदोन्नति नियमों में संशोधन करने की मांग की गई। संघ की ओर से यहां जारी बयान में मुख्यमंत्री द्वारा इन मांगों पर शीघ्र गौर करने का भरोसा दिया गया है।

### मुल्थान महाविद्यालय में योग शिविर आज

**अनंत ज्ञान, बरोट।** छोटाभंगाल घाटी स्थित महाविद्यालय मुल्थान के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. अनमोल सिंह ने महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों तथा घाटी के हर वर्ग के नागरिकों को अवगत करवाया है कि आगामी शनिवार को सुबह 11 बजे महाविद्यालय परिसर में योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर गायत्री परिवार, हरिद्वार से संबंध रखने वाले योग गुरु सोमेदर दत्त मुख्यातिथि एवं स्रोत व्यक्ति के रूप में उपस्थित रहकर प्रतिभागियों को योग साधना, मानसिक शांति, तनाव प्रबंधन, मनो-रोगों से मुक्ति तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन देंगे और कुछ योगिक क्रियाएं भी करवाएंगे। कार्यकारी प्राचार्य डॉ. अनमोल ने विद्यार्थियों व घाटीवासियों से अपील की है कि 6 दिसंबर को निर्धारित समय पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस योग कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

### टैगोर सदन ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** केंद्रीय विद्यालय संधोल में शुक्रवार को वार्षिक खेलकूद उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि धर्मपुर के एस.डी.एम. जोगिंद्र पाटियाल और प्राचार्या सुश्री धीरज कौशल ने कार्यक्रम में भाग लिया। दीप प्रज्वलन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक वर्गों में 100 मीटर, 200 मीटर दौड़, नींबू-चम्मच दौड़, मेंढक दौड़, रिले रेस सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। बालक एवं बालिका वर्ग में वॉलीबॉल प्रतियोगिता भी संपन्न हुई। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक प्रदर्शन किया और विजेताओं को मुख्य अतिथि एवं प्राचार्या द्वारा पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। टैगोर सदन ने ओवरऑल ट्रॉफी जीतकर अपनी उत्कृष्टता प्रदर्शित की। खेलकूद उत्सव ने विद्यालय में खेल भावना, टीम वर्क और समरसता का माहौल उत्पन्न किया।

### झटींगरी स्कूल में होनहार छात्र किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झटींगरी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े हर्षोल्लास एवं गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित ठाकुर नेक राम शास्त्री मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और वर्षभर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र प्रदान किए। मुख्य अतिथि ने बच्चों को कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़संकल्प के साथ शिक्षा ग्रहण करने का संदेश दिया और नशे व अधिक मोबाइल उपयोग के दुष्प्रभावों से सावधान किया। समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित हुईं। उन्होंने 11,000 रुपए प्रोत्साहन राशि विद्यालय को भेंट की और पांच मेधावी विद्यार्थियों को 5,000 रुपए की सहायता दी। कार्यक्रम में अभिभावक, गणमान्य लोग व विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

### छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरा, मंडी।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन मंडी द्वारा चलाए जा रहे 'देई 2.0' कार्यक्रम के तहत विभिन्न विद्यालयों में वृत स्तरीय किशोरी मेलों की श्रृंखला शुरू हो गई है। इन मेलों का उद्देश्य किशोरियों के समग्र विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, मासिक धर्म स्वच्छता, सुरक्षा और सामाजिक भागीदारी को बढ़ावा देना है। इस श्रृंखला के तहत वृत कटौला में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, बागी में किशोरी मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य हेमराज ठाकुर ने की और छात्राओं को जागरूक व आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया। मेले में चित्रकला और स्लोगन लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। चित्रकला में शुषमा प्रथम, वंशिका द्वितीय और लक्ष्मी तृतीय रहीं, जबकि स्लोगन लेखन में रमेश प्रथम, प्रीक्ष द्वितीय और चिंता तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग, पुलिस एवं महिला बाल विकास विभाग की टीमों ने किशोरियों को स्वास्थ्य, योग, मासिक धर्म स्वच्छता और कानूनी जानकारी प्रदान की।

### मंडी सदर में ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट 18 को

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सदर उपमंडल में ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट 18 दिसम्बर को छोटा पड्डल स्थित बैडमिंटन कोर्ट के सामने वाली सड़क पर आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी एसडीएम सदर मंडी रुपिंदर कौर ने दी। एसडीएम ने बताया कि ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट में भाग लेने वाले अभ्यर्थी अपना फॉर्म फोटो सहित पूर्ण रूप से भरकर तथा निर्धारित फाइल सहित लेकर उपस्थित हों। बिना फोटो, बिना फाइल और अधूरे भरे फॉर्म किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि टेस्ट के लिए स्लॉट बुकिंग 12 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से Parivahan.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन की जा सकेगी।

# नप सुंदरनगर ने मेले के लिए बिना सदन की स्वीकृति के दिया जवाहर पार्क : शिव सिंह

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

- व्यापारियों के समर्थन में उतरे पार्षद शिव सिंह सेन



व्यापारियों के समर्थन में पार्षद शिव सिंह सेन भी आए हैं। उन्होंने नगर परिषद द्वारा मेला बाजार लगवाने का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि जैसा कि जवाहर पार्क मैदान सुंदरनगर नगर परिषद का है। प्रस्तावित मेले का जो विरोध स्थानीय व्यापारियों द्वारा किया जा रहा है, यह विरोध बिल्कुल उचित है। वह भी व्यापार मंडल तथा अन्य संस्थाओं के साथ इस विरोध का सहयोग देने के लिए तत्पर तैयार हैं। उन्होंने कहा कि वह पहले भी व्यापार मंडल सुंदरनगर को इस मुद्दे पर अपना समर्थन दे चुके हैं।

यह अनाधिकृत मेला, जो केवल एक व्यक्ति को अलॉट किया गया है, यह कोई नोटिफाई मेला नहीं है और ना ही किसी सामाजिक संगठन के द्वारा किया जा रहा है। यह व्यक्ति विशेष को लाभ देने के लिए, बिना नगर परिषद के सदन की स्वीकृति के ही अलॉट कर दिया गया, जो मैदान सुंदरनगर के सुप्रसिद्ध नोटिफाईड मेले नलवाड़ व देवता में लगभग एक करोड़ रुपए में अलॉट होता है। उसे चंद नगर परिषद के प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कौड़ियों के भाव बिना किसी स्पर्धा के ही, व्यक्ति विशेष को गत कई बरसों से देते आ रहे हैं। जो कि सभी नियमों को ताक पर रखकर किया गया है।

पार्षद ने कहा कि वह स्थानीय पार्षद होने के नाते इसकी निंदा करता हूं तथा सरकार से इसकी विस्तार से जांच करने के लिए अलग पत्र दे रहा हूं। उन्होंने कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद सुंदरनगर से इस मेले के आयोजन का रिकॉर्ड लिखित में मांगा है। जैसे ही उन्हें डिटेल मिलेगी वह व्यापार मंडल को तथा अन्य स्थानीय निवासियों व संगठनों को अवगत करवाएंगे।

# करसोग खंड का पहला तंबाकू मुक्त गांव बना कुन्हू

**अनंत ज्ञान, करसोग।** प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के अंतर्गत विकास खंड करसोग की ग्राम पंचायत बगैला के कुन्हू गांव को तंबाकू मुक्त घोषित किया गया है। खंड चिकित्सा अधिकारी करसोग डॉ. गोपाल चौहान ने बताया कि तंबाकू नियंत्रण नियमावली के अनुसार इस गांव को सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के आकलन के अनुसार 160 में से 149 अंक मिले हैं। जिसकी पुष्टि वहां के प्रधान खुशी राम, महिला स्वास्थ्यकर्ता कला देवी और करसोग अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी की टीम द्वारा की गई है। टीम द्वारा किए गए आकलन के बाद खंड चिकित्सा अधिकारी करसोग और खंड विकास अधिकारी करसोग ने ज्वाइंट सिग्नेचर करके कुन्हू गांव को प्रमाणपत्र जारी कर करसोग खंड का पहला तंबाकू मुक्त गांव घोषित किया।

डॉ. गोपाल चौहान ने ग्राम पंचायत बगैला के प्रधान और गांव के सभी लोगों को इस उपलब्धि पर बधाई दी है। उन्होंने बताया कि नशे जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करने के लिए समाज के सभी लोगों को एकजुट होकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने कुन्हू गांव के लोगों को, इस गांव को तंबाकू मुक्त बनाए रखने के लिए और अधिक मेहनत करने और सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में कुन्हू गांव एक आदर्श गांव के रूप में विकसित होगा।

# चमुखा में 6 ग्राम चिट्टे सहित युवक गिरफ्तार

## किरतपुर-मनाली फोरलेन पर नाकाबंदी के दौरान पुलिस को मिली सफलता

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर



किरतपुर-मनाली फोरलेन पर नाकाबंदी के दौरान चिट्टे सहित पकड़ा आरोपी।

पुलिस थाना सुंदरनगर ने नशे के खिलाफ अपने अभियान को तेज करते हुए एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। थाना सुंदरनगर की टीम ने एएसआई दौलत राम के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल हंसराज व कांस्टेबल कुलदीप के साथ एक आरोपी को 6 ग्राम चिट्टे सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते वीरवार रात पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम किरतपुर-मनाली फोरलेन पर नाकाबंदी के दौरान चमुखा में मौजूद थी। टीम बिलासपुर से मंडी की ओर आने वाले वाहनों की नियमित चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक टैक्सी चंडीगढ़ की ओर से आई और पुलिस ने उसे चेक किया। टैक्सी चालक सामान्य रूप से वाहन से उतरकर चेकिंग करवाने लगा, लेकिन उसके साथ चंडीगढ़ से सुंदरनगर आ रहा युवक अचानक घबरा गया और गाड़ी से उतरते ही वहां से भागने लगा। पुलिस टीम ने सतर्कता दिखाते हुए तुरंत पीछा किया और उसे करीब 5-10 कदम की दूरी पर ही काबू कर लिया। इसी दौरान युवक के हाथ से एक रुमाल नीचे गिर दिया गया। पुलिस ने उसे उठाकर जांच की तो पाया कि रुमाल तह किया हुआ था। जब इसे खोला गया तो उसके अंदर से 6 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान अनिल सैनी पुत्र रणजीत सैनी निवासी गांव एवं डाकघर ढाबन तहसील बल्ह जिला मंडी हिमाचल प्रदेश के रूप में हुई है। डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# 800 मीटर दौड़ में ऋषभ ने मारी बाजी

## जोगिंद्रनगर महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर



जोगिंद्रनगर महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन किया गया।

राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का दूसरा और अंतिम दिन बड़े उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ।

इस अवसर पर सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेल स्पर्धाओं में भाग लेकर अपने प्रदर्शन से मैदान में जोश भर दिया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. निशा वैद्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुईं और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। पुरुष वर्ग की 800 मीटर दौड़ में ऋषभ बी.ए. प्रथम वर्ष ने प्रथम, विक्रांत बी.सी.ए. द्वितीय और किशन राव बी.ए. प्रथम वर्ष तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में नैंसी बी.ए. प्रथम वर्ष प्रथम और डिंपल बी.ए. प्रथम वर्ष द्वितीय रहीं। 200 मीटर दौड़ में पुरुष और महिला वर्ग के विजेताओं ने क्रमशः शुभम, तनुज, नितिन और कशिश, कल्पना, कनिका के रूप में पदक हासिल किए। जैवलिन थ्रो में अंजली देवी ने स्वर्ण, पायल ने रजत और प्रियंका ने कांस्य पदक जीता। पुरुष 5000 मीटर दौड़ में करण, पुष्पराज और नीरज ने पदक जीते, जबकि महिला वर्ग में अंजली और नैंसी ने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक प्राप्त किया।

ऊंची कूद में पुरुष और महिला वर्ग के विजेताओं में शुभम, कमल, आदित्य, विक्रांत और कनिका, कल्पना, पायल शामिल रहे। ट्रिपल जंप में मनजीत प्रथम, विक्रांत द्वितीय और रोहित तृतीय रहे। 4म100 मीटर रिले रेस में शुभम, तनुज, अरुण महाजन और नितिन की टीम ने स्वर्ण पदक जीता। खेलकूद प्रतियोगिता में महाविद्यालय के शिक्षकों और गैर-शिक्षक कर्मचारियों ने भी सक्रिय भागीदारी दिखाई। 100 मीटर दौड़, ऊंची कूद और रस्साकशी में शिक्षकों ने शानदार प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का सफल संचालन कार्यक्रम निर्देशक प्रो. प्रकाश चौहान और ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री प्रो. ज्योति प्रकाश तथा अन्य प्राध्यापकों के सहयोग से संपन्न हुआ। इस आयोजन ने छात्र-छात्राओं में खेलों के प्रति उत्साह और टीम भावना को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# चिम्हनू की कृतिका बनीं मेडिकल ऑफिसर, रती अस्पताल में देंगी सेवाएं

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** उपतहसील मकरिड़ी के अंतर्गत ग्राम पंचायत लांगणा के गांव चिम्हनू की डॉ. कृतिका ने हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग शिमला की परीक्षा उत्तीर्ण कर मेडिकल ऑफिसर के पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनका नियुक्ति स्थान बल्ह उपमंडल का नागरिक अस्पताल रती है, जहां वह शीघ्र ही सेवाएं प्रदान करेंगी।

जोगिंद्रनगर क्षेत्र के चिम्हनू गांव से पहली बार किसी युवती का मेडिकल ऑफिसर के रूप में चयन होना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। डॉ. कृतिका ने मेडिकल की पढ़ाई पूरी करने के बाद आईटीआई मंडी में चिकित्सा अधिकारी के रूप में भी सेवाएं दी हैं और मरीजों की स्वास्थ्य सेवाओं में सक्रिय योगदान दिया है। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा डीएवी स्कूल मंडी से प्राप्त की, जबकि एमबीबीएस की डिग्री मेडिकल कॉलेज चंबा से पूरी की। उनके परिवार का सहयोग—पिता बिशन शर्मा, माता सुमन शर्मा और बड़े भाई—उनकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका रहा है।

# रोपा, तुनाही व बेछना क्षेत्रों में सीवरेज और मूलभूत सुविधाओं के समाधान की शुरुआत

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

- पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर ने किया नगर परिषद क्षेत्र का दौरा

पूर्व सीपीएस एवं पूर्व विधायक सोहन लाल ठाकुर ने शुक्रवार को नगर परिषद सुंदरनगर के रोपा, तुनाही और बेछना क्षेत्रों का दौरा कर लोगों की समस्याओं का विस्तार से जायज़ा लिया। लंबे समय से लंबित सीवरेज समस्या को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को आवश्यक कार्य शुरू करने के निर्देश जारी किए। इस दौरान जल शक्ति विभाग के अधिशासी अभियंता रजत गर्ग, एसडीओ दिनेश राणा सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

इस दौरान क्षेत्रवासियों ने पानी, सड़क, स्ट्रीट लाइट व सीवरेज जैसी अनेक मूलभूत समस्याओं को पूर्व विधायक के समक्ष रखा। उनकी शिकायतें सुनने के बाद सोहन लाल ठाकुर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी समस्या के समाधान में अनावश्यक देरी न हो और सभी कार्य समयबद्ध योजना के तहत पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के प्रयासों से रोपा और बेछना क्षेत्रों में आजादी के बाद पहली बार सीवरेज सुविधा का विस्तार तेज़ी से हो रहा है, जिससे हजारों लोगों को राहत मिलेगी। वहीं तुनाही क्षेत्र में भूमि उपलब्ध न होने के चलते सीवरेज कार्य लंबित है। उन्होंने बताया कि इसके लिए स्थानीय लोगों से चर्चा जारी है और भूमि उपलब्ध होते ही यहां भी सुविधा शुरू कर दी जाएगी। रोपा क्षेत्र में स्थानीय नागरिकों के साथ बैठक के दौरान उन्होंने स्ट्रीट लाइटों की खराब स्थिति पर चिंता जताई और जल्द मरम्मत के निर्देश दिए। साथ ही लोक निर्माण विभाग को दूरभाष पर सड़क किनारे नालियां निर्माण कर जल निकासी सुधारने के आदेश दिए, ताकि बरसात के समय लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर पूर्व पार्षद नरेश सेन, तथा स्थानीय निवासी रमेश सैनी, हरी लाल सैनी, कर्म सिंह, धीरज, देवेंद्र, विक्रांत, मीरा देवी, हिमा देवी, विनोद स्वरूप, कार्तिक सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# धार गांव में पधारे श्री देव माहूंनाग तरौर, श्रद्धालुओं ने किया स्वागत

कविता, अनंत ज्ञान



**पधर।** द्रंग विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बड़ीधार के गांव धार में श्री देव माहूंनाग तरौर का दो दिवसीय पधारना भक्तिभाव और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। गांव में देवता के आगमन पर श्रद्धालुओं ने फूलमालाओं से उनका भव्य स्वागत किया तथा नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। देवता माहूंनाग तरौर एक जन्मदिन समारोह में सम्मिलित होने के लिए गांव में पधारे, जहां भक्तों की मन्नतें सुनकर उन्हें अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

दो दिनों तक देवता गांव के विभिन्न स्थलों पर विराजमान रहे और भक्तों ने बड़ी श्रद्धा के साथ दर्शन लाभ प्राप्त किया। देवता के आगमन उपरांत रात्रि के समय जागरण का आयोजन हुआ, जिसमें मांहूंनाग भजन मंडली द्वारा भजन व भेंटों की प्रस्तुति दी गई। मुख्य कलाकार दीनानाथ शर्मा, सुंदर ठाकुर, शुभम नेगी व लाभचंद की मनमोहक भजनों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया और श्रद्धालु देर रात तक नृत्य करते रहे। देवता के गूर डिक पाल शर्मा, पुजारी दीनानाथ शर्मा तथा भूपेंद्र पाल शर्मा ने बताया कि यह देवता का घर में तीसरा आगमन है, जिसे गांव के लिए सौभाग्य माना जाता है।

पुजारी दीनानाथ शर्मा के अनुसार देव माहूंनाग तरौर विष-भंडारी और पुत्र प्राप्ति के दाता माने जाते हैं। देवता का मुख्य मंदिर नाचन विधानसभा क्षेत्र के जबराट जंगल में स्थित है। यहां ऋषि पंचमी के दिन देवता का जन्मोत्सव मनाया जाता है, वहीं वर्ष में दो बार मंदिर में जाग का आयोजन होता है।

## बैठक — बैंकों को ग्रामीण क्षेत्रों में ऋण वितरण तेज करने के उपायुक्त ने दिए निर्देश

# सोशल सिक्योरिटी योजनाओं की जानकारी बढ़ाएं : देवगन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



डीएलआरसी बैठक में मुख्यातिथि उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन को सम्मानित करते हुए।

उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने कहा कि जिले में समग्र वित्तीय समावेशन, वार्षिक ऋण योजना की प्रगति और सीडी रेशो में सुधार के लिए बैंकों को तेज और परिणाम आधारित कार्यप्रणाली अपनानी होगी।

डीएलआरसी की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऋण वितरण अभियान को गति दी जाए और आगामी तिमाही में सीडी रेशो को निर्धारित लक्ष्य तक पहुंचाने हेतु ठोस रणनीति तैयार की जाए। यह बैठक आज यहाँ डीआरडीए सम्मेलन कक्ष में आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि कृषि, पशुपालन, उद्यमिता और स्वयं सहायता समूहों को ऋण उपलब्ध करवाने में आवश्यक तेजी लाई जाए, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो सके। उन्होंने लंबित मामलों के शीघ्र निपटान तथा लाभार्थियों से सीधे संवाद बढ़ाने के निर्देश भी दिए। उपायुक्त ने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना जैसी सोशल सिक्योरिटी योजनाओं का विस्तार अत्यंत आवश्यक है। बैंक इन्हें केवल रूटीन दायित्व न समझें, बल्कि संवेदनशीलता के साथ अधिक से अधिक लोगों तक इनकी जानकारी पहुंचाकर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि बहुत कम प्रीमियम में उपलब्ध ये योजनाएं संकट की घड़ी में परिवारों के लिए मजबूत सहारा सिद्ध होती हैं, इसलिए इन्हें प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने त्रैमासिक बैठकों के लिए भेजे जाने वाले वित्तीय आंकड़ों की शुद्धता सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए गलत आंकड़े भेजे जाने पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों का समाधान शाखा और जिला स्तर पर समयबद्ध रूप से किया जाए, क्योंकि यह बैंकिंग संस्थानों की साख के अनुरूप नहीं है। उपायुक्त ने सराज क्षेत्र में मधु मांडव के तहत आरसेटी द्वारा मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण की सराहना करते हुए कहा कि इससे ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को कौशल विकास और स्वरोजगार के नए अवसर मिले हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रशिक्षित लाभार्थियों को विभागों और बैंकों से जोड़कर ऋण सहायता उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे उद्यम स्थापित कर आय के स्थायी स्रोत विकसित कर सकें।

उन्होंने कहा कि आरबीआई द्वारा चलाया जा रहा आपका पैसा आपका अधिकार अभियान प्रभावी रूप से लोगों तक पहुंचाया जाए, ताकि बैंकों में पड़ी अनक्लेम्ड राशि लाभार्थियों को समय पर उपलब्ध हो सके। बैठक का संचालन अग्रणी जिला प्रबंधक चंदर प्रकाश ने किया। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष पाल वर्मा, आईएएस (ओटी) डॉ मनु वर्मा, आरबीआई के लीड बैंक अधिकारी तरुण चौधरी (ऑनलाइन), डीडीएम नाबार्ड राकेश वर्मा, आयुक्त नगर निगम रोहित राठौर, जिला विकास अधिकारी गोपी चंद पाठक, मुख्य प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक रोहित कुमार सहित विभिन्न विभागों और बैंकों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# खनन पट्टे की शर्तों के उल्लंघन पर सतलुज स्टोन क्रशर की बिजली आपूर्ति की बंद

**डीसी बोले..खनन नियमों के उल्लंघन पर जारी रहेगी 'जीरो टॉलरेंस' नीति**

**अनंत ज्ञान, ऊना**

खनन पट्टे की शर्तों व हिमाचल प्रदेश खनिज नियमों के उल्लंघन पर ऊना जिला प्रशासन ने ललड़ी स्थित सतलुज स्टोन क्रशर व स्क्रीनिंग प्लांट की बिजली आपूर्ति तत्काल प्रभाव से बंद कर दी है।

प्रशासन ने वहां नई क्रशिंग गतिविधि पर पूर्णत: रोक लगाई है। हालांकि, पहले से संग्रहित सामग्री की लोडिंग और ट्रांसपोर्टेशन की अनुमति जारी रहेगी, ताकि स्टॉक का निपटान संभव हो सके। जिला खनन अधिकारी नीरजकांत ने बताया कि पुलिस ने ओवरलोडिंग के अंदेशे से चार टिप्परों को जांच के लिए रोका था। ड्राइवरों द्वारा प्रस्तुत अनुमति पत्र और धर्मकांटे पर तौल के दौरान दस्तावेजों में दर्ज मात्रा और वास्तविक लोड के वजन में बड़ा अंतर पाया गया, जिससे ओवरलोडिंग और खनिज सामग्री के अवैध परिवहन की पुष्टि हुई। यह खनन नियमों और पट्टे की शर्तों का गंभीर उल्लंघन है, जिससे सरकारी राजस्व को हानि पहुंचती है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने डीसी को कार्रवाई की सिफारिश की थी। उस पर डीसी ऊना जतिन लाल ने खनन विभाग को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। निर्देशों के अनुपालन में माइनिंग विभाग ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए बिजली विभाग के माध्यम से क्रशर यूनिट की बिजली बंद कर दी है।

नई क्रशिंग गतिविधि पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। हालांकि, प्लांट परिसर में पहले से संग्रहित मटीरियल की लोडिंग और परिवहन की अनुमति बरकरार रहेगी, ताकि स्टॉक का निपटान सुनिश्चित किया जा सके। प्रशासन ने इससे पहले भी नियम उल्लंघन के मामले में छेत्रां क्षेत्र में संचालित एसएस स्टोन क्रशर की लीज निलंबित करने और बिजली आपूर्ति बंद करने की कड़ी कार्रवाई की है। डीसी जतिन लाल ने कहा कि अवैध खनन, नियम उल्लंघन और ओवरलोडिंग के मामलों पर जिला प्रशासन की 'जीरो टॉलरेंस' नीति जारी रहेगी। नियमों का उल्लंघन करने वाली किसी भी इकाई के खिलाफ सख्त प्रशासनिक और कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# गगरेट व दौलतपुर चौक कस्बे के बाजार होंगे नो स्टॉपेज व नो वेंडिंग जोन घोषित

**अनंत ज्ञान, गगरेट**



एसडीएम सौमिल गौतम ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर नए ट्रैफिक प्लान का ड्राफ्ट तैयार किया।

उपमंडल गगरेट के अंतर्गत आने वाले गगरेट व दौलतपुर चौक कस्बे के लिए नया ट्रैफिक प्लान बनेगा। नए ट्रैफिक प्लान के अनुरूप गगरेट कस्बे में मुख्य चौक से सौ-सौ मीटर दूर तक नो स्टापेज जोन के साथ नो वेंडिंग जोन घोषित होंगे, तो दौलतपुर चौक कस्बे में भी मुख्य बाजार में न तो वाहन खड़े किए जा सकेंगे और न ही रेहड़ियां लगाई जा सकेंगी। यही नहीं इन बाजारों में अब दुकानदारों को सड़क तक बढ़े हुए छज्जे भी हटाने होंगे, जबकि सड़क तक फैलाई गई दुकान भी समेटनी होंगी।

शुक्रवार को नए ट्रैफिक प्लान को लेकर एसडीएम सौमिल गौतम ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर नए ट्रैफिक प्लान का ड्राफ्ट तैयार किया। इसे स्वीकृति के लिए डीसी को भेजा जाएगा और उपायुक्त नए ट्रैफिक प्लान की अधिसूचना जारी करेंगे। जिले के कस्बों में सुधार की उपायुक्त द्वारा शुरू की गई मुहिम के तहत अब गगरेट व दौलतपुर चौक कस्बे में भी सुधार देखने को मिलेगा। एसडीएम सौमिल गौतम ने कहा कि अब इन कस्बों में बसें नगर पंचायत द्वारा तय किए गए स्टापेज पर ही रुक सकेंगी, अगर किसी बस चालक ने इस आदेश की अवेहलना की तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। गगरेट कस्बे के मुख्य चौक के आसपास का सौ मीटर का क्षेत्र नो स्टापेज जोन घोषित होगा। इस जोन में न तो वाहन पार्क किए जा सकेंगे और न ही कोई रेहड़ियां लगाई जा सकेंगी। बाजार आने वाले लोगों की सुविधा के लिए नगर पंचायत द्वारा बस स्टैंड पर बनाई गई पार्किंग निशुल्क उपलब्ध रहेगी, जबकि गगरेट कस्बे में बनी नगर पंचायत की पार्किंग में शुल्क अदा करके जबकि आर्मी ग्राउंड में निशुल्क गाड़ियां पार्क की जा सकेंगी। कस्बे में दुकानदारों को नालियों पर रखा गया सामान भी हटाना होगा जबकि अपनी दुकानों के सड़क तक बनाए गए छज्जे भी हटाने होंगे। कस्बे में अब दिन के समय लोडिंग व अनलोडिंग भी नहीं की जा सकेगी। इसके लिए दुकानदार रात आठ बजे के बाद और सुबह आठ बजे से पहले ही लोडिंग अनलोडिंग कर सकेंगे। दौलतपुर चौक कस्बे में भी यही नियम लागू होंगे। दौलतपुर चौक कस्बे में वाहन चालक अपने वाहन रामलीला ग्राउंड करे साथ ढोलवा रोड पर पार्क करने के साथ नगर पंचायत की पार्किंग का भी इस्तेमाल कर सकेंगे। उन्होंने दुकानदारों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि अधिसूचना जारी होते ही अगर कस्बे में कहीं अतिक्रमण पाया गया तो दुकानदार का सामान तो जब्त होगा ही बल्कि कानूनी कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। बैठक में डीएसपी अनिल पटियाल, तहसीलदार कुलताज सिंह, एसएचओ रमेश चंद, एएसआई अंकुश, ट्रैफिक इंचार्ज घनश्याम, नगर पंचायत गगरेट के कनिष्ठ अभियंता राजीव ठाकुर, लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता रफी मोहम्मद, गौरव शर्मा, व्यापार मंडल दौलतपुर चौक के प्रधान राजीव राजू, व्यापार मंडल गगरेट के प्रधान शुभम पुरी, उपप्रधान अरविंद चक्रवर्ती, पदम लखनपाल भी मौजूद रहे।

# डॉ. यशवंत सिंह परमार विद्यार्थी ऋण योजना से बच्चों के उच्च शिक्षा के सपने हो रहे साकार

**अनंत ज्ञान, ऊना**

मुख्यमंत्री सुक्खू का स्पष्ट विजन है कि हिमाचल के किसी भी बच्चे को आर्थिक कारणों से उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित न रहना पड़े। इसी उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने डॉ. यशवंत सिंह परमार विद्यार्थी ऋण योजना शुरू की है। साल 2023 में आरंभ की गई यह योजना उन युवाओं के लिए भरोसे की पक्की गारंटी है, जो शिक्षा के क्षेत्र में मेहनत और लगन से ऊंचाई छूना चाहते हैं, पर आर्थिक सीमाओं के कारण बाधित रहे हैं।

योजना के तहत हिमाचल सरकार 20 लाख रुपये तक का शिक्षा ऋण मात्र 1 प्रतिशत ब्याज पर उपलब्ध करवा रही है। यह ऋण उच्च शिक्षा के लिए ट्यूशन फीस, भोजन, आवास और अन्य शैक्षणिक आवश्यकताओं पर खर्च किया जा सकता है। ऊना के उच्च शिक्षा विभाग के उपनिदेशक अनिल कुमार के अनुसार, योजना के शुरू होने के समय लाभार्थी परिवार की वार्षिक आय सीमा 4 लाख रुपए निर्धारित थी, अब इसे बढ़ाकर 12 लाख रुपए कर दिया गया है। इससे अधिक विद्यार्थी इस योजना का लाभ उठा सकेंगे। अनिल कुमार कहते हैं कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि हिमाचल के बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करें व ज्ञान, कौशल तथा अनुसंधान के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ बनें। इसमें डॉ. यशवंत सिंह परमार विद्यार्थी ऋण योजना बहुत कारगर पहल है।

### यह है पात्रता व आवेदन प्रक्रिया

**इस** योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक हिमाचल प्रदेश का निवासी होना आवश्यक है और पिछली कक्षा में कम से कम 60 प्रतिशत अंक होना चाहिए। योजना के तहत मेडिकल, फार्मेसी, नर्सिंग, विधि, आईटीआई, पॉलीटेक्नीक और विश्वविद्यालयों में पीएचडी जैसे पाठ्यक्रम शामिल हैं। आयु सीमा 28 वर्ष तक निर्धारित है। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी है। दस्तावेज जमा होने के 2 कार्य दिवसों में सत्यापन व मंजूरी हो जाती है। यदि छात्र ने कॉर्पस फंड विकल्प चुना है, तो ऋण की पहली किस्त 24 घंटे के भीतर छात्र के संस्थान के बैंक खाते में ट्रांसफर कर दी जाती है। वहीं, डीसी जतिन लाल का कहना है कि जिला प्रशासन शिक्षा विभाग के माध्यम से मुख्यमंत्री सुक्खू की सोच के अनुरूप इस योजना के प्रभावी संचालन और समय पर लाभार्थियों तक लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## न्यूज ब्रीफ

### हिम बस पास नवीनीकरण अब और आसान

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपमंडलीय प्रबंधक सुरेश धीमन ने जानकारी दी कि पहले से जारी हिम बस कार्डों के नवीनीकरण से जुड़ी अपडेट सुविधा अब परिचालकों की ईबीटीएम मशीनों पर उपलब्ध करा दी गई है। उन्होंने बताया कि जो यात्री या छात्र अपने हिम बस पास को आगामी अवधि के लिए ऑनलाइन नवीनीकृत करवा रहे हैं, वे अब कार्ड को अपडेट कराने के लिए काउंटर पर जाने की आवश्यकता के बिना सीधे बस में ही परिचालकों की ईबीटीएम मशीन के माध्यम से अपना कार्ड अपडेट करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस नई सुविधा से यात्रियों के समय की बचत होगी और बस पास नवीनीकरण की प्रक्रिया और अधिक सरल तथा सुगम हो जाएगी।

### युवाओं से नशे से दूर रहने का किया आग्रह

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** उपमंडल अंब के तहत धुसाड़ा पंचायत में नशा जागरूकता कैंप आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय लोग, युवा और महिलाएं सक्रिय रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम में डीएसपी ऊना अजय ठाकुर मुख्य अतिथि रहे। कैंप का उद्देश्य नशे के दुष्प्रभावों के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना और नशा मुक्त समाज का निर्माण करना था। अधिवक्ता नीरज कुमार धीमान और अमरजीत सिंह ने कानूनी जानकारी साझा की और नशा तस्करी व सेवन पर कड़े कानूनों की जानकारी दी। डीएसपी ठाकुर ने युवाओं से नशे से दूर रहने और दूसरों को भी जागरूक करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया और सभी को नशा विरोधी शपथ दिलवाई गई।

### हर जिले में अर्धसैनिक कल्याण बोर्ड बनाने की मांग

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** पूर्व केंद्रीय अर्धसैनिक कल्याण संगठन हिमाचल प्रदेश के सदस्यों ने सोमवार को तपोवन विधानसभा परिसर, धर्मशाला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से सद्भावनापूर्ण भेंट की। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों में ऊना जिला का दल सेवानिवृत्त सहायक कमांडेंट सरवन सिंह की अध्यक्षता में शामिल हुआ। मुख्यमंत्री ने संगठन के अनुशासित और सादगीपूर्ण व्यवहार की सराहना करते हुए उनके पास स्वयं पहुंचकर संवाद किया। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के समक्ष मांग रखी कि हिमाचल प्रदेश के प्रत्येक जिले में अर्धसैनिक कल्याण बोर्ड की स्थापना की जाए, ताकि सेवानिवृत्त जवानों और उनके परिवारों को समय पर सहायता मिल सके। मुख्यमंत्री ने मांग को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि संगठन द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का अध्ययन किया जाएगा और आगामी बजट में इस पर प्राथमिकता से विचार होगा। साथ ही उन्होंने जिला कांगड़ा के जिलाधीश को संगठन के कार्यालय के लिए उपयुक्त कमरा उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। इस भेंट में ऊना जिले से सुख-चैन सिंह, अमीर हुसैन, मति धर शर्मा, जसवीर सिंह, राममूर्ति वर्मा, ताज मोहम्मद, राम कुमार, यशपाल सिंह, विनोद कुमार सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। संगठन ने मुख्यमंत्री का सकारात्मक रुख और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।

### ठाकुरद्वारा में मृदु शर्मा ने की पूजा-अर्चना

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के हलेड स्थित ठाकुरद्वारा में विधायक विवेक शर्मा की धर्मपत्नी और जिला ऊना रेडक्रॉस सोसायटी की वरिष्ठ समाजसेविका मृदु शर्मा ने पूजा-अर्चना कर भगवान श्री लक्ष्मी नारायण जी के चरणों में शीश नवाया और क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। उनके आगमन पर मंदिर कमेटी और स्थानीय जनता ने उन्हें गर्मजोशी से स्वागत किया। मृदु शर्मा ने कहा कि धार्मिक और सामाजिक आयोजन समाज को जोड़ने, सकारात्मक ऊर्जा देने और संस्कार सुदृढ़ करने का माध्यम हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों की स्वास्थ्य, खुशहाली और उन्नति की मंगलकामना की। स्थानीय लोग उनके सामाजिक और धार्मिक समर्पण की सराहना करते हुए सामूहिक प्रार्थना में शामिल हुए। इस अवसर पर विद्वान विवेक मिंका, मोहित शर्मा सहित अन्य गणमान्य भी मौजूद रहे।

# सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित चावल पूरी तरह सुरक्षित: राजीव शर्मा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित किए जा रहे चावल पूरी तरह सुरक्षित और फोर्टिफाइड राइस (पोषक तत्वों से युक्त चावल) हैं।

जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले ऊना राजीव शर्मा ने बताया कि जिले के कुछ राशनकार्ड धारकों के बीच यह भ्रांति फैल रही हैं कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत उचित मूल्य दुकानों से वितरित किए जा रहे चावलों में प्लास्टिक का चावल पाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसी जानकारी पूरी तरह निराधार और गलत है। चावलों में जो कुछ दाने अलग दिखाई देते हैं, वे प्लास्टिक के नहीं, बल्कि फोर्टिफाइड राइस (पोषक तत्वों से युक्त चावल) हैं जिन्हें सरकार द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत तैयार किया जाता है। राजीव शर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से उपभोक्ताओं को फोर्टिफाइड चावल उपलब्ध करवाए जाएं, ताकि सामान्य चावल के साथ-साथ नागरिकों को अतिरिक्त पोषक तत्व एवं विटामिन भी मिल सकें। उन्होंने कहा कि फोर्टिफाइड चावल में एफएसएसएआई के मानकों के अनुसार आयरन, फोलिक एसिड तथा विटामिन-12 मिलाए जाते हैं, जो उपभोक्ताओं में पोषक तत्वों की कमी को दूर करने में सहायक हैं। जिला नियंत्रक ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रांति पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से वितरित किए जा रहे फोर्टिफाइड चावल पूरी तरह सुरक्षित और लाभकारी हैं।

# बाइक सवार ने राहगीर को मारी टक्कर, घायल

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** जिला पुलिस देहरा के मोईन थाने के अंतर्गत चलाली में राहगीर राजकुमार पुत्र इकबाल नारायण को अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। राजकुमार अमृतसर का रहने वाला है और चलाली में किराये के मकान पर रहता है। मोईन पुलिस थाना द्वारा अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125ए (रैश और नेग्लिजेंट एक्ट जिससे मानव जीवन को खतरा हो सकता है) और 187 एमबी (मोटर वाहन अधिनियम के तहत अपराध) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस द्वारा आसपास की सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि अज्ञात बाइक सवार की पहचान की जा सके। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# ऊना रोड पर आईटीएमएस कैमरे सक्रिय

## ऑनलाइन चालान शुरू, यातायात नियमों के पालन में दिखा बड़ा बदलाव

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**



उच्च अधिकारियों के दिशा-निर्देशों के तहत बड़ूही पेट्रोल पंप के सामने ऊना रोड पर नए आईटीएमएस (इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम) कैमरे स्थापित कर दिए गए हैं।

कैमरों के शुरू होते ही ऑनलाइन चालान जारी होना शुरू हो गया है, जिसका प्रभाव स्थानीय क्षेत्र में साफ देखा जा सकता है। लोगो को चालान के मैसेज मोबाइल पे आने शुरू हो गए हैं। आईटीएमएस कैमरों के सक्रिय होने के बाद दोपहिया चालकों में हेलमेट के उपयोग में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। चारपहिया वाहन चालकों द्वारा भी सीट बेल्ट सहित अन्य यातायात नियमों का पालन बढ़ा है। इससे सड़क पर अनुशासन और सुरक्षा दोनों में सुधार देखा जा रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि आईटीएमएस कैमरों की वजह से अब यातायात व्यवस्था अधिक व्यवस्थित और सख्त हो गई है। नियम तोड़ने पर तुरंत ऑनलाइन चालान मिल जाने से लोगों में जागरूकता और सतर्कता भी बढ़ी है। वहीं, ग्रामीण इलाकों से जुड़े किसानों और स्थानीय नागरिकों ने हल्की असुविधा भी जताई है। उनका कहना है कि खेतों की ओर जाने के लिए सड़क से कुछ ही दूरी तक बाइक चलानी पड़ती है, लेकिन कैमरों की वजह से अब छोटी दूरी के लिए भी हेलमेट पहनना अनिवार्य हो गया है, जो उनके लिए थोड़ा मुश्किल होता है। थाना प्रभारी अंब ने बताया कि आईटीएमस कैमरे सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए लगाए गए हैं। हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरस्पीड सहित किसी भी नियम उल्लंघन पर प्रणाली द्वारा स्वत: ऑनलाइन चालान जारी किया जाता है।

ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की असुविधा को समझते हैं, लेकिन नियम सभी के लिए समान हैं, और ये नियम लोगों की सुरक्षा से सीधे जुड़े होते हैं। हमारा उद्देश्य चालान करना नहीं बल्कि जनता की जान की रक्षा करना है।

# 7-8 को श्री रामायण पाठ

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** पंचायत बेहड़ जसवां के गांव चक में आगामी 7 और 8 दिसंबर को भव्य धार्मिक आयोजनों की शृंखला संपन्न होगी। इसकी जानकारी लाला शिव नारायण ने दी। उन्होंने बताया कि 7 दिसंबर को गांव में श्रद्धापूर्वक श्री रामायण पाठ का शुभारंभ किया जाएगा, जिसमें भक्तगण भक्ति और आध्यात्मिक माहौल में रामायण के पाठ का श्रवण करेंगे। अगले दिन 8 दिसंबर को श्री रामायण पाठ का भोग डाला जाएगा। भोग के उपरांत राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज मंच पर विराजमान होकर अपने पावन मुखारविंद से दिव्य प्रवचन देंगे। बाबा जी के प्रवचनों से भक्तों को आध्यात्मिक शांति और प्रेरणा प्राप्त होगी। कार्यक्रम के समापन पर महाभंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद सहित भक्ति-भोजन परोसा जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से इस पावन आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# प्रशासन की बाजारों में व्यवस्था सुधार की कवायद जारी

## नो पार्किंग-नो वेंडिंग जोन निर्धारण के संबंध में संभावित स्थलों का लिया जायजा

**अनंत ज्ञान, ऊना**



डीसी और अन्य प्रशासनिक अधिकारी अतिक्रमण व अन्य मसलों पर जानकारी लेते हुए।

ऊना जिले के मुख्य बाजारों में अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग पर नियंत्रण और सुव्यवस्था स्थापित करने की जिला प्रशासन की कवायद लगातार जारी है। इन्हीं प्रयासों के तहत उपायुक्त जतिन लाल ने शुक्रवार को मैहतपुर बाजार का दौरा किया। उन्होंने मैहतपुर के मुख्य बाजार से लेकर पीएचसी बसदेहड़ा तक क्षेत्र का विस्तृत निरीक्षण किया और मेहतपुर बैरियर से इंडस्ट्रियल एरिया तक प्रस्तावित नो पार्किंग-नो वेंडिंग जोन के लिए संभावित स्थलों का भी जायजा लिया।

यह व्यवस्था पहले ही ऊना शहर और बंगाणा मुख्य बाजार में लागू की जा चुकी है। इसे जिले के अन्य मुख्य बाजारों में भी लागू किया जाएगा, ताकि लोगों को सुविधा मिले और बेढंगी पार्किंग, अतिक्रमण और अव्यवस्था से निजात मिल सके। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि मैहतपुर बाजार में केवल पंजीकृत रेहड़ी-फड़ी विक्रेताओं को ही निर्धारित स्थानों पर व्यवसाय करने की अनुमति होगी। उन्होंने बताया कि मैहतपुर सब्ज़ी मंडी को सामुदायिक भवन के पास स्थानांतरित किया गया और पुरानी मंडी स्थल को पार्किंग ज़ोन में बदल दिया गया है। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन पैदल यात्रियों की सुविधा, अतिक्रमण हटाने और ट्रैफिक सुगम बनाने के लिए लगातार ठोस कदम उठा रहा है। उन्होंने आम जनता और विक्रेताओं से प्रशासन का सहयोग करने की अपील की, ताकि जिले में एक स्वच्छ, व्यवस्थित और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। निरीक्षण के दौरान नगर परिषद मैहतपुर-बसदेहड़ा के जूनियर इंजीनियर प्रभास शर्मा, वर्क सुपरवाइज़र दिनेश कुमार, पुलिस अधिकारी और स्थानीय व्यापार मंडल के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# केंद्रीय विद्यालय सलोह में छात्रों को दिया मृदा संरक्षण का संदेश

**अनंत ज्ञान, ऊना**

विश्व मृदा दिवस के अवसर पर कृषि विभाग ऊना द्वारा शुक्रवार को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सलोह में विद्यालय मृदा स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत नामांकित छात्रों के लिए विशेष जागरूकता समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में मृदा स्वास्थ्य, उसके महत्व और संरक्षण के प्रति समझ विकसित करना था।

कार्यक्रम में कृषि विभाग ऊना के उपनिदेशक कुलभूषण धीमान और मृदा परीक्षण अधिकारी पूजा (मृदा परीक्षण प्रयोगशाला, ऊना) विशेष रूप से उपस्थित रहे। उपनिदेशक कुलभूषण धीमान ने अपने संबोधन में कहा कि मृदा केवल मिट्टी नहीं, बल्कि जीवन का मूल आधार है। उन्होंने छात्रों को मृदा अपरदन, रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग व उसके पर्यावरणीय प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ मिट्टी ही पौष्टिक भोजन, स्वच्छ पर्यावरण और सुरक्षित भविष्य की कुंजी है। मृदा परीक्षण अधिकारी पूजा ने छात्रों को मृदा परीक्षण की व्यावहारिक प्रक्रिया समझाई। उन्होंने बताया कि किसान एवं छात्र कम लागत वाली तकनीकों का उपयोग कर मिट्टी के पोषक तत्वों की कमी और उनके स्तर की जांच आसानी से कर सकते हैं।

कार्यक्रम के दौरान पंजीकृत छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, सोइल हेल्थ कार्ड मोबाइल एप के माध्यम से मिट्टी के नमूने लिए तथा मृदा संरक्षण को बढ़ावा देने संबंधी कई महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे। छात्रों ने मिट्टी बचाने की शपथ भी ली। कार्यक्रम की सफलता की सराहना करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम गुलरिया ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों को भविष्य का 'मृदा प्रहरी' बनने हेतु प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि हर एक कण और हर एक बूंद मायने रखती है, और यही जागरूकता आने वाली पीढ़ियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्षम बनाएगी।

**आयोजन** डीसी-एसपी ने ली बैठक, संवेदनशील पंचायतों में नशा निवारण समितियों को तुरंत सक्रिय होने के निर्देश

# जिला प्रशासन ने 'एंटी-चिट्टा अभियान' को मिशन मोड में तेज किया

**अनंत ज्ञान, ऊना**



बैठक में उपस्थित डीसी, एसपी और अन्य गणमान्य कर्मचरी।

ऊना जिला प्रशासन ने 'एंटी-चिट्टा अभियान' को जिले में मिशन मोड पर आगे बढ़ाते हुए निर्णायक गति दी है। डीसी जतिन लाल ने चिट्टा और नशे को लेकर चिन्हित संवेदनशील पंचायतों की नशा निवारण समितियों को बैठक कर उन्हें तत्काल सक्रिय मोड में काम करने के निर्देश दिए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित यादव भी मौजूद रहे। डीसी ने कहा कि जिले में नशा और तस्करी को समाप्त करने के लिए अभियान को और प्रभावी बनाना प्राथमिकता है। जतिन लाल ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू का लक्ष्य नशा-मुक्त हिमाचल है। प्रदेश सरकार ने चिट्टे को जड़ से मिटाने की व्यापक मुहिम शुरू की है। इस दिशा में जनभागीदारी सबसे आवश्यक है। डीसी ने बताया कि जिले की सभी 245 पंचायतों में समितियां गठित की गई हैं, जिनमें से चिट्टे को लेकर चिन्हित जिले की 10 संवेदनशील पंचायतों पर विशेष फोकस किया गया है। इन्हीं 10 पंचायतों की नशा निवारण समितियों के साथ बैठक कर उन्हें उनके दायित्वों से अवगत कराया गया। बैठक में डीसी ने कहा कि समिति का प्रत्येक सदस्य अपने क्षेत्र को चिट्टा-मुक्त बनाने का व्यक्तिगत संकल्प ले। उन्होंने नशे से जुड़ी हर सूचना प्रशासन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवाओं के व्यवहार में आने वाले बदलावों को समझना अत्यंत आवश्यक है और ऐसी हर सूचना जो नशे की दिशा में संकेत दे, उसकी जानकारी प्रशासन तक पहुंचाना प्रत्येक सदस्य का दायित्व है। उन्होंने कहा कि यह मत सोचें कि हम जानकारी क्यों दें, समाज के प्रति अपना दायित्व समझें, यह सबकी साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने दोहराया कि सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा और मामले में तुरंत पुलिस द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि जिले में चिट्टे की सप्लाई-डिमांड चेन को तोड़ना सबसे अहम है, जिसके लिए समुदाय, युवाओं और परिवारों के बीच समितियों को निरंतर संवाद बनाए रखना होगा। उन्हें कहा कि समितियों को सरकार ने गंभीर जिम्मेदारी सौंपी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि पंचायतों में चिट्टे-नशे पर जागरूकता के लिए विशेष ग्राम सभाएं आयोजित की जाएंगी। जल्द ही इसके निर्देश जारी कर दिए जाएंगें। इनका एजेंडा नशा निवारण पर केंद्रित होगा। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि संवेदनशील पंचायतों की समितियां सप्ताह में एक बार अनिवार्य रूप से बैठक करें और इसकी सूचना दो दिन पूर्व एसडीएम के कार्यालय को भेजें, ताकि उपायुक्त और एसपी स्वयं भी समय-समय पर निरीक्षण कर सकें। एसडीएम मासिक समीक्षा करेंगे।

समिति अध्यक्ष बैठक की कार्यवाही एसडीएम को भेजेंगे जबकि सदस्य सचिव (हेड कांस्टेबल) इसकी विस्तृत रिपोर्ट एसपी कार्यालय को उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने कहा कि समितियां अपने क्षेत्र में नशे की स्थिति का आकलन, नियमित समीक्षा, नशा बेचने वालों व उपभोक्ताओं की पहचान, पुलिस-प्रशासन को त्वरित सूचना, स्कूलों व समुदाय में जागरूकता कार्यक्रम, प्रभावित परिवारों की सहायता और सामुदायिक एक्शन प्लान तैयार करने जैसे कार्यों पर फोकस करें। समितियों में सरकारी स्कूल के प्रधानाचार्य अध्यक्ष बनाए गए हैं और क्षेत्र के पुलिस हेड कांस्टेबल सदस्य सचिव हैं। इनके साथ पंचायत सचिव, महिला मंडल/युवक मंडल प्रतिनिधि, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता, वरिष्ठ नागरिक और ग्राम रोजगार सहायक सदस्य होंगे। पंचायत प्रधान, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य और वार्ड सदस्य एक्स-ऑफिशियो सदस्य रहेंगे। आवश्यकता अनुसार समितियों का विस्तार भी किया जाएगा। जतिन लाल ने बताया कि हिमाचल सरकार ने चिट्टा तस्करी पर नकेल कसने के लिए इससे संबंधित सूचना देने वालों के लिए इनाम योजना लागू की है।

सूचना पर पकड़े चिट्टे की मात्रा के अनुसार इनाम 10,000 से लेकर 10 लाख रुपए तक दिया जाएगा। बड़े गिरोह की सूचना देने पर 5 लाख रुपये से अधिक का पुरस्कार निर्धारित की गई है। नशे से जुड़ी किसी भी सूचना के लिए राज्य सरकार का आपातकालीन नंबर 112 जारी किया गया है।

# इंडस्ट्री 4.0 अपनाने के लिए एमएसएमई को प्रोत्साहन



स्मार्ट निर्माण व डिजिटल रूपांतरण विषय पर आयोजित प्रशिक्षण शिविर में मौजूद प्रतिभागी।

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

औद्योगिक क्षेत्र गगरेट में मिनी कॉमन फैसिलिटी सेंटर में स्मार्ट निर्माण और डिजिटल रूपांतरण पर एक महत्वपूर्ण जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में लघु और मध्यम उद्यमी, उद्योग जगत के प्रमुख और सरकारी अधिकारी उपस्थित रहे। यह पहल केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (सीईएल) के नेतृत्व में और राज्य सरकार के सहयोग से आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य स्थानीय विनिर्माण इकाइयों में इंडस्ट्री 4.0 मुहिम को तेजी से अपनाना है।

जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी), ऊना की प्रबंधक कमला देवी ने एमएसएमई के लिए योजनाओं, प्रोत्साहनों व तकनीकी उन्नयन में डीआईसी की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिला उद्योग केंद्र एमएसएमई को डिजिटल परिवर्तन की इस यात्रा में मार्गदर्शन और सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में गगरेट औद्योगिक संघ के अध्यक्ष प्रमोद व महासचिव सुरेश शर्मा भी उपस्थित रहे।

उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए सभी विनिर्माण इकाइयों से स्मार्ट निर्माण उपकरण अपनाने का आह्वान किया, ताकि बदलते औद्योगिक परिदृश्य में वे प्रतिस्पर्धी बने रहें। सत्र के दौरान सीईएल व आयोजकों के विशेषज्ञों ने बताया कि स्वचालन, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डेटा आधारित निर्णय लेने की तकनीकें छोटे व मध्यम उद्योगों के लिए उत्पादन समय कम करने, गुणवत्ता सुधारने व उत्पादकता बढ़ाने में मददगार हैं।

# सड़क सुरक्षा के पहलुओं पर दी विस्तृत जानकारी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय, बंगाणा में रोड सेफ्टी क्लब के द्वारा शुक्रवार सड़क सुरक्षा पर एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में बढ़ते सड़क हादसों के प्रति जागरूकता लाना और सुरक्षित यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना रहा। इस जागरूकता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं रिसोर्स पर्सन सोनू गोयल, उपमंडल दंडाधिकारी बंगाणा, रहे। उन्होंने अपने प्रभावशाली एवं प्रेरक वक्तव्य में सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। श्री गोयल ने हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, ओवरस्पीडिंग से बचने, नशे में गाड़ी न चलाने तथा मोबाइल फोन के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव छात्रों के साथ साझा किए। उन्होंने विद्यार्थियों से जिम्मेदार नागरिक बनने और सड़क सुरक्षा को जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सड़क सुरक्षा जागरूकता सामाजिक जिम्मेदारी है।

# मठ से हो रहे रिसाव से इनर अखाड़ा बाजार में फिर मंडराया खतरा

## 200 मकान अब भी खतरे की जद में, रेड जोन क्षेत्र घोषित इनर अखाड़ा बाजार में पहाड़ी से लगातार बढ़ रहा पानी का रिसाव

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो


इनर अखाड़ा बाजार में फिर से हो रहा भूस्खलन।

कुल्लू। तीन माह पहले इनर अखाड़ा बाजार में जिस समस्या से 10 लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा था, उस समस्या का समाधान अभी तक नहीं हो पाया है। आलम यह है कि एक बार फिर से मठ क्षेत्र से इनर अखाड़ा बाजार में पानी का रिसाव होना शुरू हो गया है और करीब 200 मकानों और वहां रहने वाले लोगों पर एक बार फिर से खतरा मंडराने लगा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस समस्या के समाधान को लेकर जिला प्रशासन व नगर परिषद कुल्लू गंभीर नहीं दिख रही। लिहाजा, इनर अखाड़ा बाजार के बाशिंदों की चिंता एक बार फिर बढ़ गई है। इनर अखाड़ा बाजार के पीछे स्थित पहाड़ी से लगातार पानी का रिसाव हो रहा है।

वर्षों से उपेक्षित यह समस्या उस बस्ती के लिए गंभीर खतरे का रूप ले चुकी है, जो तीन माह पहले दो जगह भूस्खलन की चपेट में आई थी। हादसे में दस लोगों की जान चली गई थी। क्षेत्र को रेड जोन घोषित कर दिया गया था। करीब 200 मकान अब भी खतरे की जद में हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिला प्रशासन सहित संबंधित किसी भी विभाग ने क्षेत्र को सुरक्षित बनाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए हैं। ऐसे में इनर अखाड़ा बाजार के लोग एक बार फिर चिंता में हैं, क्योंकि खनेड पहाड़ी से लगातार पानी का रिसाव हो रहा है। यह रिसाव ऊपर स्थित मठ क्षेत्र से निकलने वाले सीवरेज और नाली के पानी के कारण हो रहा है। वर्षों से उपेक्षित यह समस्या अब गंभीर खतरे का रूप ले चुकी है उस बस्ती के लिए, जो तीन महीने पहले दो भूस्खलनों की चपेट में आई थी, जिनमें दस लोगों की जान गई साथ ही कुछ घर जहां पूरी तरह जमींदोज हुए थे। वहीं कुछ को नुकसान हुआ था और क्षेत्र को रेड जोन घोषित कर दिया गया, लेकिन अभी तक इस समस्या के हल को लेकर ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। स्थानीय निवासी नेहा ने नाराजगी जताते हुए कहा कि बार-बार अपील करने के बावजूद नगर परिषद, जल शक्ति और अन्य विभाग पूरी तरह उदासीन बने हुए हैं। यदि इस रिसाव को तुरंत नियंत्रित नहीं किया गया, तो यह क्षेत्र कोटरूपी या जोशीमठ जैसी आपदा का सामना कर सकता है। वहीं, अंजु ने बताया कि पिछले कुछ सप्ताह में रिसाव और बढ़ गया है, जिससे परिवारों में दहशत फैल गई है। त्रासदी को तीन महीने बीत चुके हैं, लेकिन न तो कोई स्थायी उपाय किए गए और न ही कमजोर ढलानों को मजबूत करने की कोशिश हुई। क्षेत्र अब भी असुरक्षित व खुला पड़ा है। वहीं, प्रिया जिनके पड़ोसी भूस्खलन में मारे गए थे, उन्होंने कहा कि हालात इतिहास दोहराने जैसे लग रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि 2014 के पहले बड़े भूस्खलन से ही लोग इस मुद्दे को उठा रहे हैं, लेकिन कभी भी कोई तात्कालिक समाधान लागू नहीं किया गया।

उन्होंने चेतावनी दी कि फरवरी की बारिश नजदीक है और यदि तुरंत कदम नहीं उठाए गए तो सरकार को आगे होने वाले जन और संपत्ति के नुकसान की जिम्मेदारी लेनी होगी। एक अन्य प्रभावित निवासी ने कहा कि समुदाय ने अब सामूहिक रूप से मुख्यमंत्री, विधायक, उपायुक्त, नगर परिषद, जल शक्ति और राजस्व विभाग को दिए गए सभी लंबित ज्ञापनों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। लोग अब और इंतजार नहीं कर सकते, क्योंकि वे रोज़ाना पहाड़ी को कमजोर होते देख रहे हैं और उनकी जिंदगियां और घर दांव पर लगे हैं।

### प्रशासन को तीन तात्कालिक मांगें भी सौंपी

लोगों ने प्रशासन को तीन तात्कालिक मांगें भी सौंपी हैं। उन्होंने आग्रह किया कि हाल ही में संपन्न कुल्लू दशहरा से बचाए गए धन को मलबा हटाने व क्षतिग्रस्त मकानों की मरम्मत पर खर्च किया जाए, ताकि वे फिर रहने योग्य बन सकें। उन्होंने एसडीएम कुल्लू के नेतृत्व में एक संयुक्त निरीक्षण समिति गठित करने की मांग की है। इसमें जल शक्ति, नगर परिषद, राजस्व विभाग व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी शामिल हों, ताकि मठ क्षेत्र में सीवरेज और नाली व्यवस्था को नियंत्रित किया जा सके और सख्त, समयबद्ध सुधारात्मक निर्देश जारी किए जा सकें। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री की ओर से घोषित किराया सहायता योजना को तुरंत लागू करने की भी मांग उठाई है, ताकि भूस्खलन से प्रभावित परिवारों को राहत मिल सके। मानसून अभी दूर है, लेकिन सर्दियों की बारिश नजदीक है, ऐसे में निवासियों को डर है कि यदि तुरंत हस्तक्षेप नहीं किया गया, तो इनर अखाड़ा बाजार एक और टाली जा सकने वाली त्रासदी का सामना कर सकता है। लिहाजा, इनर अखाड़ा बाजार के लोग एक बार फिर खौफ के साए में जीने को मजबूर हैं और प्रशासन, नगर परिषद कुल्लू व संबंधित विभागों से मदद की गुहार लगा रहे हैं, ताकि समस्या फिर से विकराल न हो और फिर से भूस्खलन के कारण उन्हें नुकसान न हो।

# मनाली में लागू हो तहबाजारी कानून, नहीं तो होगा आंदोलन

अनंत ज्ञान, मनाली

भारतीय पथ विक्रेता महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक संदीप वर्मा ने कहा कि मनाली में तहबाजारी कानून लागू किया जाए, अन्यथा उन्हें मजबूरन आंदोलन करना पड़ेगा। नगर परिषद व प्रशासन मनाली में बेवजह तहबाजारियों को तंग करना बंद करे।

सड़कों के किनारे सामान बेचने वाले तहबाजारियों के साथ अभद्र व्यवहार सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने नगर परिषद मनाली पर आरोप लगाया कि गत दिनों बाजार में तहबाजारियों को हटाने के दौरान धक्का-मुक्की और मारपीट की गई। उन्होंने कहा कि तहबाजारियों के साथ अमानवीय व्यवहार घिनौने व दंडनीय हरकतों को लेकर 12 महीने पहले प्रशासन को ज्ञापन दिया था, लेकिन प्रशासन ने न तो अधिनियम लागू किया न ही उत्पीड़न रोका। नगर परिषद के अध्यक्ष मनोज कुमार स्वयं कुछ निजी व्यक्तियों और आत्म घोषित तहबाजारियों के साथ सड़क पर उतरे और एक गैर कानूनी एसओपी न तो किसी अधिनियम में मौजूद है न किसी नियम में और न ही किसी सरकारी आदेश में। इस अवैध कार्रवाई का विरोध करने पर पथ विक्रेता संगठन मनाली की अध्यक्ष जमुना देवी के साथ अभद्र व्यवहार सभी को शर्मशार करने वाला रहा।

उन्होंने कहा कि भारत की संसद द्वारा पारित स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट 2014 को किन अधिकारों से कुछ लोग मनमर्जी से एसओपी से बदलने का प्रयास कर रहे हैं, इन्हें किसने अधिकार दिया कि वे तय करें कि मनाली की सड़कों में कौन रहेगा और कौन नहीं, जब संसद और सर्वोच्च न्यायालय स्वयं स्ट्रीट वेंडर्स को वैध हितधारक घोषित करते है तब मनाली में उन्हें अपराधी जैसा व्यवहार क्यों झेलना पड़ रहा है। पथ विक्रेता संगठन मनाली की अध्यक्ष जमुना देवी ने नगर परिषद व प्रशासन से आग्रह किया कि तहबाजारियों की समस्या को गंभीरता से लिया जाए और उनका सही समाधान किया जाए। भारतीय पथ विक्रेता महासंघ के राष्ट्रीय सह संयोजक मोहित बलेचा, गुजरात के प्रभारी जय, महिला नेत्री रागिनि व मनाली के सचिव अवनीश भरवाल मौजूद रहे।

# बजौरा में आज आयोजित होगा किसान जागरूकता कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र, बजौरा द्वारा ग्रामीण कृषि मौसम सेवा (जीकेएमएस) के अंतर्गत 6 दिसंबर को एक दिवसीय किसान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

यह कार्यक्रम प्रातः 11 बजे ग्राम पंचायत भवन, रायसन में होगा। कार्यक्रम के दौरान केंद्र के वैज्ञानिक बागवानी फल उत्पादन, कीट-पतंग प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव एवं उससे अनुकूलन विषयों पर महत्वपूर्व व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे। साथ ही, किसानों को बागवानी विभाग की विभिन्न योजनाओं और पहलों की जानकारी भी प्रदान की जाएगी, जिससे वे बेहतर कृषि तकनीकों से लाभान्वित हो सकें। क्षेत्रीय बागवानी केंद्र ने सभी किसानों से अपील की है कि वे इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेकर विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त करें और उपलब्ध सेवाओं का भरपूर लाभ उठाएँ। यह कार्यक्रम स्थानीय किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने तथा उनकी पैदावार और आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### हिमाचल में बिजली रीडर को प्राथमिकता दे सरकार



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश में प्रदेश सरकार अब बिजली बोर्ड में बिजली मित्र की भर्ती करने जा रही है। ऐसे में हिमाचल प्रदेश में हजारों युवा बिजली रीडर के तहत भी काम कर रहे हैं। बिजली मित्रों की भर्ती के चलते उनकी नियुक्ति रद्द हो जाएगी और प्रदेश में हजारों युवा भी बेरोजगार हो जाएंगे। इसी मुद्दे को लेकर कुल्लू में बिजली रीडरों का एक प्रतिनिधिमंडल डीसी कुल्लू और बिजली बोर्ड के अधीक्षण अभियंता से मिला। वहीं, उनके माध्यम से ज्ञापन भी प्रदेश सरकार को भेजा गया। ज्ञापन में मांग रखी गई कि बिजली मित्र की भर्ती में बिजली रीडर को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। क्योंकि वह लंबे समय से बिजली बोर्ड में काम कर रहे हैं और उन्हें इस काम का भी अनुभव है। प्रतिनिधिमंडल में शामिल बिजली रीडर उमेश ठाकुर, चंद्र किशोर, हेमराज नेगी, नोमी राम, बलवंत, धर्म चंद का कहना हैं कि बिजली बोर्ड के अधीनस्थ सर्कल में प्रस्तावित बिजली उपभोक्ता मित्र पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया संचालित की जा रही है। ऐसे में सरकार से आग्रह है कि बिजली बोर्ड में जेएसवीसी के माध्यम से कार्यरत मीटर रीडरों को इसमें प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने तर्क दिया है कि मीटर रीडर लंबे समय से क्षेत्र में उपभोक्ताओं को सेवाएं दे रहे हैं। इसके साथ ही कार्य में व्यस्थित अनुभव रखते हैं। ऐसे में ना तो वह बेरोजगार होंगे और बिजली बोर्ड में काम करने का अनुभव भी आगे बिजली मित्र के पद पर काम आएगा।

### केलांग में रोजगार के लिए साक्षात्कार 12 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जिला रोजगार अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि शिमला स्थित निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित संस्था मेसर्स स्काई मर्चेंट इंटरनेशनल मार्केटिंग मैनेजमेंट, शिमला द्वारा मैनेजमेंट ट्रेनी के 20 रिक्त पदों की पूर्ति के लिए जिला रोजगार कार्यालय केलंग के माध्यम से विशेष कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10+2 (बारहवीं) उत्तीर्ण रखी गई है तथा अभ्यर्थी की आयु 1 जनवरी, 2025 को अधिकतम 30 वर्ष होनी चाहिए। चयनित अभ्यर्थियों को 12,500 रुपए प्रतिमाह मानदेय तथा नियोक्ता द्वारा निःशुल्क आवास सुविधा प्रदान की जाएगी। कार्यस्थल पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान परिसर, मशोबरा, जिला शिमला रहेगा। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी दिनांक 12 दिसंबर, 2025 (शुक्रवार) को प्रातः 10:30 बजे तक सभी आवश्यक मूल दस्तावेजों (हिमाचल बोनाफाइड प्रमाण-पत्र, रोजगार कार्यालय का वैध पंजीकरण कार्ड, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण-पत्र, जन्म-तिथि प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, आरक्षण प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो) तथा दो पासपोर्ट साइज हालिया फोटोग्राफ सहित) जिला रोजगार कार्यालय केलंग में अनिवार्य रूप से उपस्थित हों। इंटरव्यू प्रातः 11:00 बजे से प्रारम्भ होगा। यह स्पष्ट किया जाता है कि इस भर्ती प्रक्रिया में केवल वही अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे जिनका हिमाचल प्रदेश के किसी भी जिला रोजगार कार्यालय में पंजीकरण है।

# मिड डे मील बजट संकट: बच्चों का हक, शिक्षक व दुकानदार के कंधों पर

जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान

**आनी।** सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध करवाने की महत्वाकांक्षी मिड-डे मील योजना खुद कुपोषण का शिकार हो चुकी है। कुल्लू जिले के आनी विधानसभा क्षेत्र के आनी व निरमंड खंडों के 277 स्कूलों में पिछले तीन महीनों से कुकिंग कॉस्ट का बजट जारी नहीं हुआ। नतीजा यह कि 6,922 बच्चों का मिड-डे मील अब शिक्षकों की जेब से और दुकानदारों से उधारी लेकर चल रहा है। जानकारी के मुताबिक, तीन नहीं बल्कि पूरे चार महीने से लगातार यह संकट जारी है।

आनी शिक्षा खंड के 142 स्कूलों में पहली से आठवीं कक्षा तक के 3,440 बच्चों के लिए लगभग 22 लाख रुपए की देनदारी बकाया है। वहीं निरमंड खंड के 135 स्कूलों में 3,482 छात्र मिड-डे मील लेते हैं, जिन पर 18 लाख 60 हजार रुपए कुकिंग कॉस्ट के बकाया हैं। इसके साथ ही निरमंड में 5,000 रुपए प्रति कुक के मानदेय के 5 लाख 76 हजार रुपए भी लंबित हैं।

### मांग भेज दी, अब सरकार के हाथ में फैसला

**आनी** खंड की खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी शांति देवी व निरमंड की खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी वंदना का कहना है कि फंड जारी करने की मांग सहित पूरा ब्यौरा उच्चाधिकारियों के माध्यम से सरकार को भेज दिया गया है। स्कूल अब सरकार के निर्णय पर ही निर्भर हैं।

### केंद्र से आया पैसा मगर स्कूल तक क्यों नहीं पहुंचा?

हाल ही में केंद्र सरकार ने हिमाचल को मिड-डे मील योजना के लिए 2665 करोड़ रुपए जारी किए हैं। बावजूद इसके जमीनी स्तर पर स्कूलों को फंड जारी न होना कई सवाल खड़े करता है कि सरकार ने पैसा आखिर कहां रोका? और बच्चों के पोषण की कीमत पर बजट में यह देरी क्यों?

### मिड डे मील बंद हुआ तो शिक्षक को सस्पेंशन का डर!

स्थिति यह है कि सरकार की ओर से बजट भले न मिले, लेकिन अध्यापकों और स्कूल प्रबंधन को मिड-डे मील प्रदान करना मजबूरी है, क्योंकि यदि भोजन बंद किया गया, तो विभागीय कार्रवाई और सस्पेंशन तक का डर बना हुआ है, ऐसे में स्कूल राशन, सिलेंडर और खाद्य सामग्री दुकानदारों से उधार मांगकर या शिक्षक स्वयं राशि चुकाकर बच्चों का भोजन किसी तरह जारी रखे हुए हैं।

# युवती ने युवक पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिले में बाहरी राज्य से घूमने आई युवती ने युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पुलिस जानकारी के अनुसार चंडीगढ़ में निजी क्षेत्र में नौकरी कर रही युवती ने चंडीगढ़ के ही एक युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। युवती ने पुलिस थाना चंडीगढ़ में शिकायत दी और अब जीरो एफआइआर के तहत कुल्लू पुलिस ने मामला दर्ज किया है। युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अमेजन में कार्य करती है। उसके लिए अंकुर आनंदकर नाम का रिशता आया। कुछ समय मिलने के बाद दोनों में बातचीत शुरू हुई। इसके बाद हिमाचल घूमने आई और उनके साथ अंकुर भी आया। यहां पर मणिकर्ण घाटी के तोष व मनाली में अंकुर ने बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद अंकुर मेरे साथ शादी करने से मुकर गया। मामले की पुष्टि पुलिस अधीक्षक कुल्लू मदन लाल कौशल ने की है।

# 80 वर्ष या इससे अधिक आयु के पेंशनर्स को 17 दिसंबर को किया जाएगा सम्मानित


बैठक के दौरान आनी के पेंशनर्स।

अनंत ज्ञान, आनी

आनी में 80 वर्ष या इससे अधिक आयु के पेंशनरों को 17 दिसंबर को पेंशनर्स डे के दिन आनी में सम्मानित किया जाएगा।

यह निर्णय सिविल पेंशनर्स एंड सोशल वेलफेयर एसोसिएशन ब्लॉक आनी की मासिक बैठक में लिया गया। बैठक असोसिएशन के अध्यक्ष दूनी चंद ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 17 दिसंबर को पेंशनर्स-डे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। बैठक में पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं पर भी चर्चा हुई। सदस्यों ने एसडीएम आनी लक्ष्मण सिंह कनेट से मिलकर आनी में आपेक्षित पेंशनर्स भवन के निर्माण को लेकर विस्तृत चर्चा की।

एसडीएम आनी ने पेंशनरों की मांगों को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि समस्याओं का जल्द समाधान करवाया जाएगा। संगठन के अधिकारियों ने पेंशनरों से आगामी कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया।

# 15 दिसंबर से पूर्व करवाएं अग्रिम कर जमा: कृष्ण लाल


कार्यक्रम के दौरान आयकर अधिकारी करदाताओं को जानकारी देते हुए।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

आयकर कार्यालय कुल्लू की ओर से शुक्रवार को अखाड़ा बाजार, कुल्लू स्थित सामुदायिक भवन के सभागार में एक आऊटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम प्रधान आयकर आयुक्त-1, चंडीगढ़ के दिशा-निर्देशों व आयकर अपर आयुक्त, शिमला रेंज, शिमला के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अग्रिम कर का समय पर भुगतान, स्व-मूल्यांकन कर के बजाय अग्रिम कर को प्राथमिकता देना, आयकर रिटर्न भरते समय गलत डिडक्शन या छूट का दावा न करना, रिटर्न भरते समय होने वाली सामान्य त्रुटियों से बचाव, शिकायत निवारण तंत्र तथा करदाताओं के अधिकार एवं दायित्व जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। कुल्लू जिला आयकर अधिकारी कृष्ण लाल ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों से समय पर अग्रिम कर की अदायगी सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने अवगत करवाया कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड अब कुछ ऐसे रिफंड मामलों की गहन जांच कर रहा है जिनमें करदाता द्वारा दाखिल रिटर्न में अंकित आंकड़े विभाग के पास मौजूद जानकारी से मेल नहीं खा रहे।

# वृद्धाश्रम के बुजुर्गों की सहायता के लिए वितरित की महत्वपूर्ण सामग्री

**अनंत ज्ञान, मनाली।** कर्मचारी सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत स्नो पीक्स मनाली व क्लब महिंद्रा व्हाइट मेडोज मनाली की टीम ने कालथ स्थित वृद्धाश्रम का दौरा किया और जरूरतमंद बुजुर्गों की सहायता के लिए महत्वपूर्ण सामग्री का वितरण किया। स्नो पीक्स मनाली की ओर से वृद्धाश्रम को 75 क्विल्ट कवर और 75 बेडशीट प्रदान की गईं, जिससे ठंड के मौसम में वहां रह रहे बुजुर्गों को गर्माहट और आराम मिल सके। इसके साथ ही, क्लब महिंद्रा व्हाइट मेडोज मनाली की ओर से 30 टिन शीट्स दान की गईं, जो वृद्धाश्रम के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में उपयोग की जाएंगी। टीम ने वृद्धाश्रम के बुजुर्गों से बातचीत की उनका हालचाल जाना व उनके साथ समय बिताया। इस पहल का उद्देश्य समुदाय के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता और सहयोग की भावना को मजबूत करना रहा।

# रेडक्रॉस यूनिट्स की कार्यप्रणाली को मजबूत करने पर दिया जोर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू


बैठक के दौरान डीसी तोरुल एस रवीश अधिकारियों से चर्चा करती हुईं।

डीसी कुल्लू, तोरुल एस रवीश की अध्यक्षता में शुक्रवार को जूनियर रेडक्रॉस/यूथ रेडक्रॉस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने जिला में रेडक्रॉस यूनिट्स की कार्यप्रणाली को मजबूत करने, इनकी संख्या बढ़ाने और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति युवा पीढ़ी को जागरूक करने पर जोर दिया।

उन्होंने सभी उपस्थित सदस्यों से बहुमूल्य सुझाव लिए और इसके आधार पर आगे की कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि जिले के सभी शिक्षण संस्थानों में जूनियर एवं यूथ रेडक्रॉस यूनिट्स का गठन किया जाना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक बच्चों और युवाओं को रेडक्रॉस से जोड़ा जा सके। इससे न केवल उनमें सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित होगी, बल्कि वे आपदा प्रबंधन, प्राथमिक चिकित्सा और मानवीय सहायता जैसे महत्वपूर्ण विषयों से भी परिचित होंगे। उन्होंने इस प्रक्रिया को और प्रभावी बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों और एक पोर्टल के माध्यम से सभी गतिविधियों को रिकॉर्ड करने का सुझाव दिया। बैठक में जिला स्तर पर बुक बैंक, यूनिट रैंकिंग और पुरस्कार प्रणाली लागू करने पर चर्चा हुई। वर्तमान में कुल 64 यूनिट्स सक्रिय हैं, जो विद्यालयों और महाविद्यालयों में काम कर रही हैं। अन्य संस्थानों में भी यूनिट गठन का लक्ष्य निर्धारित किया गया।

वार्षिक कार्य योजना में ऑरिएंटेशन कार्यक्रम, रेडक्रॉस सिद्धांत, वित्तीय प्रबंधन, रिपोर्टिंग और फीडबैक पर आधारित सत्र आयोजित करने का प्रस्ताव रखा गया। बैठक में वार्षिक कार्यक्रमों में रेडक्रॉस की बुनियादी जानकारी देना, रेडक्रॉस दिवस मनाना, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, नशा निवारण, सड़क सुरक्षा, शिष्टाचार, वृक्षारोपण, प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण, स्वास्थ्य जांच शिविर और आपदा प्रबंधन एवं रोकथाम शामिल करने पर निर्णय लिया गया। बैठक में सहायक आयुक्त जयवंती ठाकुर, रेडक्रॉस सचिव वीके मोदगिल, स्कूल और कॉलेज के शिक्षक तथा यूनिट्स के स्वयंसेवक उपस्थित रहे। उपायुक्त ने सभी सदस्यों को सक्रिय भूमिका निभाने और युवा पीढ़ी को सामाजिक मूल्यों से जोड़ने के लिए प्रेरित किया।

# छात्रों व शिक्षकों ने नशीली दवाओं के उपयोग से दूर रहने की शपथ ली

अनंत ज्ञान, आनी

नशा मुक्त भारत अभियान के 5वें वर्ष का जश्न मनाने के संबंध में पीएम श्री स्कूल आनी में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत, स्थानीय लोगों को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक करने के लिए विद्यालय द्वारा एक विशेष रैली का आयोजन किया गया।

अभियान को सफल बनाने के लिए नशा निवारण समिति के समन्वयक ने छात्रों और समुदाय के बीच तंबाकू और अन्य नशीली दवाओं के उपभोक्ताओं की पहचान करने के लिए पंचायत प्रधान और चिकित्सा अधिकारी के सहयोग से एक स्क्रीनिंग पहल को अंजाम दिया। कार्यक्रम में छात्रों व शिक्षकों ने नशीली दवाओं के उपयोग से दूर रहने और दूसरों को नशीली दवाओं का उपयोग करने से रोकने की शपथ ली, ताकि वे नशा मुक्त समाज में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। हमारे शरीर के अंगों पर तंबाकू उत्पादों और दवाओं के प्रभाव को दर्शाने वाले पोस्टर और चार्ट प्रदर्शित किए गए तंबाकू उत्पादों और नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों के बारे में छात्रों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं पेंटिंग प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में स्वाति पहले, शीतल दूसरे और सिमरन तीसरे स्थान पर रहीं, जबकि जूनियर वर्ग में अखिल पहले, विश्वेश ठाकुर दूसरे और केल्विन तीसरे स्थान पर रहे।भाषणों के माध्यम से छात्रों को यह भी बताया गया कि उन्हें नशीली दवाओं और तंबाकू उत्पादों से दूर रहना चाहिए, ताकि वे अपनी ऊर्जा को अन्य उत्पादक कार्यों में लगा सकें और स्वस्थ रह सकें। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्कूल के कार्यवाहक प्राचार्य नरेश ठाकुर ने बच्चों से नशे से दूर रहने की अपील की और नशा मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया। स्कूल नशा निवारण समिति के समन्वयक प्रवीण मेहता द्वारा संबोधित करते हुए विद्यार्थियों को धूम्रपान और अन्य नशे जैसी लत से बचने के लिए योग -प्राणायाम और अध्यात्म से जुड़े रहने के लिए प्रोत्साहित किया गया और अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाकर अधिक रचनात्मक और अभिनव कार्यों में निवेश करने के लिए प्रेरित किया गया।

**शुभारंभ** अब उन्नत फर्टिलिटी उपचार के लिए नहीं जाना पड़ेगा कुल्लू से बाहर

# नि:संतान दंपतियों की संतान सुख की राह हुई आसान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

नि:संतान दम्पतियों को अब परामर्श और सलाह के लिए कुल्लू जिला से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं रही। अब जिला मुख्यालय कुल्लू के रघुनाथ अस्पताल में ही नि:संतान दंपति अब नि:शुल्क परामर्श का लाभ उठा सकेंगे।लिहाजा, नि:सन्तानता के कारण परेशान कुल्लू व आसपास के जिलों से संबंध रखने वाले दंपतियों की संतान सुख की राह अब कुछ हद तक आसान हो गई है। ढालपुर स्थित रघुनाथ अस्पताल में पहले फर्टिलिटी क्लिनिक की शुरूआत हुई है।

इस सुविधा का शुभारंभ सीएमओ कुल्लू डॉ. रंजीत ठाकुर द्वारा किया गया। अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. सुमेध कौल और स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं मेडिकल डायरेक्टर डॉ. ललिता बंसल ने सीएमओ कुल्लू का स्वागत करते हुए इस पहल को कुल्लू घाटी में उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में बड़ा कदम बताया। अस्पताल में शुरू हुए परामर्श केंद्र में इंडिरा आईवीएफ चंडीगढ़ की विशेषज्ञ डॉ. इतीशा ने रघुनाथ अस्पताल में फर्टिलिटी एवं बांझपन से संबंधित ओपीडी सेवा शुरू की। उन्होंने दंपतियों को आधुनिक फर्टिलिटी प्रक्रियाओं - जैसे आईवीएफ, आईयूआई, आईसीएसआई के बारे में जानकारी दी और आवश्यक जांचें एवं अल्ट्रासाउंड भी किए। अब यह विशेष फर्टिलिटी ओपीडी हर महीने के पहले शुक्रवार को नियमित रूप से संचालित होगी, जिससे दंपतियों को उपचार के लिए दूर शहरों की यात्रा से राहत मिलेगी। इस अवसर पर अस्पताल प्रबंधन जिसमें मेडिकल डायरेक्टर डॉ. सुमेध कौल, स्त्री रोग एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. ललिता बंसल, रेडियोलॉजिस्ट डॉ. प्रांशु कुमार और मैनेजिंग डायरेक्टर बीर सिंह उपस्थित रहे।


सीएमओ कुल्लू डॉ. रंजीत ठाकुर फर्टिलिटी क्लिनिक का शुभारंभ करते हुए।

### हजारों परिवारों के लिए उम्मीद की नई किरण

**यह** सुविधा कुल्लू घाटी के हजारों परिवारों के लिए उम्मीद की नई किरण है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि यह सेवा केयरिंग विद इंपथि की भावना को और मजबूत करेगी और उन दंपतियों को अत्याधुनिक सुविधा प्रदान करेगी जो वर्षों से संतान-सुख की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

### कुल्लू में ही मिलेगी सलाह और परामर्श

**सीएमओ** कुल्लू डॉ. रणजीत ठाकुर ने कहा कि जिन महिलाओं को गर्भधारण करने में दिक्कतें पेश आ रही हैं अब उन महिलाओं को दिल्ली या चंडीगढ़ जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी उन्हें कुल्लू के रघुनाथ अस्पताल में ही गर्भधारण से संबंधित समस्याओं से संबंधित परामर्श और सलाह मिलेगी। रघुनाथ अस्पताल को इसके लिए बधाई एवं शुभकामनाएं।

# माता त्रिपुरा सुंदरी मंदिर नग्गर में 'श्री ललिता सहस्रनाम' पाठ का आयोजन

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

आर्ट ऑफ लिविंग संस्था कुल्लू द्वारा शुक्रवार को नग्गर स्थित माता त्रिपुरा सुंदरी मंदिर में साध्वी अमृता के सान्निध्य में 'श्री ललिता सहस्रनाम' पाठ का आयोजन किया गया। संस्था के मीडिया प्रभारी सुशांत शर्मा ने बताया कि साध्वी अमृता ने पहले मंदिर में पूजा-अर्चना की।

'श्री ललिता सहस्रनाम' में देवी के एक हजार नामों का जाप किया जाता है, जिसमें प्रत्येक नाम के माध्यम से देवी की विशेषताओं का वर्णन होता है। साध्वी अमृता ने बताया कि सहस्रनाम पाठ स्वयं में एक पूजा विधि है, जो मन को शुद्ध कर चेतना का उत्थान करता है और जीवन के विभिन्न पड़ावों में आवश्यक गुणों को जागृत करता है। उन्होंने कहा कि इस पाठ से चंचल मन शांत होता है और व्यक्ति अपने भीतर छिपे गुणों को पहचानकर उन्हें अपने जीवन में प्रकट कर सकता है। सुशांत शर्मा ने बताया कि पाठ के बाद भजन-कीर्तन किया गया। इस कड़ी में साध्वी अमृता के सान्निध्य में 'श्री ललिता सहस्रनाम' पाठ भुंतर और कुल्लू स्थित गुरुद्वारा में भी संपन्न हुआ।

यह शिविर 28 नवंबर से 4 दिसंबर तक आयोजित किया गया, जिसमें कुल 56 प्रतिभागियों ने भाग लिया। साध्वी अमृता ने कहा कि ललिता सहस्रनाम पाठ श्रद्धा और जाग्रति के साथ करने से चेतना में शुद्धि आती है, व्यक्ति सकारात्मक, क्रियाशील और उल्लासपूर्ण बनता है। उन्होंने प्राचीन ऋषियों की दिव्यता की आराधना के महत्व और जीवन में गुणों के जागरण पर प्रकाश डाला।


माता त्रिपुरा सुंदरी मंदिर नग्गर में 'श्री ललिता सहस्रनाम' पाठ के आयोजन पर मौजूद लोग।

# 12 लाख लीटर क्षमता के एक नए वाटर टैंक का निर्माण कार्य पूरा

❑ तीन मुख्य लाइनों में पाइप बिछाने का कार्य प्रगति पर ❑ लीकेज और पेयजल किल्लत से मिलेगी निजात

**आर मोहन चौहान, सोलन**

शहर में पेयजल किल्लत का स्थाई समाधान निकालने के लिए नगर निगम लगातार प्रयासरत है। इस दिशा में निगम ने 12 लाख लीटर क्षमता के एक नए वाटर टैंक का निर्माण कार्य पूरा कर लिया है। इसके साथ ही शहर में पुरानी हो चुकी मुख्य पाइप लाइनों को बदलने का कार्य भी प्रगति पर है। इससे भविष्य में पानी की लीकेज रुकने के साथ पेयजल किल्लत से भी निजात मिलने की उम्मीद है। इस टैंक के बनने से जहां निगम की वाटर स्टोरेज क्षमता में इजाफा होगा, वहीं स्टोरेज बढ़ने से गर्मी व बरसात जैसे सीजन में शहरवासियों को पानी की कमी को उतना सामना नहीं करना पड़ेगा। गौर रहे कि मौसम गर्मी का हो या बरसात का या फिर सर्दियों का,सोलन शहरवासियों को साल के लगभग 12 महीने पेयजल की किल्लत से दो-चार होना पड़ता है। बरसात में गाद आ जाने से, सर्दियों में मुख्य पाइप लाइन फटने से या गर्मियों में प्रॉपर लिफ्टिंग न हो पाने और जगह-जगह हो रही लीकेज से शहरवासी पानी के लिए तरसते रहते हैं। इस समस्या से निजात पाने के लिए निगम द्वारा अपने स्तर पर प्रयास तो किए जाते हैं, लेकिन यह प्रयास इतने कारगर साबित नहीं हो पाते हैं। हालांकि इस दिशा में निगम द्वारा लगातार विचार कर नए कार्य किए जा रहे हैं। इसी के अंतर्गत निगम द्वारा 12 लाख लीटर क्षमता के एक नए वाटर टैंक का निर्माण किया गया है। इस स्टोरेज टैंक के बनने से



नवनिर्मित वाटर टैंक।

निगम की पानी स्टोरेज की क्षमता बढ़ेगी और इसका सीधा फायदा शहरवासियों को मिलेगा। टैंक का निर्माण निगम द्वारा आईपीएच के माध्यम से करवाया गया है। बता दें कि जल शक्ति विभाग द्वारा अश्वनी व गिरि पेयजल योजना से पानी की आपूर्ति की जाती है और शहर के कुछ हिस्सों को छोड़कर अन्य वार्डों में पेयजल सप्लाई का जिम्मा नगर निगम के पास है। निगम के पास एक 18 लाख गैलन की क्षमता वाला मुख्य टैंक है, जिसमें जल शक्ति विभाग द्वारा पानी की आपूर्ति की जाती है। इस टैंक में क्लोरीनेशन के बाद पानी दो अन्य 12 लाख व 8 लाख गैलन वाले टैंकों को भेजा जाता है। इन्हीं टैंक से नगर निगम आगे पेयजल सप्लाई करती है। 70 हजार से अधिक की आबादी वाले सोलन शहर को प्रतिदिन 25 लाख गैलन पेयजल की आवश्यकता होती है। ऐसे में मात्र 20 लाख गैलन के दो टैंक पेयजल आपूर्ति करने में नाकाफी साबित हो रहे हैं। इसी के चलते निगम ने अपनी स्टोरेज को बढ़ाने का फैसला लिया और इस 12 लाख लीटर क्षमता वाले टैंक का निर्माण किया है।

**निगम** द्वारा बनाए जा रहे 12 लाख लीटर क्षमता वाले स्टोरेज टैंक का निर्माण पूरा हो गया है। इसी के साथ शहर में तीन मुख्य पाइप लाइनों को बदलने का कार्य भी पीडब्ल्यूडी के माध्यम से किया जा रहा है। टैंक के बनने से निगम की स्टोरेज क्षमता बढ़ेगी साथ ही नई पाइप लाइन बिछने से लीकेज भी रुकेगी।



**उषा शर्मा मेयर, नगर निगम सोलन।**

## पच्छाद में बिना नंबर की ऑल्टो कार से 6.56 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, नाहन**

पच्छाद पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए डिलमन क्षेत्र में एक बिना नंबर की कार से चिट्टा बरामद किया। दोनों आरोपियों से पुलिस अब सप्लाई नेटवर्क की जानकारी जुटाने में लगी है। पुलिस थाना पच्छाद की टीम नैनाटिक्कर, डिलमन व देवथल क्षेत्र में गश्त के दौरान थी। इसी दौरान टीम को गुप्त जानकारी मिली कि ओच्छघाट (सोलन) की तरफ से एक सफेद बिना नंबर की अल्टो कार देवथल जा रही है, जिसमें सवार दो युवक चिट्टा/हेरोइन की खरीद-फरोख्त में शामिल हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदेहास्पद कार को रोका। कार में बैठे युवकों ने अपना नाम साहिल मेहता निवासी बाहली (शिमला) और राजू चौहान निवासी शथला (शिमला) बताया। तलाशी के दौरान कार के डैशबोर्ड में छिपाई गई पुड़िया से 6.56 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद हुई। बरामदगी के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना पच्छाद में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### सराहां में 8 दिसंबर को कैंपस इंटरव्यू

**अनंत ज्ञान, सराहां।** उप-रोजगार कार्यालय सराहां में 8 दिसंबर, 2025 को प्रातः 11 बजे कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि मैसर्ज स्काई मर्चेंट इंटरनेशनल लिमिटेड पंथाघाटी, शिमला में मैनेजमेंट ट्रेनी तथा ट्रेनिंग मैनेजर के 20 पद रोजगार कार्यालय के माध्यम से भरे जाने हैं जिसके लिए अभ्यर्थियों की आयु 18 वर्ष से 30 वर्ष तथा शैक्षणिक योग्यता 12वीं तथा ग्रेजुएशन रखी गई है। न्यूनतम वेतन 12,500 तथा आवास व बोनस भी दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी आवश्यक दस्तावेज जिसमें शैक्षणिक प्रमाण पत्र, स्थाई हिमाचली प्रमाणपत्र, आधार कार्ड तथा 2 पासपोर्ट साइज फोटो सहित उप-रोजगार कार्यालय सराहां में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नं0 9463634843 पर भी संपर्क कर सकते है।

### राजगढ़ में 11 दिसंबर को भर्ती शिविर

**राजगढ़।** जिला रोजगार अधिकारी देविन्द्र कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मैसर्ज इंडोरमा इंडिया प्रा. लि. बद्दी, जिला सोलन में प्रोडक्शन में अप्रेंटिस-ट्रेनिज के 20 पद पुरूष अभ्यर्थियों के भरे जाने है, जिसके लिए उप-रोजगार कार्यालय राजगढ़ में 11 दिसंबर, 2025 को भर्ती शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इसके लिए आयु सीमा 18 वर्ष से 30 वर्ष तथा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं रखी गई है। न्यूनतम वेतन 16,500 दिया जाएगा। इच्छुक अभियार्थी 11 दिसंबर को प्रातः 11 बजे आवश्यक दस्तावेज जिसमें शैक्षणिक प्रमाण पत्र, स्थाई हिमाचली प्रमाणपत्र, आधारकार्ड तथा 2 पास पोर्ट साइज फोटो सहित उप-रोजगार कार्यालय राजगढ़ में भाग ले सकते है। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नं. 8860554414 तथा 01792253400 पर भी संपर्क कर सकते है।

### उद्योग मंत्री का सिरमौर दौरा आज से शुरू

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उद्योग, संसदीय मामले एवं श्रम रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान 6 दिसंबर से 8 दिसंबर, 2025 तक जिला सिरमौर के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि उद्योग मंत्री 6 दिसंबर को दोपहर बाद पांवटा साहिब में जन समस्याएं सुनेंगे। 7 दिसंबर को प्रातः लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह शिलाई में जन समस्याएं सुनने के उपरांत दोपहर बाद तहसील शिलाई के गांव पशमी में उठाऊ जल योजना तथा सामुदायिक भवन का लोकार्पण करेंगे। उन्होंने बताया कि उद्योग मंत्री 8 दिसंबर को पशमी में देवता श्री चालदा महासु महाराज की दिव्य प्रवास यात्रा समारोह में भाग लेंगे।

### कालाअंब पुलिस ने महिला से बरामद की शराब

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पुलिस थाना कालाअंब की टीम गश्त के दौरान सैनवाला क्षेत्र में मौजूद थी कि तभी उन्हें सूचना मिली कि गांव सलानी की एक महिला सैनवाला से सलानी की ओर अवैध शराब ले जा रही है। सूचना मिलते ही टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए महिला को मौके पर ही काबू कर लिया। महिला से पूछताछ के बाद उसके सिर पर रखे बोरु को उतारकर जांच की गई। बोरु के अंदर एक गत्ता पेटी मिली, जिसमें से देसी संतरा नंबर-1 ब्रांड की 12 कांच की बोतलें (750 एमएल प्रत्येक) बरामद की गई। सभी बोतलों पर सेल फार हिमाचल अंकित था। अवैध शराब बरामद होने पर महिला के खिलाफ पुलिस थाना कालाअंब में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि अवैध शराब उसे कहां से मिली और वह इसे किसे सप्लाई करने जा रही थी।

### उप-रोजगार कार्यालय कमरऊ तथा शिलाई में 09 व 10 दिसंबर को कैंपस इंटरव्यू होंगे

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला रोजगार अधिकारी देविन्द्र कुमार ने बताया कि मैसर्ज औरो स्पीनिंग मिल्स (जोकि वर्धमान टेक्सटाइल्स लिमिटेड बद्दी जिला सोलन की इकाई है) द्वारा प्रोडक्शन में अप्रेंटिस के 200 पदों को भरने के लिए जिला सिरमौर के उप-रोजगार कार्यालय, कमरऊ में 9 दिसंबर तथा शिलाई में 10 दिसंबर, 2025 को कैम्पस इंटरव्यू आयोजित किए जाएगें। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों की आयु 18 वर्ष से 30 वर्ष तथा शैक्षणिक योग्यता 5वीं से 12वीं रखी गई है। न्यूनतम वेतन 12,750 तथा आवास, बोनस व वैधानिक लाभ भी दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी इन निर्धारित तिथियों में आवश्यक दस्तावेज जिसमें शैक्षणिक प्रमाण पत्र, स्थाई हिमाचली प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा 2 पासपोर्ट साइज फोटो सहित उपरोक्त रोजगार कार्यालयों में भाग ले सकते है। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नं. 8894723016 तथा 8894723225 पर भी संपर्क कर सकते है।

### स्वास्थ्य से संबंधित जागरूकता हेतु विशेष सत्र

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अंबुजा फाउंडेशन की ओर से राजकीय प्राथमिक तथा माध्यमिक पाठशाला छामला में छात्रों के लिए स्वास्थ्य से संबंधित जागरूकता हेतु एक विशेष सत्र करवाया गया। इस विशेष सत्र में डॉक्टर शिवानी के द्वारा छात्रों को व्यक्तिगत हाइजीन, सही हस्त प्रक्षालन के तरीके और व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ-साथ पोषण के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में अंबुजा फाउंडेशन से प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर आरती सोनी सहित 6 अध्यापक उपस्थित रहे। वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक संजय शर्मा ने छात्र-छात्राओं में इस तरह की निरंतर जागरूकता के लिए प्रेरित किया और अध्यापिका अनुपमा और मुख्य अध्यापक राकेश कुमार ने बच्चों को इस तरह जागरूक करने के लिए अंबुजा फाउंडेशन का धन्यवाद किया। इस सत्र में कुल 71 बच्चे और 7 अध्यापक और बाल मित्र लाभान्वित हुए।

### श्री साई अस्पताल में निःशुल्क आईवीएफ जांच शिविर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** श्री साई अस्पताल में निःशुल्क आईवीएफ जाँच शिविर का सफल आयोजन किया गया। बांझपन और प्रजनन संबंधी समस्याओं से जूझ रहे दंपतियों के लिए आयोजित इस विशेष शिविर में कुल 30 दंपतियों ने आईवीएफ से संबंधित जांच एवं परामर्श करवाया, जो इस शिविर की बड़ी उपलब्धि को दर्शाता है। दंपतियों को निःशुल्क परामर्श, आवश्यक जाँच एवं आईवीएफ प्रक्रिया से जुड़ी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। सीईओ डॉ. श्रद्धा बेदी ने कहा कि आईवीएफ मातृत्व का सपना पूरा करने की एक विश्वसनीय और वैज्ञानिक प्रक्रिया है। श्री साई हॉस्पिटल में हम उन्नत तकनीक और अनुभवी टीम के साथ मरीजों को सुरक्षित, पारदर्शी और परिणामदायक सेवाएं प्रदान करते हैं। आज 30 दंपतियों का इस शिविर में आना हमारे प्रति लोगों के विश्वास को दर्शाता है। डायरेक्टर डॉ. दिनेश बेदी ने कहा कि 'इस तरह के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का उद्देश्य समाज के उन वर्गों तक पहुँच बनाना है, जो किसी कारणवश सही समय पर जाँच या उपचार नहीं करा पाते। हमें खुशी है कि 30 दंपतियों ने इस शिविर का लाभ उठाया। श्री साई हॉस्पिटल भविष्य में भी ऐसी जनसेवा गतिविधियों को निरंतर जारी रखेगा।'

### 15 दिसंबर तक होगा गेहूं व जौ की फसलों का बीमा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिला में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना 2025-26 के अंतर्गत 15 दिसंबर, 2025 तक रबी मौसम में गेहूं व जौ की फसलों का बीमा किया जाएगा तथा इस योजना के तहत गेहूं की फसल के लिए 900 रुपये प्रति हैक्टेयर अथवा 72 रुपए प्रति बीघा और जौ की फसल के लिए 750 रुपये प्रति हैक्टेयर अथवा 60 रुपए प्रति बीघा प्रीमियम देना होगा। यह जानकारी कृषि उपनिदेशक नाहन राजकुमार ने देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में गेहूं की फसल के लिए कुल बीमित राशि 60 हजार प्रति हैक्टेयर और जौ की फसल के लिए 50 हजार रु. प्रति हैक्टेयर निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि जिला सिरमौर में फसलों के बीमा के लिए कृषि बीमा कंपनी (एआईसी) चयनित की गई है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए किसान अपने नजदीकी कृषि कार्यालय या कृषि बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों से संपर्क कर सकते है जिसके लिए नाहन खंड के किसान दूरभाष नं. 9816640065, पच्छाद खंड के किसान 9459815765, रेणुका व शिलाई के किसान 8629808485 तथा पांवटा साहिब खंड के किसान 8219282290 पर जानकारी ले सकते है।

### एम एम मेडिकल कॉलेज में ब्लड डोनेशन शिविर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** एम एम मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कुमारहट्टी सोलन द्वारा ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन और रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभागों के संयुक्त तत्वावधान में सोलन स्थित गुरुद्वारा नानक दरबार (सकुलर रोड) और मुरारी मार्केट में रक्तदान एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। महर्षि मार्कंडेश्वर यूनिवर्सिटी कुमारहट्टी सोलन के रजिस्ट्रार अजय सिंगल ने बताया कि यह शिविर समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। शिविर को सफल बनाने में यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. रवि चंद शर्मा, रजिस्ट्रार अजय सिंगल, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. मनप्रीत सिंह नंदा, वाइस प्रिंसिपल डॉ. जे. एस. संधू, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. किरण कुमार सिंघल तथा नेक समन्वयक डॉ. जय गोपाल वोहरा मार्गदर्शक शक्ति के रूप में जुड़े रहे। ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉ. तरुण संधू इस शिविर के नोडल अधिकारी रहे, जिन्होंने संपूर्ण कार्यक्रम की निगरानी की। शिविर का उद्देश्य न केवल जरूरतमंदों के लिए रक्त संकलन करना था, बल्कि लोगों में नियमित रक्तदान के महत्व, समाज एवं राष्ट्र के प्रति इसकी भूमिका तथा टीबी जैसी गंभीर बीमारी के प्रसार, लक्षणों और नियंत्रण उपायों के प्रति जागरूकता फैलाना भी रहा।

## सोलन में कूड़े से भरी धर्मपुर पंचायत की गाड़ी पकड़ी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शहर में बाहरी क्षेत्रों से लेकर अवैध तरीके से कूड़ा फेंकने का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक नगर निगम की टीम ने सपरून ओवरब्रिज के पास बाहरी क्षेत्र की कूड़े से भरी पिकअप पकड़ा। टीम ने गाड़ी को जब्त कार्रवाई के लिए नगर निगम कार्यालय में खड़ा किया है। ये पिकअप ग्राम पंचायत धर्मपुर में कूड़ा उठाने के लिए ठेकेदार की ओर से लगाई गई है। वीरवार देर रात करीब 7:30 बजे ये गाड़ी कूड़ा लेकर नगर निगम इलाके में पहुंची तो टीम ने अचानक गाड़ी को पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि पिकअप चालक काफी समय से कूड़ा एकत्र कर सोलन के आसपास टिकाने लगने आती थी। वीरवार को पिकअप में गीला कचरा भरा हुआ था, जिस सुपरवाइजर ने पकड़ा है। निगम कर्मचारियों के अनुसार ये वाहन काफी समय पिकअप पर नजर बनाए हुए थे। नगर निगम सोलन की मेयर ने बताया कि पिछले कई दिनों से शिकायतें मिल रही थी कि बाहरी क्षेत्रों से कुछ लोग निगम क्षेत्र में कचरा फेंक रहे हैं। शिकायत मिली कि केएफसी के समीप कूड़े से भरी हुई पिकअप देखी। निगम टीम ने कार्रवाई करते हुए वाहन को कब्जे में लेकर कार्यालय परिसर में खड़ा करवा दिया है।



जब्त की गई कूड़े से भरी पिकअप।

## सोलन में 7 दिसंबर को विद्युत आपूर्ति बाधित

**अनंत ज्ञान, सोलन**

हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड सोलन से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत 7 दिसम्बर, 2025 को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता राहुल वर्मा ने दी। राहुल वर्मा ने कहा कि 7 दिसम्बर, 2025 को प्रातः 10 बजे से सायं 5.00 बजे तक सेंटर प्राइम मॉल (हवेली), शांडिल निवास, सेंट ल्यूक्स स्कूल, एस.आई.एल.बी., जौणाजी मार्ग, शूलिनी नगर, शक्ति नगर, शिल्ली मार्ग, मोहन कॉलोनी, शर्मा बैंकट हॉल, चम्बा अपार्टमेंट, चैस्टर हिल्स, पुलिस चौकी, वेल्फेयर ऑफिस, माया राम डिपो, पुराना डाक कार्यालय, मोहन पार्ट, अल्पाइन अपार्टमेंट एवं आस-पास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि खराब मौसम व किन्हीं अपरिहार्य कारणों से उक्त तिथि व समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

## सोलन कॉलेज में 'भविष्य के करियर' पर विशेष व्याख्यान का आयोजन

**अनंत ज्ञान, सोलन**

राजकीय महाविद्यालय सोलन के बीबीए विभाग में करियर काउंसलिंग सेल और आर एंड डी सेल के सौजन्य से शूलिनी विश्वविद्यालय की ट्रस्टी एवं चीफ लर्निंग ऑफिसर डॉ. अशू खोसला का विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। डॉ. खोसला ने विद्यार्थियों को भविष्य के करियर अवसरों, बदलते वैश्विक परिदृश्य और नई शिक्षा नीति के अनुरूप उपलब्ध कोर्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अपने संबोधन में उन्होंने विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सॉफ्ट स्किल्स, अनुसंधान कौशल तथा अनुभवात्मक अधिगम की उपयोगिता पर बल दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को शोध-उन्मुख शिक्षा पद्धति अपनाने के लिए प्रेरित किया और कहा कि आने वाला समय उन्हीं का है जो नवाचार, अनुसंधान और तकनीक को अपनाते हैं। उन्होंने यह आश्वासन भी दिया कि शूलिनी विश्वविद्यालय द्वारा राजकीय महाविद्यालय सोलन के विद्यार्थियों के लिए एआई आधारित कौशल प्रशिक्षण कार्यशाला शीघ्र आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान फाइन आर्ट्स विभाग द्वारा एक सुंदर कला प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका डॉ. खोसला ने अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों की कला प्रतिभा की सराहना करते हुए कुछ चित्रों को खरीदकर उनका उत्साहवर्धन भी किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. मनीषा कोहली ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद करते हुए कहा कि ऐसे प्रेरणादायक सत्र विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



कार्यक्रम में हिस्सा लेते छात्र।

## डीसीएम लैंड ऑफ गॉड्स स्कूल में स्पाइक डे का किया गया आयोजन

**कृष्ण रघुवंशी, अर्की**

नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों को खेलों की तरफ प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से डीसीएम लैंड ऑफ गॉड्स स्कूल में स्पाइक डे का आयोजन किया गया, जिसमें मदर लैप्स से कक्षा तीसरी तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। स्कूल में विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट किया गया, जिसमें उन्हें प्रिंसिपल नीरू शर्मा ने ध्वजारोहण की रस्म अदा की और विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी आगे रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि खेलों से जहां अनुशासन की भावना विकसित होती है, वहीं शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास भी होता है। विद्यार्थियों के मध्य पीटी करवाने के अलावा फ्रॉग रेस, रैबिट रेस, हुलाहूप रेस, सैंडविच रेस, सैक रेस, स्पून रेस सहित विभिन्न तरह की खेल गतिविधियां करवाई गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। स्कूल में समय-समय पर विद्यार्थियों के बीच इस तरह की गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं, ताकि वे हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकें।

▶ नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने खेलों में दिखाया उत्साह



खेलकूद प्रतियोगिता में हिस्सा लेते छात्र।

## पंचायत स्तर पर होगा टास्क फोर्स का गठन

**अनंत ज्ञान, सोलन**

विकास खण्ड कार्यालय सोलन में जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण सोलन द्वारा पंचायत स्तर पर टास्क फोर्स का गठन सम्बन्धी तीन दिनों का प्रशिक्षण कार्यक्रम जोकि 3 दिसंबर से शुरू हुआ था वह आज को पूर्ण हुआ। इस ट्रेनिंग के समापन पर खण्ड विकास अधिकारी सोलन रमेश शर्मा द्वारा इस ट्रेनिंग शिविर में पाँच पंचायतों से आये लगभग 60 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। खण्ड विकास अधिकारी सोलन द्वारा ट्रेनिंग में आये स्वयंसेवकों को जानकारी दी कि जो ट्रेनिंग आज वह इस शिवर से ले कर जा रहे है उस जानकारी को वह आमजन तक पहुंचाए व जो भी आपातकालीन नम्बर इस ट्रेनिंग में दिए गए है उन नम्बरों का भी प्रचार करें व पंचायत के विभिन्न स्थानों पर इन नम्बरों को चस्पान करें।

## 63 वर्षों की सेवा, साहस और समर्पण की मिसाल बना गृह रक्षा विभाग

**अनंत ज्ञान, सोलन**

हिमाचल प्रदेश गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा विभाग 6 दिसंबर को अपना 63वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस संबंध में सोलन वाहिनी के कमांडेंट संतोष शर्मा ने मीडिया के माध्यम से विभाग की उपलब्धियों और गतिविधियों की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि वर्ष 1962 में स्थापित यह विभाग आज सेवा, सुरक्षा और अनुशासन का सशक्त प्रतीक बन चुका है। शुरुआत में पुलिस को सहयोग देने के उद्देश्य से गठित यह विभाग अब गृह रक्षा, अग्निशमन, नागरिक सुरक्षा और एसडीआरएफ—इन चार मजबूत स्तंभों के माध्यम से प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था में अहम भूमिका निभा रहा है। कमांडेंट संतोष शर्मा ने बताया कि माननीय अतिरिक्त महानिदेशक एवं आदेशक गृह रक्षा के मार्गदर्शन में 11वीं वाहिनी सोलन ने उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि सोलन वाहिनी द्वारा स्कूलों, कॉलेजों और औद्योगिक संस्थानों में 308 मॉक ड्रिल्स आयोजित कर आम जनता को आग, भूकंप, भूस्खलन व अन्य आपदाओं से निपटने के लिए तैयार किया गया। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि विभाग ने आपदा प्रबंधन के साथ-साथ समाज सेवा में भी अहम योगदान दिया है। 51 बावड़ियों व जल स्रोतों का जीर्णोद्धार, 86 स्वच्छता अभियान और 550 पौधारोपण कर जन सहभागिता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया गया है। संतोष शर्मा ने कहा कि 63वां स्थापना दिवस प्रत्येक नागरिक को सजग, संगठित और सेवा भाव से आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है, जिससे एक सुरक्षित हिमाचल का निर्माण संभव हो।

**नौकरियां** | जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक वन टाइम सेटलमेंट स्कीम लागू

## असिस्टेंट के 33 पद भरने का प्रस्ताव पारित

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल की बैठक हाल ही में संपन्न हुई, जिसमें बैंक के संचालन, विस्तार और कर्मचारियों व ग्राहकों के हितों से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में बैंक में असिस्टेंट के 33 नए पद भरने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित कर रजिस्ट्रार, कोऑपरेटिव सोसाइटीज को भेजा गया। इन पदों के लिए, जल्द ही IBPS के माध्यम से भर्ती प्रक्रिया आरंभ होगी। वन टाइम सेटलमेंट (OTS) स्कीम लागू बैंक द्वारा लंबित एवं पुराने एनपीए खातों के निपटारे हेतु एक महत्वपूर्ण वन टाइम सेटलमेंट योजना लागू की गई है। यह योजना 15 दिसंबर 2025 से प्रभावी होकर 31 मार्च 2026 तक जारी रहेगी। ग्राहकों के लिए अपने देय एनपीए खातों के सेटलमेंट का यह एक सुनहरा अवसर है। कर्मचारियों के लिए एक्स-ग्रेशिया बैंक ने अपने कर्मचारियों को एक्स-ग्रेशिया के रूप में 1 करोड़ 40 लाख जारी किया जिससे कर्मचारियों के मनोबल में वृद्धि हुई। मैक्स हॉस्पिटल के साथ स्वास्थ्य सुविधा समझौता बैंक के कर्मचारियों एवं डिपेंडेंट्स के स्वास्थ्य कल्याण हेतु मैक्स हॉस्पिटल के साथ एक महत्वपूर्ण करार को लेकर बोर्ड की मंजूरी। इसके तहत बैंक कर्मचारी एवं डिपेंडेंट्स को सभी स्वास्थ्य सुविधाओं पर 10 से 20% की छूट प्राप्त करेंगे। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विभाग के साथ करारबैंक कर्मचारियों को पर्यटन से संबंधित सेवाओं पर विशेष छूट प्रदान करने के लिए हिमाचल प्रदेश पर्यटन विभाग के साथ भी समझौता किया जाएगा। जिसके तहत 15% रूम बुकिंग पर और 20% रेस्टुरेंट पर डिस्काउंट दिया जाएगा। बैंक का वार्षिक ऑडिट 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए पूरा हो गया है। ऑडिट रिपोर्ट और ऑडिटेड वित्तीय विवरण निदेशक मंडल के समक्ष प्रस्तुत किए गए। बैंक ने इस वर्ष ₹20.02 करोड़ का शुद्ध लाभ कमाया है। बैंक का कुल व्यवसाय ₹2139.21 करोड़ (जमा ₹1427.78 करोड़ + अग्रिम ₹711.43 करोड़) तक पहुँच गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में अच्छी वृद्धि है। बैंक की बैलेंस शीट मजबूत है और आरक्षित/अधिशेष निधि बढ़कर ₹136.96 करोड़ हो गई है। परिसंपत्ति गुणवत्ता बनाए रखते हुए, बैंक का सकल एनपीए ₹19.78 करोड़ है तथा पर्याप्त प्रावधान (₹36.36 करोड़) होने के कारण शुद्ध एनपीए शून्य है। निदेशक मंडल ने अंकेक्षण रिपोर्ट पर संतोष जताया है और प्रबंधन को बैंक की रेटिंग वर्तमान 'B+' से बढ़ाकर 'A+' करने के लिए सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, आंतरिक निरीक्षण और अनुपालन व्यवस्था को मजबूत बनाने हेतु निदेशक मंडल ने बैंक में ऑडिट मैनेजमेंट सिस्टम लागू करने की मंजूरी दी है, जिससे जोखिम नियंत्रण एवं निगरानी और बेहतर होगी। बैठक में बैंक के प्रबंध निदेशक पंकज सूद, एवं बैंक के निदेशक योगेश भारतीया, विजय ठाकुर, संजीव कौशल, लाज किशोर, रोशन वर्मा एवं लक्ष्मी ठाकुर उपस्थित रहे।

## शूलिनी विश्वविद्यालय में कंप्यूटर गेमिंग टूर्नामेंट का आयोजन

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शूलिनी विश्वविद्यालय के जॉयपेड सिम्फनी क्लब द्वारा आयोजित एक उच्च-ऊर्जा बहु-शीर्षक गेमिंग टूर्नामेंट, लॉक इन 2.0, परिसर में आयोजित एक पुरस्कार वितरण समारोह के साथ संपन्न हुआ। इस टूर्नामेंट में पाँच लोकप्रिय ई-स्पोर्ट्स खिताब फीफा, फ्री फायर, बीजीएमआई, वैलोरेंट और टेक्केन शामिल थे और विश्वविद्यालय के गेमिंग समुदाय ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम में कुलाधिपति प्रो. पी.के. खोसला और एसोसिएट डीन छात्र कल्याण प्रो. नीरज गंडोत्रा ने भाग लिया। फीफा में, वत्सल ने प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ चैंपियनशिप का खिताब जीता। बीजीएमआई में, 'डोंगरा राइफल्स' टीम ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि 'टीम टी-हुक' उपविजेता रही। वैलोरेंट में 'टीम इटरनल सिन' ने दमदार खेल दिखाया, जिसने विजयी खिताब जीता। टेक्केन में, कार्तिक ने प्रथम पुरस्कार जीता, उसके बाद परमबीर सिंह उपविजेता रहे। फ्री फायर में, 'फॉर द विन' ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया, जबकि 'नेमलेस' ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। यह टूर्नामेंट शूलिनी विश्वविद्यालय के आधिकारिक गेमिंग क्लब, जॉयपेड सिम्फनी के बैनर तले आयोजित किया गया था। मुख्य आयोजन टीम के सदस्य अशरण, आयुष धीमान, इरफान और शिवम ने प्रो. नीरज गंडोत्रा और पूनम नंदा, निदेशक, सस्टेनेबिलिटी एंड कम्युनिटी एंगेजमेंट के मार्गदर्शन और सहयोग में पूरी लगन से काम किया।



गेमिंग टूर्नामेंट के प्रतिभागी।

## चिकित्सा भत्ता बिलों के भुगतान न होने से पेंशनर्स में रोष

**अनंत ज्ञान, सराहां**

पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश की सराहां इकाई की मासिक बैठक शुक्रवार को इकाई अध्यक्ष नरेश दत्त शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सभी उपस्थित सदस्यों ने सरकार द्वारा पेंशनर्स की देय राशि जिसमें एरियर 1 जनवरी 2016 से बकाया राशि, चिकित्सा भत्ता बिलों के भुगतान न करने बारे भारी रोष प्रकट किया तथा जल्दी ही लंबित देय राशि एक मुश्त शीघ्र देने की मांग की तथा मुख्यमंत्री महोदय से आग्रह किया कि हम खैरात नहीं अपना हक मांग रहे है। इसके अतिरिक्त पेंशनर्स स्थापना दिवस के दिनांक 17दिसंबर के आयोजन के संदर्भ में बैठक में विचार विमर्श उपरांत प्रबंध कमेटी का गठन किया गया। सभी उपस्थित सदस्यों से आग्रह किया गया कि अधिक से अधिक तादाद में स्थापना दिवस को उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाएं। बैठक में अमर सिंह, काका राम शर्मा, प्रमोद गौतम, ओम दत्त शर्मा, जगदीश, जगत राम, श्री चंद्र मोहन, नरेश जस्सल, नरेंद्र चंचल, नारायण दत्त आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### सुरक्षित संचार और सतर्क रहने की दी सलाह

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हाल ही में क्षेत्र में उपयोगिता सेवाओं से जुड़े उपभोक्ताओं को निशाना बनाने वाले साइबर अपराधों में वृद्धि के बीच, चंडीगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (सीपीडीएल) ने सभी ग्राहकों से सतर्क रहने की अपील की है। सीपीडीएल ने कहा कि उपभोक्ताओं को सेवा संबंधी सहायता या पूछताछ करते समय केवल सुरक्षित और आधिकारिक संचार माध्यमों का उपयोग करना चाहिए। संगठन ने चेताया कि धोखाधड़ी करने वाले तत्व स्वयं को सेवा प्रतिनिधि के रूप में प्रस्तुत कर उपभोक्ताओं को भ्रमित कर रहे हैं और झूठे ऑनलाइन संपर्क विवरण साझा कर रहे हैं। सीपीडीएल ने स्पष्ट किया कि वह कभी भी एसएमएस, मैसेजिंग ऐप या सोशल मीडिया चैनलों के माध्यम से भुगतान लिंक नहीं भेजता। ग्राहकों को किसी भी संदिग्ध संचार को नजरअंदाज करने और तुरंत रिपोर्ट करने की सलाह दी गई है, ताकि उनके डेटा और वित्तीय जानकारी की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### छात्रों में सेवा भावना को बढ़ावा देने की पहल

**अनंत ज्ञान, पंचकूला।** रोटरी क्लब पंचकूला ग्रीन्स ने द राइजिंग गुरुकुल स्कूल में इंटरैक्ट क्लब का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य छात्रों में नेतृत्व क्षमता, सेवा भावना और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में 200 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य आकर्षण के रूप में एजी रोटेरियन डॉ. मुकेश अग्रवाल द्वारा योग सत्र का संचालन और राष्ट्रीय योग खिलाड़ी हरप्रीत कौर का सम्मान शामिल था। रोटेरियन दीपक गुप्ता, पुनीत गोयल, देशराज ठकराल, प्रिंसिपल निधि खिरबत और डायरेक्टर प्रदीप खिरबत को उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया गया। नए निर्वाचित इंटरैक्ट क्लब प्रेसीडेंट मास्टर रमन राय और उनकी टीम का परिचय कराया गया। प्रेसीडेंट रोटेरियन विनीत गांधी ने छात्रों को सेवा, नेतृत्व और सीखने के अवसरों का लाभ उठाने का संदेश दिया। आयोजन को सफल बनाने में रोटरी क्लब और स्कूल प्रशासन की सराहना की गई।

### स्वच्छता नायकों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ तमिल संगम ने शुक्रवार को अपने वार्षिक सामाजिक कल्याण अभियान 'उष्मा बांटने का उत्सव' का आयोजन किया, जो उन अनसुने नायकों को समर्पित है जो सिटी ब्यूटीफुल को स्वच्छ, सम्मानजनक और जीवंत बनाए रखते हैं। चंडीगढ़ के 250 से अधिक हाउसकीपिंग कर्मचारियों को स्वच्छता में उनके अमूल्य योगदान और शहर को देशभर में स्वच्छता का मॉडल बनाए रखने के लिए सम्मानित किया गया।

### मरम्मत के चलते 15 तक यातायात प्रभावित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** यूटी चंडीगढ़ के इंजीनियरिंग विभाग के रोड विंग द्वारा मध्य मार्ग पर जंक्शन-42 से जंक्शन-43 (ट्रांसपोर्ट लाइट प्वाइंट से ग्रेन मार्केट लाइट प्वाइंट) तक रिकार्पेटिंग और मरम्मत का कार्य 06 दिसंबर से 15 दिसंबर 2025 तक किया जाएगा। इस दौरान सड़क के विभिन्न हिस्सों को यातायात के लिए बंद किया जा सकता है। विभाग ने आम जन और वाहन चालकों से अनुरोध किया है कि वे अपने मार्ग की योजना पहले से बनाएं और समय-समय पर जारी की जाने वाली यातायात सलाह का पालन करें। मरम्मत कार्य का उद्देश्य सड़क की सुरक्षा और सुगमता सुनिश्चित करना है।

### विजेंद्र यूथ पैरा गेम्स में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

**अनंत ज्ञान, हिसार।** दुबई में 7 से 14 दिसंबर तक होने वाले एशियन यूथ पैरा गेम्स-2025 में शहर के विद्युत नगर स्थित बैडमिंटन नर्सरी के बैडमिंटन खिलाड़ी विजेंद्र एसएल-3 कैटेगरी में भारत की तरफ से भाग लेंगे। विजेंद्र लखनऊ में आयोजित हुई राष्ट्रीय यूथ नेशनल चैंपियनशिप के सिंगल्स में विजेता रहे थे तथा विजेंद्र और योगेश की जोड़ी ने युगल में भी सिल्वर मेडल जीता था। इस प्रतियोगिता में विजेता रहने के आधार पर इनका चयन एशियन गेम्स के लिए किया गया है। विजेंद्र इससे पहले कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग ले चुका है तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक भी जीत चुके हैं। इस अवसर पर दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक विक्रम ने शुक्रवार विजेंद्र को अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया तथा आगामी प्रतियोगिता में जीत के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी।

# सबसे निचले तबके की सहानुभूति से सेवा करें लोकसेवक : हरविंद्र

## विधानसभा अध्यक्ष ने 'हिपा' में प्रशिक्षण ले रहे अधिकारियों से किया संवाद

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम**

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने लोक सेवकों से समाज के सबसे निचले तबके के लोगों तक पहुंचने और उनके प्रति सहानुभूति, प्रतिबद्धता के साथ उनकी सेवा करने का आह्वान किया। वे शुक्रवार को सेक्टर-18 स्थित हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान (हिपा) में हरियाणा विधानसभा के प्रथम और द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों और विशेष फाउंडेशन कोर्स (एसएफसी) को संबोधित कर रहे थे।



विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण 'हिपा' में प्रशिक्षण ले रहे अधिकारियों के साथ।

इस दौरान वे अधिकारियों से रूबरू हुए और उनकी प्राथमिकताओं के बारे में बातचीत की। हिपा में विधानसभा के अधिकारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा 8 सप्ताह का विशेष फाउंडेशन कोर्स चल रहा है। इस फाउंडेशन कोर्स में आईपीएस, आईएफओएस, आईपी एंड टीएएफएस अधिकारी शामिल हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को विविध विषयों पर व्यापक और उपयोगी जानकारी प्रदान की गई।

हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने पहले विधान सभा सचिवालय के अधिकारियों के लिए आयोजित प्रशिक्षण का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से संवाद करते हुए उनकी कार्यप्रणाली तथा प्रशिक्षण के बारे में चर्चा की। विस अध्यक्ष कल्याण ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम नई दृष्टि और नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि जब भी वे किसी कार्यक्रम में जाते हैं, वे वहां से कुछ न कुछ अवश्य सीखकर लौटते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में सीखने की भावना बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। हम सभी का बड़ा लक्ष्य देश और समाज की सेवा करना है। कभी-कभी हमें लगता है कि राष्ट्र निर्माण, विकसित भारत में हमारी भूमिका छोटी है, लेकिन वास्तव में ईमानदारी से किए गए छोटे-छोटे प्रयास ही बड़े परिणाम देते हैं।

वहीं विशेष फाउंडेशन कोर्स में आईपीएस, आईएफओएस, आईपी एंड टीएएफएस अधिकारियों को प्रेरित करते हुए विस अध्यक्ष ने कहा कि अपनी क्षमताओं को सही दिशा में लगाना और निरंतर आगे बढ़ते रहना ही सफलता का मार्ग है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अधिक प्रभावशाली और बेहतर ढंग से आगे बढ़ने की दिशा में निरंतर प्रयासरत हैं, जो प्रशंसनीय है। उन्होंने सभी अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम स्वयं सीखने के साथ-साथ दूसरों को भी सीखाने की भावना रखनी चाहिए।

## पंजाब में रेल रोको आंदोलन: पुलिस की सख्ती के बीच रेल ट्रैकों तक पहुंचे किसान



पंजाब में रेल रोको आंदोलन के चलते सुनाम में रेल ट्रैक पर डटे किसान।

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

पंजाब में किसानों ने रेलों का चक्का जाम करने का एलान किया था। इसके बाद हरकत में आई पुलिस ने किसानों को हिरासत में लेना शुरू कर दिया। वहीं रेलवे भी अलर्ट हो गया। फिरोजपुर में पुलिस ने किसानों को ट्रेन रोकने नहीं दी। आरपीएफ और पुलिस ने स्टेशन के मुख्य गेट पर बैरिकेड लगाकर किसानों को स्टेशन में प्रवेश नहीं करने दिया। इसके अलावा बस्ती टैंका वाली के नजदीक किसानों को ट्रैक पर भी नहीं बैठने दिया गया। वहां पर पुलिस काफी तादाद में मौजूद थी।

किसान पुलिस को चकमा देकर बस्ती टैंका वाली की तरफ से गुजरते रेल ट्रैक पर पहुंच गए और सैकड़ों की संख्या में किसानों ने धरना दिया। वहां पर आरपीएफ और पंजाब पुलिस भी मौजूद है। एक ट्रेन वहां से गुजर रही थी तो पुलिस ने किसानों को दूसरा ट्रैक पर रोक रखा और ट्रेन को फिरोजपुर छावनी रेलवे स्टेशन की तरफ से गुजारा। किसानों का कहना है कि यह धरना 2 घंटे का था। लेकिन यदि उनकी मांग न मानी गई तो वह इसके बाद भी धरना लगातार भी जारी रखेंगे।

वहीं मोगा में भी रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शन करने पहुंचे किसानों को पुलिस ने धरना शुरू होने से पहले ही हिरासत में ले लिया। मोगा के रेलवे स्टेशन के आस पास में भारी पुलिस फोर्स तैनात किया गया और सारे रास्ते को बैरिकेडिंग करके बंद करवा दिया गया।

## कांग्रेस की दिल्ली रैली तैयारियों के लिए सोनीपत में हुई अहम बैठक

# हरियाणा में हुई वोटों में धांधली : भूपेंद्र हुड्डा

**अनंत ज्ञान, सोनीपत**

कांग्रेस द्वारा वोट चोरी के विरोध में 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित रैली की तैयारियों को लेकर सोनीपत में पार्टी की शुक्रवार को बैठक हुई। इसमें सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र और जींद जिलों के नेताओं तथा कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। बैठक में सभी जिम्मेदारियों का विभाजन तय किया गया। प्रदेश प्रभारी बीके हरीप्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र, पार्टी सहप्रभारी जीतेंद्र बघेल, सांसद दीपेंद्र हुड्डा, सोनीपत सांसद सतपाल ब्रह्मचारी सहित पांचों जिलों के विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, ग्रामीण व शहरी पदाधिकारी तथा संगठन प्रतिनिधि

### चंडीगढ़ और एसवाईएल पानी के मुद्दों पर राज्य सरकार पर साधा निशाना


बैठक में मौजूद रहे। पत्रकारों से बातचीत में भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बताया कि दिल्ली रैली को लेकर तैयारियां तेज हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी ने वोटों में धांधली कर सरकार बनाई है। उनके अनुसार राहुल गांधी द्वारा इस संबंध में प्रमाण भी प्रस्तुत किए गए हैं। हुड्डा ने कहा कि मतदान के बाद लगातार तीन दिनों तक वोट प्रतिशत बढ़ता रहा, जबकि चुनाव आयोग ने इसका कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। उन्होंने चंडीगढ़ और एसवाईएल जैसे मुद्दों पर भी प्रदेश सरकार को घेरा। हुड्डा ने कहा कि इन मामलों पर हरियाणा सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है और राज्य के हित प्रभावित हो रहे हैं। उनके अनुसार नए विधानसभा भवन के लिए जमीन उपलब्ध कराने से लेकर एसवाईएल के पानी तक, सरकार कोई ठोस परिणाम नहीं दे पाई है। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ को लेकर भाजपा की नीति अस्पष्ट है, जबकि उच्चतम न्यायालय के स्पष्ट आदेशों के बावजूद हरियाणा को उसके अधिकार का पानी नहीं मिला। हुड्डा का कहना था कि केंद्र सरकार भी इस विषय पर स्पष्ट स्थिति नहीं रख पा रही कि चंडीगढ़ दो राज्यों की साझा राजधानी बनी रहेगी या केंद्र शासित प्रदेश के रूप में ही रहेगा। उन्होंने इन सभी मुद्दों पर राज्य की विधानसभा में विस्तृत चर्चा की आवश्यकता जताई।

# राज्यसभा सांसद गुप्ता ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से की मुलाकात, सशस्त्र बलों की भूमिका पर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

राज्यसभा सांसद पद्म श्री राजिंद्र गुप्ता ने राजधानी में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार भेंट की। यह बैठक पंजाब की सुरक्षा व्यवस्था और सीमा प्रबंधन को लेकर बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। बैठक के दौरान पंजाब में मौजूदा सुरक्षा चुनौतियों और सशस्त्र बलों की भूमिका पर व्यापक चर्चा हुई। राजिंदर गुप्ता ने कहा कि पंजाब की भौगोलिक स्थिति इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से अत्यंत संवेदनशील बनाती है। ऐसे में आधुनिक निगरानी तकनीक, मजबूत सीमा प्रबंधन और सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय समय की जरूरत है।

गुप्ता ने केंद्र की सुरक्षा एजेंसियों और पंजाब पुलिस के बीच और अधिक प्रभावी तालमेल



की आवश्यकता पर भी जोर दिया। इस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार संवेदनशील राज्यों की सुरक्षा को और मज़बूत करने के लिए हर संभव सहयोग देगी। उन्होंने कहा कि पंजाब में सशस्त्र बलों की तैनाती, सुरक्षा निगरानी और आधुनिक उपकरणों के उपयोग को और प्रभावी बनाया जाएगा। मुलाकात के बाद पद्म श्री राजिंदर गुप्ता ने कहा कि पंजाब में शांति और स्थिरता बनाए रखना केवल राज्य ही नहीं, बल्कि पूरे देश की सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। उन्होंने विश्वास जताया कि केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से पंजाब का सुरक्षा ढांचा और सुदृढ़ होगा तथा लोगों में भरोसा और स्थिरता की भावना और मजबूत बनेगी।

पंजाब की वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए यह बैठक बेहद अहम मानी जा रही है। दोनों पक्षों ने इस बात पर सहमति जताई कि सशस्त्र बलों की भूमिका को और प्रभावी बनाते हुए प्रदेश और देश की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी।

## देश-विदेश

## राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना, बोले–

# 'मोनोपॉली मॉडल' फसाद की जड़

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देशभर के कई बड़े एयरपोर्ट्स पर एक साथ इंडिगो की फ्लाइट्स कैंसिल होने से हजारों पैसेंजर्स मुश्किल में पड़ गए हैं। उड़ानों में देरी, कैंसिलेशन और ग्राउंड हैंडलिंग की दिक्कतों के बीच विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सीधे केंद्र सरकार पर निशाना साधा है।



उन्होंने कहा कि यह पूरा संकट मोदी सरकार के 'मोनोपॉली मॉडल' का नतीजा है। राहुल गांधी का आरोप है कि देश में कई सेक्टर्स में एकाधिकार बढ़ रहा है और इसका असर आम लोगों पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इंडिगो की क्राइसिस उसी इकोनॉमिक मॉडल का परिणाम है जो प्रतियोगिता के बजाय कुछ चुनिंदा समूहों को फायदा पहुंचाता है।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क पर लिखा कि इंडिगो का यह फियास्को सरकार के मोनोपॉली मॉडल की कीमत है। उनके अनुसार इसका सबसे बड़ा खामियाजा आम भारतीयों को भुगतना पड़ रहा है, जिन्हें देरी, कैंसिलेशन और असहाय स्थिति के रूप में परेशानी झेलनी पड़ती है। राहुल गांधी का कहना है कि देश को हर सेक्टर में फेयर कंपटीशन की जरूरत है, न कि 'मैच-फिक्सिंग' वाले मोनोपोलिस्टिक ढांचे की। (अनंत ज्ञान)

## चांदी 2,400 और सोना 733 रुपए हुआ महंगा



**एजेंसी, नई दिल्ली।** चांदी के दाम में आज यानी 5 दिसंबर को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 1 किलो चांदी का दाम 2,400 रुपए बढ़कर 1,79,025 रुपए हो गया है। इससे पहले चांदी की कीमत 1,76,625 रुपए प्रति किलोग्राम थी। वहीं, 10 ग्राम सोना 733 रुपए महंगा होकर 1,28,578 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले सोना 1,27,845 रुपए का था। 17 अक्तूबर को सोने ने 1,30,874 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। (अनंत ज्ञान)

# सपा नेता आजम खान के बेटे अब्दुल्ला को दो पासपोर्ट मामले में 7 साल की सजा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान के बेटे और पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम को दो पासपोर्ट मामले में रामपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने अब्दुल्ला आज़म को दोषी मानते हुए अधिकतम 7 साल की सजा और 50,000 रुपये जुर्माना लगाया है।



कोर्ट ने अब्दुल्ला को दो पासपोर्ट मामले में आरोप सिद्ध होने यह दंड निर्धारित किया। कोर्ट ने दोनों पक्षों की ओर से पेश साक्ष्य और बहस सुनने के बाद उन्हें दोषी करार दिया। फैसले के दौरान कोर्ट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। कोर्ट इस इस फैसले के बाद सियासी गलियारों में हलचल तेज हो गई हैं। (अनंत ज्ञान)

### मामला?

ठयह मामला साल 2019 का है जब स्थानीय भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने इस संबंध में सिविल लाइंस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम ने कूट रचित दस्तावेजों और विवरण के आधार पर दो पासपोर्ट बनवाए है और वह इनका इस्तेमाल कर रहे हैं। सक्सेना का आरोप था कि अब्दुल्ला आजम ने अलग-अलग जन्मतिथि का उपयोग कर दो पासपोर्ट बनवाए और असत्य दस्तावेजों का प्रयोग किया है। जिसका वोटिंग, बैंकिंग व अन्य संवेदनशील कामों में गलत इस्तेमाल किया जा सकता है, जो समाज या देश के लिए खतरनाक हो सकता है।

## खत्म होगा इंडिगो एयरलाइंस का संकट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट्स रद्द होने और उड़ानों में देरी के कारण देश भर में हड़कंप मच गया है। एयरपोर्ट पर लोगों की लंबी कतारें लगी हैं। लोग घंटों से एयरपोर्ट पर बैठकर फ्लाइट्स का इंतजार कर रहे हैं। दिल्ली से लेकर बेंगुलरु और चेन्नई एयरपोर्ट से चौंकाने वाली तस्वीरें सामने आ रही हैं। हालांकि, हवाई यात्रा करने वालों की दिक्कतें अब खत्म होने वाली हैं। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने अपने आदेश को वापस ले लिया है, जिसके बाद सभी एयरलाइंस ने राहत की सांस ली है। डीजीसीए के इस कदम के बाद अब हवाई सेवा फिर से पहले की तरह बहाल होने की संभावना है। डीजीसीए ने नोटिस जारी करते हुए इसकी जानकारी दी है। डीजीसीए का कहना है कि कई फ्लाइट्स के परिचालन में लगातार आ रही बाधा और एयरलाइंस से मिले आवेदन को ध्यान में रखते हुए 'साप्ताहिक अवकाश' के फैसले को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाता है। (अनंत ज्ञान)

### डीजीसीए ने वापस लिया रोस्टर पर अपना आदेश

## शकीरा हत्याकांड: स्वामी श्रद्धानंद की याचिका की खारिज

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अपनी पत्नी की हत्या के जुर्म में सजा काट रहे स्वामी श्रद्धानंद की उस याचिका पर विचार करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया, जिसमें उन्होंने जीवन भर जेल में बंद रहने के फैसले की समीक्षा का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने याचिकाकर्ता को सलाह दी कि वह अपनी शिकायतों के संबंध में कर्नाटक सरकार से संपर्क करे। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता वरुण ठाकुर ने याचिका वापस ले ली और इसे खारिज कर दिया गया। श्रद्धानंद ने जुलाई 2008 के उच्चतम न्यायालय के तीन न्यायाधीशों की पीठ के फैसले की समीक्षा मांगी थी, जिसमें उसे जीवनभर जेल की सजा सुनाई गई थी। पिछले साल भी अदालत ने उसकी रिहाई की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया था। जुलाई 2008 के फैसले के अनुसार, श्रद्धानंद और शकीरा का विवाह अप्रैल 1986 में हुआ था, लेकिन मई 1991 में शकीरा अचानक गायब हो गई। मार्च 1994 में केंद्रीय अपराध शाखा, बेंगलुरु ने गुमशुदगी की जांच शुरू की, जिसमें श्रद्धानंद ने शकीरा की हत्या कबूल की। (अनंत ज्ञान)

## विजयन ने 2026 चुनाव में नेतृत्व का फैसला माकपा पर छोड़ा

**एजेंसी, कोच्चि।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने शुक्रवार को कहा कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में एलडीएफ का नेतृत्व उनकी पार्टी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), तय करेगी। विजयन ने एर्नाकुलम प्रेस क्लब में आयोजित 'प्रेस से मिलिए' कार्यक्रम में कहा, 'जहां तक मेरा सवाल है, पार्टी को फैसला लेना है।' विजयन को केरल में एलडीएफ को लगातार दो बार जीत दिलाने का श्रेय दिया जाता है। उन्होंने कहा कि इस विषय पर फिलहाल चर्चा करने का कोई फायदा नहीं है। इससे पहले, राज्य के वित्त मंत्री के एन बालगोपाल समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने सुझाव दिया था कि विजयन अगले विधानसभा चुनाव में एलडीएफ के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में नेतृत्व करें। बालगोपाल ने पिनराई की पहली और दूसरी सरकारों की विकास पहलों को लागू करने में निरंतरता बनाए रखने की आवश्यकता बताई थी। विजयन का बयान यह संकेत देता है कि पार्टी का निर्णय अंतिम होगा और 2026 के चुनाव में एलडीएफ का नेतृत्व किसके हाथ में होगा, यह माकपा के वरिष्ठ नेताओं पर निर्भर करेगा। (अनंत ज्ञान)

# 4 दिन में 1200 से ज्यादा फ्लाइटें रद्द

## सरकार बैकफुट पर, एयरपोर्ट्स पर मारपीट के हालात

**एजजेंसी, नई दिल्ली**

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो की पिछले 4 दिनों में 1200 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल होने के बाद केंद्र सरकार शुक्रवार को बैकफुट पर आ गई है।

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयलाइंस, खासकर इंडिगो को 10 फरवरी 2026 तक अस्थायी राहत दी है। वीकली रेस्ट के बदले कोई भी छुट्टी नहीं देने के फैसले को वापस ले लिया। इधर, दूसरी एयरलाइन के किराए में उछाल देखने को मिला है। यात्रियों को ऑप्शनल फ्लाइट्स की तलाश में सामान्य से दोगुनी कीमत पर टिकट खरीदने पड़ रहे हैं।



दरअसल इंडिगो शुक्रवार को लगातार चौथे दिन क्रू मेंबर्स की कमी से जूझ रही है। इसके कारण दिल्ली, बेंगलुरु, पुणे, हैदराबाद सहित कई एयरपोर्ट पर 500 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हो गईं। यात्री 24-24 घंटे से फ्लाइट का इंतजार कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## अमेरिका ने विश्व कप व ओलंपिक वीजा आवेदनों को दी प्राथमिकता

**एजेंसी, वाशिंगटन।** ट्रंप प्रशासन ने अमेरिकी दूतावासों को निर्देश दिया है कि वे उन विदेशी वीजा आवेदनों को प्राथमिकता दें जो अमेरिका में निवेश करना चाहते हैं या 2026 विश्व कप, 2028 ओलंपिक और अन्य प्रमुख खेल आयोजनों में भाग लेने जा रहे हैं। नई व्यवस्था के तहत, विश्व कप प्रशंसकों के वीजा आवेदनों को सभी अन्य बी1/बी2 आवेदनों पर प्राथमिकता दी जाएगी। विदेश विभाग ने इसके लिए 400 से अधिक अतिरिक्त कांसुलर अधिकारी तैनात किए हैं। उच्च कौशल वाले एच-1बी वीजा आवेदनों पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# यूएस ने पुतिन के करीबी की कंपनी पर लगाया 71 लाख डॉलर का जुर्माना

**एजेंसी, वाशिंगटन**

अमेरिका के वित्त विभाग ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन के करीबी उद्योगपति ओलेग देरिपस्का की रियल एस्टेट संपत्तियों का प्रबंधन कर पाबंदियों का उल्लंघन करने पर न्यूयॉर्क की ग्रेसटाउन इंक कंपनी पर 71 लाख डॉलर का जुर्माना लगाया है। विदेशी संपत्तियां नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) के अनुसार, ग्रेसटाउन ने अप्रैल 2018 से मई 2024 के बीच 24 लेन-देन कर कुल 31,250 डॉलर की राशि हासिल की। विभाग ने पहले भी कंपनी को लेन-देन रोकने का नोटिस जारी किया था, लेकिन कंपनी ने पाबंदियों का उल्लंघन किया। देरिपस्का पर 2018 से पाबंदियां हैं। उन पर रूस के वरिष्ठ अधिकारियों के इशारे पर काम करने और ऊर्जा क्षेत्र में कारोबार करने का आरोप है। पाबंदी के तहत अमेरिकी नागरिक और कंपनियां उनके साथ कोई लेन-देन नहीं कर सकती हैं। ओएफएसी ने कहा कि यह कार्रवाई पाबंदियों के उल्लंघन के खिलाफ सख्त संदेश देती है और अमेरिका अपनी नीतियों को लागू करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। (अनंत ज्ञान)

# सोमालियाई आप्रवासियों को 'कचरा' कहने पर डोनाल्ड ट्रंप की आलोचना तेज

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमालियाई आप्रवासियों को 'कचरा' कहकर विवाद खड़ा कर दिया है। उनके इस बयान की मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज ने कड़ी निंदा की और इसे "भद्दा" बताया। वाल्ज ने कहा कि ट्रंप ने मिनेसोटा में रहने वाले सभी सोमालियाई निवासियों को बदनाम किया, जहां अमेरिका का सबसे बड़ा सोमालियाई समुदाय है।

इतिहास के प्रोफेसर कार्ल बोन टेम्पो ने कहा कि ट्रंप ने रोजमर्रा की भाषा में अशिष्ट शब्दों को सामान्य कर दिया है। ट्रंप ने मंगलवार को दो घंटे की कैबिनेट बैठक के अंत में यह बयान दिया, जिसमें उन्होंने वैध तरीके से अमेरिका में रहने वाले प्रवासियों को भी निशाना बनाया। उन्होंने कहा, "हम उन्हें अपने देश में नहीं देखना चाहते।" उनके इस बयान पर मंत्रिमंडल के कुछ सदस्य हंसते भी दिखे। सोमालिया और अमेरिका में दोनों जगह इस टिप्पणी की कड़ी आलोचना हुई। मोगादिशु निवासी इब्राहिम हसन हज्जी ने कहा कि अब उनका अमेरिका जाने का कोई इरादा नहीं है। नागरिक अधिकार विशेषज्ञ सेजर कुआउटेमोक गार्सिया हर्नांडे ने बताया कि ट्रंप का प्रभाव अन्य नेताओं की तुलना में बहुत ज्यादा है, और अमेरिकी राष्ट्रपति के तौर पर उनके इस तरह के बयान लोगों पर गहरा असर डालते हैं। (अनंत ज्ञान)

## मार्केट

## आरबीआई के ऐलान से झूमा शेयर बाजार

# सेंसेक्स 447 अंक उछला, निफ्टी 26,186.45 पर बंद

**एजेंसी, मुंबई**

भारतीय शेयर बाजारों में शुक्रवार 5 दिसंबर को लगातार दूसरे दिन तेजी देखने को मिली। आरबीआई के ब्याज दर घटाने के ऐलान से बाजार के सेंटीमेंट को मजबूत मिली और निवेशकों ने जमकर खरीदारी की। कारोबार के अंत में बीएसई सेंसेक्स 447.05 अंक या 0.52 फीसदी बढ़कर 85,712.37 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 152.70 अंक या 0.59 फीसदी की उछाल के साथ 26,186.45 के स्तर पर बंद हुआ। आरबीआई ने रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती का ऐलान किया। इसके बाद बैंकिंग, फाइनेंशियल, रियल्टी और ऑटो में जमकर खरीदारी देखने को मिली। इसके अलावा अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद से आईटी शेयरों और मेटल शेयरों में अच्छी तेजी रही। लांकि ब्रॉडर मार्केट का रुख मिला-जुला रहा। बीएसई मिडकैप इंडेक्स जहां 0.21 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ। वहीं, बीएसई स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.67 फीसदी की गिरावट देखने को मिली। (अनंत ज्ञान)




### निवेशकों ने कमाए 95,000 करोड़ रुपए

# हेगसेथ ने गोपनीय सैन्य योजना साझा कर सैनिकों को जोखिम में डाला : पेंटागन

**एजेंसी, वाशिंगटन**

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ पर यमन में हूती विद्रोहियों पर होने वाले हमले से संबंधित संवेदनशील सैन्य जानकारी अपने निजी फोन से साझा करने का आरोप लगा है। पेंटागन के महानिरीक्षक की रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है कि इस कदम से अमेरिकी सैनिकों और मिशन को खतरा पैदा हुआ।

रिपोर्ट में कहा गया कि हेगसेथ ने 'सिग्नल चैट' ऐप के जरिए गोपनीय जानकारी साझा की, जिसमें विमानों के उड़ान समय और संख्या जैसी संवेदनशील जानकारियां शामिल थीं। यह पेंटागन के आंतरिक नियमों का उल्लंघन है। महानिरीक्षक ने चेतावनी दी कि यदि यह जानकारी दुश्मनों के हाथ लगती, तो हूती सुरक्षा बल अमेरिकी हमलों से बचने के लिए अपने लड़ाकों और संसाधनों को पुनः तैनात कर सकते थे। रिपोर्ट ने अनुमोदित नहीं किए गए मैसेजिंग ऐप्स के इस्तेमाल और सूचना सुरक्षा प्रशिक्षण की कमी की भी आलोचना की। हेगसेथ ने सोशल मीडिया पर कहा कि 'कोई गोपनीय जानकारी नहीं थी, पूरी तरह निर्दोष हूं।' वहीं, डेमोक्रेटिक सांसदों ने इसे लापरवाही भरा बताया और चेताया कि किसी निचले अधिकारी के मामले में सख्त कार्रवाई होती। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### शेफाली आईसीसी की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी के लिए नामांकित

**एजेंसी, दुबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को नवंबर महीने के लिए आईसीसी की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महिला वनडे विश्व कप फाइनल में 87 रन की तेजतर्रार पारी खेली और दो महत्वपूर्ण विकेट लिए, जिससे भारत की जीत में अहम योगदान रहा। शेफाली को टीम में प्रतिका रावल की चोट के कारण मौका मिला था। फाइनल में उनके प्रदर्शन के कारण उन्हें 'मैन ऑफ द मैच' भी चुना गया। महिला खिलाड़ी वर्ग में अब वह तीन नामांकित खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिनमें यूएई की कप्तान ईशा ओझा और थाईलैंड की थिपाचा पुथावोंग भी शामिल हैं। ओझा ने सात टी-20 मैचों में 187 रन और सात विकेट लिए, जबकि पुथावोंग ने फाइनल में चार विकेट लेकर थाईलैंड को खिताब दिलाया। विजेताओं का चयन आईसीसी वोटिंग अकादमी और प्रशंसकों के वोट से होगा। (अनंत ज्ञान)

### खेल मंत्रालय ने 64 दिवसीय दौड़ के लिए पुणे के 'इनफ्लूएंसर' के साथ किया गठजोड़

**एजेंसी, नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय के प्रमुख कार्यक्रम फिट इंडिया ने अपनी 64 दिवसीय दौड़ के लिए अल्ट्रा-धावक और इनफ्लूएंसर आशीष कासोदकर की अगुवाई वाले पुणे स्थित 'सिंपल स्टेप्स फिटनेस' के साथ साझेदारी की है। यह दौड़ 24 नवंबर को अरुणाचल प्रदेश की डोंग घाटी से शुरू हुई और अगले साल गणतंत्र दिवस पर गुजरात के गुहार मोती में समाप्त होगी। मंत्रालय का कहना है कि इस पहल से फिटनेस को जीवनशैली बनाना, पर्यावरण जागरूकता और वृक्षारोपण को बढ़ावा देना, सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करना और स्वास्थ्य एवं जागरूकता की संस्कृति को प्रेरित करना लक्ष्य है। कासोदकर 60 दिनों में 60 मैराथन और 555 किलोमीटर लंबी ला अल्ट्रा दौड़ के लिए जाने जाते हैं। इस दौड़ के दौरान 'डॉन2डस्क' का लक्ष्य 76,000 पेड़ लगाना और देशभर में नागरिकों द्वारा कुल 7,60,000 किलोमीटर दौड़ या पैदल चलना है। (अनंत ज्ञान)

### गल्फ जायंट्स ने एमआई एमिरेट्स को छह विकेट से हराया

**एजेंसी, दुबई।** गल्फ जायंट्स ने यहां आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में एमआई एमिरेट्स के खिलाफ छह विकेट की जीत से नए सत्र के अपने अभियान की शानदार शुरुआत की, जिससे उसका छह मैचों की हार का सिलसिला भी टूट गया। पथुम निसांका की 42 गेंदों में 81 रन की तूफानी पारी और अजमतुल्लाह उमरजई के हरफनमौला प्रदर्शन ने जायंट्स की जीत में अहम भूमिका निभाई। निसांका की शानदार पारी के अलावा मोईन अली (21 गेंदों पर 26 रन) और उमरज़ई (16 गेंदों पर नाबाद 39) के उपयोगी योगदान से जायंट्स 14.4 ओवर में चार विकेट पर 164 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। इससे पहले निकोलस पूरन (39 गेंदों पर 46 रन) और कीरोन पोलार्ड (33 गेंदों पर 50 रन) के बीच 78 रन की साझेदारी की बदौलत एमआई एमिरेट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 163 रन बनाए। जायंट्स की तरफ से उमरज़ई और नुवान तुशारा ने दो-दो विकेट लिए। (अनंत ज्ञान)

### जैक फुल्टन ने भारत में जूनियर विश्व कप में आयरलैंड के लिए किया पदार्पण

**एजेंसी, चेन्नई।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन के बेटे जैक ने जूनियर विश्व कप में भारत की 'कर्मभूमि' पर आयरलैंड के लिए पदार्पण किया। 17 वर्षीय जैक ने मदुरै में कनाडा के खिलाफ अपना पहला मैच खेला, जबकि उनके पिता क्रेग सुल्तान अजलान शाह कप में मलेशिया में व्यस्त थे। जैक ने चेन्नई में स्विट्ज़रलैंड के खिलाफ 5-2 की जीत के बाद कहा कि भारत में हॉकी का जुनून देखकर उन्हें बहुत रोमांच हुआ। उन्होंने स्वीकार किया कि पदार्पण के समय पिता की कमी महसूस हुई, लेकिन टीम की योजना के कारण उन्हें समझ थी। जैक के माता-पिता दोनों दक्षिण अफ्रीका के लिए अंतरराष्ट्रीय हॉकी खेल चुके हैं। जैक ने कहा कि हॉकी उनके खून में है और उन्होंने आयरलैंड के लिए खेलना चुना क्योंकि उनका जन्म वहीं हुआ और वे वहीं बड़े हुए। आयरलैंड ने कनाडा को हराया, दक्षिण अफ्रीका और जर्मनी से हार के बाद स्विटजरलैंड को 5-2 से हराकर क्लासीफिकेशन मैच जीता। (अनंत ज्ञान)

## कोहली-रोहित की धार से भारत सीरीज कब्जाने को तैयार

# भारत-द. अफ्रीका में आज 'करो या मरो' जंग

**एजेंसी, विशाखापत्तनम**



भारत विराट कोहली और रोहित शर्मा से फिर से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करते हुए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत हासिल करके सीरीज अपने नाम करने की कोशिश करेगा। भारत के कुछ युवा खिलाड़ी अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और ऐसे में उन पर दबाव होगा। दक्षिण अफ्रीका टेस्ट सीरीज जीतने के बाद अब वनडे सीरीज जीतने में भी कसर नहीं छोड़ेगा और ऐसे में भारतीय टीम को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की जरूरत है।

भारत अगर इस मैच में जीत हासिल करता है तो पिछले कुछ समय से टीम को लेकर चल रही अटकलें पर भी विराम लग जाएगा। इसके लिए कोहली और रोहित को फिर से अपना महत्वपूर्ण योगदान देना होगा। इसमें कोई संदेह नहीं कि इन दोनों का वनडे क्रिकेट में कोई सानी नहीं है और उन्हें इस तरह के दबाव वाले मैच में खेलने का अच्छा अनुभव है, इसलिए भारत की जीत में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी। रोहित और कोहली अपनी करियर के अवसान पर हैं और वह इसमें एक और गौरवशाली अध्याय जोड़ने की कोशिश करेंगे। पिछले मैच में रुतुराज गायकवाड़ ने अपना योगदान दिया था। उन्होंने अपना पहला वनडे शतक लगाया था, लेकिन यशस्वी जायसवाल को अभी भी इस सीरीज में सलामी बल्लेबाज के रूप में अपनी क्षमता का भरपूर प्रदर्शन करना बाकी है। यह प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने के लिए उत्सुक होगा।

जायसवाल को बाएं हाथ के तेज गेंदबाजों के खिलाफ जूझना पड़ रहा है फिर चाहे वह वेस्टइंडीज के जेडन सील्स हों या इस सीरीज में मार्को यानसन और नांद्रे बर्गर। वह अपने करियर में 30 बार बाएं हाथ के गेंदबाजों का शिकार बने हैं। भारत वाशिंगटन सुंदर को विश्राम देकर उनकी जगह तिलक वर्मा को मध्यक्रम की बल्लेबाजी को मजबूत करने के लिए अंतिम एकादश में शामिल करने पर भी गंभीरता से विचार करेगा। ऋषभ पंत भी एक विकल्प हो सकते हैं, लेकिन तिलक स्पिन गेंदबाजी भी कर लेते हैं और वह बेहतरीन क्षेत्ररक्षक के भी हैं। कप्तान केएल राहुल ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन इस सीरीज में ओस के कारण टॉस की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो गई है। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका सीरीज जीतने के लिए प्रतिबद्ध है। लेकिन वह तेज गेंदबाज बर्गर और बल्लेबाज टोनी डी जॉर्जी की फिटनेस को लेकर चिंतित है। यह देखना होगा कि ये दोनों खिलाड़ी इस मैच के लिए पूरी तरह फिट हो पाते हैं या नहीं। (अनंत ज्ञान)

**मैच : दोपहर 1:30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**भारत:** केएल राहुल (कप्तान/विकेट कीपर), रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), वाशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, रुतुराज गायकवाड़, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, ध्रुव जुरेल।

**दक्षिण अफ्रीका:** तेम्बा बावुमा (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, कॉर्बिन बॉश, मैथ्यू ब्रीट्जके, डेवाल्ड ब्रेविस, नांद्रे बर्गर, क्विंटन डी कॉक, टोनी डी जॉर्जी, रुबिन हरमन, केशव महाराज, मार्को यानसन, एडेन मार्क्रम, लुंगी एनगिडी, रयान रिकेलटन, प्रेनेलन सुब्रायन।

## वाशिंगटन की टीम में भूमिका स्पष्ट होनी चाहिए : अश्विन

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पूर्व भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने टीम प्रबंधन से वाशिंगटन सुंदर की भूमिका को लेकर स्पष्टता की मांग की है। उनका कहना है कि यदि 26 वर्षीय इस ऑलराउंडर को टीम में जगह दी जा रही है, तो उसे एक गेंदबाजी ऑलराउंडर की तरह इस्तेमाल किया जाना चाहिए, न कि सिर्फ कुछ ओवर फेंकने वाले पार्ट-टाइम विकल्प की तरह।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले दो वनडे में वाशिंगटन ने केवल सात ओवर फेंके और कोई विकेट हासिल नहीं कर पाए। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'अगर आपने वाशिंगटन को अंतिम एकादश में चुना है, तो आपको उन्हें पूरे कोटे के ओवर देने होंगे। उसी से उनकी मानसिकता और आत्मविश्वास मजबूत होगा कि वह एक गेंदबाज हैं जो बल्लेबाजी भी कर सकते हैं। अगर वह केवल कुछ ओवर फेंकेंगे और बल्लेबाजी पर ध्यान देंगे तो वह भ्रमित रहेंगे कि टीम में उनकी भूमिका क्या है।'

अश्विन ने यह भी कहा कि भारत दूसरे वनडे में 358 रन का बचाव करने में असफल रहा और बल्लेबाजी में भी टीम फिनिशिंग नहीं कर पा रही है। पहले वनडे में भारत ने 348 रन बनाकर 17 रन से जीत दर्ज की थी, लेकिन दूसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका ने चार विकेट से जीतकर सीरीज बराबर कर दी। अश्विन का मानना है कि हार्दिक पांड्या की गैर-मौजूदगी में भारत को एक भरोसेमंद फिनिशर की कमी खल रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि ऐसे में नीतीश कुमार रेड्डी जैसे तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर को क्यों नहीं खिलाया गया। उन्होंने कहा, 'अगर बल्लेबाजी में फिनिशिंग समस्या है तो स्पिन ऑलराउंडर की जगह तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर को मौका मिलना चाहिए।' (अनंत ज्ञान)

## मांडविया ने एशियाई घुड़सवारी पदक विजेताओं को किया सम्मानित

**एजेंसी, नई दिल्ली**



खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने थाईलैंड में आयोजित एफईआई एशियाई घुड़सवारी चैंपियनशिप में एक स्वर्ण सहित कुल पांच पदक जीतने वाली भारतीय 'इवेंटिंग' और 'ड्रेसेज' टीमों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने आश्वासन दिया कि अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए घोड़ों की सुचारु आवाजाही सुनिश्चित करने हेतु भारत में एक वर्ष के भीतर आधुनिक पृथकवास केंद्र (क्वारंटीन फैसिलिटी) स्थापित किया जाएगा।

पटाया में 6 सदस्यीय भारतीय दल ने शानदार प्रदर्शन किया था। आशीष लिमये ने इवेंटिंग में ऐतिहासिक व्यक्तिगत स्वर्ण के साथ टीम स्पर्धा में रजत भी जीता। श्रुति वोरा ने दो व्यक्तिगत और एक टीम-कुल तीन रजत पदक अपने नाम किए। अन्य सदस्य शशांक सिंह कटारिया, शशांक कनमूरी, दिव्याकृति सिंह और गौरव पुंडीर भी टीम का हिस्सा थे। मांडविया ने कहा कि भारत अब उन खेल विधाओं में भी पहचान बना रहा है जहां पहले उसकी उपस्थिति सीमित थी। उन्होंने खिलाड़ियों की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि देश खेल अवसंरचना में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

इस दौरान लंबे समय से लंबित पृथकवास केंद्र की जरूरत पर विस्तार से चर्चा हुई। यह सुविधा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से पूर्व घोड़ों की निगरानी, पशु चिकित्सा देखभाल और प्रशिक्षण के लिए आवश्यक होती है। भारत के मेरठ स्थित रिमाउंट वेटनरी सेंटर को हाल ही में विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन से मान्यता भी मिली है। (अनंत ज्ञान)

## फखर जमान बोले-पाकिस्तान टी-20 वर्ल्ड कप जीतने को तैयार

**एजेंसी, दुबई।** दुबई। इंटरनेशनल लीग टी-20 (आईएलटी20) में डेजर्ट वाइपर्स की ओर से खेल रहे पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज फखर जमान ने कहा है कि पाकिस्तान इस बार टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के लिए पूरी तरह तैयार है। उनका मानना है कि टीम की तैयारी मजबूत है और पिछले अनुभव उन्हें फायदे में डालेंगे। फखर ने बताया कि समय के साथ उन्होंने अपने खेल में काफी बदलाव किए हैं और नए शॉट्स ट्राई किए हैं, जिनमें सफलता भी मिली है। उन्होंने कहा कि आगे भी उनके खेल में नई चीजें देखने को मिलेंगी। आईएलटी20 के बारे में फखर ने कहा कि यह टूर्नामेंट उनके लिए खास है। दुबई, शारजाह और अबू धाबी की अलग कंडीशंस बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों के लिए चुनौतीपूर्ण हैं। इसके अलावा, प्रत्येक टीम में 9-11 विदेशी खिलाड़ी होने के कारण मुकाबला हमेशा कड़ा रहता है। सीनियर खिलाड़ी होने के नाते फखर ने युवा खिलाड़ियों को सलाह दी कि खेल को सरल रखें, लंबी सोच रखें और मेहनत करते रहें। टी-20 वर्ल्ड कप पर उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का लक्ष्य फाइनल जीतना है और टीम पिछले छह महीनों से इस फॉर्मेट पर पूरी तरह फोकस कर रही है। (अनंत ज्ञान)

## शाई होप और जस्टिन ग्रीव्स ने जगाई वेस्टइंडीज की उम्मीद

**एजेंसी, क्राइस्टचर्च**



शाई होप के चौथे टेस्ट शतक और जस्टिन ग्रीव्स के साथ 140 रन की अटूट साझेदारी ने वेस्टइंडीज को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में नई ऊर्जा दी है। 531 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए मेहमान टीम चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक चार विकेट पर 212 रन बनाकर संघर्ष में बनी हुई है। स्टंप्स तक होप 116 रन और ग्रीव्स 55 रन बनाकर क्रीज पर डटे रहे। वेस्टइंडीज अभी भी न्यूजीलैंड से 319 रन पीछे है, लेकिन दोनों बल्लेबाजों की दृढ़ता से मुकाबले में रोमांच लौट आया है।

बड़े लक्ष्य के सामने वेस्टइंडीज की शुरुआत निराशाजनक रही। टीम ने 72 रन तक अपने चार विकेट खो दिए थे, लेकिन इसके बाद होप और ग्रीव्स ने पारी को थाम लिया और न्यूजीलैंड को आगे कोई सफलता नहीं दी। होप इस टेस्ट में आंखों के संक्रमण से जूझ रहे हैं और उन्हें दोनों पारियों में धूप का चश्मा पहनकर खेलना पड़ा, लेकिन इससे उनके प्रदर्शन पर कोई असर नहीं पड़ा। उन्होंने पहली पारी में अर्द्धशतक और दूसरी में शतक जमाया। न्यूजीलैंड की दूसरी पारी में टीम ने आठ विकेट पर 466 रन पर पारी घोषित की। चोटों से जूझ रहे टॉम ब्लंडेल और नाथन स्मिथ बल्लेबाजी करने नहीं उतर सके। गेंदबाजी में केमार रोच वेस्टइंडीज के लिए हीरो रहे। उन्होंने 78 रन देकर पांच विकेट झटके और टेस्ट करियर में 12वीं बार 'फाइव-फॉर' का कारनामा किया। न्यूजीलैंड के लिए जैकब डफी ने दो विकेट लिए, जबकि स्पिनरों माइकल ब्रेसवेल और रचिन रविन्द्र को लंबा स्पेल फेंकना पड़ा। (अनंत ज्ञान)

## 54 साल बाद झड़ग गांव में शुरू हुआ ऐतिहासिक 'शांत महायज्ञ'

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



जुब्बल के झड़ग गांव में शांत महायज्ञ का ऐतिहासिक दृश्य।

**शिमला।** हिमाचल की पहाड़ी फिजाओं में बसी सदियों पुरानी देव संस्कृति आज फिर अपनी पूरी शान और रूहानी चमक के साथ जीवंत हो उठी। शिमला जिला की जुब्बल तहसील के शांत और सुंदर झड़ग गांव में 54 साल बाद आयोजित हो रहे शांत महायज्ञ का आगाज एक ऐसे अध्याय की तरह हुआ जिसने पूरे क्षेत्र को भक्ति, परंपरा और सामूहिक भावनाओं के रंग में रंग दिया। सुबह की ठंडी हवा, पहाड़ों की खामोशियों और ढोल-नगाड़ों की गूंज ने मिलकर एक ऐसा वातावरण रचा, मानो देवभूमि अपनी विरासत को फिर से स्वयं पुकार रही हो।

महायज्ञ की शुरुआत नागेश्वर जी महाराज के मंदिर में परंपरागत पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। देवता के देवलू जब गांव की सरहद पर पहुंचे तो ढोल-नगाड़ों की ताल, जयघोष की आवाज और लोक रीति के स्वागत ने माहौल को एक अलग ही रूहानी रंग दे दिया। दूर-दूर के गांवों से लोग इस अनोखे अवसर के साक्षी बनने पहुंचे, जहां हर चेहरे पर श्रद्धा की चमक और हर कदम पर परंपरा का सम्मान दिखाई दिया। प्रदेश और क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और विपदाओं से मुक्ति की कामना के साथ किया जा रहा यह आयोजन स्थानीय समाज की भावनाओं का प्रतीक बन गया।

नागेश्वर देवता के कारदारों और प्रतिनिधियों ने बताया कि यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि देवभूमि की उस पुरातन धरोहर का पुनर्जागरण है जिसने हिमाचल को विशिष्ट पहचान दी है। उनका कहना था कि आस्था, सम्मान और सामूहिक सहभागिता ही हमारी देव संस्कृति को जीवंत रखती है। दशकों बाद इस महायज्ञ के पुन: आयोजन को लोग केवल परंपरा का पुनरुद्धार नहीं, बल्कि अपनी जड़ों की ओर लौटने की एक पवित्र पहल मान रहे हैं।

### भक्ति, संस्कृति और लोक रंग की दिखेगी अद्भुत छटा

**गांव** में अगले दिनों तक हवन, देव दर्शन, पारंपरिक अनुष्ठान, लोक-नृत्य, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और सामूहिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। गांव की गलियों से लेकर देवधर्म के चौतरे तक हर ओर उत्सव का माहौल है। बुजुर्गों के लिए यह पुरानी यादों का पुनरागमन है, जबकि युवाओं के लिए यह अपनी संस्कृति को करीब से देखने का अनमोल अवसर। भक्ति, लोक रंग और सामुदायिक एकता की ऐसी तस्वीर वर्षों बाद देखने को मिल रही है।

### सांस्कृतिक विरासत का विस्तार और समाज की एकजुटता

**झड़ग** गांव का यह ऐतिहासिक आयोजन केवल देव संस्कृति को पुनर्जीवित नहीं कर रहा, बल्कि लोगों के बीच आपसी मेलजोल और सामाजिक एकता को भी मजबूत कर रहा है। इस महायज्ञ के माध्यम से गांव ने न सिर्फ अपने अतीत की थाप को फिर महसूस किया, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक अमिट सांस्कृतिक विरासत भी तैयार कर दी है।

## सांसद सिकंदर ने केंद्र से नवप्रयोग और स्टार्टअप सहयोग पर मांगी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने वाणिज्य और उद्योग मंत्री से यह जानना चाहा कि क्या केंद्र सरकार ने देश के नवप्रयोग और स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूती देने के लिए किसी प्रकार के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने खाद्य और पेय पदार्थ क्षेत्र के हितधारकों के साथ हुई बैठक में शुरू की गई नई पहलों का ब्योरा भी मांगा। सांसद ने यह भी पूछा कि वर्ष 2030 तक पचास अरब अमेरिकी डॉलर के कृषि-खाद्य निर्यात लक्ष्य को हासिल करने के लिए सरकार ने कौन-कौन से महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इन प्रश्नों का उत्तर देते हुए वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने सदन को बताया कि उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग उद्योग जगत और नवउद्यमों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए अनेक संस्थाओं के साथ समझौता ज्ञापन कर रहा है।

## जुब्बल-नावर-कोटखाई बना शिक्षा का नया केंद्र : डेरटा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जुब्बल-नावर-कोटखाई में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के नेतृत्व में शुरू किए गए नए शैक्षणिक व तकनीकी कोर्सों ने क्षेत्र को शिक्षा का प्रमुख केंद्र बना दिया है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक में अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा सहित सभी संगठनात्मक पदाधिकारियों ने राजकीय महाविद्यालय टिक्कर में चार वर्षीय एकीकृत बीएड डिग्री तथा सरस्वती नगर महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा पाठ्यक्रम की अधिसूचना जारी होने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अब क्षेत्र में रोजगार आधारित और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की सुविधा मिलने से युवाओं को बाहर नहीं जाना पड़ेगा और परिवारों पर फीस व आवास का अतिरिक्त बोझ भी कम होगा।

बैठक में यह भी बताया गया कि अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, प्रगतिनगर को ढांचागत विकास हेतु 43 करोड़ की स्वीकृति, नए डिग्री व डिप्लोमा पाठ्यक्रम, तथा कोटखाई में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है।

कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि सड़क, स्वास्थ्य, पेयजल और शिक्षा क्षेत्रों में चल रही 500 करोड़ की परियोजनाएं तथा 152 सड़कों की रिकॉर्ड पासिंग क्षेत्रीय विकास की गति को दर्शाती है। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा मंत्री रोहित की दूरदर्शी नीतियों के चलते हिमाचल प्रदेश ने पीजीआई, एएसईआर और एनएएस जैसी राष्ट्रीय रैंकिंग में बेहतरीन प्रदर्शन किया है और पूर्ण साक्षर राज्यों की श्रेणी में शामिल होकर देशभर में नई पहचान बनाई है। कमेटी ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के प्रति आभार व्यक्त किया और क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दीं।

## तेलंगाना के मंत्री अदलुरी लक्ष्मण कुमार ने सीएम सुक्खू से की भेंट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट करते हुए तेलंगाना के मंत्री अदलुरी लक्ष्मण कुमार।

तेलंगाना सरकार में अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक कल्याण, दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक और ट्रांसजेंडर मामलों के मंत्री अदलुरी लक्ष्मण कुमार ने आज ओक ओवर में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से सौजन्य भेंट की।

उन्होंने मुख्यमंत्री को 8 और 9 दिसंबर को हैदराबाद में आयोजित होने वाले तेलंगाना राइजिंग ग्लोबल समिट 2025 में भाग लेने के लिए औपचारिक आमंत्रण सौंपा। मुख्यमंत्री ने निमंत्रण के लिए आभार व्यक्त करते हुए सम्मेलन की सफलता की कामना की और इसे देश और प्रदेश के लिए उपयोगी विचार-विमर्श का मंच बताया। भेंट के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू ने मंत्री कुमार को हिमाचल प्रदेश में सामाजिक न्याय, समग्र प्रगति और संतुलित विकास की दिशा में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों और पहलों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अवसरों के विकेंद्रीकरण, ग्रामीण उत्थान और वंचित वर्गों के कल्याण को प्राथमिकता दे रही है ताकि विकास का लाभ समाज के प्रत्येक तबके तक पहुंचे। इस मुलाकात के समय ग्रामीण विकास और पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह भी उपस्थित रहे।

**खुशखबरी** प्रदेश सरकार ने जिलावार ई-रिक्शा परमिट के लिए नोटिफिकेशन की जारी

## हिमाचल में करीब 400 ई-रिक्शा को मिलेंगे परमिट

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



**शिमला।** प्रदेश सरकार ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत परिवहन विभाग ने राज्य के चयनित उ-मंडलों में यात्री अनुबंधित कैरिज परमिट के अंतर्गत ई-रिक्शा परमिट प्रदान करने की औपचारिक अनुमति दे दी है। सार्वजनिक सुरक्षा, भू-भाग की प्रकृति और स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है।

नई अधिसूचना के अनुसार कांगड़ा जिले के पालमपुर में 30 और धर्मशाला (मेक्लोडगंज सहित) में 36 परमिट स्वीकृत किए जाएंगे। चंबा (सदर) में पांच और भटियात में 9 परमिट की अनुमति होगी। किन्नौर जिले के कल्पा/रिकांगपिओ में 15 और सांगला में 10 परमिट दिए जाएंगे। सिरमौर के नाहन में 15 और राजगढ़ में दो परमिट स्वीकृत होंगे।

मंडी जिले में जोगिंद्रनगर को 15, पधर को 35, सरकाघाट को पांच और धर्मपुर को पांच परमिट दिए जाएंगे। कुल्लू जिले के कुल्लू उपमंडल को 30, भुंतर को 15, बंजार को 20, मनाली को 30, पतलीकूहल को 15 और नग्गर को 15 परमिट मिलेंगे।

शिमला जिले में ठियोग को छह और रोहडू को 20 परमिट, जबकि सोलन जिले के कंडाघाट को तीन, अर्की को दो, नालागढ़ को 10 और बद्दी को 15 परमिट स्वीकृत किए जाएंगे। ऊना जिले के हरोली उपमंडल को 17 और शेष ऊना क्षेत्र को 20 परमिट की अनुमति होगी। कुल मिलाकर पूरे प्रदेश में 400 ई-रिक्शा परमिट निर्गत किए जाएंगे।

### निर्धारित सीमा में ही नए ई-रिक्शा का पंजीकरण और संचालन

**परमिट** उपलब्ध उपमंडलों में केवल ई-रिक्शा के नए पंजीकरण की अनुमति दी जाएगी। राज्य के अन्य उप-मंडलों में ऑटो-रिक्शा या ई-रिक्शा का परिचालन प्रतिबंधित रहेगा, परंतु पहले से मान्य परमिट पर चल रहे ऑटो-रिक्शा इस प्रतिबंध से प्रभावित नहीं होंगे।प्रत्येक पंजीकृत ई-रिक्शा का संचालन संबंधित उप-मंडल मुख्यालय से अधिकतम 20 किलोमीटर की सीमा तक सीमित रहेगा और यह निर्धारित क्षेत्र किसी भी परिस्थिति में बदला या स्थानांतरित नहीं किया जा सकेगा।

### उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

**अधिसूचना** के अनुसार किसी भी ई-रिक्शा का निर्धारित न्यायिक क्षेत्र से बाहर परिचालन मोटर वाहन अधिनियम, 1988 का उल्लंघन माना जाएगा और ऐसे मामलों में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## संजौली मस्जिद में शांतिपूर्वक जुमे की नमाज अदा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला की संजौली मस्जिद, जिसे लेकर पिछले दिनों विवाद गहराया था, आज जुमे की नमाज के दौरान पूरी तरह शांत रही। दोपहर करीब डेढ़ बजे मुस्लिम समुदाय के लोग मस्जिद में पहुंचना शुरू हुए और नमाज अदा की। इस दौरान प्रशासन ने सुरक्षा प्रबंध दुरुस्त रखे, वहीं नमाजियों ने कहा कि मस्जिद में पहले भी इबादत होती थी और आगे भी अमन और भाईचारे के साथ जारी रहनी चाहिए। इमाम मोहम्मद शहज़ाद ने लोगों से मोहब्बत और शांति बनाए रखने की अपील की। इस मस्जिद को लेकर निचली अदालत ने पूरे ढांचे को अवैध माना था और इसे गिराने के आदेश दिए थे, जिसके खिलाफ वक्फ बोर्ड ने हाईकोर्ट में अपील दायर की है। हाईकोर्ट ने मस्जिद की ऊपरी तीन मंज़िलें हटाने और नीचे की दो मंजिलों पर यथास्थिति बनाए रखने को कहा है। 9 मार्च को अगली सुनवाई निर्धारित है। विवाद तब बढ़ा जब 14 नवंबर को कुछ स्थानीय लोगों और देवभूमि संघर्ष समिति के सदस्यों ने बाहरी मुस्लिम नमाजियों को मस्जिद जाने से रोक दिया था, जिससे तनाव की स्थिति बनी। आज की शांतिपूर्ण नमाज ने हालिया तनाव को कुछ हद तक कम किया है।

## मुकंद शरखोली के निधन पर शिक्षा मंत्री ने जताया शोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत शिली के प्रौन्ठी गांव से संबंध रखने वाले, स्वतंत्रता सेनानी परिवार के गौरवशाली सदस्य तथा कांग्रेस संगठन में अनेक महत्त्वपूर्ण पदों पर सेवाएं दे चुके वरिष्ठ नेता और ग्राम पंचायत शिली के पूर्व प्रधान मुकंद लाल शरखोली के आकस्मिक निधन पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने गहन शोक व्यक्त किया है। रोहित ने कहा कि मुकंद लाल शरखोली का जाना केवल संगठन की ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की ऐसी क्षति है जिसकी भरपाई संभव नहीं। उनका निष्कलंक जीवन, सेवाभाव, सौम्यता, तथा लोगों से आत्मीयता से मिलने का तरीका सदैव स्मरण रहेगा। उन्होंने शोकग्रस्त परिवार के प्रति हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिर शांति प्रदान करे और परिजनों को इस दुख की घड़ी में सब्र और हिम्मत बख्शे।